नर्मदा तट पर स्थित माहिष्मती के परवर्ती प्रदेश या 'निमाड़' का प्राचीन नाम अनुप था इसे गौतमीबलश्री के नासिक अभिलेख में अनूप देश के सातवाहन नरेश गौतमी(द्धितीय शती ई.) के विशाल राज्य का एक अंग बताया गया है। कालिदास ने इंदुमती के स्वयंवर के प्रसंग में माहिष्मती नरेश प्रतीत को अनूपराज कहा है।

'तामग्रतस्तामरसान्तराभामनूराजस्यगुणैरनूनाम् विधायसृष्टिं ललितां
विधातुर्जगाद भूय:
सुदतीं सुनन्दा।'

रघुवंश में इस प्रकार माहिष्मति का वर्णन है। गिरनार स्थित रूद्रदामन् के प्रसिद्ध अभिलेख में इस प्रदेश को रूद्रदामन् द्धारा विजित बताया गया है –

'स्ववीर्यार्जितानाममनुरक्त प्रकृतिनां आनर्त सुराष्ट्र श्वभ्रभरूकच्छ
सिंधुसौबीर
कुकुरापरान्त निषादादीनाम्'

अनुप या अनूप का शाब्दिक अर्थ 'जल के समीप' स्थित देश है। मध्यप्रदेश के पश्चिमी अंचल में स्थित एक हिस्सा 'निमाड़' कहलाता है। पौराणिक काल में अनूपदेश कहलाने वाला यह एक भाग था। जिसका प्रागैतिहासिक काल से वर्तमान तक का इतिहास महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायी रहा है।

निमाड़ नाम का इतिहास भी अत्यंत विवाद पूर्ण है। पद्मश्री राम नारायण उपाध्याय के अनुसार 'निमाड' नाम का अनुमान है कि उत्तर भारत और दक्षिण भारत का का संधि स्थल होने से आर्य, अनार्यो की मिश्रित भूमि रहा होगा और इसी नाते इसका नाम 'निमार्य' (नीम आर्य) पड़ा होगा। नीम का अर्थ भी निमाड़ी में 'आधा' होता है इसी 'निमार्य' का नाम बदलते बदलते 'निमार' और 'निमाड' हो जाना स्वाभाविक है।

दूसरा कारण यह भी हो सकता है कि निमाड़ मालवा से नीचे की ओर 'बसा' है। मालवा से निमाड़ की और आने में निरंतर नीचे की ओर उतरना होता है। इस तरह 'निम्न–गामी' होने से इसका नाम 'निमानी' और उससे बदल कर 'निमारी' और 'निमाडी' हो गया होगा।

मेरे विचार अनुसार इसके हिंदू शब्द होने में तनिक भी संदेह नहीं है निमाड़ में प्रवेश करने वाला प्रथम मुसलमान शासक सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी था। जो 1291 ईस्वी में यहां आया यदि 'निमाड' मुसलमानी नाम होता, तो इस भाग का नाम सन 1291 के पश्चात ही पढ़ना चाहिए था। जबकि 11वीं शताब्दी में आने वाले अरब यात्री अलबरूनी ने भी अपने यात्रा वर्णन में इस प्रदेश का नाम 'निमाड़' प्रांत लिखा है।

कुछ लोग इसका पूर्व नाम 'नीमवाड़' प्रांत बतलाते हैं। जिसका अर्थ है नीम (एक वृक्ष) का प्रदेश इस प्रदेश में नीम के अधिक वृक्ष देखकर इसके नामकरण के संबंध में यह अनुमान लगाया जाता है।

यद्यपि यह तर्क अधिक पुष्ट है। फिर भी संतोषजनक नहीं जान पड़ता। इस संबंध में 'भवतीकृत' उत्तररामचरितम की कुछ पंक्तियां भी विचारणीय है। विंध्य के समीप जाने पर लक्ष्मण ने सीता से कहा–

'एष विघ्नयाटवीमुखे विरोधसरोध:।'

अर्थात धरती माता के निम्नांचल में बसा होने से ही इसका नाम यनिमाड़ पड़ा होगा।

कुछ लोग फारसी के 'नीम' शब्द से 'निमाड़' बनाना बताते हैं उनके मताअनुसार फारसी में 'नीम' का अर्थ 'आधा' होता है। इस भूभाग ने नर्मदा नदी का 'आधा' भाग अपने आंचल में छुपा रखा है। इसलिए इसे 'निमाड़' कहते हैं।

दूसरा कारण यह भी हो सकता है कि 'निमाड़' मालवा राज्य का दक्षिणी

भाग है। जिसे हम 'निम्न भाग' भी कह सकते हैं 'वाड़' का अर्थ 'स्थान' है। जैसा कि हम भारवाड, काठियावाड़ आदि नाम से देखते हैं। अत: इसके पूर्व का नाम 'निम्नवाड़' होना चाहिए जो लोकवाणी में 'निमाड़' हो गया है।

निमाड़ की भूमि एक ऐसे स्थान पर है। जहां कई जातियों और जनजातियों की संस्कृतियाँ आयी और गयी। आर्य, अनार्य, शक, शीथियन, सातवाहन, राजपूत, मुगल, मराठा आदि संस्कृतियों के इस स्मृति चिन्ह यहां के जनजीवन कला और वाचिक परंपरा के अवशेष के रूप में आज भी देखे जा सकते हैं।

प्रांत निमाड़ के संबंध में निश्चित रूप से कुछ ज्ञात नहीं है। किंतु यह अनुमान लगाया जा सकता है, कि पुराने प्रांत 'निमाड़' का यह नाम ऐसा इसलिए पड़ा था कि नर्मदा नदी पर स्थित 'नेमावर' नामक स्थान (जो अब देवास जिले में है) प्रांत निमाड़ की राजधानी था। प्रसिद्ध अरबी लेखक अलबरूनी ने भी 'नेमावर' का उल्लेख 'नामावर' के नाम से किया है। 'निमाड़' नाम कतिपय पुस्तकों में 'निमाउड़' के रूप में भी लिखा गया है। कालांतर में तथा कई अवस्थाओं से गुजरने के बाद 'नीमाउड़', 'नेमावड़' या 'निमाड़' नाम सरल रूप में निमाड़ हो गया।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. विजयैन्द्र कुमार माथुर : ऐतेहासिक स्थानावली
2. ई.सी. सचौ : अलबरूनी इण्डिया
3. सी.पी. एडमिनिस्ट्रेशन रिपोर्ट
4. रामनारायण उपाध्याय : निमाड़ का सांस्कृति इतिहास
5. ज्ञान सम्पदा : म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी
6. डॉ. प्रमिला कुमार : म.प्र. एक भौगोलिक अध्ययन
7. रघुवंश

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

मेघदूत में प्रयुक्त दार्शनिक तत्त्व

डॉ. गरिमा शर्मा *

*** सहायक आचार्य (विद्या संबल योजना के तहत), राजकीय कन्या महाविद्यालय, राजसमन्द (राज.) भारत**

प्रस्तावना – देववाणी के सनातन श्रृंगार महाकवि कालिदास संस्कृत वाङ्मय के रससिद्ध कवीश्वर हैं। उनकी रचनाओं में भारतीय संस्कृति का प्रधान संवाहक होता है, अतएव साहित्य में किसी भी देश की संस्कृति का प्रतिबिम्ब होना नितान्त स्वाभाविक है। संस्कृति के समुचित प्रसार एवं प्रचार के दृष्टिकोण से महाकवि का समग्र काव्य अखण्ड शिव सन्देश है। लोक कल्याण एवं राष्ट्रमंगल की मधुमय पयस्विनी प्रवाहित करने वाले ऐसे महान क्रान्तदर्शी मनीषी कवि की कृतियों में संस्कृति के प्राणभूत आध्यात्मिक तत्त्वों का सागर है। 'दर्शन' भारतीय मनीषियों की आत्मनिधि है, महामनीषी कालिदास का काव्य भी तत्त्वपर्येषणा से युक्त है।

'काव्य' और 'दर्शन' दोनों ही जीवन के चरमलक्ष्य आनन्दानुभूति की प्रतिपत्ति में पर्यवसित दृष्टिगोचर होते हैं, क्योंकि जीवन में दु:ख-सुख का अबाध नेमिचक्र और विश्व की अत्यन्त विषमता मनुष्यमात्र को विश्व के मूल सत्य की पर्येषणा के लिए अभिप्रेरित करती है।

'कविर्मनीषीपरिभू: स्वयम्भू:'[1] की चरितार्थता भी इसी में निहित है कि क्रान्तदर्शी कवि न होकर केवल सहृदयजनों के रंजनार्थ, प्रत्युत लोककल्याण की मंगलभावना से भावित होकर भी काव्य की सृष्टि करे और उसकी यह मंगलकामना ऐहिक – अभ्युदय एवं आमुष्मिक नि:श्रेयस् का मूलाधार बने।

यद्यपि महाकवि कालिदास की कृतियों में समुपलब्ध दार्शनिक तत्त्वों का विश्लेषणात्मक विवरण सर्वाधिक रघुवंशम् व कुमारसम्भवम् में ही किया गया है तथापि 'मेघदूतम्' खण्डकाव्य में भी दर्शनशास्त्र की कतिपय अवधारणाओं / अंगों का विवेचन किया गया है।

मेघदूत में आए दार्शनिक तत्त्वों का विवरण इस प्रकार है-

प्रमाण मीमांसा → अनुमान प्रमाण

महाकवि कालिदास ने अनुमान प्रमाण के सम्बन्ध में 'मेघदूत' खण्डकाव्य के 'उत्तरमेघ' में अनुमान शब्द का प्रयोग किया है। अनुमान शब्द का प्रयोग करते समय 'तर्क' व 'शङ्के'पद का व्यवहार किया है। शास्त्रों में अनुमान विद्या के लिए 'तर्क' शब्द का प्रयोग किया जाता है। यतर्क' शब्द का प्रयोग पर्याप्त प्राचीन है।[2]

महाकवि कालिदास को स्वार्थानुमान तथा परार्थानुमान के भेद से अनुमान प्रमाण का द्वैविधय मान्य है। अपने ज्ञान का निमित्त जो अनुमान है, वह स्वार्थानुमान है तथा जब कोई स्वयं धूम से अग्नि का अनुमान करके दूसरे को उसका बोध कराने के लिए पंचावयवसम्पन्न अनुमान का प्रयोग करता है, वह परार्थानुमान है।

कवि ने 'उत्तरमेघ' में शाप के कारण विरहि नायिका की तुलना पाले की मारी कमलिनी की तरह की है।[3]

कविकृत इस श्लोक में पंचावयव सम्पन्न परार्थानुमान का स्पष्ट रूप से निर्धारण एवंविधा किया जा सकता है।

नायक (साध्य)
शाप के दुर्वह दिवस (हेतु)
जब-जब सूर्य की किरणों से विकसित
होना- अर्थात् कमलिनी (अन्वयव्याप्ति)
जब-जब पाले की मार पड़ने से
कमलिनी का मुर्झा जाना (व्यतिरेकव्याप्ति)
नायकी नायक का प्राण है। (उपनय)
नायकी नायक का प्राण नहीं है। (निगमन)

इसी प्रकार महाकवि कालिदास ने उत्तारमेघ में नायक (यक्ष) के माधयम से नायिका(यक्षिणी) की मनोव्यथा को अनुमान प्रमाण के द्वारा ही ज्ञात किया है।[4] अनुमान प्रमाण के लिए 'शङ्के' पद का प्रयोग दृष्टिगत है।

श्लोक में नायक (यक्ष) के द्वारा अभूतपूर्व वियोग के कारण यक्षिणी की दीन-दशादि का मेघ के समक्ष अनुमान किया गया है।

प्रत्यक्ष प्रमाण का स्वरूप – कालिदास ने प्रमाण के रूप में अन्त:करण की वृत्ति का उल्लेख किया है। मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार-इन चार वृत्तिरूपों में विभाजित मन को ही 'अन्त:करण' संज्ञा दी जाती है। अन्त:करण अज्ञानजन्य होने के कारण जड़ – स्वभाव है, इसलिए, चिदात्मा के प्रतिबिम्ब के कारण उसमें क्रियाशीलता आती है। चिति का यह प्रतिबिम्ब जब सत्त्वबहुला (प्रसन्न) बुद्धि में पड़ता है। तभी बुद्धि चितिच्छायापन्न होकर सचेष्ट हुआ करती है।

'गम्भीराया: पर्यासं सरितश्चेतसीव प्रसन्ने।
छायात्माडिप प्रकृतिसुभगो लप्स्येते ते प्रवेशम्।।'

अन्त:करण की शुद्धता – हे सज्जन। बान्धव – स्नेह के कारण युद्ध से विरत बलराम ने अपनी इच्छित स्वादवाली अपनी प्रिया के नेत्रों के प्रतिबिम्ब से चिह्नत मदिरा को छोड़कर जिस सरस्वती के जल का सेवन किया था। तुम भी उस जल का सेवन (पान) करके निर्मल अन्त:करण वाले होकर केवल रूप से (न कि हृदय से भी) श्यामरंग के हो जाओगे पवित्र स्थलों और पवित्र नदियों के सम्पर्क से भी अन्त:करण की पवित्रता आती है।

'हित्वा हालामभिमतरसां रेवतीलोचनाङ् कां
बन्धुप्रीत्या समर-विमुखो लाङ्गली या: सिषेवे।
कृत्वा तासामनिगममपां सौम्य सारस्वतीना-

मन्त: शुद्धस्त्वमपि भविता वर्णमात्रेण कृष्ण:।।'[6]

परमतत्त्व की संधारणा

'पुण्यं यायस्त्रिभुवनगुरोधचण्डीश्वरस्य।'

(शिव ही त्रिभुवन के गुरू हैं)

परतत्त्व विवेचन के संदर्भ में उल्लेखनीय है कि कालिदास को अद्वैत अभीष्ट है। महेश्वर (शिव) के रूप में इस अद्वय तत्त्व का ग्रहण उन्होंने किया है।

वेदान्त श्रुति में जिसे एकमेवाद्धितीयम् के रूप में कहा गया है जो द्यावा पृथ्वी को व्याप्त किए हैं वह जिस एक मात्र को लक्ष्य करके प्रवर्तित ईश्वर शब्द सार्थक है वही तत्त्व ही शिव शब्द से अभिहित है।

मोक्ष तत्त्व – अपने-अपने पुण्य फल से जीव आनन्दमय मोक्षप्राप्त होता है। पुण्यों की अवस्था के अनुसार मार्ग के अनेक लोकों की कल्पना भारतीय दार्शनिक एवं पौराणिक परम्परा में है। इसी दृष्टि से पुण्य-क्षय से पृथ्वी लौट आना भी मान्य रहा है।

'स्वल्पीभूतं सुचरि स्वर्गिणां गां गतानां ।

शैषै: पुण्यै र्हृतमिव दिव: कान्तिमत्खण्डमेकम्'[7]

पवित्र स्थलों और पवित्र नदियों के सम्पर्क से भी अन्त:करण की पवित्रता आती है।

'हित्वा..... .कृष्णा'[8]

पाप से मुक्ति तस्माद्..... .र्मिहस्ता।[9]

कर्म-मीमांसा : कालिदास ने 'मेघदूत' खण्डकाव्य में जीवन में सुख-दु:ख दोनों प्रकार के भोगों का अवश्यसम्भावित्व प्रतिपादन करते हुए कर्मविपाक सिद्धान्त की इस धारणा को सुस्पष्ट करने की चेष्टा की है कि सभी प्रकार के कर्म काम, क्रोध, लोभ, मोह की भावना से ही किए जाते हैं। किसी प्राणी के प्रति किया गया उपकार अन्य किसी के प्रति अपकार रूप हो सकता है, इसलिए एक ही कर्म से शुभ तथा अशुभ दो संस्कार बनते हैं । प्रत्येक प्राणी को कर्मजन्य शुभाशुभ संस्कारों के कारण ही सुख-दु:ख दोनों ही प्रकार के भोग भोगने पड़ते हैं। मेघदूत में यह संकेत प्राप्त होता है कि सारे कर्म अविद्यादि पंचक्लेशपूर्वक किए जाने के कारण ही कर्माशयों को उत्पन्न करते हैं और उन कर्माशयों का फल जन्म, जीवनावंधि तथा सुख-दु:ख भोग रूप ही होता है।

कस्यैकान्तं.....चक्रेनेमिक्रमेण ।।[10]

निष्कर्ष : निष्कर्षतया कहा जा सकता है कि काव्य के आत्मभूत रसानुभूति को अबाध रखते हुए भी दार्शनिक विचारों की स्फुट अभिव्यक्ति करना महाकवि की ही विलक्षण काव्य प्रतिभा का नैसर्गिक वैशिष्ट्य है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. ईशा. उ. 8
2. 'नैषा तर्केण मतिरापनेया। कठ. उ. 1/2/9 यस्तर्केण अनुसन्धत्तो स धर्म वेद नेतर:। मनु. 12 / 106 तर्काप्रतिष्ठानात्।सू.2/1/11
3. तां जानीथा: परिमितकथां जीवितं में द्धितीयं । दूरीभूते मयि सहचरे चक्रवाकी मिवैकाम्। उत्तरमेघ 2.0 गाढोत्कण्ठां गुरूषु दिवसेष्वेषु गच्छत्सु बालां । जातां मन्ये शिशिरमथितां पद्मिनीं वान्यरूपाम्।
4. सव्यापारामहनि न तथा पीडयेन्मद्धियोग: शङ्के रात्रौ गुरूतरशुचं निविनोदां सखीं ते। मत्सन्देशै: सुखयितुमलं पश्य साधवीं निशीथे। तामुन्निद्रामवनिशयनां सौधवातायनस्थ: । उत्तरमेघ श्लोक - 25
5. पूर्वमेघ श्लोक - 40
6. पूर्वमेघ श्लोक - 49
7. पूर्वमेघ श्लोक - 36
8. (मे. दू. पूर्व 30)
9. (पूर्व मेघ 49)
10. (पूर्व मेघ 50)
11. उत्तरमेघ श्लोक - 44

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

तनाव प्रबंधन में महात्मा गाँधी के सिद्धान्तों का अनुपालन

मधु तेकाम* डॉ. मंजु शर्मा **

*** शोधार्थी, माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, मोती तबेला, इन्दौर (म.प्र.) भारत**
**** प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (गृह विज्ञान) माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, मोती तबेला, इन्दौर (म.प्र.) भारत**

प्रस्तावना – वर्तमान में शैक्षणिक स्पर्धा के कारण सफलता और विफलता यह स्थिति अधिक समय रहने पर तनाव का रूप ले लेती है। उसके बारे में सोचकर विद्यार्थी मानसिक रूप से विचलित रहते हैं, तनाव उन घटनाओं के प्रति एक सामान्य शारीरिक मानसिक और मनोविज्ञान प्रतिक्रिया है जो खतरा महसूस कराती हैं या किसी तरह से व्यक्तित्व को असंतुलित करती हैं। है, तब तंत्रिका तंत्र की हार्मोन की प्रतिक्रिया बढ़ती है। एक निश्चित बिंदू से उपर तनाव की स्थिति स्वास्थ्य एवं जीवन की गुणवत्ता में बड़ा नुकसान पहुँचना प्रारंभ करने लगती हैं।

तनाव उत्पन्न करने वाली स्थितियों और दबावों को तनाव कारक अथवा स्त्रोत के रूप में जाना जाता है। सामान्यत पर तनाव को नकारात्मक माना जाता है, किन्तु शिक्षा के क्षेत्र में कार्य से संबंधित तनाव को अत्यधिक प्रासंगिक माना जाता हैं। वर्तमान में तकनीकी ज्ञान संचार कौशल, सहानुभूति, शिक्षा प्रद संसाधन-भावनात्मक और पारस्पारिक संबंधो का विकास भी शैक्षणिक गतिविधियों में सम्मिलित है। फिर भी उच्च शिक्षा में तनाव वातावरण में कार्य-संबंधी तनाव के लिए शरीर चेतना दृष्टिकोण लागू किया जा सकता हैं। महात्मा गाँधी द्वारा बताया गया चिंतन मुक्त विचार का पालन करने से तनाव प्रबंध कर जीवन को खुशहाल बनाया जा सकता हैं। महात्मा गाँधी जी ने सत्य, अंहिसा, प्रेम, व्यापक सहानुभूति क्षमा कर्त्तव्य परायणता जागरूकता एवं उत्तम चरित्र जैसे गुणों को तनावमुक्त जीवन की आवष्यकता माना हैं।

तनाव को अर्थ– तनाव प्रकृति का एक तथ्य है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रो से आने वाले दबाव ताकतें व्यक्ति को प्रभावित करती हैं। या तो उसके भावनात्मक या शारीरिक दोनों। व्यक्ति तनाव के प्रति विभिन्न से प्रतिक्रिया व्यक्त करता हैं। जो उस व्यक्ति के साथ-साथ पर्यावरण को भी प्रभावित करता है। हमारे आधुनिक जीवन में तनाव को अधिकता के कारण आमतौर पर तनाव के पहलू को अधिक देखा जा रहा है नकारात्मक अनुभव के रूप में सोचते है, किन्तु जैविक दृष्टिकोण से, तनाव एक नकारात्मक या सकारात्मक अनुभव भी हो सकता हैं।

मनोवैज्ञानिक के अनुसार:-

दो प्रकार के तनावों की संकल्पना की गई है।

(क) इयू स्ट्रेस (eustress) जिसका सामान्य अर्थ है, एक प्रकार से चुनौतीपूर्ण कार्य को करना अर्थात अपनी ईच्छा से किसी कार्य को चुनना जैसे-कि प्रतियोगी खेल खेलते समय तनाव में होता है। ये सकारात्मक रूप से प्रभावित करती है।

(ख) विपत्ति, (distress) किसी कार्य को करते समय अधिक दबाव महसूस होना या अनियंत्रित हो जाना जो एक नकारात्मक रूप से प्रभावित होती है।

तनाव के कारक:

1. **जीवन की विशेष घटनाएँ और परिवर्तन–** इस श्रेणी में किसी व्यक्ति की जिंदगी से जुड़ी कई महत्वपूर्ण घटनाएँ सम्मिलित है, जो उसके जीवन पर चिरस्थायी समय तक प्रभाव डालती है, मुख्य घटनाएँ एवं बदलाव से व्यक्ति अत्यधिक रूप से प्रभावित होता हैं।
2. **दैनिक जीवन की परेशानियाँ–** ये वह परेशान करने वाली-निराशापूर्ण व दुख-दर्द परिस्थिति होती है, जिन का कई व्यक्ति प्रतिदिन सामना करता है। जैसे-वस्तुओं को गलत जगह पर रख देना या उनकी वस्तुएँ गुम हो जाना रख कर भूल जाना।
3. **लम्बे समय तक चिंता–** दीर्घकालिक भूमिका से तनाव जैसे-वैवाहिक जीवन में मुश्किलों का सामना करना, गरीबी में रहना, रोजगार की समस्या घरेलू हिंसा से परेशान, आर्थिक समस्या, आदि।
4. **अशांत कर देनी वाली घटनाएँ–** अभिघात से अपेक्षित, भयंकर, अत्यन्त अशांत कर देने वाली घटनाएँ होती है, जो जीवन पर गहरा प्रभाव छोड़ जाती हैं। जैसे-प्रिय व्यक्ति की मृत्यु होना वियोग होना घर से जाकर अलग रहना आदि।

तनाव के प्रति साधारण प्रतिक्रियाएँ:

व्यवहारात्मक प्रतिक्रियाएँ:

1. बार-बार रोना
2. चिड़चिड़ा पन होना
3. अशांत निद्रा का होना
4. बैचेनी होना
5. भय

भावनात्मक प्रतिक्रियाएँ:

1. ईष्या करना
2. क्रोध करना
3. लज्जित होना
4. आत्माघाती विचार करना
5. दोषी महसूस करना

संज्ञानात्मक प्रतिक्रियाएँ:

1. नकारात्मक आत्म संकल्पना
2. आत्म-आश्वासन

3. निराशावादी कथन
4. स्वयं और दूसरों के प्रति निराषावादी सोचना
5. मानसिक विकृति

अंतरवैयक्तिक प्रतिक्रियाएँ:

1. निष्क्रियता
2. झूठ बोलना
3. प्रति योगितात्मकता
4. अलग होना
5. दिखावा करना

जैविक प्रतिक्रियाएँ:

1. हमेशा थकावट रहना
2. शुष्क त्वचा होना
3. भूख न लगना
4. गलत लत लगना
5. उच्च रक्तचाप का बढ़ना या अन्य रोग होना

तनाव के लक्षण:

तनाव के भावात्मक लक्षण:

1. असानी से उत्तेजित हो जाना, बेचैनी, निराश और मूड़ी होना
2. नियंत्रण खोना या दूसरो को नियंत्रित करने की आवश्यक महसूस होना
3. मन को शांत रखने में कठिनाई होना
4. छोटी-छोटी बातों में चिंता करना या परेशान होना
5. विचारों का जल्दी-जल्दी बदलना या ध्यान केन्द्रित करने में परेशानी होना
6. जल्दी भूल जाना या याद रखने में दिक्कत होना
7. फैसले लेने में परेशानी होना
8. निराशावदी होना या केवल नकारात्मक पक्ष को सोचना
9. अपने बारे में बुरा (कम आत्मसम्मान) सोचना अकेला-बेकार और उदास होना
10. दूसरों से बचना
11. जिम्मेदारी से भागना

तनाव के शारीरिक लक्षण:

1. थकान महसूस करना
2. सिरदर्द होना
3. दस्त-कब्ज और मतली या पेट की खराबी होना
4. भूख में परिवर्तन, काम या अधिक होना
5. शरीर में दर्द और माँसपेशियों में तनाव होना
6 सीने में दर्द और दिल की धडकन तेज होना
7. अनिद्रा या सोने में मुश्किल होना
8. घबराहट, शरीर में कम्पन का होना

तनाव प्रबंधन-उपचार

1. समय प्रबंधन- कार्यो की एक सूची बनाकर उन्हे प्राथमिकता देना तथा कम महत्वपूर्ण कार्यो की अपेक्षा अत्यावश्यक कार्यो को प्राथमिकता देना।

2. नियमित व्यायाम- व्यायाम से कई लाभ मिलते है। यह रक्त संचार को बढाता हैं, मांसपेशियों को मजबूत करता है, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है संगीत नृत्य खेलकूद एवं अन्य मनोरंजनात्मक गतिविधि में संलग्नता ।

3. परिवार के साथ समय बिताना- अपने प्रियजनों को गुणवत्तापूर्ण समय देकर अपने परिवारिक रिश्तों को मजबूत करें एक साथ गतिविधियों में शामिल होने से परिवार में एकता बढ़ती है, जो चुनौति पूर्ण समय के दौरान भावनात्मक समर्थन का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत हैं।

4. आराम करना और आत्म-देखभाल करना- अपने पसंदीदा शौक जैसे सैर पर जाना या फिल्म देखना आदि करके तनाव मुक्त होना

5. दोस्तो के साथ रहना- दोस्तो को बढ़ावा देना क्योंकि वे भलाई के लिए आवश्यक हैं। चुनौतियों का सामना भरोसेमंद दोस्तो पर भरोसा करना जो सहायता करते हैं।

6. आध्यत्मिक गतिविधिंयों में संलग्नता - यदि आप धार्मिक है, तो अपनी आध्यात्मिक भलाई को मजबूत करने के लिए प्रार्थना और धर्मग्रंथ पढ़ने के लिए समय व्यतीत करना।

7. खाने-पीने के आदत पर ध्यान देना- चाय-शराब और धूर्मपान का अत्यधिक सेवन से चिंता और भावना का बढ़ना आरामदायक नींद के लिए शाम को इन पदार्थो को पीने से बचना चाहिए।

महात्मा गाँधी जी के अनूपालन में तनाव प्रबंधन के सिद्धान्त- गाँधी जी ने मानव ह्रदय में परिवर्तन करने और उसे आध्यात्मिक दिशा में जोड़ने के लिए प्रार्थना का महत्व स्वीकार किया है। अचूक मनोविज्ञानिक संस्कार हैं। उनका मत है कि मनुष्यों के बीच ऐकता की भाव पैदा करने लिए ही आध्यात्मिक शांति जैसा दूसरा कोई सुन्दर और सबल साधना नहीं हैं।

1. जन शिक्षा के तहत गाँधी जी ने विधार्थियों एवं समस्त सेवको को क्षमताओं के अनुकूल शिक्षित करने और समुचित शिक्षा देने की सलाह दी थी।
2. मनावैज्ञानिक धारणाएं भारतीय संस्कृति के शाश्वत तत्वों पर आधारित हैं, सामान्य ज्ञान की जानकारी , पढ़ने की योग्यता को दबाना ठीक नहीं।
3. अपनी मनोवैज्ञानिक धारणाओं जैसे-त्याग, तपस्या संतोष आदि धारणाओं को कभी निषेधात्मक नहीं माना।
4. मनुष्य विश्वात्मा के साथ एकता स्थापित करता है उसे अपने अनुक्रम मारना होगा।
5. अहिंसा, सत्य और संयम का पालन करते समय सरल जीवन व्यतीत करना चाहिए।

महात्मा गाँधी ने तनाव के सकारात्मक पहलुओं पर ध्यान आकर्षण किया हैं। उनके अनुसार तनाव कारण देखे तो यह हमें कठिनाईयों से भरे जीवन से निकालने में साहसपूर्ण कार्यो पर जीत दिलानें में सहायक हैं।

उपसंहार- यदि विद्यार्थी महात्मा गाँधी के इन सिद्धान्तों का अनुपालन करे तो उन्हें तनाव की दूर करने में प्रेरणा मिलेगी

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. https://hi.vikspedia.in/health/mental-health
2. महात्मा गाँधी - विद्यार्थियों के शैक्षिक संतुष्टि एवं तनाव
3. https://www.swastikmedicalcenter
4. https://www.singhealth.com.sg/patient-
5. गाँधी जी के मनोवैज्ञानिक-शैक्षणिक विचार की उपादेयता
6. Research methology-CR.kothari&Gourav Garg, publication New AgInter-national(p)LTD Publishers.

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

नगरीय विवाहित महिलाओं के विरूद्ध पारिवारिक हिंसा : एक समाजशास्त्रीय अध्ययन

डॉ. पूजा तिवारी*

* सह प्राध्यापक एवम विभागाध्यक्ष (समाजशास्त्र) शासकीय महाविद्यालय, बिछुआ, जिला छिन्दवाड़ा (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – प्रत्येक समाज चाहे वह कितना ही सभ्य कहलाने लगे ,परन्तु अपराध एवम हिंसा का अस्तित्व किसी न किसी रूप में वह अवश्य होता है ,किसी भी समाज की सामाजिक संस्थओं में परिवार नामक संस्था का विशेष महत्व है ,जब परिवार की परिधि में पुरूष महिलाओं के प्रति असामाजिक और कानून विरोधी व्यवहार करता है तो उसे 'दुर्व्यवहार' कहा जाता है ,किन्तु जब यह दुर्व्यवहार बढ़ जाता है तो यह अपराध की श्रेणी में आता है।भारतीय समाज परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और इस परिवर्तन का सबसे ज्यादा प्रभाव सामाजिक संस्थाओं पर पीडीए है ,महिलाओं के विरूद्ध पारिवारिक हिंसा एक गंभीर समस्या है ,घरेलू हिंसा कानून 2005 पारित एवम लागू होने के बाद भी पारिवारिक हिंसा के प्रकरणों में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है पति–पत्नी में तनाव की स्थिति का खामियाजा पत्नी को महंगा पड़ता हैं और यह स्थिति घरेलू हिंसा को जन्म देती है ,पारिवारिक हिंसा को परिवार का निजी मामला मानते हुए लगभग पूर्ण रूपेण छिपा कर रखा जाता रहा है किन्तु महिलाओं की प्रस्थिति में सुधार होने एवम शिक्षा के कारण एवम महिलाओं के सहस के कारण पारिवारिक हिंसा के मामले बाहर तक आ रहें हैं जिससे पता लगता है की यह हिंसा बहुत व्यापक है ,पारिवारिक हिंसा महिलाओं के विरूद्ध होने वाली हिंसा का प्रमुख रूप है।

शब्द कुंजी – महिला, हिंसा, नगरीय, घरेलू , उत्पीडन।

प्रस्तावना – पारिवारिक हिंसा से आशय एक परिवार के सदस्य या सदस्यों द्वारा परिवार के ही किसी सदस्य के विरूद्ध हिंसात्मक व्यवहार करना या उसे शारिरिक, मानसिक कष्ट पहुचाना है, यह हिंसा धमकी, भयभीत करना, गली देना, लात घूंसों से पिटाई करना उत्पीडन करना, प्रताड़ित करना, जबरदस्ती यौन सम्बन्ध बनाना, हत्या करना या हत्या की कोशिश करना किसी भी रूप में संभव हैं यह अक्सर महिलाओं के विरूद्ध ही की जाती है।

शोध प्रारूप – प्रस्तुत शोध पात्र में छिन्दवाड़ा नगर के कुल 50 नगरीय विवाहित महिला सुचना दात्रियों के साक्षात्कार,अनौपचारिक बातचीत, अनुसूची द्वारा प्राथमिक आकड़ों का का संकलन करके व्याख्यात्मक शोध अभिकल्प अपना कर विश्लेषण करने का प्रयास किया गया हैं, अन्य स्रोत के अंतर्गत विभिन्न पुस्तकें, लेख, समाचार पात्र, इन्टरनेट को रखा गया है।

उद्देश्य:

1. नगरीय विवाहित महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक स्थिति की जानकारी ज्ञात करना।
2. हिंसा के स्वरूपों की जानकारी लेना।
3. परिवार के अन्य सदस्यों के द्रष्टिकोण को जानना।
4. पारिवारिक हिंसा के कारणों को जानना और हिंसा रोकने में सहायक बिन्दुओं पर विचार करना।

तालिका 1 (अगले पृष्ठ पर देखे)

तालिका 1 से स्पष्ट होता है की नगरीय विवाहित महिलाओं में 82 प्रतिशत महिलाएं किसी न किसी प्रकार से पारिवारिक हिंसा का सामना करती हैं जबकि 18 प्रतिशत महिलाये इससे मुक्त हैं।यदि आर्थिक वर्ग की बात करें तो निम्न वर्ग की महिलाएं सर्वाधिक हिंसा से पीड़ित हैं अर्थात हिंसा का मूल कारण गरीबी है।

अनपढ़ या कम पढ़े लिखे पति ज्यादा हिंसा करते है इसी प्रकार 21 से 42 वर्ष उत्पीडक वर्ग के रूप में उभर कर सामने आया।नसे के सन्दर्भ में पाया गया की पुरे होशोहवास में रहने वाले ज्यादा हिंसा करते हैं ,नगरीय सन्दर्भ में प्रथम प्राथमिकी दर्ज करवाने हेतु 60 प्रतिशत महिलाएं इसे स्वीकार करती हैं जबकि 40 प्रतिशत महिलाएं ऐसा नही चाहती हैं।इस तालिका से साफ पता चलता है की उत्पीडन का स्वरुप सर्वाधिक शारीरिक ही होता है जो 70 प्रतिशत महिलाओं ने स्वीकार किया हैं। इस प्रकार से कहा जा सकता हैं की घरेलू हिंसा में पति के साथ साथ सास ,जेठानी ,नन्द ,देवर सभी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से शामिल रहतें हैं।

हिंसा के प्रमुख कारणों में दहेज की मांग, बाँझपन, शक करना ,चरित्र हननं, अहंकार, गरीबी और पारिवारिक दबाव तथा रूप रंग भी शामिल होता हैं।

इस समस्या के समाधान हेतु आवश्यक है की नगरीय क्षेत्रों में संचालित परिवार परामर्श केंद्र ,पुलिस थाने ,एन .जी .ओ .एवम वन स्टॉप सेंटर अपना कर्तव्य गंभीरता से और मुस्तैदी से करें ,इसके अलावा शिक्षा ,और पुरूष मानसिकता में परिवर्तन हेतु प्रयास ,काउंसलर सेंटर में वृद्धि करना जरूरी है ,स्वयम महिलाओं को भी मुखर होना पड़ेगा क्योकि खुद की लड़ाई स्वयम लड़ना होगा ,अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना होगा, समस्त कानून की जानकारी रखना होगा, महिलाओं को हमेशा सतर्क और सावधान रहना पड़ेगा, अपने निर्णय स्वयम लेना होगा और सबसे पहले आर्थिक रूप से

सशक्त बनना होगा तभी सामाजिक सशक्तिकरण भी होगा अब समय की मांग है की महिलाये किसी भी प्रकार की हिंसा को सहन न करे ,उसके विरूद्ध आवाज उठाएं क्योकि आज के समय में भी महिलाये घरेलू हिंसा का शिकार बनती रहे, यह किसी भी सभ्य समाज ,समुदाय के लिए स्वीकार्य नही होना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. आहूजा ,राम ,भारतीय सामाजिक व्यवस्था ,रावत पब्लिकेशन्स दिल्ली।
2. आहूजा,राम, Crime Against Women,रावत पब्लिकेशंस ,जयपुर।
3. अग्रवाल ,अमित ,भारत में नगरीय समाज , विवेक प्रकाशन ,दिल्ली।
4. दैनिक भास्कर, मधुरिमा।
5. इन्टरनेट, द्रष्टि आई .ए .एस .घरेलू हिंसा यकारण और समाधान, मार्च 2020.

तालिका 1: सूचना दात्रियों की सामाजिक ,आर्थिक ,आयु ,शिक्षा ,उत्पीडन ,व्यसन सम्बन्धी जानकारी

क्र	सम्बन्धित परिवर्त्य	आवार्तियाँ / प्रतिशत	आवार्तियाँ /प्रतिशत		समस्त प्रतिशत
1	पारिवारिक हिंसा की स्थिति	पारिवारिक हिंसा से पीड़ित महिलाये 41 (82 %)	पारिवारिक हिंसा से मुक्त महिलाएं 09(18 %)	–	योग 50 (100%)
2	आर्थिक वर्ग	उच्च 09 (18%)	मध्यम 18 (36%)	निम्न 23 (46%)	50 (100 %)
3	उत्पीड़क आयु वर्ग	18–21 वर्ष =11 (22 %)	22 –42 वर्ष =37 (74%)	43 से अधिक =2 (4 %)	50 (100%)
4	पति का शैक्षणिक स्तर	प्राथमिक =26(52 %)	माध्यमिक /इंटर =20(40%)	उच्च शिक्षित =4 (8 %)	50 (100 %)
5	मध् व्यसनी	उच्च नशा 2 (4 %)	मध्यम नशा 17 (34 %)	होशोहवास (कोई नशा नहीं ,31 (62 %)	50 (100 %)
6	प्रथम प्राथमिकी दर्ज करवाना	हाँ =30 (60 %)	नही 20 (40 %)	–	50 (100 %)
7	उत्पीडन का स्वरुप/प्रकार	शारिरिक35 (70 %)	मानसिक 15 (30 %)	–	50 (100 %)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

अनुसूचित जनजाति की महिलाओं की सामाजिक चुनौतियां (बड़वानी जिले के विशेष संदर्भ में)

दिनेश भुगवाडे*

* शोधार्थी, राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन अध्ययनशाला, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – किसी भी समाज में महिलाओं का विकास महत्वपूर्ण है शिक्षित महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होती है एवं किसी भी शासकीय योजनाओं का लाभ उठाने में सफल होती है महिलाओं के विकास के लिए विश्वव्यापी राष्ट्रीय प्रचार और जागरूकता कार्यक्रम चलाना अति आवश्यक है जिसमें समाज और राष्ट्र के स्वरूप एवं संतुलित विकास में महिलाओं की भूमिका और उसकी उपयोगिता को नकारा नहीं जा सकता है क्योंकि एक महिला अपने बच्चो के व्यक्तित्व एवं चरित्र को जिस रूप में ढालती हैं जैसा आकार प्रदान करती है वैसा ही राष्ट्र के चरित्र का निर्माण होता है देश में महिलाएं लगभग 50 करोड़ जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करती है जो कि समाज का बहुमूल्य अंग मानी जाती है कोई समाज महिलाओ में विद्यमान संभावना को अनदेखा कर सकता है जब महिलाएं शिक्षित एवं जागरूक नहीं होती है।

अरस्तू के अनुसार मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है सामाजिक प्राणी होने के नाते वह सामाजिक संबंधों की स्थापना हेतु व्यक्ति को अन्य व्यक्तियों से संपर्क करना होता है तथा साथ ही वह अपनी आवश्यकता की पूर्ति के लिए समूह के अन्य व्यक्तियों से संपर्क करना होता है साथ ही अन्य व्यक्तियों से क्रिया तथा अन्य क्रियाएं करता है इन सब के बावजूद भी इसे कुछ अभाव बना ही रहता है जिसे विभिन्न समस्याएं जीवन में उभर कर सामने आती है।

शब्द कुंजी–अनुसूचित जनजाति, महिलाओं/महिलाएं, जीवन, शिक्षित, जागरूकता।

प्रस्तावना – एक परिवार, समाज और देश के विकास ने महिलाओं का बहुत महत्वपूर्ण योगदान होता है लेकिन आज स्वतंत्रता के 78 वर्ष बाद भी अनुसूचित जनजाति की महिलाओं की कुछ समस्याएं अभी भी विद्यमान है हम इसके जीवन में कुछ परिवर्तन जरूर दिखने लगा है अभी भी कुछ अनुसूचित जनजाति ग्रामीण में निवास करती है अनुसूचित जनजाति तो नहीं पर जंगलों, पहाड़ों, बिहडो में निवास करने वाली अनुसूचित जनजाति अभी भी आधुनिक सभ्यता संस्कृति राजनैतिक जीवन आदि से अछूती है।

लेकिन फिर भी आज हमारे देश में सबसे ज्यादा पतन महिला का ही हो रहा है। हम सभी जानते हैं कि भारत देश पुरुष प्रधान है यहां समाज में पुरुषों का बोलबाला है यहां पुरुषों को हर क्षेत्र में प्राथमिकता दी जाती है फिर चाहे वह शिक्षा हो या घर के बाहर निकाल कर उत्पादन करने की आजादी हो इन सभी क्षेत्रों में पुरुषों को प्राथमिकता दी जाती है जबकि महिलाओं को इन क्षेत्रों में रोक–टोक का सामना करना पड़ता है शिक्षा से भी महिलाओं को वंचित रखा जाता है घर से बाहर निकाल कर उत्पादन करने की भी स्वतंत्रता नहीं दी जाती है वर्तमान में महिलाओं की स्थिति में थोडा सुधार हुआ है। लेकिन पूर्णत: नहीं।

मेकाइवर और पेज से अपनी कृति 'समाज' में लिखा है कि समाज सामाजिक संबंधों का जाल है वस्तुतरूसमाज सामाजिक समस्याओं का भी जाल है। सामाजिक आर्थिक तथा सांस्कृतिक जीवन में विभिन्न समस्याएं विद्यमान रहने के कारण ही इनके समाधान में व्यक्ति अपने के निरंतर लगाए रखना है खासतौर से अन्य समस्याओं तो की जा सकती है किंतु सामाजिक समस्याएं अपने आप में कठिन और जटिल हुआ करती है मनुष्य कभी भी सामाजिक समस्याओं में पूर्णत: मुक्त नहीं रहा है।

ए. एम. रोज ने लिखा है कि सामाजिक समस्या एक ऐसी परिस्थिति है जो किसी समूह के द्वारा अपने सदस्यों के एक स्रोत के रूप में देखी जाती है इसे सामाजिक समस्या प्रमुख इसलिए माना जाता है क्योंकि यह सामाजिक वातावरण में ही पायी जाती हैं और उत्तरदायी कारणो को इस रूप में देखा जाता है कि वह पर्यावरण में ही मौजूद है। वर्ण व्यवस्था हिंदू समाज की एक विशेषता रही है। इसके आधार पर हिंदू समाज वर्णों, ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र वर्णों में विभक्त था। प्रारंभिक अवस्था में वर्ण के आधार पर ही जातियों का निर्धारण होने लगा पहले से ही समाज के प्रथम तीन वर्ग संपन्न रहे हैं। किंतुचौ वर्ग प्रारंभ से ही शोषित, दलित, पिछड़ा एवं कमजोर रहा है। अनुसूचित जनजातियों को अस्पृश्यता मानने वाले लोगों को शासन ने कानूनी रूप से अपराधी लोगों को शासन ने कानूनी रूप से अपराधी घोषित किया है। अनुसूचित जनजाति के महिलाओं स्वास्थ्य संबंधी, आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक उन्नति के लिए शासन ने अनेक विकास योजनाएं प्रारंभ की है। शासकीय नौकरियों में उनके लिए स्थान सुरक्षित दिए गए हैं शिक्षा के प्रचार प्रसार के लिए अनुसूचित जनजाति को बाहुल्य क्षेत्र को एक विशेष परियोजना के अंतर्गत लाकर जगह–जगह स्कूल खोले गए जो की महिलाओं की सुरक्षा के लिए रात के समयमें भी चलाए जाते हैं। अनुसूचित जनजाति की महिलाओं को सरकार की ओर से कई तरह के सुविधा दी जाती है। इन महिलाओं को अनेक उनके स्वास्थ्य तथा स्वच्छता संबंधी जानकारी देने के लिए भारत सरकार द्वारा महिला एवं बाल विकास परियोजना को विकास किया गया है। इसके तहत महिलाओं को स्वास्थ्य

एवं स्वच्छता एवं पौष्टिक पोषक आहार संबंधित जानकारी प्रदान करने के लिए आंगनबाड़ी जैसे अनेक शासकीय केंद्र खोले गए हैं।

अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के संस्कारों रीति-रिवाज रहन-सहन एवं कर्मकांड विश्वास आदि को अध्ययन में सम्मिलित किया गया है। इन महिलाओं के जीवन संबंधी विभिन्न समस्याओं को अध्ययन का प्रमुख अंग बनाया गया है तथा अध्ययन में पूर्णत: निष्पक्षता एवं सतर्कता बढ़ती गई है।

शोध का उद्देश्य:

1. अनुसूचित जनजाति में होने वाले उत्पीड़न में महिलाओं के विचारों का अध्ययन करना।
2. अनुसूचित जनजाति की महिलाओं की पारिवारिक स्थिति की जानकारी प्राप्त करना।
3. अनुसूचित जनजाति की महिलाओं की आवास व्यवस्था की जानकारी प्राप्त करना।
4. अनुसूचित जनजाति की महिलाओं में शैक्षणिक स्थिति की जानकारी प्राप्त करना।
5. अनुसूचित जनजाति की महिलाओं में निर्धनता एवं पिछड़ेपन के कारणो की जानकारी प्राप्त करना।
6. अनुसूचित जनजाति की महिलाओं की सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन का अध्ययन करना।
7. अनुसूचितजनजाति की महिलाओं की सामाजिक सजकता एवं अभिरुचि का मूल्यांकन करना।

शोध परिकल्पना :

1. अनुसूचित जनजाति की महिलाओं में सामाजिक गतिशीलता बढ़ी है।
2. अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के स्वास्थ्य एवं शिक्षा संबंधी चुनौतियों है।
3. प्रौद्योगिकी के प्रभाव स्वरूप अनुसूचित जनजाति की महिलाओं में परिवर्तन हो रहा है।

शोध महत्व

सैद्धांतिक महत्व - बड़वानी जिले की वरला तहसील के अनुसूचित जनजाति की महिलाओं की समस्याओं का सामाजिक स्थिति का अध्ययन निम्नलिखित उपयोगिता पर आधारित है।

1. अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के परिवारों में व्याप्त निर्धनता रूढ़िवादिता जैसे रहन-सहन के निम्न स्तर आदि समस्याओं के कारणों की खोज की गई है।
2. अनुसूचित जनजाति की महिलाओं की सामाजिक आर्थिक पहलुओं का अध्ययन किया गया है।
3. प्रस्तुत शोध कार्य में अनुसूचित जनजाति की महिलाओं में व्याप्त समस्याओं को दूर करने के लिए उपाय खोजे गए हैं।
4. इस शोध कार्य में अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के पारिवारिक संरचना विवाह धार्मिक विश्वास आदि विषयों पर भी अध्ययन किया गया है।

व्यावहारिक महत्व :

1. इस शोध कार्य में अनुसूचित जनजाति की महिलाओं में जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में व्याप्त समस्याओं की जानकारी प्राप्त करना।
2. इस शोध कार्य से प्राप्त जानकारी के आधार पर इन्हें दूर करने के प्रयास में सहायता करना।
3. धार्मिक सामाजिक तथा राजनीतिक सहभागिता की जानकारी सें इनसे संबंधित समस्याओं के निराकरण में सहयोग प्राप्त होता है।

शोध पद्धति - प्रस्तुत शोध कार्य में शोध रखते हुए निम्नलिखित पद्धतियों का उपयोग किया है।

निदर्शन पद्धति :

1. अध्ययन को स्वरूप देने के लिए उद्देश्य परक निर्देशन के अंतर्गत बड़वानी जिले का चयन किया गया है।
2. बड़वानी जिले में रह रहे अनुसूचित जनजाति की महिलाओं का चयन प्रतिदर्शन के माध्यम से किया गया है।

शोध उपकरण

प्रश्नावली - अध्ययन को स्वरूप प्रदान करने के लिए बड़वानी जिले के क्षेत्र में निवास कर रहे हैं अनुसूचित जनजाति की महिलाओं से प्रश्नावली के माध्यम से उनकी राय और विचारों को जाने के प्रयास किए गए हैं तथ्य संकलन के लिए प्रश्नावली का उपयोग किया गया है प्रश्नावली के अंतिम प्रश्न पत्र के रूप में खुला प्रश्न दिया गया जिसके माध्यम से प्रतिभागियों के विचारों को भी शोध में शामिल किया गया है।

अनुसूची - कुछ प्रतिभागियों को प्रश्नावली समझने में समस्या होने के कारण उनसे राय और विचार जानने के लिए प्रश्नावली का उपयोग यहां अनुसूची के रूप में किया गया है।

तथ्य विश्लेषण एवं आंकड़ों का प्रस्तुतीकरण - प्रस्तुत शोध में अध्ययन के माध्यम से यह ज्ञात करने का प्रयास किया गया है कि अनुसूचित जनजाति की महिलाओं की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति की लोकप्रियता और कार्य पद्धति को केंद्र में रखकर यह शोध कार्य किया गया है तथ्यों और आंकड़ों को प्रश्नावली अनुसूची के माध्यम से एकत्रित कर उनका विश्लेषण किया गया है प्रस्तुत शोध बड़वानी जिले में रहने वाले अनुसूचित जनजाति की महिलाओं पर विशेष रूप से केंद्रित है अध्ययन में जिनमें विषय से संबंधित जानकारी प्राप्त की गई तथ्य संकलन हेतु 50 से अधिक प्रश्नावली अनुसूची को भरवाया गया है। लेकिन तथ्य विश्लेषण में 50प्रतिभागियों के मतों को शामिल किया गया है तथ्य संकलन का कार्य अक्टूबर 2024 में किया गया है। साक्षात्कार अनुसूची में कुल 3 प्रश्नों को शामिल किया गया है साक्षात्कार अनुसूची में बहुविकल्पीय प्रश्नों के माध्यम से प्राप्त तथ्यों का अध्ययन हेतु केन्द्र में रखा गया है साक्षात्कार अनुसूची में विकल्प के रूप में हां, नहीं और पता नहींको तथ्य संकलन हेतु आधार बनाया गया है जो इस प्रकार है।

तालिका क्रमांक -1

1 क्या अनुसूचित जनजाति की महिलाएं शासकीय योजनाओं के प्रति जागरुक है?

क्र.	न्यादर्श का चयन	संख्या	प्रतिशत
1	हा	20	40%
2	नहीं	25	50%
3	पता नही	5	10%
	योग	50	100%

विश्लेषण- तालिका क्रमांक 1 के आंकड़ों के अध्ययन से ज्ञात होता है कि अनुसूचित जनजातिकी महिलाएं शासकीय योजनाओं के प्रति जागरुक है कुल 50 उत्तरदाताओं के चुनाव में से 20 (40प्रतिशत) उत्तरदाताओ ने नकहा है कि हा जागरूकता है जबकि 25 (50प्रतिशत) उत्तरदाताओं ने

कहा जागरूक नहीं है तथा 5 (10प्रतिशत) उत्तरदाताओं ने कहा ज्ञात नहीं है।

तालिका क्रमांक -2

अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के प्रति समाज का दृष्टिकोण कैसा है?

क्र.	न्यादर्श का चयन	संख्या	प्रतिशत
1	अच्छा	22	44%
2	सहयोगात्मक	15	30%
3	उपेक्षित	13	26%
	योग	50	100%

विश्लेषण- तालिका क्रमांक 2 के आंकड़ों के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के प्रति समाज का दृष्टिकोण कैसा है कुल 50 उत्तरदाताओं में से 22(44 प्रतिशत) उत्तरदाताओं ने कहा कि समाज का दृष्टिकोण अच्छा है जबकि 15(30प्रतिशत) उत्तरदाताओं ने कहा कि समाज का दृष्टिकोण सहयोगात्मक है तथा 13(26प्रतिशत) उत्तरदाताओं ने कहा कि समाज के दृष्टिकोण अपेक्षित नहीं है।

तालिका क्रमांक-3

क्र.	न्यादर्श का चयन	संख्या	प्रतिशत
1	हा	24	48%
2	नहीं	22	44%
3	पता नहीं	4	8%
	योग	50	100%

विश्लेषण- तालिका क्रमांक 3 के आंकड़ों के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के कार्य करने की दिशाओं के संबंध में नवीन जानकारी है कुल 50 उत्तरदाताओं में से 24(48प्रतिशत) उत्तरदाताओं ने कहा कि कार्य करने की दशाओ के संबंध में नवीन जानकारी है जबकि 22(44प्रतिशत) ने कहा कि कार्य करने के संदर्भ में जानकारी नहीं है तथा 4(8प्रतिशत) उत्तरदाताओं ने कहा कि उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

निष्कर्ष - अनुसूचित जनजाति की महिलाओं में शासकीय योजनाओं के प्रति जागरूकता है कल 50 उत्तरदाताओं में से 25% उत्तरदाताओं ने कहा कि समाज जागरूकता में अभी-अभी कमी है तथा अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के प्रति समाज का दृष्टिकोण कैसा है के संदर्भ में 50 सदस्यों में से 44 उत्तरदाताओं ने कहा कि समाज का दृष्टिकोण अच्छा है जबकि मनुष्य जनजाति के महिलाओं के कार्य करने के दशाओं के संबंध में नवीन जानकारी है के संदर्भ में कुल 50 सदस्यों में से 48% ने कहा कि कार्य करने की दशाओं के संबंध में नवीन जानकारीहै।

सुझाव - अनुसूचित जनजाति की महिलाओं की सामाजिक चुनौतियों के लिए कुछ सुझाव निम्नलिखित हैं:

शिक्षा और जागरूकता

1. **शिक्षा के अवसर प्रदान करना -** अनुसूचित जनजाति की महिलाओं को शिक्षा के अवसर प्रदान करना चाहिए ताकि वे अपने अधिकारों के बारे में जान सकें और अपने जीवन में सुधार कर सकें।
2. **जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना -** अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना चाहिए ताकि वे अपने अधिकारों के बारे में जान सकें और अपने जीवन में सुधार कर सकें।

आर्थिक सशक्तिकरण

1. **आर्थिक अवसर प्रदान करना -** अनुसूचित जनजाति की महिलाओं को आर्थिक अवसर प्रदान करना चाहिए ताकि वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार कर सकें।
2. **स्वावलंबन कार्यक्रम आयोजित करना -** अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए स्वावलंबन कार्यक्रम आयोजित करना चाहिए ताकि वे अपने जीवन में सुधार कर सकें।

सामाजिक समर्थन

1. **सामाजिक समर्थन प्रदान करना -** अनुसूचित जनजाति की महिलाओं को सामाजिक समर्थन प्रदान करना चाहिए ताकि वे अपने जीवन में सुधार कर सकें।
2. **सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित करना -** अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित करना चाहिए ताकि वे अपने जीवन में सुधार कर सकें।

कानूनी संरक्षण

1. **कानूनी संरक्षण प्रदान करना -** अनुसूचित जनजाति की महिलाओं को कानूनी संरक्षण प्रदान करना चाहिए ताकि वे अपने अधिकारों के लिए लड़ सकें।
2. **कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना -** अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना चाहिए ताकि वे अपने अधिकारों के बारे में जान सकें।

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. बघेल डी.एस.(1990) भारतीय सामाजिक समस्याएं पुस्तक पुष्पराज प्रकाशन, रीवा।
2. तिवारी शिव कुमार (1998) मध्यप्रदेश के आदिवासी, मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी।
3. उब्रेती एज. सी.(1970) भारतीय जनजाति ओरिएंटल प्रकाशन।
4. पटेल जी.पी.(1991) बैगा जनजाति का मानव शास्त्रीय अध्ययन।
5. डेविस किंग्सले (1973) मानव समाज किताब महल, इलाहाबाद।
6. त्रिपाठी बालिका मधुसूदन (2006) शिक्षा विद्यावती प्रकाशन साहित्य, नई दिल्ली।
7. घोष मालिनी (2002) इकोनामिक एंड पॉलीटिकल वीकली साक्षरता योग्यता और सामर्थ्य शक्ति का प्रभाव पर शोध एवं कार्य समीक्षा ट्रस्ट पब्लिकेशन, मुंबई।
8. भट्टाचार्य ए.(2015) कैरियर कर्क कैपिलिस्ट स्ट्रक्चर एंड वाइलेंस अगेंस्ट वूमेन नेशनल कन्वेंशन आन एडवोकेसी फार कैयर वर्क दिल्ली में प्रस्तुत पेपर महिला स्वावलंबन।
9. घोष जे. (2015) केयर इन दे नियो लिबरल इकोनामिक मॉडल इंटरनेशनल पॉलिसीज एंड देयर इफेक्ट्स ऑन वूमेंस इन गर्ल्स अनपेड केयर नेशनल कन्वेंशन आन एडवोकेसी फॉर केयर वर्क ने दिल्ली में प्रस्तुत पेपर।
10. एल्विन बी. (1939) द बेगा जान मूर्रे लंदन।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भारतीय ज्ञान परम्परा में ज्ञान और विज्ञान

डॉ. शिवाकान्त तिवारी*

* प्रभारी प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय, मोहन बड़ोदिया, शाजापुर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – भारतीय ज्ञान परम्परा में प्राचीनकाल से ही स्व-कल्याण के साथ-साथ विश्व-कल्याण की भावना से कार्य किया जाता था। भारतीय वेद ज्ञान का अपार भण्डार हैं। भारतीय शिक्षा की गुरूकुल प्रणाली प्राचीनता के साथ उत्कृष्टता को भी अपने आप में समेटे हुए थी जिसमें विद्यार्थी के सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास का कार्य किया जाता था। नालन्दा जैसे विश्वविद्यालयों में हजारों विद्यार्थी और शिक्षक अध्ययन और अध्यापन के कार्य में संलग्न रहते थे। विद्यार्थी और शिक्षक का अनुपात उस समय के सभी विश्वविद्यालयों में उत्कृष्ट स्तर का था।

प्राचीनकाल में भारतीय सैन्य विज्ञान काफी उन्नत अवस्था में था। युद्ध में अनेक प्रकार के हथियारों के साथ-साथ दिव्यास्त्रों का भी प्रयोग किया जाता था। कई हथियार वर्तमान युग के परमाणु बमों से भी घातक और विनाशक थे। युद्ध में पूरी नैतिकता का पालन किया जाता था। खगोल विज्ञान के क्षेत्र में भारतीयों का अध्ययन उच्च स्तरीय और सटीक था। पृथ्वी की आकृति, सूर्यग्रहण और चन्द्रग्रहण सम्बन्धी भारतीय गणनाऐं बिलकुल सटीक थीं। आर्यभट्ट, वाराहमिहिर जैसे विद्धानों के सिद्धान्त आज भी अचम्भित करते हैं। आचार्य चरक और सुश्रुत ने आयुर्वेद के क्षेत्र में भारत को शीर्ष स्थान पर पहुँचा दिया था। प्राचीन कालीन नाड़ी शोधन की क्रिया अद्धितीय थी। धातुकार्य में भारत ने ऐसी उत्कृष्टता प्राप्त कर ली थी जो आज भी लोगों को चकित करती है। महरोली का लौह स्तम्भ इसका जीता जागता प्रमाण है। लगभग सभी धातुओं का प्रयोग प्राचीन भारत में प्रचलन में था। गणित के क्षेत्र में भारत ने विश्व को शून्य और दशमलव प्रणाली देकर अध्ययन को एक नई दिशा दी। वैदिक गणित आज भी अधिक सटीक सिद्ध होता है। भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में महर्षि कणाद जैसे विद्धानों ने 600 ईसा पूर्व ही परमाणु की खोज कर ली थी। रसायन शास्त्र के क्षेत्र में तत्कालीन कीमियागार रसायनों के नये-नये यौगिक बनाने में महारत हासिल कर चुके थे। प्राचीन भारत की ज्ञान विज्ञान की इस धरोहर को वर्तमान में सहेजने और नये-नये शोधों के माध्यम से और अधिक समृद्ध करने की आवश्यकता है।

शब्द कुंजी – ज्ञान परम्परा, गुरूकुल, आयुर्वेद, खगोल विज्ञान, धातुकर्म, सैन्य विज्ञान, वैदिक काल।

प्रस्तावना – भारतीय ज्ञान परम्परा विश्व में प्राचीनतम् है। भारतीय ज्ञान का लक्ष्य मात्र सूचना प्राप्त करना नहीं है, अपितु ज्ञान के माध्यम से स्व कल्याण के साथ-साथ विश्व कल्याण इसका परम लक्ष्य है। ज्ञान के माध्यम से ही धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष प्राप्त किया जा सकता है। भारतीय ज्ञान परम्परा कभी भी संकुचित नहीं रही। इसमें सदैव विश्व कल्याण की भावना निहित रही।

अयं निज: परोवेति गणना लघुचेतसाम्।
उदारचरितानां तु वसुधैवकुटुम्बकम्।।[1]

भारत में वैदिक काल के पूर्व से ही ज्ञान परम्परा प्रवाहमान थी। वेदों की रचना के द्वारा इसे एक व्यवस्थित स्वरूप प्रदान किया गया। वैदिक काल को ज्ञान परम्परा का अरुणोदय काल कहा जाता है। ऋग्वेद सहित चारों वेदों को विश्व में ज्ञान की पहली संहिता भी कहा जाता है। इसके पश्चात् उपनिषदों के माध्यम से यह धारा आगे बढ़ती है जो बुद्ध व जैन दर्शन में भी परिलक्षित होती है। इसी परम्परा में पाणिनि ने विश्व के पहले व्याकरण की रचना की। महर्षि पतंजलि ने योग के प्रमुख ग्रन्थ योगसूत्र की रचना की। कौटिल्य ने विश्व प्रसिद्ध ग्रन्थ अर्थशास्त्र लिखा। भरतमुनि ने नाट्यशास्त्र की रचना की और वात्स्यायन ने कामसूत्र लिखा। आयुर्विज्ञान के क्षेत्र में चरक और सुश्रुत द्वारा रचनाएँ की गयीं। इन सभी रचनाकारों ने अपनी रचनाओं में पूर्व के आचार्यों का उल्लेख करते हुए भारतीय ज्ञान परम्परा की प्राचीनता को रेखांकित किया है। शून्य की खोज भी वैदिक काल में की जा चुकी थी। प्राचीनकाल में भारतीय ज्ञान परम्परा ज्ञान के सभी क्षेत्रों में अपने उत्कर्ष पर पहुँच चुकी थी। जिसमें से प्रमुख निम्न प्रकार हैं:-

शिक्षा व्यवस्था – ज्ञान के क्षेत्र में शिक्षा का स्थान सर्वोपरि है। प्राचीन भारत में शिक्षा का व्यापक प्रचार प्रसार था। गुरूकुल प्रणाली से शिक्षा प्रदान की जाती थी जिसमें विद्यार्थी अपने घर को छोड़कर गुरू के आश्रम में निवास करता था और शिक्षा ग्रहण करता था। वैसे तो बालक की प्रथम शिक्षक उसकी माँ होती है जिससे वह सीखने की प्रक्रिया प्रारम्भ करता है। बाद में परिवार के अन्य सदस्यों व मित्र समूहों से अनौपचारिक शिक्षा प्राप्त होती है। प्राचीन भारत में आठ वर्ष की आयु पूर्ण करने के पश्चात् विद्यार्थियों को गुरूकुल में भेज दिया जाता था जहाँ वह गुरू के सानिध्य में रहकर बिना किसी बाहरी हस्तक्षेप के सम्पूर्ण प्रकार की विद्या प्राप्त करता था और वहाँ से निकलने के उपरान्त वह इधर उधर भटकने के बजाए अपने पूर्व निर्धारित कार्य में संलग्न हो जाता था। रामायण काल में भगवान राम भी शिक्षा प्राप्त करने के लिए अपने गुरू वशिष्ठ के आश्रम में गये थे।

गुरू गृह गए पढ़न रघुराई।
अल्पकाल विद्या सब पाई।।[2]

गुरूकुल बस्ती से बाहर एकान्त में होते थे। जहाँ पर एकान्त एवं शान्त वातावरण में शिक्षा का आदान-प्रदान किया जाता था। गुरूकुल में रहते हुए विद्यार्थी

जीवन की सभी चुनौतियों का सामना करने का प्रशिक्षण प्राप्त करता था।

सामान्य गुरूकुल एवं आश्रमों के साथ-साथ प्राचीन भारत में कुछ अत्यन्त प्रसिद्ध शिक्षा के केन्द्र थे जिनकी ख्याति पूरे विश्व में व्याप्त थी। इनमें से उज्जयिनी, नालन्दा, तक्षशिला, विक्रमशिला, वल्लभी, उदांतपुरी, सोमपुरा, पुष्पगिरी, तेलहाड़ा, ओदंतपुर, शारदापीठ, जगददला, नागार्जुन कोंडा, वाराणसी, कांचीपुरम, मणिखेत आदि प्रमुख विश्वविद्यालय थे। द्वापर युग में उज्जयिनी (वर्तमान उज्जैन) शिक्षा का प्रमुख केन्द्र था। यहाँ स्थित महर्षि सांदीपनि के आश्रम में भगवान श्रीकृष्ण एवं सुदामा के अध्ययन करने का वर्णन ग्रन्थों में मिलता है। नालन्दा विश्वविद्यालय प्राचीन भारत का सबसे विख्यात और महत्वपूर्ण शिक्षा का केन्द्र था। यह वर्तमान बिहार प्रदेश में पटना से लगभग 90 कि.मी. की दूरी पर स्थित था।

चीनी यात्री हवेनसांग के यात्रा विवरण से पता चलता है कि यहाँ पर 10,000 विद्यार्थी और 2000 शिक्षक थे। यहाँ पर सम्पूर्ण भारत के अलावा कोरिया, जापान, चीन सहित कई देशों के विद्यार्थी विद्याध्ययन करने आते थे। इस विश्वविद्यालय का पूरा परिसर विशाल दीवार से घिरा था और प्रवेश के लिए एक मुख्य द्वार था। इसमें 300 से अधिक कक्ष अध्ययन के लिए थे।

तक्षशिला विश्वविद्यालय वर्तमान पाकिस्तान के रावलपिंडी में स्थित था। उस समय यह गांधार राज्य की राजधानी थी। यहाँ पर 10,000 से अधिक विद्यार्थी अध्ययन करते थे जिनमें से कई विदेशी विद्यार्थी भी होते थे। अनुशासन अत्यन्त सख्त था तथा गलती करने पर राजकुमारों को भी सजा दी जाती थी। विक्रमशिला विश्वविद्यालय वर्तमान बिहार राज्य के भागलपुर शहर से 40 कि.मी. दूर पर स्थित था। यहाँ पर 1000 विद्यार्थी और 100 शिक्षक थे। वल्लभी विश्वविद्यालय गुजरात राज्य में था। यहाँ पर मुख्य रूप से धर्मनिरपेक्ष विषयों की शिक्षा प्रदान की जाती थी। उदांतपुरी विश्वविद्यालय वर्तमान बिहार राज्य में स्थित था। यहाँ लगभग 12000 विद्यार्थियों के अध्ययन की व्यवस्था थी। पुष्पगिरी विश्वविद्यालय वर्तमान उड़ीसा राज्य में स्थित था। यह बौद्ध शिक्षा का सबसे प्राचीन केन्द्र था। इसकी स्थापना कलिंग राजाओं ने की थी। काशी वर्तमान में वाराणसी के नाम से भी जाना जाता है। यह वैदिककाल से हिन्दू धर्म की शिक्षा के लिए प्रसिद्ध था।

प्राचीन भारत के सभी शिक्षण केन्द्रों में शिक्षक विद्यार्थी अनुपात अत्यन्त उच्च स्तर का देखने को मिलता है। उदाहरण के लिए नालन्दा विश्वविद्यालय में 10,000 विद्यार्थियों के अध्यापन के लिए 2000 शिक्षकों की व्यवस्था थी अर्थात् शिक्षक-विद्यार्थी अनुपात 1:5 का था।

सैन्य विज्ञान – प्राचीन काल से ही भारत में सैन्य विज्ञान काफी विकसित अवस्था में था। सेना में मुख्य रूप से पैदल, अश्व, रथ और हाथी सहित चार भाग होते थे। रामायण और महाभारत काल में इसका स्पष्ट उल्लेख मिलता है। धनुष-बाण, तलवार, भाला, गदा आदि मुख्य हथियार होते थे। सामान्य अस्त्र शस्त्रों के साथ-साथ पाशुपतास्त्र, ब्रम्हास्त्र, नारायणास्त्र, आग्नेयास्त्र, पर्जन्य, वायव्य, पन्नग, गरुड़, बहमशिरा, एकाग्निघ्न और अमोघास्त्र जैसे दिव्यास्त्रों का प्रयोग भी किया जाता था। आग्नेय अस्त्र से अग्नि वर्षा की जाती थी तो पर्जन्य अस्त्र से वर्षा करायी जाती थी। रावण के साथ युद्ध में भगवान राम के अग्निबाण का प्रयोग करने का प्रसंग आता है।

पावक सर छाडेउ रघुबीरा।
छन महुँ जरे निसाचर तीरा।।[3]

वायव्य अस्त्र से भयंकर आँधी तूफान पैदा किया जा सकता था। ब्रम्हास्त्र का प्रभाव वर्तमानकाल के परमाणु बमों से भी भयानक होता था। इनके द्वारा पूरी सृष्टि का विनाश किया जा सकता था। ये दिव्यास्त्र जितने शक्तिशाली थे उनको प्राप्त करना उतना ही मुश्किल था। इन्हें प्राप्त करने के लिए कठिन तपस्या एवं साधना करनी पड़ती थी। विरोधी सैनिकों से बचाव के लिए कई प्रकार के कवच एवं सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग किया जाता था। सबसे अच्छे योद्धा तीव्रगामी रथों पर सवार रहते थे। युद्ध कौशल की दृष्टि से उन्हें भी रथी, अतिरथी और महारथी जैसे श्रेणियों में विभाजित किया जाता था। युद्ध करने के कई नियम होते थे जिनका पालन सभी सेनाएं करती थीं। जैसे युद्ध प्रारम्भ होने के पूर्व शंखनाद करके चेतावनी देना, सूर्यास्त होने के बाद युद्ध समाप्त कर देना, किसी निहत्थे पर वार नहीं करना आदि। सामान्य तौर पर सभी सेनायें उक्त नियमों का पालन करती थीं, लेकिन कई अवसरों पर इनके उल्लंघन के दृष्टांत भी पाये जाते हैं। वर्तमान समय के सैन्य विज्ञान की तुलना में प्राचीन काल में सैन्य विज्ञान कई क्षेत्रों में अधिक विकसित अवस्था में था।

खगोल विज्ञान – भारतीय खगोल विज्ञान का प्रारम्भ वैदिककाल में हो गया था। उस समय के ऋषि, मुनि कई तरह के यज्ञ और अनुष्ठान मुहुर्त देखकर किया करते थे। शुभ लग्न का ज्ञान उन्हें खगोल विज्ञान के माध्यम से ही होता था। सूर्यग्रहण, चन्द्रग्रहण, सूर्य के उत्तरायण एवं दक्षिणायन स्थिति का ज्ञान प्राचीन समय से भारतीय विद्धानों को था। वैदिक काल में ही 'वेदांग ज्योतिष' नामक खगोल विज्ञान के ग्रन्थ की रचना की गयी थी। आर्यभट्ट ने पाँचवी शताब्दी में सर्वप्रथम पृथ्वी के गोल होने एवं उसके अपनी धुरी पर घूमने की बात कही। इन्होंने सूर्यग्रहण एवं चन्द्रग्रहण के वास्तविक कारणों का पता लगाया और इससे सम्बन्धित कई वैज्ञानिक सिद्धान्तों का प्रतिपादन किया। 'आर्यभट्टीय' एवं 'आर्य सिद्धान्त' आर्यभट्ट के प्रमुख ग्रन्थ थे। वाराहमिहिर ने छठी शताब्दी में 'पंचसिद्धान्तिका', सूर्यसिद्धान्त, वृहत्संहिता और वृहत्जातक नामक ग्रन्थों की रचना की। वाराहमिहिर ने गुरूत्वाकर्षण शक्ति की ओर संकेत करते हुए कहा कि कोई ऐसी शक्ति है जो वस्तुओं को पृथ्वी के धरातल से बाँधकर रखती है। बाद में ब्रम्हगुप्त नामक विद्धान ने भी गुरूत्वाकर्षण शक्ति की ओर इशारा करते हुए कहा कि यवस्तुएँ पृथ्वी की ओर गिरती हैं क्योंकि पृथ्वी की प्रकृति है कि वह उन्हें अपनी ओर आकर्षित करे। 'ब्रहमस्फुट सिद्धान्त' एवं 'खण्ड खाद्यक' इनके प्रमुख ग्रन्थ हैं। ब्रहमगुप्त ने विभिन्न ग्रहों की गति और स्थिति तथा उनके उदय और अस्त होने की गणना करने की विधियाँ बतायी हैं। इनका जोर अध्ययन की प्रत्यक्ष वेध की तरफ अधिक था। इनके अनुसार यदि गणना और वेध में भिन्नता हो तो वेध को सही मानना चाहिए।

बारहवीं शताब्दी में भास्कराचार्य खगोल विज्ञान के प्रसिद्ध विद्धान हुए। इन्होंने 'सिद्धान्त शिरोमणि' एवं 'करण कुतूहल' नामक ग्रन्थों की रचना की। इनकी तात्कालिक गति की अवधारणा से विभिन्न ग्रहों की गति की सही गणना करना आसान हो गया। भारतीयों की खगोल विज्ञान सम्बन्धी जानकारी इतनी अधिक उन्नत थी कि प्राचीनकाल से भारतीय पूजा पद्धति में नौ ग्रहों की पूजा करने का विधान है जबकि नवें ग्रह की खोज पाश्चात्य विद्धानों द्वारा काफी बाद में की गयी।

आयुर्वेद – आयुर्वेद प्राचीनतम चिकित्सा पद्धति है। इस पद्धति में जटिल से जटिल रोगों का इलाज किया जा सकता है। आयुर्वेद में प्राकृतिक रूप से प्राप्त जड़ी बूटियों एवं वनस्पतियों का प्रयोग किया जाता है। जिनका कोई दुष्प्रभाव शरीर पर नहीं पड़ता है जबकि एलोपैथी में बिना दुष्पप्रभाव की दवाईयाँ विरली ही हैं। आयुर्वेद का प्रारम्भ भारत में ही हुआ था। चरक संहिता,

सुश्रुत संहिता और अष्टांग हृदयम् नामक आयुर्वेद के प्राचीन ग्रंथ है जिनकी रचना आज से लगभग दो हजार वर्ष पूर्व ही की जा चुकी थी। योग को भी आयुर्वेद का ही भाग माना जाता है। योग एवं आयुर्वेद का उपयोग करके असाध्य रोगों का उपचार किया जा सकता है। आयुर्वेद के अनुसार मानव शरीर का निर्माण पाँच तत्वों द्वारा हुआ है जो वायु, जल, आकाश, पृथ्वी और अग्नि हैं। गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी लिखा है।

'क्षिति जल पावक गगन समीरा।
पंच रचित अति अधम सरीरा।।'[4]

उक्त पांच तत्वों के असंतुलन से ही शरीर में रुग्णता पैदा होती है जिसका उपचार इन पंच महाभूतों में पुन: संतुलन करके किया जा सकता है। इसी प्रकार शरीर के तीन मूल द्रव्य वात, कफ, पित्त का असंतुलन भी शरीर को बीमार करता है और इनके संतुलन द्वारा बीमारी को दूर किया जा सकता है। आजकल किसी रोग के उपचार से पहले कई प्रकार के चिकित्सकीय परीक्षण कराने होते हैं जबकि आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के द्वारा मात्र नाड़ी परीक्षण से रोगों का निदान किया जा सकता है। आयुर्वेद चिकित्सा में पंच कर्म का भी प्रमुख स्थान है। महर्षि सुश्रुत द्वारा रचित 'सुश्रुत संहिता' को शल्य चिकित्सा का प्राचीनतम ग्रन्थ माना जाता है। आज से लगभग तीन हजार वर्ष पूर्व महर्षि सुश्रुत द्वारा नाक का उपचार ऐसी विधि से किया जाता था जिसे वर्तमान काल में प्लास्टिक सर्जरी के नाम से जाना जाता है। प्राचीन भारत के आयुर्वेद का इतिहास अत्यन्त गौरवपूर्ण एवं समृद्ध रहा है। वर्तमान में इस क्षेत्र में और अधिक अध्ययन और अनुसंधान की आवश्यकता है।

अध्ययन का क्षेत्र – छिंदवाड़ा जिले का परिचय छिंदवाड़ा भारतीय राज्य मध्यप्रदेश का एक जिला है इस क्षेत्र में छिंद (ताड़) के पेड़ बहुतायत में है। इसलिए इसका नाम छिंदवाड़ा पड़ा एक समय यहां शेरों की बहुत तादाद थी इसलिए इसे पहले सिहवाड़ा भी कहा जाता था यह तथ्य अधिक मनी नहीं कहा जा सकता किंतु देशी खजूर या ताड़ की बहुतायत क्षेत्र के नाम की सही व्याख्या कहीं जा सकती है।

गुरैया गांव का परिचय – गुरैया मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले की छिंदवाड़ा तहसील में स्थित एक बड़ा गांव है जिसमें कुल 1321 परिवार रहते हैं 2011 की जनगणना के अनुसार गुरैया गांव की जनसंख्या 6137 है जिसमें 3136 पुरुष है जबकि 3001 महिला है गुरैया गांव में 0 – 6 आयु वर्ग के

बच्चों की संख्या 800 है जो गांव की कुल जनसंख्या का 13.04% है। गुरैया गांव का औसत लिंग अनुपात 957 है। जो मध्य प्रदेश राज्य के औसत 921 से अधिक है जनगणना के अनुसार गुरैया का बाल लिंगानुपात 970 है जो मध्यप्रदेश के औसत 918 से अधिक है। गुरैया गांव में साक्षरता दर मध्य प्रदेश की तुलना में 2011 में मध्य प्रदेश के 69.32% की तुलना में गुरैया गांव की साक्षरता दर 66.74% है। वहां तीन आंगनबाड़ी केंद्रों का भ्रमण मेरे द्वारा किया गया। जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 में लगभग 8 गर्भवती महिलाओं पर 1 महिला गर्भवती माध्यमिक एनीमिया से ग्रसित पाई गई तथा आंगनबाड़ी केंद्र में 5 गर्भवती महिलाओं पर 1 गर्भवती महिला माध्यमिक एनीमिया से ग्रसित पाई गई एवं आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 जिसमें 14 गर्भवती महिलाओं पर 1 गर्भवती महिला माध्यमिक एनीमिया से ग्रसित पाई गई है।

तालिका 1 :

केंद्र आंगनवाड़ी क्र.	**नाम**	**पति का नाम**	
1	हंसा	शुभम कराडे	माध्यमिक एनीमिया
5	प्रीति	रविंद्र	माध्यमिक एनीमिया
2	बेबी	सुखलाल मरकाम	माध्यमिक एनीमिया

निष्कर्ष – महिलाएं किसी भी राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। महिलाएं पुरुषों के कंधों से कंधा मिलाकर चल रही है ऐसे में यह कहना सही होगा कि महिला और पुरुष एक गाड़ी के दो पहिए है ।अगर ऐसी स्थिति में महिलाओं का स्वास्थ्य अच्छा नहीं होगा। तो उसे देश के विकास की गति धीमी हो जाती है। अत: राष्ट्र के विकास हेतु महिलाओं का स्वस्थ होना बहुत ही आवश्यक है। ऐसे में गर्भवती महिलाओं का स्वस्थ होना जरूरी है क्योंकि अगर गर्भवती महिला स्वस्थ होगी तो वह एक स्वस्थ शिशु को जन्म दे पाएगी। गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य में एक बड़ा रक्ताल्पता की है अत: रक्ताल्पता को दूर करने के लिए गर्भवती महिलाओं को पोषण से भरपूर आहार दिए जाएं। जिम 30 मिलीग्राम आयरन रोजाना मिट, लाल मास एंड मछली, सोयाबीन, चीज, लिवर, साबूत अनाज, गहरे हरे पत्तेदार सब्जियां तथा फोरहिफाईट अनाज दिए जाए जिससे गर्भवती महिलाओं में एनीमिया तथा और भी बीमारियों से बचाव किया जा सके एवं महिलाओं का स्वास्थ्य का स्तर ऊंचा उठ सके ।

संदर्भ ग्रंथ सूची:–

1. https://myclevelandelinic.org
2. https://www.webmd.com
3. सामान्य एवं उपचार आत्मक पोषण, डॉ. ज्योति कुलकर्णी, डॉक्टर अरुण पलटा (शिवा प्रशासन, इंदौर)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

लोकतंत्र एवं भारतीय लोकतंत्र में महिलाएं

डॉ. श्वेता तेवानी*

* सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) पीएमसीओई शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, रतलाम (म.प्र.) भारत

अध्ययन पद्धति – प्रस्तुत शोध पत्र में ऐतिहासिक तुलनात्मक पर्यवेक्षणआत्मक एवं विश्लेषणआत्मक एवं अनुभवात्मक अध्ययन पद्धति का उपयोग किया गया है।

शब्द कुंजी –भारतीय समाज,लोकतंत्र,आरक्षण,वर्ण व्यवस्था।

प्रस्तावना – भारतीय शासन व्यवस्था में लोकतंत्रात्मक शासन व्यवस्था को स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय संविधान के निर्माण के समय अपनाया गया लेकिन भारतीय लोकतंत्र में कुछ बाधाएं थी जिनके कारण भारतीय लोकतंत्र को पूर्णत: सफल बनाने में परेशानी का सामना करना पड़ा। सामाजिक व्यवस्था मे वर्ण व्यवस्था और जाति प्रथा के आधार पर अत्यधिक भेदभाव विद्यमान था। जातिगत भेदभाव को दूर कर समाज में समानता लाने के लिए संविधान निर्माताओं ने आरक्षण संबंधी प्रावधान किए जिससे कि समाज में पूरी तरह से समानता स्थापित की जा सके। सामाजिक व्यवस्था मे महिलाओं की स्थिति में सुधार के लिए किसी भी प्रकार के विशिष्ट प्रावधान नहीं किए गए और इसीलिए आज भी भारतीय समाज में महिलाओं की स्थिति में सुधार नहीं हो पाया है। महिलाओं कि इस स्थिति का कारण पुरुषों की मानसिकता है जो कि भारतीय महिलाओं को आगे बढ़ने से रोकती है और स्वयं को ऊपरी पायदान पर रखना और देखना चाहते है।

लोकतंत्र : शासन व्यवस्था या मानसिकता – वर्तमान समय में लोकतंत्र को सर्वश्रेष्ठ शासन प्रणाली माना जाता है लेकिन लोकतंत्र सदा से ही श्रेष्ठ प्रणाली नहीं माना गया है। प्लेटो एवं राजनीति विज्ञान के जनक अरस्तु के समय में लोकतंत्र को शासन का विकृत रूप माना गया था। तत्कालीन समय में राजतंत्र ही श्रेष्ठ शासन प्रणाली मानी गई थी। सत्ता ,प्रभाव एवं शक्ति की लालसा हमेशा ही व्यक्ति को इसके दुरुपयोग के लिए प्रेरित करती है।

लोकतंत्र से अभिप्राय – लोकतंत्र को सकारात्मक और नकारात्मक दोनों ही तरीकों से परिभाषित किया जाता है। जिस तरह प्राचीन समय में लोकतंत्र को विकृत या नकारात्मक रूप से परिभाषित किया गया था, उसी तरह आधुनिक युग में भी लोकतंत्र को एक नकारात्मक या बुरी व्यवस्था मानने वाले अनेक विद्वान हैं।

लोकतंत्र की सर्वाधिक प्रचलित परिभाषा अब्राहम लिंकन की है–'लोकतंत्र जनता का ,जनता के लिए और जनता द्वारा किया गया शासन है।'

सीले के अनुसार– 'लोकतंत्र वह शासन है जिसमें हर व्यक्ति भाग लेता है।'

डायसी के अनुसार–'लोकतंत्र सरकार का ऐसा स्वरूप है इसमें जनता का एक बड़ा भाग शासन करता है।'

लोकतंत्र के नकारात्मक पक्ष को प्रदर्शित करते हुए सारटोरी ने लोकतंत्र को 'आडंबरमय युक्त व्यवस्था'कहा है।

लोकतंत्र को वर्तमान समय में अनेक तरीकों से प्रदर्शित किया गया है:

1. लोकतंत्र शासन का एक प्रकार है
2. एक सामाजिक व्यवस्था है
3. जीवन जीने का एक ढंग है
4. लोकतंत्र विशिष्ट वर्ग का शासन है
5. आर्थिक व्यवस्था का एक प्रकार है
6. लोकतंत्र जीवन के प्रति एक विशिष्ट दृष्टिकोण है
7. लोकतंत्र एक मानसिकता है

लोकतंत्र में मताधिकार शासन में परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण साधन होता है , मताधिकार के बल पर जनता के प्रतिनिधियों में लगातार परिवर्तन होता रहता है जिससे जनता लोकप्रिय शासन व्यवस्था स्थापित होती है। किंतु अधिकांश लोकतांत्रिक राज्य में महिलाओं को मताधिकार से वंचित रखने की व्यवस्था की गई थी। राजनीति विज्ञान के जनक अरस्तु जैसे महत्वपूर्ण विचारक भी महिलाओं को मताधिकार देने के पक्षधर नहीं थे , किंतु इन आधारों पर उनकी आलोचना निरंतर होती रही है। संसदीय प्रजातंत्र के जनक इंग्लैंड में भी महिलाओं को मताधिकार बीसवीं शताब्दी के प्रारंभ में ही प्राप्त हुआ है।

भारत में लोकतंत्र – सामान्यत: भारत में सदा से ही राजतंत्र शासन के स्वरूप के रूप में प्रचलित रहा है हालांकि इसमें भी जनता का कल्याण करने वाला राजतंत्र एवं राजा लोकप्रिय की श्रेणी में रखा गया था। भारत में लोकतंत्र के विचार का उद्भव ब्रिटिश भारत के स्वतंत्रता के प्रयासों के समय विश्व के अन्य देशों के संपर्क में आने के साथ प्रारंभ हुआ।

19वीं शताब्दी में भारत में समाज सुधारको के माध्यम से नवीन विचारों का उद्भव हुआ। भारतीय पुनर्जागरण के प्रणेता एवं जनक राजा राममोहन राय इनमें से सर्व प्रमुख है राजा राममोहन राय ने भारतीय समाज में विद्यमान सामाजिक बुराइयों एवं कुरीतियों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए उन्हें दूर करने हेतु दृढ़ संकल्प प्रदर्शित करते हुए उसके लिए विशेष प्रयास किए भारतीय लोकतंत्र की जड़ वहीं से स्थापित होती है । राजा राममोहन राय ने महिलाओं की दशा में सुधार लाने के लिए विशेष रूप से प्रयास किए विशेषकर उनके दृष्टिकोण सती प्रथा सबसे बड़ी कुरीति भारत की समाज में विद्यमान थी और इसी में सुधार लाने के लिए उनके द्वारा इस हेतु प्रतिबंधित करने के लिए 1828 में सती प्रथा के विरोध में कानून के माध्यम से उसे

प्रतिबंधित करने का प्रयास किया गया।

लोकतंत्र केवल एक शासन का स्वरूप नहीं है वरन जीवन के प्रति एक विशिष्ट दृष्टिकोण है और एक मानसिकता है , जो कि किसी भी देश की शासन व्यवस्था को सही रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक है।

भारत में किसी प्रकार की व्यवस्था में सुधार के लिए उसे सही तरीके से लागू करने के लिए कानूनों की आवश्यकता पड़ती है , कानूनों के अस्तित्व के बिना व्यवस्था को सही रूप से संचालित नहीं किया जा सकता और ना ही दूषित व्यवस्था में सुधार लाया जा सकता है।

भारतीय लोकतंत्र में यही व्यवस्था 19वीं शताब्दी एवं बीसवीं शताब्दी में भारतीय स्वतंत्रता प्राप्ति के समय और भारतीय संविधान के निर्माण के समय एवं उसके पश्चात भी लागू रही है भारतीय सामाजिक व्यवस्था में अनेक ऐसी कुरीतियां विद्यमान थी जिनको स्वतंत्रता प्राप्ति के समय कठोर कानूनों के माध्यम से दूर करने का प्रयास किया गया इन कानूनों के माध्यम से भारतीय समाज में समानता स्थापित करने का प्रयास भी किया गया। उदाहरण के लिए भारतीय समाज में विद्यमान वर्ण व्यवस्था जिसमें भारतीय समाज अलग-अलग वर्णों में बटॉ हुआ था एवं एक वर्ग के लोग पूरी तरह से वंचित और उपेक्षित माने गए थे और इनकी स्थिति में सुधार के लिए भारतीय संविधान में अनेक प्रावधान किए गए एवं इसी वर्ग के लिए समानता पर लाने के लिए आरक्षण जैसी विशिष्ट व्यवस्था भी की गई हालांकि भारतीय संविधान में यह व्यवस्था प्रारंभ में कुछ ही समय के लिए की गई थी लेकिन बाद में यह व्यवस्था आवश्यकता के अनुसार आगे के लिए भी बढ़ाई गई क्योंकि वर्ण व्यवस्था मानसिकता से संबंधित है इसीलिए आज भी इसे बनाए रखने की आवश्यकता है क्योंकि जब तक वर्ण व्यवस्था के संबंध में भारतीयों की मानसिकता पूरी तरह से परिवर्तित नहीं हो जाती तब तक यहां आरक्षण व्यवस्था को लागू रखा जाए, जिस तरह से वर्ण व्यवस्था पर आधारित सामाजिक भेदभाव व्यवस्था को कानूनों के माध्यम से समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। उसी तरह से भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं की स्थिति में सुधार के लिए भी कठोर कानूनों की आवश्यकता महसूस हो रही है।

भारतीय लोकतंत्र एवं महिलाएं – जिस तरह से भारतीय समाज में एक वर्ण पूरी तरह से वंचित और उपेक्षित था , उसी तरह महिलाएं प्रत्येक वर्ण में दोयम दर्जे का स्थान रखती थी एवं वंचित और उपेक्षित रही हैं। भारतीय समाज में ऋग्वेद काल के पश्चात महिलाओं की स्थिति कभी भी सामान्य नहीं रही। महिलाओं की स्थिति दिन प्रतिदिन बुरी से बदतर और दयनीय होती है महिलाएं अनेक प्रकार की बुराइयां एवं कुरीतियों का सामना कर रही थी इनमें से प्रमुख है:

1. सती प्रथा
2. बाल विवाह
3. महिलाओं की अशिक्षा
4. आर्थिक परनिर्भरता
5. विधवाओं की बुरी स्थिति
6. घुंघट या पर्दा प्रथा
7. दहेज प्रथा
8. महिला भ्रुण हत्या
9. महिलाओं का कार्यक्षेत्र केवल घर की चारदीवारी आदि

सती प्रथा में महिलाओं को उनके पति की मृत्यु के बाद पति की चिता के साथ जला दिया जाता था इस प्रथा को राजा राममोहन राय के विशेष प्रयासों से 1828 में कानूनी रूप से प्रतिबंधित किया गया।

बाल विवाह प्रथा के अंतर्गत बचपन में ही बालिकाओं का विवाह तय कर दिया जाता था या करवा दिया जाता था जिससे शारीरिक या मानसिक रूप से परिपक्व हुए बिना ही उनके ऊपर दायित्वों का बोझ डाल दिया जाता था इस कुप्रथा पर भी बालिका विवाह की आयु न्यूनतम 18 वर्ष तय की गई जिससे इस कुप्रथा को भी कानून के माध्यम से प्रतिबंधित किया गया।

बाद में समाज के अन्य वर्गों की तरह ही महिलाओं की आर्थिक परनिर्भरता उनकी दयनीय स्थिति का मुख्य कारण था यदि हम वास्तव में महिलाओं की स्थिति में किसी प्रकार का सुधार लाना चाहते है तो उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाने एवं सफल बनाने के लिए कठोर प्रयास करने चाहिए थे किंतु हमने किसी प्रकार का प्रयास नहीं किया। भारतीय संविधान मे महिलाओ को समान स्तर प्रदान करने की बात तो की गई किन्तु इसके लिए कोई ठोस प्रयास नही किए गए ।

महिलाओं के लिए इस संबंध में पर्याप्त एवं महत्वपूर्ण प्रयास 73 व 74 वें संविधान संशोधन के माध्यम से उन्हें स्थानीय लोकतांत्रिक संस्थाओं में एक तिहाई प्रतिनिधित्व प्रदान कर किया गया जिसे बाद में 50% तक बढ़ाया गया। महिलाओं की स्थिति में सुधार के लिए यही प्रयास सर्व प्रमुख था।

यदि महिलाओं की स्थिति में सुधार के लिए इस आरक्षण की व्यवस्था को संविधान लागू होते ही लागू कर दिया होता तो महिलाओं की स्थिति में पूर्व सुधार आ चुका होता और महिलाओं से संबंधित अनेक सारी बुराइयों से उन्हें निजात मिल चुका होता है जैसे बाल विवाह, महिलाओं की अशिक्षा , आर्थिक परनिर्भरता , विधवाओं की दुर्दशा , पर्दा प्रथा , दहेज प्रथा , महिला भ्रुण हत्या , उनका कार्य के चार दिवारी इत्यादि समस्याएं उनको आरक्षण मिलने से और उनके आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने से समाप्त हो गई होती। किंतु इस कार्य में सबसे बड़ा रोड़ा या बाधा पुरुषों की उनके प्रति मानसिकता रही है जो कि आज भी परिवर्तित नहीं हो रही है और वह महिलाओं को आगे बढ़ने या समाज स्तर पर लाने के लिए भी स्वीकार नहीं करती।

इसका सबसे बड़ा प्रमाण यह है एक तरफ तो हम जनगणना के समय स्त्री- पुरुष अनुपात को असंतुलित होने का गम बताते हैं किंतु साथ ही महिला आरक्षण प्रारंभ होने के बाद उन्हें 33 या 35% तक सीमित रखने का काम करते हैं क्योंकि स्त्री - पुरुष अनुपात बराबर होना चाहिए किंतु किसी भी क्षेत्र में उन्हें बराबरी का मौका देने के लिए तैयार नहीं है । न केवल 50 सदस्य बल्कि केवल 33 या 3% आरक्षण वह भी ऊर्ध्वाधर आरक्षण अर्थात महिलाओं को 35 या 35% से ज्यादा एक भी सीट ना मिले यही पुरुषों की दोगली मानसिकता को प्रदर्शित करता है।

ऊर्ध्वाधर आरक्षण के तहत यह व्यवस्था की गई है की निर्धारित आरक्षण के अतिरिक्त एक भी स्थान अतिरिक्त चाहे मेरिट में सर्वोच्च स्थान पर हो किंतु अतिरिक्त स्थान प्रदान नहीं किया जाएगा महिलाएं यदि आरक्षण प्राप्त करके भी आर्थिक रूप से सक्षम हुई तो उनकी अधिकांश समस्याओं के समाधान हो जाएगा- कन्या भ्रुण हत्या और और बाल विवाह बंद हो जाएंगे। महिला शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा, महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता स्थापित होगी तथा समाज को सशक्त आधार प्राप्त होगा।

आरक्षण का नकारात्मक पक्ष – डॉक्टर अंबेडकर द्वारा भारतीय संविधान मे आरक्षण की व्यवस्था का प्रावधान करते समय इस व्यवस्था को प्रारंभिक 10 वर्षों के लिए स्थापित करने के लिए कहा गया था। किंतु यह व्यवस्था

बार-बार 10 वर्षों के लिए आगे बढ़ती गई और आज भी यह व्यवस्था लागू है भारत के बुद्धिजीवियों के द्वारा यह विचार प्रकट किया गया था कि कि सामाजिक व्यवस्था में सुधार लाने के लिए प्रारंभिक 10 वर्ष पिछड़े वर्गों को समर्थन और सहायता देने के लिए पर्याप्त है ताकि वे अपने खुद के दम पर खड़े हो सके उनके अनुसार अधिक समय तक सहायता प्रदान करना उन्हें अक्षम बना सकता है और उन्हें आवश्यकता से अधिक सहायता पंगु बना सकती है जिसे भी सामाजिक व्यवस्था में सशक्त आधार के रूप में खड़े होने के बजाय कमजोर और दूसरों पर आधारित एवं सदैव बैसाखी की सहायता से अपने विकास के लिए दूसरों पर निर्भर रहेंगे।

एक महत्वपूर्ण प्रश्न यह भी है कि यदि हम आरक्षण के नकारात्मक पक्षों से भली-भांति अवगत हैं तो हम महिला आरक्षण के पक्ष में कैसे बात कर सकते हैं इसके प्रत्युत्तर में यह बताया जा सकता है कि जैसे एक सामाजिक ताने-बाने में 1 वर्ग या वर्ण की स्थिति दयनीय रही है। ठीक उसी तरह महिलाओं की स्थिति भारतीय समाज के प्रत्येक वर्ग या वर्ण में अर्थात चारों वर्णों में दयनीय रही है ऐसी स्थिति में सर्व प्रथम प्रयास महिलाओं की स्थिति में सुधार का ही होना चाहिए था जबकि इस संबंध में विचार नहीं किया गया।

महिला आरक्षण का एक विशिष्ट पहलू यह भी है की अधिकांश महिलाएं स्वयं समाज में अपनी स्थिति से असंतुष्ट नहीं थी भारतीय महिलाओं में महत्वाकांक्षा की अत्यधिक कमी रही है और इसी कारण वे अपनी स्थिति में अत्यधिक सुधार के लिए यह परिवर्तन लाने के लिए स्वयं ही पक्षधर नहीं रही है। किंतु आज स्थित समाज और अर्थव्यवस्था पर आधारित व्यवस्था में यह आवश्यक प्रतीत हो रहा है कि महिलाए आर्थिक आधार पर आत्मनिर्भर रहे। जिससे वे भारतीय समाज भारतीय अर्थव्यवस्था और भारतीय राष्ट्र के आधार स्तंभ के रूप में स्थापित हो और भारत को एक सशक्त राष्ट्र बनाने मैं अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर सकें।

निष्कर्ष- अंतत: यह सशक्त रूप से कहा जा सकता है कि यदि महिलाओं को कन्या भ्रुण हत्या जैसी समस्या से मुक्ति प्राप्त हो एवं महिला शिक्षा को बढ़ावा मिले तो निश्चित रूप से महिलाओं को अपनी योग्यता को सिद्ध करने में किसी भी प्रकार के आरक्षण की सहायता की आवश्यकता नहीं है और महिलाएं अपनी योग्यता के दम पर पुरुषों की मानसिकता और अपने प्रति उनके दृष्टिकोण को परिवर्तित करने में भी सक्षम होंगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1 Bakshi P.M. , " The Constitution of India , with selective comments."Universal Law Publishing Co. Pvt. Ltd. ,New Delhi 2001.
2 Basu Durga Das, " Introduction to the Constitution of India.",16th edition Prentice Hall Of India Pvt. Ltd., New Delhi 1994
3 फढ़िया बीएल, फढ़िया कुलदीप ,'राजनीति विज्ञान', कैलाश पुस्तक सदन, भोपाल
4 Kashyap Subhash C., "Our Constitution : An Introduction to India's Constitution and Constitutional law." National Book Trust India New Delhi 2000
5 लक्ष्मीकांत एम. , 'भारत की राजव्यवस्था' पंचम संस्करण , McGraw Hill's Education (India) Pvt. Ltd. Chennai , 2017
6 Raja Ram Kalpana,"Indian Polity" edited 8th revised and enlarged edition, Spectrum Books Private Limited New Delhi 2001
7 श्याम सुंदर, जे .एवं शर्मा स्थिति सी पी 'यूनिफाइड राजनीति विज्ञान' ,बीए. प्रथम वर्ष, राम प्रसाद एंड संस भोपाल 2017

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं का स्वास्थ्य एवं पोषण का स्तर: छिंदवाड़ा जिले के विशेष संदर्भ में

संध्या गजभिये*

* सहायक अध्यापक (गृहविज्ञान) राजमाता सिंधिया शासकीय स्नातक कन्या महाविद्यालय छिंदवाड़ा(म.प्र.) भारत

शोध सारांश – ग्रामीण महिलाओं को शहरी महिलाओं की तुलना में खराब स्वास्थ्य परिणाम मिलते हैं और स्वास्थ्य सेवा तक उनकी पहुंच कम होती है। कई ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं विशेष रूप से महिला स्वास्थ्य प्रदाताओं की संख्या सीमित है महिला और पुरुष एक सिक्के के दो पल है। ऐसे में अगर हम बात करें महिला स्वास्थ्य की तो ग्रामीण महिला किस प्रकार के स्वास्थ्य एवं पोषण जटिलताओं से जूझ रही है इसे यहां समझने में आसानी होगी कि स्वास्थ्य एवं पोषण को लेकर और क्या कुछ किए जाने की आवश्यकता है।

शब्द कुंजी – ग्रामीण महिलाओं, स्वास्थ्य, पोषण, ग्रामीण क्षेत्र।

प्रस्तावना – पिछले कुछ वर्षों में ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं का स्वास्थ्य एवं पोषण को लेकर व्यापक साक्षरत्मक बदलाव देखने को मिले हैं। फिर भी ऐसे कई संदर्भ बिंदु है जहां विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है तथा जिन ग्रामीण क्षेत्रों में भारत की लगभग दो तिहाई आबादी बसती है। वह कल स्वास्थ्य एवं पोषण अवसंरचना चिकित्सा अस्पताल व अन्य सुविधाओं की मात्रा एक तिहाई उपस्थित होती है जाहिर सी बात है कि यह संतुलन एक अस्वस्थ एवं कुपोषण की और इशारा करता है। लेकिन कुछ ऐसी स्वास्थ्य संस्थाएं भी है जो ग्रामीण महिलाओं में अधिक सघन है। इनमें डायरिया, टीवी ,टाइफाइड, खसरा और मलेरिया जैसे रोग शामिल है। जो अस्वच्छ पेयजल खराब रिहायशी स्थितियां तथा स्वास्थ्य एवं पोषण जागरूकता के अभाव में उत्पन्न होते हैं। संक्रामक रोगों के साथ-साथ कैंसर जैसी प्रतव घातक बीमारी और मधुमेह हाइपरटेंशन थायराइड मोटापा जैसी जीवन शैली से जुड़ी बीमारियां भी ग्रामीण महिलाओं में सघन होती जा रही है इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र में मासिक स्वास्थ्य से जुड़ा मुद्दा भी गौर करने लायक है। खाने का तात्पर्य है कि अब ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी सेवाओं को भी इतना बहुआयामी होना होगा कि वह एकीकृत रूप से इन जटिलताओं को हल करने में सक्षम हो सके।

मानव जीवन के लिए ऑक्सीजन और पानी के साथ यदि कुछ और भी जरूरी है तो वह है भोजन। मानव ने प्रारंभिक काल से ही अपनी मूलभूत आवश्यकताओं भोजन, आवास एवं वस्त्र की ओर अपना ध्यान केंद्रित किया है। यद्यपि उसने प्रारंभिक काल में जीवन एक मांस भक्षी की तरह व्यतीत किया है। परंतु पाषाण काल के अंत तक उसने कृषि के विषय में जान लिया था तथा अपने आहार में मांस खाद्य पदार्थो के साथ-साथ वनस्पति खाद्य पदार्थ भी शामिल कर लिया था। मानव समाज के निर्माण में कृषि संबंधी ज्ञान ने अहम भूमिका निभाई और फिर मानव समुदाय कस्बे व शहरों का विकास प्रारंभ हुआ। जब खाद्य पदार्थो की उपलब्धता कृषि के द्वारा सुनिश्चित होने लगी तो निवास में भी स्थापितव आने लगा पौष्टिक भोजन लेना मनुष्य के शारीरिक का मानसिक विकास के लिए बहुत जरूरी है। पौष्टिक भोजन के अभाव से मानव शरीर कुपोषण रहित कई बीमारियों से ग्रसित हो जाता है। महिलाओं पर इसका प्रभाव ज्यादा होता है क्योंकि कुपोषित महिला यदि किसी बच्चे को जन्म देती है तो वह बच्चा भी जन्म से कमजोर होता है और अपनी जीवन संभवत कम होती है। इसलिए सही समय पर सही पोषण प्राप्त करना बहुत आवश्यक है अन्यथा कुपोषण का कभी ना खत्म होने बाला दुष्चक्र प्रारंभ हो सकता है।

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 5 पेज 2 (2019-2021) के अनुसार गृह क्षेत्र से जुड़े कुछ आंकड़े देखे तो 6 वर्ष या इससे अधिक उम्र वाली ग्रामीण महिला आबादी का मंत्र 66.8% हिस्सा ही ऐसा है। जो कभी स्कूल गया हो वहीं शहरी क्षेत्र के लिए यहां आंकड़ा 82.5% है इसके अलावा अगर उन्नत स्वच्छता सुविधाओं की बात करें तो मंत्र 66.9% ग्रामीण ग्रस्त जनसंख्या को यहां उपलब्ध है। जबकि शहरों में इसका प्रतिशत 81.5 है साथ ही भोजन के लिए स्वच्छ ईंधन के इस्तेमाल को देख तो यह शहरों में 89.7% ग्रह से जनसंख्या के पास यह उपलब्ध है। वहीं ग्रामीण आबादी में यहां लगभग घटकर 43.2% रह जाता है इसके अतिरिक्त अगर विवाह और प्रजनन दर को देख तो शहर के 1.6 की तुलना में ग्रामीण क्षेत्र में यहां 2.1 है इतना ही नहीं नवजात मृत्यु के आंकड़े देखे तो शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लिए यह क्रमश: 18% और 27.5% है तथा शिशु मृत्यु दर के संबंध में यहां आंकड़ा इसी क्रम में 26.6:% और 38.4% है। इन आंकड़ों को प्रस्तुत करने का उद्देश्य यही है कि ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं का स्वास्थ्य एवं पोषण की चुनौतियों का सही अनुमान होता है।

स्वास्थ्य एवं पोषण क्या है पोषण एक स्वस्थ संतुलित जीवन जीने के लिए मौलिक है यह बीमारी की अनुपस्थिति है और वह आधार है। जिस पर हम संपूर्ण शारीरिक मानसिक और सामाजिक कल्याण की स्थिति का निर्माण कर सकते हैं। यह व्यापक मार्गदर्शिका पोषण और स्वास्थ्य के बीच गहरे संबंधों की खोज करती है स्वास्थ्य को बनाए रखने और बीमारी को रोकने में पोषण की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हैं।

ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं के पोषण के लिए सरकार की पहल पर कई

कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं :

1. पोषण अभियान
2. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन
3. एकीकृत बाल विकास सेवा मध्यान भोजन योजन
4. पी एम एम वी वाई
5. एन आर एल एम
6. जे एस वाई
7. मिशन सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0
8. पोषण ट्रैक ऐप
9. वृद्धि निगरानी उपकरण आदि

ग्रामीण महिलाओं के लिए स्वास्थ्य योजनाएं :

1. राष्ट्रीय निशुल्क औषधि पहल
2. निशुल्क निदान पहल (एफ डी आई)
3. राष्ट्रीय एंबुलेंस सेवा (एन ए एस)
4. मोबाइल मेडिकल यूनिटी (एम एम यू)
5. जननी सुरक्षा योजना
6. प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान
7. आउटरीच शिविर
8. वन स्टॉप सेंटर आदि

अध्ययन का उद्देश्य– ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के समग्र विकास को सुनिश्चित करना महिलाओं की स्वास्थ्य एवं पोषण की स्थिति में सुधार लाना तथा आहार एवं पोषण को बढ़ावा देना ग्रामीण महिलाओं को शहरी महिलाओं की तुलना में खराब स्वास्थ्य परिणाम मिलते हैं और स्वास्थ्य सेवाओं तक उनकी पहुंच कम होती है। इसलिए ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण के लिए विशेष योजना की जरूरत है।

अध्ययन का क्षेत्र

छिंदवाड़ा जिले का परिचय – छिंदवाड़ा भारतीय राज्य मध्यप्रदेश का एक जिला है इस क्षेत्र में छिंद (ताड़) की पेड़ बहुयात में है इसलिए इसका छिंदवाड़ा नाम पड़ा एक समय यह शेरों की बहुत आयात थी इसलिए इसे पहले सिहवाड़ा भी कहा जाता था। यह तथ्य तथा अधिक मनी नहीं कहा जा सकता किंतु देसी खजूर या ताड़ की बहुतायत तायत क्षेत्र के नाम ही सही व्याख्या कहीं जा सकती है।

रोहना कला गांव का परिचय– यह ग्रामीण क्षेत्र में स्थित है यह मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के छिंदवाड़ा ब्लॉक में स्थित है। इस गांव में कुल आबादी 3363 है और घरों की संख्या 562 है जिसके अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक का भ्रमण मेरे द्वारा किया गया। जिसमें 12 गर्भवती महिलाओं पर 1 गर्भवती महिला में पोषण और स्वास्थ्य का स्तर कम पाया गया तथा 11 धात्री माता में 1 धात्री माता में पोषण और स्वास्थ्य का स्तर कम पाया गया।

तालिका

नाम	**पति का नाम**	
प्रियंका	सत्यम विश्वकर्मा	थायराइड
दुर्गावती	मोनो बिंदुवारी	हाईट क्रम

निष्कर्ष – किसी भी राष्ट्र के विकास के लिए महिलाओं का स्वास्थ्य एवं पोषण का स्तर उच्च होना नितांत आवश्यक है ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी महिलाओं की तुलना में खराब परिणाम मिलते हैं। ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं का स्वास्थ्य स्तर ऊंचा उठने के लिए विभिन्न स्वास्थ्य से संबंधित योजनाएं एवं पोषण से संबंधित योजनाएं चलाई जा रही है साथी इन्हें शिक्षा के माध्यम से जागरूक करके एवं आहार के महत्व के बारे में आबादी को शिक्षित करने की जरूरत है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन एनएफएसएम चावल गेहूं डालो और मोटे अनाजों का उत्पादन बढ़ाकर भोजन की उपयोगिता बढ़ता है इससे महिलाओं और उनके परिवारों के लिए बेहतर पोषण में मदद मिलती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची:–

1. http://www.weljii.com
2. सोनी कुमारी सिंह: ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं का शोधार्थी गृह विज्ञान स्वास्थ्य एवं पोषण विभाग, ल ना मि विश्वविद्यालय दरभंगा बिहार
3. https://hi.wikipedia.org

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

अनुसूचित जाति के व्यावसायिक संरचना एवं साक्षरता का प्रभाव : शहडोल संभाग के विशेष संदर्भ में

डॉ. जिया लाल राठौर*

* भूगोल विभाग, शासकीय महाविद्यालय, जैतपुर, शहडोल (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – सामाजिक क्रांति के रूप में उभरे कुछ नये मानकों ने समाज में रह रहे विभिन्न प्रकार के वृत्ति से जुड़े लोगों को उनके आर्थिक, सामाजिक जीवन को आधार बनाते हुए विभिन्न वर्ग, उपवर्ग में विभाजित कर उनके जीवनशैली को नवीन आयाम दिया। समाज के पिछड़े और साधन विहीन तथा आर्थिक, शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़े लोगों के लिए उनके जीवन को स्वाभाविक और सुखमय बनाने की आकांक्षा शुरू से ही किसी न किसी रूप में रहीं आई। पर इस्लामिक सत्ता काल पश्चात आई ब्रिटिश सत्ता काल में समाज के कुछ लोगों के श्रममूलक कार्यो और अपने जीवन को सुखम तथा स्वाभाविक बनाने के लिए ऐसे कार्यो से जोड़ा गया कि वे शेष समाज से कट कर रहने लगे। सांस्कृतिक परिवर्तन की इस नई पेशकश से भारत के पारंपरिक समाज को समाज के कुछ समुदायों को धीरे–धीरे अलग कर दिया जिस कारण एक लम्बा अंतराल दिखने लगा। इस अंतराल के पीछे श्रममूलक सेवा कार्यो की नई प्रतिबद्धता रही।

शब्द कुंजी – जनसंख्या, व्यावसायिक संरचना, साक्षरता।

प्रस्तावना – अनुसूचित जाति समुदाय के लोगों की जीवनशैली और कार्य संरचना कुछ ऐसी थी की वे जनजातीय क्षेत्रों की अपेक्षा नगरीय एवं विकसित परिक्षेत्रों में ही अपना आवास बनाएं इस कारण अध्ययन क्षेत्र शहडोल संभाग जो मूलत: वनप्रान्तीय क्षेत्र है में अनुसूचित जाति समुदाय की जनसंख्या अनुसूचित जनजाति के अपेक्षा कम है। शहडोल संभाग के जनांकिकीय रिपोर्ट पर गौर करें तो संभाग में अनुसूचित जाति की जनसंख्या का औसत प्रतिशत 12.6 है। इस प्रकार स्पष्ट है कि मध्य प्रदेश के अन्य संभागों की आपेक्षा शहडोल संभाग में अनुसूचित जाति समुदाय संख्यात्मक दृष्टि से कम हैं।

अध्ययन क्षेत्र– मध्यप्रदेश के शहडोल संभाग प्रायद्वीपीय भारत के उत्तार–पूर्वी भाग में विन्ध्य एवं सतपुड़ा पर्वत श्रृंखलाओं के मध्य स्थित मूलत: पर्वतीय, पठारी एवं जनजातीय प्रधान क्षेत्र है। जिसकी भौगोलिक स्थिति भू–मध्य रेखा से स्थिति 23°35 से उत्तरी अंक्षाश 24 °20' उत्तरी अंक्षाश तथा 80°28' पूर्वी देशान्तर से 82°45' पूर्वी देशान्तर के मध्य है।[4] 23°30' उत्तरी अंक्षाश के (कर्क रेखा) इस संभाग को उत्तर व दक्षिण लगभग दो समान भागों में विभाजित करती है।

शहडोल संभाग की लम्बाई एवं चौड़ाई में अन्तराल न्यूनतम है, उत्तर में सोन घाटी से दक्षिण में नर्मदा घाटी तक कुल लम्बाई 181 किलोमीटर एवं पूर्व–पश्चिम चौड़ाई 172 किलोमीटर है। शहडोल संभाग की लम्बाई एवं चौड़ाई में न्यूनतम अन्तराल होते हुए भी इसका आकार आयताकार एवं वर्गाकार नहीं है इसका कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 13966 वर्ग किलोमीटर है।5 यह भारत के कुल भू–भाग का 0.40 प्रतिशत (भारत का क्षेत्रफल 3287782 वर्ग किलोमीटर) है। शहडोल संभाग के अन्तर्गत कुल 03 जिले उमरिया, अनूपपुर एवं शहडोल शामिल है। प्रशासनिक दृष्टि अध्ययन क्षेत्र में तीन जिले क्रमश शहडोल 5671 वर्ग किलोमीटर, उमरिया 4548 वर्ग किलोमीटर एवं अनूपपुर का 3747 वर्ग किलोमीटर है तथा इस शहडोल संभाग में 12 विकासखण्ड क्रमश: ब्यौहारी, जयसिंहनगर, गोहपारू, सोहागपुर, बुढ़ार, कोतमा, अनूपपुर, पुष्पराजगढ़, जैतहरी, करकेली (उमरिया), मानपुर एवं पाली है। इसी प्रकार दूसरी प्रशासनिक इकाई में कुल 16 तहसीले अस्तित्व में है, ये तहसीलें क्रमश: ब्यौहारी, जयसिंहनगर, गोहपारू, सोहागपुर, बुढ़ार, जैतपुर, बांधवगढ़, मानपुर, पाली, चदिया, नौरोजाबाद, करकेली, जैतहरी, कोतमा, पुष्पराजगढ़ एवं अनुपपुर तहसील स्थित है।



अध्ययन उद्देश्य:

1. अनुसूचित जाति के लोगों की व्यावसायिक संरचना का विश्लेषण करना।
2. अनुसूचित जाति के लोगों की सारक्षता दर का विश्लेषण करना।
3. सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं और कार्यक्रमों का मूल्यांकन करना।

विधि तंत्र– अध्ययन क्षेत्र में शहडोल संभाग में अनुसूचित जाति के लोगों की व्यावसायिक संरचना और साक्षरता दर का विश्लेषण किया गया। इस अध्ययन में सर्वेक्षण विधि का उपयोग करके आंकड़े संग्रहित किए।

1. प्राथमिक आंकड़े –इस अध्ययन करने के लिए सर्वेक्षण विधि का उपयोग किया गया।

2. द्वितीयक आंकड़े–इस अध्ययन में द्वितीयक आंकड़े संग्रहित करने के लिए सरकारी रिपार्ट शोध पत्र और अन्य स्त्रोतों का उपयोग किया।

सारणी क्र.–1.1 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

काश्तकार कृषक – कृषक का काश्तकार से आशय ऐसे श्रमिक पुरूष–महिला से है जो स्वयं अथवा जो अपनी खुद की जमीन सरकार से पट्टे पर जमीन या किसी दूसरे व्यक्ति या संख्या से नगद या जिस या जिस बटाई पर ली जमीन पर खेती करता है। काश्तकारी के अन्तर्गत अपनी प्रभावी देखरेख अथवा निर्देशन में खेती करवाना भी शामिल है। काश्तकार जिसने अपनी जमीन किसी एक दूसरे व्यक्तियों या संख्या को खेती करने के लिए नगदी फसल के हिस्से के बदले में दे दी है और इस जमीन में खेती के काम में देखरेक और निर्देशन काम शामिल है।(भारतीय जनगणना, 2011)

अध्ययन क्षेत्र में कुल मुख्य कार्यशील जनसंख्या 32.41 प्रतिशत भाग काश्तकार के अन्तर्गत शामिल है। उच्च भूमि में काश्तकार का उच्चतम प्रतिशत पुष्पराजगढ़ विकासखण्ड (56.09 प्रतिशत) में प्राप्त हुआ है जो क्षेत्र के औसत प्रतिशत से अधिक है, जबकि न्यूनतम प्रतिशत ब्यौहारी विकासखण्ड (16.48) प्रतिशत में प्रदर्शित हुआ जो क्षेत्र के औसत 32.41 प्रतिशत से अधिक है। उल्लेख है कि जैतहरी विकासखण्ड में काश्तकारो की संख्या में कमी का मुख्य कारण कृषि भूमि का बंटवारा, नगर का विस्तार हुआ।

खेतिहर मजदूर – खेतिहर मजदूर के अन्तर्गत वे व्यक्ति आते है जो व्यक्ति अपने रूपये या अनाज के रूप में मजदूरी या पैदावार हिस्सा लेकर एक दूसरे के यहाँ जाकर काम करते है। खेतिहर मजदूर कहा जाता है। खेतिहर मजदूर को पट्टे या जमीन ठेके पर किसी प्रकार की मांग नही करते है। वे जमीदार के यहाँ कार्य करते है और जीवनयापन व्यतीत करते है।

अध्ययन क्षेत्र की मुख्य कार्यशील जनसंख्या का केवल 40.37 प्रतिशत भाग खेतिहर मजदूर के अन्तर्गत शामिल है। या उच्चतम प्रतिशत ब्यौहारी, विकासखण्ड 57.55 प्रतिशत प्राप्त है। जो क्षेत्र के औसत से अधिक हे। इसके विपरीत खेतिहर मजदूर का न्यूनतम प्रतिशत पाली विकासखण्ड 20.53 प्रतिशत है जो क्षेत्र के औसत से लगभग कम है।

पारिवारिक उद्योग – पारिवारिक उद्योग वह उद्योग है जो परिवार के सभी सदस्य द्वारा घर में मिलजुल कर काम को करते है। ग्रामीण क्षेत्रों में गांव की सीमा के अन्तर्गत व नगरीय क्षेत्रों में उस मकान के अन्दर या अहाते में जिसमें परिवार रहता है। पारिवारिक उद्योग में काम करने वाले व्यक्तियों की अधिकांश संख्या मुखिया के सदस्यों की होती है। सभी परिवार के लोग प्राथमिक क्रिया के अन्तर्गत बीड़ी बनाना, टोकरी बनाना, सिलाई, बुनाई कताई आदि कार्य उनके हाथो द्वारा किये जाते है।

अध्ययन क्षेत्र की मुख्य कार्यशील जनसंख्या केवल 7.14 प्रतिशत भाग पारिवारिक उद्योग के अन्तर्गत शामिल है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में उच्चतम प्रतिशत मानपुर विकासखण्ड (13.01 प्रतिशत) में प्राप्त हुआ जो औसत क्षेत्र (7.14 प्रतिशत) से अधिक है। इस प्रकार न्यूनतम प्रतिशत पुष्पराजगढ़ विकासखण्ड (1.33 प्रतिशत) प्राप्त हुआ है। जो औसत क्षेत्र से बहुत कम है।

अन्य कर्मी– इस वर्ग के अन्तर्गत उन सभी कार्य करने वाले व्यक्तियों को रखा जाता हैं इसमे काश्तकार, खेतिहर मजदूर, पारिविारिक उद्योग में कार्यरत व्यक्ति शामिल है। अन्य इस श्रेणी के अन्तर्गत सरकारी, कर्मचारी, नगरपालिका, शिक्षक, कारखाने में कार्य करने वाले वाणिज्य, व्यवसाय, खनन, पुजारी, मनोरंजन कलाकार भी आदि आते है।

अध्ययन क्षेत्र की मुख्य कार्यशील जनसंख्या का केवल 19.69 प्रतिशत भाग इस वर्ग के अन्तर्गत शामिल है। कार्यशील व्यक्तियों की दृष्टि से क्षेत्र उच्चतम प्रतिशत पाली विकासखण्ड 51.14 प्रतिशत अंकित किया गया है। जो औसत से अधिक है। इसके विपरीत अन्य कर्मी न्यूनतम प्रतिशत पुष्पराजगढ़ विकासखण्ड 6.18 प्रतिशत प्राप्त हुआ है। जो क्षेत्र के औसत 19.69 प्रतिशत से कम है गौर किया जाए तो खेतिहर मजदूरों की संख्या अधिक है। इस कारण अन्य कर्मी की संख्या अपेक्षाकृत कम है।

सारणी 1.2 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

क्षेत्रीय वैविध्य परिवर्तन– क्षेत्रीय ग्रामीण साक्षरता जनसंख्या की विविधता को तीन प्रमुख श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है–

1. उच्च ग्रामीण अनुसूचित जाति साक्षरता वाले क्षेत्र–अध्ययन क्षेत्र में उच्च ग्रामीण साक्षरता अनुसूचित जाति जनसंख्या की भागीदारी दर में ऐसे विकासखण्ड जिनमें भागीदारी दर उच्च पायी गई है, जैसे विकासखण्ड गोहपारू 57.07 प्रतिशत पाली 56.41 प्रतिशत, करकेली 55.54 प्रतिशत, कोतमा 54.70 प्रतिशत सोहगपुर 54.05, मानपुर 53.53, पुष्पराजगढ़ 53.10 हैं। यहां उच्च साक्षरता दर होने का प्रमुख कारण इस क्षेत्र में शिक्षा के एवं रोजगार के प्रचुर अवसर परिवहन संचार, व्यापार, श्रमशक्ति की अधिकता आदि प्रमुख है। संपूर्ण अध्ययन क्षेत्र एवं प्रदेश की तुलना में यहां प्रतिशत काफी उच्च है।

2. मध्यम ग्रामीण अनुसूचित जाति साक्षरता वाले क्षेत्र– ग्रामीण साक्षरता अनुसूचित जाति जनसंख्या की मध्यम भागीदार दर के लिए अनेक सास्कृतिक परिस्थितियां उत्तरदायी हो सकती है। अध्ययन क्षेत्र में मध्य भागीदार दर विकासखण्ड ब्यौहारी 49.25 प्रतिशत, जयसिंहनगर 49.03 प्रतिशत, बुढ़ार 45.38 प्रतिशत पायी गई है। ग्रामीण क्षेत्र में अनुसूचित जाति की साक्षरता की भागीदारी संपूर्ण शहडोल संभाग एवं प्रदेश की अपेक्षा मध्यम पायी गई है।

3. निम्न ग्रामीण अनुसूचित जाति साक्षरता वाले क्षेत्र– ग्रामीण साक्षरता अनुसूचित जाति जनसंख्या की निम्न भागीदारी दर के अंतर्गत ऐसे क्षेत्र जहां की जनसंख्या उससे अधिक प्रतिशत है, उसे निम्न ग्रामीण साक्षरता अनुसूचित जाति जनसंख्या की श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है। इसमें जैतहरी 38.74 प्रतिशत, अनूपपुर 38.54 प्रतिशत निम्न भागीदारी दर में भी क्षेत्रीय अंतराल विकासखण्डों में काफी भिन्नता पाई गई है।

अनुसूचित जाति साक्षरता का प्रभाव – शिक्षा किसी समाज, क्षेत्र और प्रदेश को एक नया आत्मविश्वास और आत्मबल देती है शिक्षा के अभाव से व्यक्ति समय सापेक्ष मानदण्डों से तादात्मय नहीं बना पाता और तेजी से आगे बढ़ते मानकों की ओर आशाभरी निगाहों से तो देखता है लेकिन

सहभागी न हो पाने के कारण उनके लाभ से वंचित रह जाता है। यह समस्या ग्रामीण और वनांचली क्षेत्रों में अन्य क्षेत्रों के मुकाबले ज्यादा दिखती है। अध्ययन क्षेत्र शहडोल संभाग मूलत: वनप्रान्तीय क्षेत्र है यहाँ की जीवनशैली और भौगोलिक संरचना अन्य क्षेत्रों से हटकर के है। समय के साथ आये उतार चढ़ावों ने शहडोल संभाग को औद्योगिक क्रांति की ओर उन्मुख तो किया पर संभाग में सक्रिय होने वाली एजेंसियां मशीनी तकनीक के माध्यम से अपने कार्यो को गति देती रही जिस कारण विभिन्न स्थानीय समुदाय के लोगों को कार्य के अवसर नहीं मिल पाते हैं। कार्यो से दूरी का सबसे महत्वपूर्ण कारण शिक्षा ही देखा गया है। शिक्षा के प्रति अनुसूचित जाति समुदाय लोगों का प्रारंभिक रूझान तो दिखता है पर सामान्य प्राथमिक शिक्षा के बाद इस समुदाय के लोग धीरे-धीरे शिक्षा से दूर होने लगते हैं इस कारण अन्य विभिन्न क्षेत्रों में आपेक्षित अवसर नहीं मिल पाता है। आजादी बाद शासन स्तर पर अनुसूचित जाति समुदाय के लोगों के भरण पोषण और समय सापेक्ष समस्याओं पर ध्यान गया।

अनुसूचित जाति की साक्षरता के लिए संचालित योजनाएँ- भारत के सभी राज्यों को मिलाकर अनुसूचित जातियों की जनसंख्या 6.76 करोड (वर्ष 2011) है जबकि अध्ययन क्षेत्र में कुल अनुसूचित जातीय जनसंख्या 164858 पायी गई है। अनुसूचित जातियों के सामाजिक आर्थिक विकास हेतु केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा शिक्षा के विकास के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। अत: शिक्षा के क्षेत्र में अनुसूचित जातियों के लिए संचालित योजनाएँ निम्नानुसार है-

1. लाडली लक्ष्मी योजना।
2. नि:शुल्क साइकिल प्रदाय योजना।
3. नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक प्रदाय योजना।
4. गॉव की बेटी योजना।
5. अनुसूचित जाति के लिए मैट्रिककोत्तर छात्रवृत्ति योजना।
6. जनजातीय कल्याण छात्रवृत्ति योजना।
7. अनुसूचित जनजाति राहत योजना।

निष्कर्ष-उपर्युक्त विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि क्षेत्र में सरकारी योजनाओं में अनुसूचित जातियों की समस्याओं के प्रत्येक पक्ष का विश्लेषण करते हुए उन समस्याओं के निदान हेतु योजनाबद्ध कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत होनी चाहिए जिनका सुचारू संचालन के परिणामस्वरूप अनुसूचित जातियों के सामाजिक आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त हो सके तथा आदिवासी विकास कार्यक्रमों का प्रभाव परिलक्षित सम्भव हो सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. श्रीवास्तव, रजनीश (1985), शहडोल जिले के आदिवासियों का आर्थिक अध्ययन, अप्रकाशित लघु शोध प्रबंध, अवधेश प्रताप विश्वविद्यालय, रीवा, पृ.क्र. 45
2. दीक्षित, डी.के. (2001) 'जनजातीय विकास के लिए क्षेत्रीय सन्तुलन एवं जनभागीदारी की आवश्यकता' द्वारा शुक्ल (सम्पा.) क्षेत्रीय विषमता और सामाजिक आर्थिक विकास, म.प्र. हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल, पृ.स. 120-130
3. वर्मा, रूपचन्द्र (2003) भारतीय जनजातियाँ, प्रकाशन विभाग, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार
4. सलीम, मोहम्मद (2016): भारत में उच्च शैक्षिक और व्यवस्थित रोजगार क्षेत्र में महिलाओं की हिस्सेदारी का अध्ययन, यूनिर्वसिटी न्यूज, पृ.सं. 54
5. जिला सांख्यिकीय पुस्तिका, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, 2011



सारणी क्र.–1.1: शहडोल संभाग : अनुसूचित जाति की व्यावसायिक कार्यो में संलग्न व्यक्तियों का विवरण जनगणना वर्ष–2011

क्र.	विकासखण्ड	मुख्य कार्यशील	योग प्रति	काश्तकार		कृषि मजदूर		पारिवारिक उद्योग		अन्य उद्योग	
				संख्या	%	संख्या	%	संख्या	%	संख्या	%
1	ब्यौहारी	3470	21.92	572	16.48	1997	57.55	399	11.49	502	14.46
2	जयसिंहनगर	2383	15.18	574	24.08	1235	51.82	266	11.16	308	12.92
3	गोहपारू	2208	27.36	578	26.17	1159	52.49	221	10.00	250	11.32
4	सोहगपुर	2541	24.11	644	25.34	758	29.83	139	5.47	1000	39.35
5	बुढ़ार	3527	15.93	937	26.56	1749	49.58	246	06.97	595	16.86
6	कोतमा	1625	21.58	544	33.47	608	37.41	43	02.46	430	26.46
7	पुष्पराजगढ़	6346	39.59	3560	56.09	2310	36.40	85	1.33	391	6.16
8	अनूपपुर	2625	13.11	735	27.61	693	26.40	99	3.77	1098	41.82
9	जैतहरी	3315	18.96	826	24.91	1433	43.22	266	8.02	790	23.83
10	मानपुर	4511	19.57	1473	32.65	1442	38.61	587	13.01	709	15.71
11	करकेली	3889	21.05	1526	39.28	1374	35.33	215	5.52	774	19.90
12	पाली	2052	29.20	184	17.49	216	20.53	114	10.83	538	51.14
	शहडोल संभाग	**37492**	**21.01**	**12153**	**32.41**	**15274**	**40.37**	**2680**	**7.14**	**7385**	**19.69**
	मध्यप्रदेश	**3407270**	**30.04**	**677802**	**19.90**	**1454983**	**42.71**	**154490**	**45.34**	**1119995**	**32.88**

Source : Census of India, 2011, District Census Hand Book, Distirict Shahdol, Umariya & Anuppur

सारणी 1.2: शहडोल संभाग : ग्रामीण अनुसूचित जाति विकासखण्डवार साक्षरता वितरण जनगणना वर्ष–2011

क्र.	विकासखण्ड	कुल साक्षर व्यक्ति	योग प्रतिशत	रैंक	पुरूष	%	महिला	%
1	ब्यौहारी	7797	49.25	8	4655	59.70	3142	40.29
2	जयसिंहनगर	7696	49.03	9	4559	59.23	3137	40.76
3	गोहपारू	4606	57.07	1	2638	57.27	1968	42.72
4	सोहगपुर	5695	54.05	5	3369	59.15	2326	40.84
5	बुढ़ार	10047	45.38	10	6018	59.89	4029	40.10
6	कोतमा	4118	54.70	4	2436	59.15	1682	40.84
7	पुष्पराजगढ़	8513	53.10	7	5180	60.84	3333	39.15
8	अनूपपुर	7717	38.54	12	4466	57.87	3251	42.12
9	जैतहरी	6773	38.74	11	4097	60.49	2676	39.50
10	मानपुर	12336	53.53	6	7343	59.52	4993	40.47
11	करकेली	10262	55.54	3	6257	60.97	4005	38.02
12	पाली	2032	56.41	2	1190	58.56	842	41.43
	शहडोल संभाग	**87592**	**49.08**		**52208**	**59.60**	**35384**	**40.39**
	मध्यप्रदेश	**4344701**	**38.30**		**2674001**	**61.54**	**1670700**	**38.45**

Source : Census of India, 2011, District Census Hand Book, Distirict Shahdol, Umariya & Anuppur

शहडोलसंभाग
ग्रामीण अनुसूचित जाति साक्षरता (वर्ष 2011)
संकेत
10 0 10 20
किलोमीटर

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

चुनावी रेवड़ी की राजनीति : एक अध्ययन

मनोज अहिरवार*

* शोधार्थी, राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन अध्ययनशाला, विक्रम विश्वविद्यालय ,उज्जैन (म.प्र.) भारत

शब्द कुंजी –चुनाव, रेवड़ी, फ्रीबीज, राजनीतिक दल, योजनाएं, जनकल्याण, मतदाता आदि।

प्रस्तावना – चुनावी रेवड़ी या फ्रीबीज यह शब्द वर्तमान राजनीति में प्रमुख रूप से देखने को मिल रहे हैं। रेवड़ी एक प्रकार की भारतीय मिठाई है।रेवड़ी मुख्यतौर पर तिल को चीनी या गुड़ में मिलाकर बनाया जाता है। रेवड़ी का नाम आते ही मुंह में एक मिठास और मन में लोहड़ी जैसी मस्ती घुल जाती है। तिल की वजह से रेवड़ी स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक मानी जाती है। हालांकि राजनीतिक रेवड़ी का स्वाद इसके ठीक विपरीत होता है। चुनावी वादों के तौर पर वोटरों के बीच बंटने वाली ज्यादातर रेवड़ी, उन्हें कभी नहीं मिलती। सत्ता में आने के बाद वोटरों को लुभाने के लिए जो रेवड़ी बांटी जाती है, उससे सरकारी खजाना खाली होता है। दीर्घकाल में इसका सीधा दुष्प्रभाव बड़ी परियोजनाओं और राज्य के विकास पर पड़ता है।भारत में चुनाव एक तरफ जहां मूलभूत सुविधाओं तथा जनकल्याण के मुद्दों पर लड़े जाते थे, वहीं कुछ समय से एक नया तरीका सामने आया है, जिसे चुनावी रेवड़ी अथवा फ्रीबीज कहते हैं। फ्रीबीज शब्द सबसे पहले 1920 के दशक में अमेरिकी राजनीति में इस्तेमाल हुआ था। फ्रीबी शब्द का मतलब होता है, कोई ऐसी चीज जो आपको मुफ्त में दी जाती है। भारत के चुनाव आयोग के अनुसार, फ्रीबीज की कोई स्पष्ट कानूनी परिभाषा नहीं है। प्राकृतिक आपदा या महामारी के दौरान जीवन रक्षक दवाएं, खाना या पैसा मुहैया कराने से लोगों की जान बच सकती है, लेकिन आम दिनों में अगर ये दिए जाएं तो इन्हें फ्रीबीज कहा जाएगा। इसमें विभिन्न राजनीतिक दल वोट अपने पक्ष में प्राप्त करने के लिए तरह-तरह की फ्री योजनाएं और लोक लुभावन वादे करते हैं । चुनाव के कुछ दिन पहले ही ऐसी योजनाओं को जनता के बीच में लाया जाता है, और उन्हें अपने पक्ष में वोट करने के लिए आकर्षित किया जाता है। वैसे तो इसकी कोई एक निश्चित परिभाषा नहीं है, लेकिन चुनाव के कुछ समय पहले राजनीतिक दलों द्वारा जो घोषणाएं की जाती हैं, उनमें से कुछ विशेष प्रकार की योजनाएं होती हैं । जैसे फ्री बिजली, फ्री पानी, फ्री बस यात्रा, कर्जमाफी, बेरोजगारी भत्ता, फ्री मोबाइल, टीवी ,वाशिंग मशीन इत्यादि। जो जनता को दी जाती हैं। इसके अलावा नगद राशि जो किसी योजना के रूप में जनता को दी जाती है। यह सभी रेवड़ी की श्रेणी में आती हैं। लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा या अन्य कोई चुनाव सभी में अब इसका प्रभाव देखने को मिलने लगा है।

'गरीब की थाली में पुलाव आ गया, लगता है शहर में चुनाव आ गया।'

इन योजनाओं को सभी अपने-अपने ढंग से परिभाषित करते हैं। जो राजनीतिक दल इसकी घोषणा करता है, वह इसे लोक कल्याणकारी योजना कहता है। तथा विपक्ष इसे रेवड़ी या मुफ्तखोरी कहता है। लेकिन इस तरह की योजनाएं लगभग सभी प्रमुख दलों द्वारा चलाई जा चुकी हैं। जो राजनीतिक दल सत्ता में रहते हैं, वह चुनाव के पूर्व राजकोष से इन योजनाओं की घोषणा करते हैं, तथा अन्य दल सरकार बनने के बाद इस तरह की योजनाओं को शुरू करने की गारंटी देते हैं। लेकिन दोनों ही सरकारी धन के बल पर यह करते हैं।

जैसे दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने फ्री बिजली, फ्री पानी तथा महिलाओं के लिए फ्री बस यात्रा शुरू की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस तरह की चुनावी रेवड़ी का विरोध किया गया था। वर्ष 2022 में भाजपा ने ही इस प्रकार की योजनाओं को रोकने के लिए सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। लेकिन उनकी ही भारतीय जनता पार्टी ने मध्यप्रदेश 2023 विधानसभा चुनाव के ठीक पहले लाडली बहन योजना प्रारंभ की। महाराष्ट्र चुनाव में भाजपा की अगुवाई वाले महायुति गठबंधन ने भी माझी लाडकी बहन योजना शुरू की। कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस ने महिलाओं के लिए फ्री बस यात्रा प्रारंभ की। तेलंगाना में रायतू बंधु योजना। इस प्रकार लगभग अधिकांश राज्यों के चुनाव से पहले राजनीतिक दलों द्वारा इस तरह की योजनाएं जिनका जनता को प्रत्यक्ष लाभ जो फ्री में उपलब्ध कराया जाता है चुनावी रेवाड़ी या फ्रीबीज है।

ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं विकास – चुनावी रेवड़ी की संकल्पना नई नहीं है, यह तो दुनिया भर में राजनीतिक पार्टियों द्वारा मतदाताओं को रिझाने के लिए मुफ्त की योजनाओं या फ्रीबीज का ऐलान करती रहीं हैं।भारत में इसकी शुरुआत दक्षिण के राज्यों से हुई और धीरे-धीरे यह पूरे भारत में फैल गई ।इस प्रकार की योजनाएं कैसे और कहां शुरू हुई इसके विकास को देखते हैं जैसे

मद्रास स्टेट के सीएम के कामराज ने 1954 से 1963 के दौरान मुफ्त शिक्षा और स्कूली छात्रों के लिए मुक्त भजन जैसी स्कीम शुरू की।

1967 में DMK के संस्थापक कम अन्नादुरई ने तमिलनाडु चुनाव में एक रुपए में 4.5 किलो चावल देने जैसे वादे किए थे।

1982 में एमजी रामचंद्र ने कामराज की तरह ही तमिलनाडु में स्कूली बच्चों को मुफ्त भोजन की योजना लागू की थी।

1980 के दशक में आंध्र प्रदेश के एम एंटी रामाराव ने रू 2 किलो चावल देने की योजना शुरू की थी।

1990 के दशक में तमिलनाडु ।पवडङ्ग नेता जे जयललिता ने मुफ्त

साड़ी, प्रेशर कुकर, टेलीविजन और वाशिंग मशीन देने जैसे वादे किए थे। 1990 के दशक में ही पंजाब में अकाली दल सरकार ने सबसे पहले मुफ्त बिजली देना शुरू किया था।

2006 विधानसभा चुनाव में तमिलनाडु में डीएमके ने वोटर्स को कलर टीवी देने का वादा किया था।

तमिलनाडु के चुनाव में गैस स्टोव, कैश, जमीन और मैटरनिटी सहायता तक देने का वादा करती रही है।

2015 में आम आदमी पार्टी दिल्ली में लोगों को मुफ्त बिजली और पानी देने के साथ ही सत्ता में आई।

2022 में पंजाब में सत्ता में आई आप सरकार ने जुलाई से हर घर को 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने की योजना शुरू कर दी थी।

2022 में हिमाचल प्रदेश में बीजेपी सरकार ने फ्री बिजली और फ्री पानी योजना शुरू की थी।

गुजरात में बीजेपी सरकार ने 4000 गांव के लिए मुक्त वाई-फाई और गाय संरक्षण के लिए 500 करोड़ देने का वादा किया था।

आमआदमी पार्टी ने गुजरात विधानसभा चुनाव में जीतने पर 300 यूनिट बिजली फ्री और हर माह महिलाओं को रू 1000 देने का वादा किया था।

मध्य प्रदेश में बीजेपी ने 2023 विधानसभा चुनाव के पहले लाडली बहन योजना के माध्यम से रू1000 महीना महिलाओं को देना शुरू किया। 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा समर्थित महायुति गठबंधन सरकार ने महिलाओं माझी लड़की बहन योजना के माध्यम से उनको रू 1500 महीना देना प्रारंभ किया।इस तरह लगभग सभी राज्यों में सभी राजनीतिक दल चुनाव से पहले मुफ्त की योजनाएं देते आ रहे हैं।

उद्देश्य:

1. चुनावी रेवड़ी या फ्रीबीज क्या है और इसकी शुरुआत कैसे हुई इसका विश्लेषण करना।
2. रेवड़ीयाफ्रीबीज कल्चर के प्रभाव का अध्ययन करना।
3. फ्रीबीज को कैसे बंद किया जा सकता है, इसका अध्ययन करना।

शोध पद्धति – प्रस्तुत शोध आलेख में विश्लेषणात्मक विधि का प्रयोग कर अध्ययन किया गया है। तथ्यों के संकलन में द्वितीयक स्रोतों के माध्यम से तथ्य संग्रहित किए गए हैं। जिसमें विषय से संबंधित पत्र पत्रिकाएं, शोधपत्र, चुनावी घोषणा पत्र, समाचार पत्र, इंटरनेट आदि को शामिल किया गया है।

प्रभाव:

राजनीतिक प्रभाव– चुनावी रेवड़ी का प्रभाव सबसे ज्यादा राजनीतिक दलों पर देखने को मिल रहा है। कुछ दल इसका प्रयोग चुनाव में बड़े पैमाने पर कर रहे हैं। और उसका फायदा उनको चुनावी नतीजे में स्पष्ट तरीके से देखने को मिल रहा है। जिन चुनावों में उनका मत प्रतिशत बहुत कम रहता था, रेवड़ी/फ्रीबीज के माध्यम से मत प्रतिशत भी बड़ा और उनकी जीत भी हुई, एवं सरकार भी बनी। इसको देखते हुए अन्य दल भी ना चाहते हुए भी फ्री में योजनाओं की घोषणा कर देते हैं, ताकि उनको भी जीत मिल सके।

सामाजिक प्रभाव– इससे मतदाताओं में लालच उत्पन्न हो जाता है, और वह इससे भी ज्यादा फ्री की योजनाओं की आशा रखने लगते हैं। मुफ्तखोरी से पानी और बिजली जैसे प्राकृतिक संसाधनों का दुरुपयोग हो सकता है। इससे प्रदूषण भी बढ़ सकता है मुफ्त की चीजें सरकार पर निर्भरता की संस्कृति को बढ़ावा दे सकती हैं।

आर्थिक प्रभाव– आरबीआई ने हाल ही में एक अध्ययन किया है। राज्य वित्त एक जोखिम विश्लेषण ।इस अध्ययन के अनुसार भारतीय राज्यों के लिए हाल के वर्षों में सब्सिडी पर सरकारी ब्याज 11 से 12% की दर से बड़ा है। आरबीआई के अनुसार कई राज्य सरकारें सब्सिडी से मुफ्त की योजनाओं पर स्विच कर रही हैं। 2023-24 में सरकार को राजकोषीय घाटा जीएसडीपी का 3% रहने का अनुमान था। इसके 5.02 प्रतिशत से 5.4% तक जाने की उम्मीद है। राज्यों को 3.5% राजकोषीय घाटे की अनुमति है, जिसमें 0.5% बिजली सुधार के लिए है।

मुफ्त की रेवड़ियां बांटने से सार्वजनिक वित्त पर बोझ काफी बढ़ता है। जिसकी लागत कई राज्यों में सकल घरेलू उत्पाद जीएसडीपी के 0.1% से 2.7% तक होती है। कुछ राज्य जैसे आंध्र प्रदेश और पंजाब अपने राजस्व का 10% से अधिक सब्सिडी के लिए आवंटन करते हैं। ऐसे में राजकोषीय हालात पर असर पड़ता है।

रेवड़ी/ फ्रीबीज का वैश्विक परिदृश्य – चुनावी रेवड़ी को वैश्विक संदर्भ में देखें तो ज्ञात होता है, कि यह एक वैश्विक समस्या है। कई देशों में राजनीतिक दल और उम्मीदवार मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए मुफ्त सुविधाएं और उपहार देते हैं। यह समस्या केवल भारत में नहीं बल्कि अन्य देशों में भी है। जहां रेवड़ी फ्रीबीज के नाम पर चुनाव लड़े जाते हैं। इनमें श्रीलंका, अर्जेंटीना, अमेरिका जैसे देश शामिल है।

श्रीलंका की अर्थव्यवस्था की हालत बहुत खराब हो गई। और उसे दिवालिया घोषित कर दिया गया। क्योंकि वहां की सरकार ने फ्रीबीज को बहुत बढ़ावा दिया जिसमें जनता की बहुत सारे कर माफ कर दिए और सब्सिडी बहुत अधिक दी जिससे देश पर बहुत बड़ा आर्थिक संकट उत्पन्न हुआ। ऐसा ही अर्जेंटीना में भी रेवड़ी कल्चर का प्रभाव देखने को मिलता है। विश्व के बहुत से देशों में फ्रीबीज कल्चर का प्रचलन देखने को मिल रहा है। इसे रोकने के लिए वैश्विक स्तर पर भी प्रावधान किया जाना आवश्यक है।

सुझाव –चुनाव में इस तरह के रेवड़ीकल्चर को रोकने के लिए प्रयास करना बहुत जरूरी है। अगर ऐसा ही चलता रहा तो धीरे-धीरे पूरी चुनावी प्रक्रिया केवल इन्ही योजनाओं पर संचालित होने लगेगी। और आवश्यक एवं मूलभूत सुविधाओं से वंचित होना पड़ेगा। चुनाव आयोग और सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रेवड़ी या फ्रीबीज को परिभाषित किया जाए तथा साथ ही लोक कल्याणकारी योजनाओं और फ्रीबीज के मध्य अंतर को स्पष्ट किया जाए। जनता को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम किए जाएं, और उन्हें समझाया जाए कि ऐसी योजनाओं के नाम पर मतदान न करें। मतदान करते वक्त एक सशक्त और जनकल्याण वाली सरकार का चुनाव करें। रेवड़ी कल्चर को रोकने के लिए भारत की संसद द्वारा कानून बनाया जाए। जिसकी वजह से कोई भी राजनीतिक दल इस रेवड़ी कल्चर को ना अपना सके।

निष्कर्ष – पिछले दशक से भारत के लगभग आधे से अधिक राज्यों में रेवड़ी कल्चर एक बड़े पैमाने पर देखने को मिल रहा है। राजनीतिक दल चुनाव में जीत हासिल करने के लिए इसको ही प्राथमिकता देने लगे हैं। मतदाता भी प्रत्यक्ष लाभ के कारण उन्हीं के पक्ष में मतदान करते हैं। तथा उनको ही सत्ता में ला रहे हैं। वर्तमान राजनीति में देखा जाए तो प्रत्येक राजनितिक दल ने चुनावो में जीतने के लिए सबसे आसान तरीका ढूंढ लिया है। और वह है फ्री की योजनाएं जैसे फ्री बिजली, फ्री पानी, फ्री बस यात्रा, और भी कई योजनाएं हैं जिनको चुनावी रेवड़ी या मुफ्तखोरी कहा जा सकता है। जो राजनीतिक दल सत्ता में है वह मनमाने ढंग से इस तरह की योजनाएं

चालू कर देते हैं ताकि उनको आगामी चुनाव में जीत हासिल हो सके। इसी को देखते हुए अन्य दल भी सत्ता में आने के लिए मुफ्त योजनाओं की घोषणा करने लगते हैं। इस प्रकार सत्तारूढ़ दल और विपक्ष दोनों ही रेवड़ी कल्चर को बड़ावा देते हैं। और साथ ही एक दूसरे की योजनाओं को फ्रीबीज या रेवड़ी बोलते हैं और अपनी योजनाओं को कल्याणकारी बताते हैं। रेवड़ी कल्चर को रोकना बहुत आवश्यक हो गया है, क्योंकि इससे राज्यों की अर्थव्यवस्था बिगड़ती जा रही है। और लगातार कई राज्य कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हैं। चुनाव आयोग, सर्वोच्च न्यायालय, संसद इन सभी को मिलकर यह प्रयास करना चाहिए, कि इस कल्चर को जल्दी ही बंद कराया जा सके। सभी राजनीतिक दलों को भी चुनावी रेवड़ी जैसी योजनाओं को बंद करना चाहिए। तथा मूलभूत और आवश्यक सुविधाओं के आधार पर चुनाव लड़ना चाहिए। मतदाताओं को भी यह सोचना होगा कि यह जो फ्री की योजनाएं हैं, वह उनके विकास में बाधक हैं, उनके आधार पर मतदान नहीं करना चाहिए। जब यह योजनाएं फेल होने लगेंगी और इनके माध्यम से चुनाव में जीत नहीं मिलेगी तो धीरे–धीरे ये स्वत: ही समाप्त होने लगेंगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. आजतक 17/08/2022,https://youtu.be/7-TL3sTQZnU?si=gAJUvd9jjUgCqbNh
2. दीपिका पल 9(11/2024, https://navbharatlive.com/special-coverage/formula-of-throwing-sweets-and-winning-the-election-is-in-vogue-in-electoral-democracy-1053412.html
3. सुनीलकुमार 03/12/2024, https://www.jagran.com/business/biz-freebies-will-reduce-gdp-growth-in-fy-202425-23841416.html
4. NDTV Profit desk 14/10/2023, https://hindi.ndtvprofit.com/politics/india/who-is-benefiting-from-freebies-in-election-assembly-election-in-five-states
5. विजय कुमार 4/12/2024, https://hindi.oneindia.com/news/features/what-is-freebies-what-is-the-difference-from-subsidy-735085.html
6. दिनेश मिश्र 10/12/2024, https://navbharattimes.indiatimes.com/india/will-free-electricity-water-and-ration-stop-why-did-supreme-court-get-upset-over-distributing-freebies/articleshow/116168531.cms
7. शादाब नज्मी 01/04/2024, https://www.bbc.com/hindi/articles/crgdlep95l5o
8. योगेश यादव 08/12/2024, https://4pm.co.in/the-economy-of-the-states-has-collapsed-due-to-distribution-of-free-revadi-the-country-is-drowning-in-debt/114221
9. आलोक जोशी 10/11/2024, https://www.livehindustan.com/ blog/editorial-news/hindustan-editorial-column-11-november-2024-story-201731262486299.html
10. अभिषेक पांडे 23/08/2022, https://www.bhaskar.com/db-original/explainer/news/freebies-controversy-history-explained-arvind-kejriwal-modi-government-supreme-court-130218673.html

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

आपदा प्रबंधन का अवलोकन

डॉ. शोभाराम सोलंकी*

* सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) शासकीय महाविद्यालय, कसरावद, जिला खरगोन (म.प्र.) भारत

जातिवाद	40	13.4 प्रतिशत
अशिक्षा	90	30.0 प्रतिशत
वित्तीय साधनों का अभाव	70	23.4 प्रतिशत
राजनीति एवं गुटबंदी	35	11.6 प्रतिशत
उपरोक्त सभी	65	21.6 प्रतिशत
योग	300	100.0

आरेख क्रं. – 3



उपरोक्त सारिणी में उत्तरदाताओं से पंचायतीराज व्यवस्था के अंतर्गत सामाजिक सेवाओं के नियोजन एवं क्रिंयावयन में आने वाली समस्याओं के आधार पर वर्गीकरण करने पर 300 उत्तरदाताओं में से 40 उत्तरदाताओं का कहना है कि जातिवा सबसे बडी समस्या है जिसका 13.4 प्रतिशत है जबकि 90 उत्तरदाताओं का कहना है कि पंचायतीराज व्यवस्था में आने वाली सबसे बडी समस्या अशिक्षा है जिसका 30 प्रतिशत है जो कि सबसे अधिक है। 70 लोगों का कहना है कि उनके पास वित्तीय साधनों के अभाव के कारण पंचायत के नियोजन में समस्यायें उत्पन्न हो रही है जिसका 23.40 प्रतिशत है जबकि 35 लोगों का कहना है कि पंचायतीराज व्यवस्था में राजनीति एवं गुटबंदी बडी समस्या है जिसका 11.6 प्रतिशत है एवं 65 लोगों का कहना है कि उपरोक्त सभी बातें पंचायतीराज के कार्य नियोजन में बाधक है जिसका 21.6 प्रतिशत है। इससे स्पष्ट है कि झाबुआ जिले में पंचायतीराज व्यवस्था के अंतर्गत सामाजिक सेवाओं के नियोजन एवं क्रिंयावयन में आने वाली सबसे बडी समस्या वहां के लोगों केा अशिक्षित होना है।

निष्कर्ष :

1. झाबुआ जिले के सर्वेक्षण के आधार पर जिले में विकेंद्रीकरण के पंचायतीराज व्यवस्था का अनुसूचित जनजाति समुदाय पर सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनों ही प्रकार के प्रभाव पडे है लेकिन पंचायतीराज व्यवस्था के आने से ग्रामीण स्तर पर अनुसूचित जनजातियों को प्राप्त जनहित सुविधाओं में उनके क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं में सुधार हुआ है।
2. झाबुआ जिले के अधिकांश लोगों पर पंचायतीराज व्यवस्था के आने से सकारात्मक प्रभाव पडा है।
3. झाबुआ जिले में पंचायतीराज व्यवस्था के अंतर्गत सामाजिक सेवाओं के नियोजन एवं क्रिंयावयन में आने वाली सबसे बडी समस्या वहां के लोगों केा अशिक्षित होना है।

सुझाव :

1. जिले में पंचायतीराज व्यवस्था के अंतर्गत सामाजिक सेवाओं के नियोजन एवं क्रियांवयन में आने वाली सबसे बडी समस्या वहां के लोगों केा अशिक्षित होना है। इसलिये सर्वप्रथम झाबुआ जिले के अनुसूचित जनजाति समुदाय को शिक्षित करने की आवश्यकता है, इसके लिये हरसंभव प्रयास करने की जरूरत है।
2. पंचायतीराज व्यवस्था के आने से ग्रामीण स्तर पर अनुसूचित जनजातियों को प्राप्त जनहित सुविधाओं में उनके क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं में सुधार तो हुआ है, लेकिन शत–प्रतिशत मूलभूत सुविधायें मुहैया कराने के लिये सतत प्रयासरत होने की आवश्यकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. डिगरसे नरेन्द्र: *'नए पंचायत राज मे अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के प्रतिनिधियों की भागीदार का अध्ययन पंचायत'* (2001)
2. गौड़ कृष्ण कुमार (1991) : 'भारत में ग्रामीण नेतृत्व का उदीयमान स्वरूप', मानक पब्लिकेशन प्राधिकरण लिमिटेड, दिल्ली।
3. प्रसाद अवध (1998) :'गांवों में सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीति परिवर्तन', रावत पब्लिकेशन, जयपुर।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

नई शिक्षा नीति में सामाजिक विज्ञान

कैलाश चन्द्र वैष्णव*

* व्याख्याता, राजकीय कन्या महाविद्यालय, फलासिया, जिला उदयपुर (राज.) भारत

प्रस्तावना – शिक्षा किसी समाज में सदैव चलने वाली सोद्देश्य सामाजिक प्रक्रिया है, जिसके द्वारा मनुष्य की जन्मजात शक्तियों का विकास, उसके ज्ञान एवं कौशल में वृद्धि एवं व्यवहार में परिवर्तन किया जाता है और इस प्रकार उसे सभ्य, सुसंस्कृत एवं योग्य नागरिक बनाया जाता है।

शिक्षा का तात्पर्य जीवन में चलने वाली ऐसी प्रक्रिया–प्रयोग से है, जो मनुष्य को अनुभव द्वारा प्राप्त होते हैं एवं उसके पथप्रदर्शक बनते हैं। यह प्रक्रिया सीखने के रूप में बचपन से ही चलती है एवं जीवन पर्यन्त चलती रहती है जिसके कारण मनुष्य के अनुभव भण्डार में लगातार वृद्धि होती रहती है।

शिक्षा शब्द संस्कृत के 'शिक्ष' धातु से बना है, जिसका अर्थ 'सीखना' अथवा 'सिखाना' होता है। शिक्षा का अर्थ आन्तरिक शक्तियों अथवा गुणों का विकास करना है।

नई शिक्षा नीति को भारत सरकार ने 29 जुलाई 2020 को मंजूर कर देश के सभी राज्यों के सामने प्रस्तुत कर लागू करने पर विचार विमर्श किया जा रहा है और कुछ राज्यों में नई शिक्षा नीति लागू हो चुकी है। कर्नाटक पहला राज्य बना है जहां नई शिक्षा नीति लागू की गई है। नई शिक्षा नीति का प्रमुख उद्देश्य देश में स्कूली शिक्षा और उच्च शिक्षा प्रणाली में क्रांतिकारी सुधार लाने के लिए मार्ग प्रशस्त करना और 2030 तक स्कूली शिक्षा में शत–प्रतिशत सकल नामांकन अनुपात के साथ पूर्व विद्यालय से माध्यमिक स्तर तक शिक्षा का सार्वभौमिकरण करना प्रस्तावित है। नई शिक्षा नीति में कई महत्वपूर्ण बाते समाहित है उसमें 12 साल की स्कूली शिक्षा और 3 साल की आंगनबाड़ी शिक्षा के साथ–साथ आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता अर्थात् पढ़ने–लिखने और गणित में बुनियादी कौशल पर जोर दिया है। स्कूलों में शैक्षणिक धाराओं, पाठ्यत्तर व्यावसायिक धाराओं के बीच समन्वय बिठाते हुए इंटर्नशिप के साथ कक्षा 6 से शुरू करने के लिए व्यावसायिक शिक्षा का प्रावधान किया गया है। कक्षा पांचवी तक की पढ़ाई मातृभाषा अथवा क्षेत्रिय भाषा में करने का प्रावधान करते हुए 3600 हॉलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड के साथ मूल्यांकन में सुधार और लर्निन आउट कम प्राप्त करने के लिए छात्र प्रगति पर नजर रखना महत्वपूर्ण कदम है।

भविष्य में सभी राज्यों में नई शिक्षा नीति का क्रियान्वयन निश्चित है। और सभी राज्यों को एन.सी.ई.आर.टी. की पाठ्यपुस्तकों के साथ सामाजिक विज्ञान पाठ्यपुस्तक की रचना भी करना होगा। शिक्षाशास्त्री, शिक्षक और शिक्षा जगत से जुड़े लोगों के मन में कई प्रश्न उठे होंगे अथवा उठ रहे होंगे कि पाठ्यपुस्तक कैसी होनी चाहिए। विदित है कि नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन और वांछित परिणाम को प्राप्त करने में पाठ्यपुस्तक का महत्वपूर्ण योगदान है। पाठ्यपुस्तक में क्या पढ़ाना है? क्यों पढ़ाना है? कितना पढ़ाना है? कैसे पढ़ाना है? आदि महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विचार करते हुए पाठ्यक्रम निर्धारण करने की बड़ी चुनौती के साथ–साथ भारत में विविधता मूलक समाज होने शिक्षा का प्राय: राजनीतिकरण करने की प्रवृत्ति के कारण पाठ्यपुसतक निर्माण करने वाली संस्थाओं और राज्य सरकारों के सामने एक बहुत बड़ी चुनौती है। पाठ्यपुस्तक का निर्माण, पाठ्यक्रम एवं पाठ्यचर्या ही नई शिक्षा नीति की अवधारणा के अनुरूप विद्यार्थियों को संस्कारित करने, मानव जीवन मूल्य की स्थापना के साथ–साथ अन्य तमाम उद्देश्य को प्राप्त करने का लक्ष्य पाठ्यक्रम निस्तारण करते समय ध्यान में रखना होगा। छात्रों को मनोवैज्ञानिक अभिरूचि व वैज्ञानिक तरीके से कक्षा कक्ष में पठन–पाठन करना और जिस कक्षा के लिए पाठ्यपुस्तक बना रहे है उस कक्षा के छात्र की उम्र और ज्ञानार्जन करने की क्षमता का विशेष रूप से ध्यान रखना होगा। अधिगम और बाल मनोविज्ञान का विशेष ख्याल रखने की जरूरत होगी? उस उम्र के छत्र को क्या देना चाहते हैं? इन सब बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए यहां कुछ तथ्यों का विश्लेषण प्रासंगिक है। नई शिक्षा नीति के अनुसार जो पाठ्यक्रम निर्धारित किया गया है उसका यहां विस्तार से चर्चा करना लाभकारी होगा।

नई शिक्षा नीति के अनुसार पाठ्यक्रम निर्माण (**5+3+3+5**) 5 अर्थात् तीन से छह साल की उम्र तक का बालक आँगनबाड़ी में शिक्षा ग्रहण करेगा। पश्चात् 6 से 8 साल उम्र तक का बालक 2 वर्ष तक कक्षा पहली व दूसरी में पढ़ेगा। कोई परीक्षा नहीं। कोई पुस्तक नहीं। कोई अन्य पाबन्दी नहीं। बालवाटिका और खेलकूद के साथ संख्या ज्ञान। इस तरह 5 वर्ष अर्थात् 8 साल की आयु पूर्ण करने तक प्रथम चरण अर्थात् फाउंडेशन स्टेज समाप्त हो जायेगी।

3..... अर्थात प्राइमरी स्टेज अर्थात् 8 से 11 साल की उम्र का बालक कक्षा तीसरी चौथी और पांचवी पढ़ेगा। शिक्षा शिक्षण का माध्यम मातृभाषा अथवा क्षेत्रिय भाषा में करने का प्रावधान है। कोई अवरोधन नहीं। यहाँ सामान्य विज्ञान, गणित और कला जैसे विषय के पठन–पाठन पर विशेष जोर दिया जाएगा। बालमन परत खोलने की भरपूर चेष्टा की जाएगी।

3+..... अर्थात् मिडिल स्टेज अर्थात् 11 से 14 साल की उम्र का बालक कक्षा 6 से 8 तक की पढ़ाई करेगा। इन 3 वर्ष के चरण में कौशल विकास पर विशेष जोर दिया जाएगा। कोई अवरोधन नहीं। कोई बोर्ड परीक्षा नहीं है। किसी अन्य प्रकार की कोई रूकावट नहीं। कम्प्यूटर ज्ञान के साथ व्यावहारिक

शिक्षा और इंन्टर्नशीप का प्रावधान। अन्य विषय के साथ कोई भी एक भारतीय भाषा का अध्ययन।

4+.... अर्थात् 14 से 18 वर्ष की आयु का बालक कक्षा नौवी से 12वीं तक की पढ़ाई करेगा। यहाँ विषय चयन व पढ़ने की आबादी होगी और सकल निरीक्षण, परीक्षण के आधार पर परीक्षा परिणाम की घोषणा होगी। साल में दो बार परीक्षा का प्रावधान किया गया है। दसवीं बोर्ड से मुक्ति। बारहवीं बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होना होगा।

सामाजिक विज्ञान और क्षेत्र – सामान्यत: समाज के इर्द–गिर्द वाले विषय सामग्री के अध्ययन से सामाजिक विज्ञान के अन्तर्गत रखा जाता है। कक्षा छठी से आठवीं तक इतिहास नागरिक शास्त्र, भूगोल, अर्थशास्त्र एवं समाजशास्त्र के विभिन्न आयामों का सामान्य अध्ययन इस विषय की अध्ययन सामग्री होती है।

सम्भावनाएँ :

1 सामान्य नागरिक शास्त्र के अध्ययन के अन्तर्गत राष्ट्रीय लक्ष्य, संविधान की विशेषताएँ, मौलिक अधिकार और कर्तव्य तथा राष्ट्रीय लक्ष्यों को कैसे प्राप्त किया जा सकता है। आदि पाठ्य सामग्री के अध्ययन की संभावना बनती है।

2 सामान्य भूगोल अध्ययन के अन्तर्गत देश की भौगोलिक बनावट, भौगोलिक लक्षण और भौगोलिक विशेषताओं का अध्ययन करना हितकर होगा।

3 परिवार, समाज और संस्कृति का ज्ञान माध्यमिक स्तर पर अति आवश्यक है। इसलिए हमारी भारतीय संस्कृति की परम्परा में संयुक्त परिवार तथा माता–पिता, दादा–दादी, नाना–नानी आदि रिश्तेदारियों को प्रगट करने वाले सामाजिक मूल्य एवं ऐसी पाठ्य सामग्री जो बालक के समाजीकरण में सहायक हो, का समावेश किया जाना अपेक्षित है।

4 अर्थशास्त्र की पाठ्यसामग्री के अन्तर्गत स्वावलम्बन बनाने वाले आर्थिक क्रिया–कलाप का सामान्य ज्ञान और स्वयं सहायता समूह एवं सहकारिता क्षेत्र के आयामों को जोड़ना नई शिक्षा नीति के उद्देश्य की प्राप्ति में सहायक होंगे।

5 सामाजिक विज्ञान की नई पुस्तकें केन्द्र व राज्य स्तर पर तैयार होगी या हो रही है, उसमें भारतीय ज्ञान परम्परा और प्रजातांत्रिक परम्परा जो कि हमेशा से शांति की अग्रदूत रही है का समावेश भारतीय शिक्षा दर्शन के अनुरूप होना चाहिए।

6 माध्यमिक स्तर की सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों में भारत और भारतीय संस्कृति–सभ्यता से जुड़ी धारणाएँ, प्रवृत्तियाँ और लोकाचार का पाठन और पठन परिलक्षित होना चाहिए।

इस नीति के अन्तर्गत सरकार के द्वारा कई महत्वपूर्ण लक्ष्य निर्धारित किए गए है, जिसमें वर्ष 2030 तक सकल नामांकन अनुपात को 100 प्रतिशत तक लाना शामिल है। शिक्षा के क्षेत्र पर केन्द्र व राज्य सरकार की मदद से जी.डी.पी. का 6 प्रतिशत हिस्सा ठ' करने का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है।

नई शिक्षा नीति के गुण :

कौशल विकास पर जोर देती नई शिक्षा नीति उच्चतर शिक्षा संस्थानों को विभिन्न स्नातकोत्तर कार्यक्रमों की छूट दी जाएगी। जैसे 3 वर्ष के स्नातक डिग्री वाले विद्यार्थियों के लिए 2 वर्षीय कार्यक्रम, 4 वर्ष के शोध स्नातक विद्यार्थियों के लिए एक वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम और 5 वर्ष का एकीकृत स्नातक हो सकते है।

नई शिक्षा का दोष :

नये विश्वविद्यालय व महाविद्यालय खोलने की रूपरेखा नहीं है। बच्चों की पढ़ाई के तीन साल बड़ा दिये। प्ले, नर्सरी, केजी की कक्षाओं को अनिवार्य करके जो शहरी प्राइवेट स्कूलों को अरबो का व्यापार देगा और गरीब माता–पिता को बोझ।

नई शिक्षा नीति के तहत् तमिल सरकार का कहना है, कि तमिल का कोई बच्चा दिल्ली में जाकर हिन्दी में पढ़ाई कैसे करेगा, जबकि केन्द्र सरकार की शिक्षा नीति के अनुसार ऐसा कहीं नहीं लिखा गया है कि राज्य सरकार को 3 भाषा फॉर्मूला को अपनाना ही होगा और ऐसा भी नहीं है कि बच्चे अंग्रेजी नहीं पढ़ेंगे।

भारत की नई शिक्षा नीति विशेष रूप से चार चरणों में काम करेगी, **5+3+3+5** के पैटर्न को प्रयोग में लेकर स्टूडेन्ट की शिक्षा को आगे बढ़ाया जाएगा। इस नए पैटर्न के तहत् 12 साल की स्कूली शिक्षा तथा 3 साल की फ्री स्कूलिंग शिक्षा शामिल है।

नई शिक्षा नीति शिक्षार्थियों के एकीकृत विकास पर केन्द्रित है। यह 10+2 सिस्टम को **5+3+3+5** संरचना के साथ बदल देता है, जिसमें 12 साल की स्कूली शिक्षा और 3 साल की प्री–स्कूलिंग होती है इस प्रकार बच्चों को पहले चरण में स्कूली शिक्षा का अनुभव होता है।

प्रत्येक राज्य में शिक्षा विभाग की स्थापना से प्राथमिक तथा माध्यमिक शिक्षा की जिम्मेदारी भी राज्यों पर आ गई जिसके लिए उनके पास संसाधनों की कमी थी। इसके तहत् इस बात पर जोर दिया गया कि राज्य प्राथमिक शिक्षा के विस्तार तथा विकास हेतु विशेष कार्य करे और प्राथमिक स्तर पर शिक्षा का माध्यम क्षेत्रिय भाषा हो।

हाल ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लाई गई जिसे सभी के परामर्श से तैयार किया गया है। इसे लाने के साथ ही देश में शिक्षा पर व्यापक चर्चा आरम्भ हो गई है। शिक्षा के सम्बन्ध में गांधीजी का तात्पर्य बालक और मनुष्य के शरीर, मन तथा आत्मा के सर्वांगीण एवं सर्वोत्कृष्ट विकास से है। इसी प्रकार स्वामी विवेकानन्द का कहना था कि, मनुष्य की अंतर्निहित पूर्णता को अभिव्यक्त करना ही शिक्षा है। इन्हीं सब चर्चाओं के मध्य हम देखेंगे कि 1986 की शिक्षा नीति में ऐसी क्या कमिया रह गई थी, जिन्हें दूर करने के लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लाने की आवश्यकता पड़ी। साथ ही क्या यह नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति उन उद्देश्यों को पूरा करने में सक्षम होगी जिसका स्वप्न महात्मा गांधी और स्वामी विवेकानन्द ने देखा था?

नई शिक्षा नीति 2020 की घोषणा के साथ ही मानव संसाधन मंत्रालय का नाम बदलकर शिक्षा मंत्रालय कर दिया गया है। इस नीति द्वारा देश में स्कूल एवं उच्च शिक्षा में परिवर्तनकारी सुधारों को अपेक्षा की गई है। इसके उद्देश्यों के तहत् वर्ष 2030 तक स्कूली शिक्षा में 100 प्रतिशत जी.ई.आर. के साथ–साथ पूर्व विद्यालय से माध्यमिक स्तर तक शिक्षा के सार्वभौमिकरण का लक्ष्य रखा गया है।

सावधानियाँ :

आजादी के पहले और बाद में जितनी सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों का निर्माण हुआ है, उसमें अनेकानेक भाषाई, तथ्यों, घटनाओं एवं पात्र परिचय में भयंकर त्रुटियां हुई है। इतिहास अध्ययन के अन्तर्गत ऐसे तथ्यों को तोड़–मरोड़ कर प्रस्तुत किया गया, जिससे हमारी भारतीय संस्कृति,

सभ्यता, लोकाचार जैसे मानवीय मूल्यों को कमतर आंकने और दिखाने का प्रयास हुआ है। परम्परा से प्राप्त उपाख्यान, वीरगाथा और ऐतिहासिक साक्ष्यों के साथ या तो खिलवाड़ किया गया अथवा तोर-मरोड़ कर भारतवर्ष की गौरवशाली परम्परा को ध्वंस करने के उद्देश्य से गलत तरीके से रखा गया। फलत: हमारे युवाओं में भारत की संस्कृति, धर्म और लोकाचार के प्रति वैराग्य उत्पन्न होता गया और वे पश्चिमी सभ्यता-संस्कृति, ज्ञान-विज्ञान को ही श्रेष्ठ मानने के आदि हो गए। परिणामत: हम क्या थे और क्या होंगे? के स्वाभिमान और गर्व से दूर हो गए। नतीजा आज हमारे सबके सामने है।

सामाजिक विज्ञान बालक के व्यक्तित्व को बनाता और निखारता है। अत: सामाजिक विज्ञान पुस्तक लेखन में भाषा की शुद्धता, क्रमबद्धता एवं भाषा विज्ञान का अक्षरश:, पालन होना चाहिए। जो भी ऐतिहासिक तथ्यों का पठन-पाठन का समावेश किया जाना है, उन तथ्यों एवं कथाओं का क्रम सहीं होना चाहिए। जो पाठ्य सामग्री कक्षा के अनुसार अपेक्षित है। उन तथ्यों और कथाओं को प्रमाणित करने वाले संदर्भ प्रस्तुत किए जाने चाहिए। जिन पात्रों का ऐतिहासिक परिचय सामाजिक विज्ञान के माध्यम से देना है उन पात्रों का इतिहास में जो वास्तविक योगदान है उसको उजागर करने की पुरजोर से चेष्टा होनी चाहिए।

समग्र रूप से कहा जा सकता है कि नई शिक्षा नीति 2020 को यदि सफलता की ऊँचाई तक पहुँचना है तो हमें पाठ्यक्रम निर्धारण और पाठ्यसामग्री का चयन बहुत ही सोच-समझकर राजनीति से परे और बिना किसी भेदभाव से करना होगा। तभी भारत 2030 तक विश्व गुरू बनने की ओर अग्रसर होगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. समकालीन भारत एवं शिक्षा - डॉ. भगवतीलाल व्यास
2. उदीयमान भारतीय समाज में शिक्षा - डॉ. डी.एल. शर्मा
3. उभरते भारतीय समाज में शिक्षा - डॉ. डी.डी. मेहता
4. भारत में शिक्षा का विकास - डॉ. डी. डी. मेहता
5. शैक्षिक चिंतन एवं प्रयोग - लाल एवं पलोड

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भारतीय संस्कृति में मूल्यों का ह्रास

डॉ. सोनिका बघेल*

* सहायक अध्यापक (समाजशास्त्र) शासकीय आदर्श महाविद्यालय, हरदा (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – भारतीय समाज में पारिवारिकता का ह्रास हो रहा है, आपसी / रिश्तों की मर्यादायें टूट रही हैं। आधुनिकता का नाम लेकर संबंधों में फूहड़ता पनप रही है। समाजों की नकारात्मक मानसिकता ने पारिवारिक संबंधों, प्रकृति, पर्यावरण एवं मानवीय संवेदनाओं का क्षरण किया है। हवा, पानी, वृक्ष, जीव एवं सम्पूर्ण धरती इसका शिकार हो रहे हैं। पुरानी परम्पराओं ने इन सब में ईश्वर इस लिए प्रतिस्थापित किया था क्योंकि इनमें जीवन पलता है। किन्तु वर्तमान में इन सब का दोहन करके मनुष्य स्वयं को विखंडित एवं असुरक्षित कर रहा है।युवा पीढ़ी भटकाव के रास्ते पर है। इसका मुख्य कारण / पारिवारिक संस्कारों का आभाव एवं सामाजिक मूल्यों में बदलाव प्रमुख है। दूर संचार तकनीक के विकास के साथ दुराचार एवं आप संस्कृतियाँ समाज में व्याप्त हो चुकी हैं। युवाओं में भावनात्मक भटकन है। इसका दूसरा मुख्य कारण शिक्षा का अधूरापन है। शिक्षा सिर्फ किताबों में सिमट कर रह गई है। नैतिक मूल्यों का समाज से पलायन जारी है। परिवार एकल होने कारण अच्छे नैतिक शिक्षा के संस्थान नहीं बन पा रहे हैं। माता–पिता स्वयं भ्रमित हैं उन्हें अपनी प्राथमिकताएँ ही नहीं पता सिर्फ पैसा कमा / कर कोई भी अपनी संतान को योग्य नहीं बना सकता है।नैतिकता की ढहती दीवारें यौवन को विनाश की और ले जा रही हैं। मर्यादाओं एवं वर्जनाओं को लाँघती जवानी नष्ट हो रही है। आज युवा जिस रास्ते पर अग्रसर है उसमें स्वछन्दता तो है लेकिन स्वतंत्रता नहीं है। आज के युवा का जीवन भ्रम और भ्रान्ति में कट रहा है। महानगरीय संस्कृति ने युवाओं की वर्जनाओं को तोड़ दिया है। भड़कीले परिधान अंगप्रदर्शन करने वाले कपड़े, कान में लगे इयर फोन, हाथों में महँगा मोबाइल और आँखों से गायब होती शर्म ये महामारी महानगरों से कस्बों व गाँवों में फैल चुकी है।

संस्कृति में मूल्यों का ह्रास में आज भी समाज जातिगत, धर्मगत,एवं सम्प्रदायगत संकीर्ण मानसिकता में जी रहा है। आज आतंकवाद, नक्सलवाद, तालिबान, आईसिस एवं अनेक सम्प्रदायवादों की तांडव लीला में मनुष्य का जीवन कीड़े–मकोड़ों जैसा बन गया है। कमजोर, असहाय, अभावग्रस्त व्यक्ति की यह नियति है कि वह ताकतवर के सामने नतमस्तक हो। सामंती एवं पूँजीवादी मूल्यों से ग्रसित शोषित एवं असंघटित समाज व्यवस्था ने मनुष्य को विवेक हीन एवं चेतना शून्य बना दिया है। आज की उपभोक्ता संस्कृति वास्तव में सामाजिक मूल्यों एवं मानवीय संवेदनाओं के प्रति असहिष्णु है।

आज की उपभोक्ता संस्कृति उपभोग करना जानती है। आम जनता की हित, / अहित, सुख–दुःख, लाभ–हानि आदि सन्दर्भों से इसका कोई सरोकार नहीं रह गया है। यह संस्कृति इतनी अमानवीय हो गई है कि अपने प्रचार के लिए गरीब किसानों को सरेआम फाँसी / पर लटका दिया जाता है, मनुष्य का सरेआम कपड़े उतार कर उसका वीडियो बना कर सरे संचार माध्यम अपने आप को धन्य समझते हैं। आज के कोरोना काल में तो स्थितियाँ और भी भयावह हो रहीं है लोग साँसों के लिए तड़फ रहे हैं ऑक्सीजन, अस्पतालों में बिस्तरों का सौदा हो रहा दवाइयों की कालाबाजारी चरम पर है ये सब इसलिए कि संस्कृति में मूल्यों एवं नैतिक मूल्य खो चुके हैं।

युवा पीढ़ी भटकाव के रास्ते पर है। संस्कृति में मूल्यों का ह्रास इसका मुख्य कारण / पारिवारिक संस्कारों का आभाव एवं सामाजिक मूल्यों में बदलाव प्रमुख है। दूर संचार तकनीक के विकास के साथ दुराचार एवं आप संस्कृतियाँ समाज में व्याप्त हो चुकी हैं। युवाओं में भावनात्मक भटकन है। इसका दूसरा मुख्य कारण शिक्षा का अधूरापन है। शिक्षा सिर्फ किताबों में सिमट कर रह गई है। नैतिक मूल्यों का समाज से पलायन जारी है। परिवार एकल होने कारण अच्छे नैतिक शिक्षा के संस्थान नहीं बन पा रहे हैं। माता–पिता स्वयं भ्रमित हैं उन्हें अपनी प्राथमिकताएँ ही नहीं पता सिर्फ पैसा कमा / कर कोई भी अपनी संतान को योग्य नहीं बना सकता है।

लक्ष्य की खोज न कर पाने से युवा दिग्भ्रमित है। ओछे आकर्षण उसे लुभा कर गहरे गर्त में धकेल रहे हैं 'किसी भी कीमत पर सफलता' का आकर्षण माँ–बाप एवं युवाओं को विनाश की ओर ले जा रहा है।

आज भी समाज जातिगत, धर्मगत,एवं सम्प्रदायगत संकीर्ण मानसिकता में जी रहा है। आज आतंकवाद, नक्सलवाद, तालिबान, आईसिस एवं अनेक सम्प्रदायवादों की तांडव लीला में मनुष्य का जीवन कीड़े–मकोड़ों जैसा बन गया है। कमजोर, असहाय, अभावग्रस्त व्यक्ति की यह नियति है कि वह ताकतवर के सामने नतमस्तक हो। सामंती एवं पूँजीवादी मूल्यों से ग्रसित शोषित एवं असंघटित समाज व्यवस्था ने मनुष्य को विवेक हीन एवं चेतना शून्य बना दिया है। आज की उपभोक्ता संस्कृति वास्तव में सामाजिक मूल्यों एवं मानवीय संवेदनाओं के प्रति असहिष्णु है।

किसी देश, जाति या समाज की संस्कृति का मूल आधार उसके मानवीय मूल्य एवं परम्परायें होती हैं जो काल के घात–प्रतिघात सहते हुए भी अपनी विशिष्ट पहचान नहीं खोते हैं। ये जीवन मूल्य हमारे सामाजिक एवं आध्यात्मिक चिंतन से बने होते हैं। अनादि वर्षों के सांस्कृतिक एवं सामाजिक सरोकारों को अपने में समेटे हुए ये मानवीय संवेदनाओं के संवाहक होते हैं। ये हमारी सांस्कृतिक चेतना की पहचान होते हैं। आधुनिक पाश्चात्य चिंतन हमारी संस्कृति और समाज के मूल्यों पर स्पष्ट परिलक्षित हो रहा है। हर देश

की संस्कृति एवं सभ्यता उस देश के समाज एवं समय के लिए अनुकूल होती है लेकिन अगर कोई दुसरे देश या समाज इस की नकल करता है तो इसके परिणाम हमेशा गंभीर एवं पतनोन्मुखी होते हैं। टूटते परिवार, बिखरते दाम्पत्य जीवन, बच्चों के भविष्य की असुरक्षा, नारियों के प्रति असंवेदनशीलता, पर्यावरण के प्रति उदासीनता, पूँजीवादी मानसिकता, शीघ्र सफल होने की प्रवृत्ति आज हमारी संवेदनाओं को विकृति की ओर प्रेरित कर रह है सज हर रिश्ता तनाव के दौर से गुजर रहा है। माता–पिता, भाई–बहिन, पति–पत्नी, दोस्ती, अधिकारी कर्मचारी एवं पारिवारिक व सामुदायिक रिश्ते यांत्रिक होते जा रहे हैं। रिश्तों में निजता की ऊष्मा खत्म होती जा रही है। पीढ़ियों की ये रिक्तता, संवादहीनता, युवाओं में मूल्यों का ह्रास, संस्कारों की कमी एवं पारिवारिक रिश्तों में गहनता का खो जाना मानवीय संवेदनाओं के लुप्त होने के कारण ही है। टीवी, इंटरनेट एवं मोबाइल जहाँ / दूरसंचार के क्षेत्र की क्रांति बन कर उभरे हैं वहीं उनके दुष्परिणाम भी आज समाज भुगत रहा है। इनके गलत उपयोग से समाज की परम्परागत आस्थाएँ, मान्यताएँ एवं मूल्यों में विकृति आ चुकी हैय जीवन के श्रेष्ठता के मानदण्ड बदल गए हैं। चिंतन की विकृति से चरित्र भी विकृत हो गया है।

आज के युवा में व्यवहारिक सामंजस्य, बौद्धिक श्रेष्ठता एवं सामाजिक प्रतिबद्धता का अभाव है। वह सिर्फ किताबी ज्ञान एवं मशीनों में उलझ कर भ्रमित है। समाज एवं नैतिक संस्कारों से उसका सरोकार खत्म हो चुका है। सामुदायिक रिश्तों के पर्याय हमारे गाँव सबसे ज्यादा विकृति की ओर बढ़ चले हैं। पिछले वर्षों में जमीनों के ऊपर से / एवं घरेलू झगड़ों में सर्वाधिक मौतें गाँवों में ही हुई हैं। आज मशीनों एवं मानव के बीच संघर्ष चल रहा है। आज चारों ओर पूँजी, प्रॉपर्टी, धन, बाजार एवं व्यवसायिकता का ही बोलवाला है इनके सामने मानवीय मूल्य, चरित्र एवं संस्कार सब बौने नजर आने लगे हैं।

निष्कर्ष – मनुष्य को पशुओं से अलग करने वाले संस्कार, सम्वेदनायें एवं जीवन मूल्य का हास आज उसे पशुता की ओर ले जा रहे हैं। लेकिन आशा की किरण अभी बाकी है। युवाओं को सही रास्ता दिखाना होगा क्योंकि जब तक युवक अपनी मौलिक विशेषताओं एवं संभावनाओं को नहीं समझेंगे तब तक भटकाव जारी रहेगा। युवाओं में संकल्पशक्ति जागृत होनी चाहिए संकल्प से व्यक्ति संयमित एवं दृढ़ प्रतिज्ञ हो जाता है असंभव से संभव करने की यह उर्जा संकल्प शक्ति ही है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. डॉ नरेश प्रसाद तिवारी, हिंदी ग्रंथ अकादमी, पटना।
2. डी .एन. सिंह ,'बदलते सामाजिक परिवेश में मूल्य और तकनीकी की भूमिका', जयपुर।
3. एस. आर. दारापुरी. डॉ. अम्बेडकर का आर्थिक दर्शन ।
4. मूल्य संस्कृति का हास सुशील कुमार शर्मा साहित्य कुंज।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

2019 लोकसभा चुनाव के प्रचार में सोशल मीडिया की भूमिका

नवीन कुमार*

* शोधार्थी (राजनीति विज्ञान) पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर (राज.) भारत

शोध सारांश – वैश्विक प्रवृत्ति के बाद, सोशल मीडिया का उपयोग भारतीय राजनीतिक अभिनेताओं द्वारा चुनावों के बीच नियमित राजनीतिक संचार के लिए नेताओं और नागरिकों को जोड़ने और देश में राजनीतिक परिदृश्य को फिर से सक्रिय करने के लिए मध्यस्थ और प्रत्यक्ष संचार प्रदान करने के लिए किया जा रहा है। जबकि हाल के आम चुनावों ने इस बदलाव की सबसे अधिक स्पष्ट अभिव्यक्तियाँ प्रदान की हैं, 2014 के आम चुनावों के बाद से सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को नियमित राजनीतिक संचार में एकीकृत किया गया है, जिसने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सत्ता में ला दिया। यह बदलाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा द्वारा 2014 के चुनावों में और कार्यालय में अपने पहले कार्यकाल के दौरान सोशल मीडिया के व्यापक उपयोग पर आधारित है।

शब्द कुंजी – वैश्विक, सोशल मीडिया, राजनीतिक संचार।

प्रस्तावना – मोदी ने राजनीतिक संचार की एक अलग शैली विकसित की है जो संवादात्मक और निरंतर है। राजनीतिक एजेंडा निर्माण और नीति क्राउडसोर्सिंग और प्रचार के लिए सोशल मीडिया का उनका सफल उपयोग स्वच्छ भारत और हाल ही में शुरू किए गए फिट इंडिया मूवमेंट, एक राष्ट्रव्यापी अभियान जैसे अखिल भारतीय अभियानों में स्पष्ट है, जो नागरिकों को अपने दैनिक जीवन में शारीरिक गतिविधि और खेल को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह 2014 के आम चुनाव में मोदी की अभूतपूर्व सफलता थी जिसने भारत के अन्य राजनीतिक अभिनेताओं को सोशल मीडिया की खेल-परिवर्तनकारी प्रकृति पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। सोशल मीडिया पर कूदने वाले अन्य राजनीतिक दलों के साथ, भारत में राजनीतिक संचार का परिदृश्य कभी भी इतना विषम, समावेशी, खंडित, ऊर्जावान, अराजक, रचनात्मक नहीं रहा है।

2019 के चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सफलताओं, साथ ही ट्विटर और फेसबुक का उपयोग करते हुए, कई राज्यों के राजनेताओं ने अपने लिए ट्विटर प्रोफाइल बनाए और अपनी पार्टी के राजनेताओं को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित किया। यही कारण है कि 2019 के चुनावों में प्रत्येक प्रमुख राजनीतिक दल ने अपने राजनीतिक अभियान के कई महत्वपूर्ण हिस्सों को ऑनलाइन स्थानांतरित करने और इस प्रक्रिया में मुख्यधारा के मीडिया से टकराव करने के साथ डिजिटल उपस्थिति बनाई।

नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 35 वर्षों में पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में लौटने वाली पहली पार्टी बन गई, जिसने भारतीय राजनीति के पारंपरिक नियमों को उलट दिया। चुनाव भारत में 2016 और 2019 के बीच हुए दूसरे सामाजिक प्रतिमान बदलाव से भी घनिष्ठ रूप से जुड़े हुए थे, जिसके राजनीतिक प्रभाव के संदर्भ में, तुलनात्मक रूप से कम टिप्पणी की गई है और इसका कम अध्ययन किया गया है।

अनुसंधान उद्देश्य – लोकतांत्रिक मूल्यों को सही मायने में बनाए रखने के लिए समय-समय पर चुनाव कराना आवश्यक है, इस प्रकार, नागरिकों को अपनी राय व्यक्त करने और अपने राजनीतिक नेताओं को चुनने के लिए एक मंच प्रदान करना आवश्यक है जो बदले में उनका प्रतिनिधित्व करेंगे। राजनीतिक नेताओं के लिए, एक चुनाव अभियान देश के लोगों तक पहुंचने का एक महत्वपूर्ण साधन है, जो नागरिकों को किसी भी अन्य साधन की तुलना में अपने नेता के रास्ते को बेहतर ढंग से जानने में समान रूप से मदद करता है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म राजनीतिक अभियानों की गतिशीलता को कैसे प्रभावित करते हैं, जनमत और राजनीतिक विमर्श को कैसे आकार देते हैं। साथ ही, विभिन्न सोशल मीडिया चौनलों के माध्यम से विभिन्न राजनीतिक संदेशों की पहुंच और जुड़ाव के स्तर की जांच करना। शोध सोशल मीडिया पर राजनीतिक अभियानों के लिए नियोजित रणनीतियों का भी विश्लेषण करेगा। यह राजनीतिक अभियानों के लिए अपनाई गई विभिन्न सोशल मीडिया रणनीतियों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करता है और मतदाताओं से जुड़ने के लिए लक्षित विज्ञापन, प्रभावशाली लोगों के साथ साझेदार/सहयोग और रणनीति के उपयोग की जांच करता है।

फेसबुक ट्विटर और गूगल की भूमिका – 2019 तक, भारत की लगभग आधी मतदान करने वाली आबादी के पास अब उन तरीकों से सूचना के रास्ते थे जो पहले संभव नहीं थे (भारत निर्वाचन आयोग 2019) उदाहरण के लिए, 2019 की शुरुआत में, गूगल ने अनुमान लगाया कि भारत में 40 करोड़ सक्रिय इंटरनेट उपयोगकर्ता थे, जिसमें हर साल औसतन 4 करोड़ उपयोगकर्ता जोड़े जा रहे थे। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि गूगल ने यह भी बताया कि इसकी आधे से अधिक खोजें अब 'भारत' या गैर-मेट्रो शहरों से आ रही थीं। महत्वपूर्ण रूप से, उपयोगकर्ताओं में यह वृद्धि इस तथ्य से प्रेरित थी कि भारत की प्रति उपयोगकर्ता औसत मोबाइल डेटा खपत (2018 में 8 जीबी प्रति माह से अधिक) विकसित बाजारों के बराबर थी। मई 2019 तक, लगभग एक तिहाई भारतीयों के पास फेसबुक व्हाट्सएप और यूट्यूब (सीएसडीएस लोकनीति 2019) तक पहुंच थी।

सितंबर 2016 में जियो फोन नेटवर्क के शुभारंभ से शुरू हुई इस सस्ती डेटा क्रांति ने भी भारतीय राजनीति को बदल दिया। जागरूकता का हिस्सा अपेक्षाकृत आसान था। उदाहरण के लिए, चुनाव संचार पर, फेसबुक ने दो पहल शुरू की: 'कैंडिडेट कनेक्ट', जिसे मतदाताओं को उनके उम्मीदवारों के बारे में सटीक जानकारी देने और लोगों को विभिन्न उम्मीदवारों के बारे में अधिक जानने में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया था, और लोगों को वोट देने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए 'शेयर यू वोट' (फेसबुक 2019) इसी तरह, गूगल न्यूज इनिशिएटिव ने एक ष्पोल-चेकष् कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें 30 शहरों में पत्रकारों के लिए तथ्य-जांच, सत्यापन और डेटा विजुअलाइजेशन पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए।

राजनीतिक विज्ञापनों पर, फेसबुक और गूगल दोनों ने चुनावों से पहले विज्ञापन पारदर्शिता पहल शुरू की, जिसमें उन्हें प्राप्त राजनीतिक विज्ञापनों की सटीक संख्या, किससे, और राजनीतिक विज्ञापनों पर खर्च की गई राशि की सूचना दी गई। दोनों प्लेटफार्मों पर उपयोगकर्ता सभी राजनीतिक विज्ञापनों को भी देख सकते हैं और व्यक्तिगत विज्ञापनों, दाताओं, भूगोल और समयसीमा द्वारा किए गए खर्च को देख सकते हैं। फरवरी और मई 2019 के बीच, गूगल और फेसबुक ने 58.67 करोड़ रुपये के संचयी राजनीतिक ऑनलाइन विज्ञापन की घोषणा की। दोनों प्लेटफार्मों पर खर्च किया गया पैसा समान था, हालांकि फेसबुक की विज्ञापन लाइब्रेरी को व्यक्तिगत विज्ञापनों की बहुत अधिक मात्रा मिली। गूगल ने 12,276 करोड़ रुपये के राजनीतिक विज्ञापनों की घोषणा की। 29.3 करोड़ रु. फेसबुक ने अपनी इंडिया एड लाइब्रेरी में 29.28 करोड़ रुपये के कुल 132,419 विज्ञापनों की घोषणा की।

सोशल मीडिया पर भाजपा और कांग्रेस: एक तुलना – अक्सर एक धारणा बनाई जाती है कि किसी तरह डिजिटल प्लेटफॉर्म दक्षिणपंथी के लिए तैयार किए जाते हैं, और ध्रुवीकरण संदेश के साथ हावी होना आसान होता है। सच्चाई थोड़ी अधिक जटिल है। ट्विटर और फेसबुक पर, जहां 2014 में मोदी मैदान में उतरे, वहीं 2017 के बाद से, तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश (यूपी) विधानसभा चुनावों के बाद अपनी ऑनलाइन रणनीति को एक साथ लाना शुरू किया और महत्वपूर्ण प्रगति की। जबकि मोदी अनुयायियों और कुल पदों दोनों के मामले में काफी आगे रहे, जून 2017 और मई 2019 के बीच, भले ही गांधी ने मोदी के 8,201 ट्वीट्स की तुलना में केवल 1,497 बार ट्वीट किया, लेकिन समय के साथ गांधी के लिए प्रति ट्वीट जुड़ाव का स्तर बढ़ गया। बेशक, मोदी के जुड़ाव का पैमाना बहुत अधिक रहा, लेकिन प्रति ट्वीट औसत जुड़ाव के मामले में, गांधी आश्चर्यजनक रूप से रीट्वीट और लाइक्स दोनों में आगे थे।

मोदी और गांधी के ऑफलाइन प्रचार पैटर्न के साथ इस डिजिटल प्रवृत्ति पर विचार करना उपयोगी है। मोदी ने अभियान के दौरान 142 रैलियों को संबोधित किया, कुल 133,349 किलोमीटर की यात्रा की, जैसा कि टाइम्स ऑफ इंडिया के विस्तृत रैली-दर-रैली अभियान ट्रैकर द्वारा दर्ज किया गया है। इसके विपरीत, गांधी ने कम रैलियों (115) को संबोधित किया और मोदी (123,466 किमी) से कम यात्रा की। दिलचस्प बात यह है कि चुनाव प्रचार के पहले चरण में गांधी ने अधिक रैलियों को संबोधित किया था और चुनाव प्रचार के दौरान मोदी से अधिक दूरी तय की थी। हालाँकि, अंतिम महीने में, जब मोदी ने कई रैलियाँ कीं और व्यापक रूप से यात्रा की, तो गांधी अभियान के दूसरे भाग के दौरान पीछे रह गए।

इसका प्रतिबिंब नमो ऐप और कांग्रेस के शक्ति मंच के प्रक्षेपवक्र के बीच की खाई है। मार्च 2019 तक, नमो ऐप को एंड्रॉइड और आईओएस प्लेटफॉर्म पर 1 करोड़ बार डाउनलोड किया गया था, और 5 करोड़ रुपये से अधिक का माल बेचा गया था। जबकि नमो ऐप, जो जियो फोन पर पहले से तैयार किया गया था, का बंद ट्विटर जैसा पारिस्थितिकी तंत्र है जो उपयोगकर्ताओं को अपनी सामग्री पोस्ट करने की अनुमति देता है, इसने सूचना एकत्र करने और सर्वेक्षण करने के लिए एक महत्वपूर्ण दो-तरफा प्रणाली के रूप में भी काम किया।

निष्कर्ष – डिजिटल प्लेटफार्मों द्वारा सामग्री के उल्लंघन और राजनीतिक वित्त पोषण में पारदर्शिता को स्व-विनियमित करने के लिए उठाए गए कदम नए हैं और बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। फिर भी, एक महत्वपूर्ण शुरुआत की गई है।

युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस और द्रमुक जैसे कुछ क्षेत्रीय दलों ने भी डिजिटल तकनीकों को अपनाया, लेकिन अधिकांश डिजिटल प्लेटफार्मों पर सक्रिय नहीं थे। इसमें बदलाव आना शुरू हो गया है। जबकि विभिन्न दल अलग-अलग तरीके से अनुकूलन करते हैं, एक बात स्पष्ट है: सस्ते डेटा का मतलब है कि राजनीतिक गतिशीलता के बारे में हमारी कई पुरानी धारणाओं को चलाने वाली अंतर्निहित मान्यताओं में एक विवर्तनिक बदलाव देखा गया है। हम अभी इस परिवर्तन के प्रभावों को उजागर करना शुरू कर रहे हैं। इस परिवर्तन की रूपरेखा को समझे बिना वर्तमान राजनीति को प्रभावी ढंग से नहीं समझा जा सकता है। जहां इसने हमारी राजनीति के लिए कई संभावनाएं खोल दी हैं, वहीं इसने शोध के लिए आकर्षक नए सवाल भी खड़े किए हैं।

यह लेख चुनाव अवधि के दौरान पर राजनीतिक आउटरीच के कुछ बड़े पैमाने के रुझानों को दर्शाता है। भाषा का उपयोग उन तरीकों पर प्रकाश डालता है जिनमें राजनीतिक अभिनेताओं और मुख्यधारा के मीडिया के साथ-साथ 2019 में सोशल मीडिया पर सक्रिय मतदाताओं के छोटे अंशों के बीच बातचीत के माध्यम के रूप में अपने कार्य को अच्छी तरह से विस्तारित किया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Stone, N. (2017). Verdict. Pegasus Books.
2. Quraishi, S. Y. (2019). An undocumented wonder: The making of the great Indian election. Rupa Publications India Pvt. Ltd.
3. Sharma, A., & Singh, P. (2019). Analysing the Role of Social Media in Shaping Voter Perceptions: A Case Study of the 2019 Lok Sabha Elections. Journal of Political Science Research, 25(4), 321-335.
4. Gupta, R., & Sharma, S. (2019). Social Media Strategies of Political Parties during the 2019 Lok Sabha Elections. Indian Journal of Political Science, 45(3), 321-335.
5. Reddy, G., & Desai, M. (2020). Digital Democracy: Understanding Voter Engagement on Social Media during the 2019 Lok Sabha Elections. Journal of Information Technology and Politics, 18(3), 201-218.
6. Verma, V., & Gupta, S. (2019). Social Media Campaigns and Electoral Outcomes: Insights from the 2019 Lok Sabha Elections. Indian Journal of Political Communication.

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

राजा राम मोहन राय आधुनिक युग के पुरोधा

हरीश*

* एम ए, नेट -जेआरफ (इतिहास) कोडुका पोस्ट रिछोली, ब्लॉक पाटोदी बालोतरा (राज.) भारत

प्रस्तावना – प्राचीनकाल से भारत में अनेक आक्रमणकारी आये इनमें यूनानी शक, हूण, कुषाण, अरबी, तुर्क, मंगोल, मुगल,अंग्रेज इत्यादि प्रमुख है।भारत पर आक्रमण करने का अधिकांश का मुख्य उद्देश्य यहां की धन सम्पदा को प्राप्त करना था। कुछ यहां से पुन अपने मूल स्थान को लौट गए और कुछ यही बस गए और उन्होंने भारतीय सभ्यता संस्कृति को अपना लिया इस प्रकार भारतीय संस्कृति और विदेशी संस्कृति में समन्वय स्थापित हुआ। भारत में अंग्रेज व्यापार करने के लिए आये थे और धीरे उन्होंने भारत पर कब्जा कर लिया। अंग्रेज मानते थे की पूरी दुनिया में उनकी संस्कृति सर्वश्रेस्ठ है और उनका उद्देश्य है भारत के लोगों भी सभ्य बनाना है। उनीसवीं सदी का भारतीय समाज अनेक परम्परागत रूढ़ियों से ग्रसित था इस समय भारतीय समाज में अनेक कुप्रथाओ नई कब्जा जमा रखा था। इनमें जाति प्रथा, बाल विवाह, सती प्रथा, पर्दा प्रथा, छुआछूत, उच्च नीच, धार्मिक आडम्बर, कर्मकांड इत्यादि प्रमुख है।

इस सदी भारत में मध्यम वर्गो के अनेक लोग पश्चिम से शिक्षा प्राप्त करने यूरोप गए थे इनमें राजा राममोहन राय एक प्रमुख व्यक्ति थे। राममोहन राय को अनेक भाषाओ का ज्ञान था उन्होंने बचपन में संस्कृत सीखी और अल्पायु में तिब्बत का यात्रा की थी। इन्होने अरबी, फारसी की शिक्षा पटना से प्राप्त की थी। राजा राम को धर्म सुधार से विशेष प्रेम था उन्होंने सभी धर्मो का अध्ययन किया था। इन्होंन सभी धर्मो को तर्क की कसौटी से देखना शुरू किया। इन्होने सभी धर्मो तथा ईश्वर के लिए एक मत का प्रतिपादन किया इसके लिए इन्होने 1828 में ब्रह्म समाज की स्थापना की। उन्होंने तत्कालीन हिन्दू धर्म में व्याप्त रूढ़ियों, कर्मकांडो, बहुदेववाद का विरोध किया।इनका मानना था की ईश्वर एक है और उसे प्राप्त करने के लिए हमें किसी कर्मकाण्ड की आवश्यकता नहीं है। इनके धार्मिक विश्वास उपनिषदों पर आधारित थे।

मुनरो विलियम नई लिखा की राममोहन राय ने तो धार्मिक नेता थे और ना ही वेदांती धर्म के प्रति उनका झुकाव न तो अलौकिकता के प्रति उनका आकर्षण और ना ही शैक्षिणक कारणों से था। मात्र सामाजिक हित ही उनका उद्देश्य था जिसने उन्हें प्रेरित किया कि वे धर्म में कुछ सुझावों को प्रतिपादित करे।

राजाराम मोहन का मानना था कि धर्म गुरु अपनी बातो को सिद्ध करने के लिए धर्म में अकारण जटिलता और संशय पैदा करते है। जिस अवधारणा ने उनके मन को सर्वाधिक प्रभावित किया वह था स्वतंत्र सोच और तर्क के विरुद्ध धर्म कि भूमिका। राममोहन राय जानते थे कि क्यों ब्रुनो को जिन्दा जलाया गया, गेलोलियो को जेल भेजा गया और मंसूर को मृत्यु दंड दिया गया। उन्होंने स्पष्ट रूप से उद्धघोषित किया कि तर्क और एकमात्र तर्क ही धर्म के अन्वेषण में मार्ग दर्शक है।

राज राम ने केवल धार्मिक क्षेत्र में सुधार पर बल दिया बल्कि तत्कालीन हिन्दू समाज में व्याप्त रूढ़ियों कि भी जमकर आलोचना की। भारत का सामाजिक संगठन का स्वरूप कमजोर था इसके अन्तर्गत कई बुराइयाँ विद्यमान थी।समाज सुधार के क्षेत्र में सबसे बड़ा कार्य इनका सती प्रथा को प्रतिबंधित करवाना था। इनके भाई की मौत के बाद जब इनकी भाभी को जबरदस्ती सती होने पर विवश किया गया तब से इन्होने सती प्रथा के विरुद्ध आंदोलन छेड़ दिया। ब्रिटिश सरकार ने 4 दिसंबर 1829 को बंगाल प्रेसीडेंसी में सती को गैर कानूनी घोषित कर दिया। कानून में कहा गया था कि जो लोग किसी विधवा को उसकी इच्छा के विरुद्ध सती होने के लिए विवश करेगा उसके विरुद्ध कार्यवाही कि जाएगी। इसके बाद कुछ रूढ़िवादी हिंदुओ ने इस कानून कर प्रति आपत्ति जताई इनमें राधाकांत देव और काली कृष्ण बहादुर प्रमुख थे इन्होने सम्राट कि कौंसिल में तक अपील कि किन्तु सफलता नहीं मिली।

बंगाल में सामाजिक सुधारको की जो लहरों की जो लहर उत्पन की उसके परिणामस्वरूप कुछ समय बाद कुछ वर्षो में कन्या वध बंद हुआ, विधवाओं के पुनर्विवाह का रास्ता खुला, दास प्रथा बंद हुई स्त्री शिक्षा की दिशा में कदम उठाए गए। राममोहन ने स्त्री अधिकारों का भी समर्थन किया था।

राजराम मोहन राय पश्चिम के स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व जैसे मूल्यों से प्रभावित थे। वह इन मूल्यों को भारत में भी लागु करना चाहते थे। वह ब्रिटिश भारत में स्वराज की स्थापना करना चाहते थे। ये ब्रिटिश शासन के समर्थक थे। उन्होंने प्रेस की आजाद के लिए आवाज उठाई और अभिव्यक्ति की आजादी के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कार्यपालिका को न्यायपालिक से अलग करने पर बल दिया और अधिक से अधिक संख्या में भारतीयों को प्रशासन में साम्मिल करने पर बल दिया।

राजा राम मोहन आधुनिक शिक्षा के समर्थक थे इन्होने शिक्षा के विकास के लिए डेविड हेयर के साथ मिलकर हिन्दू कॉलेज की स्थापना की। तथा 1825 में वेदांत कॉलेज स्थापना की जहाँ भारतीय शिक्षण और पश्चिमी सामाजिक भौतिक विज्ञान को पढ़ाया जाता था।

इस प्रकार 19 वी शताब्दी में राजा राम मोहन राय पहले ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने तत्कालीन भारत की सभी समस्याओं पर ध्यान केंद्रित किया।उन्होंने

भारतीय समाज की समाज के रूढ़ियों का विरोध किया।

उन्होंने भारतीयों का शोषण करने वाली सभी ब्रिटिश नीतियो की भी खुलकर आलोचना की थी। ऍफ मेक्समूलर लिखते है की राममोहन राय के सभी कार्यो में साहस और खरापन देखने को मिलता है उनके कुछ मित्रो को उनके बारे में गलतफहमी हो गई थी और वह उन्हें मुसलमान अथवा ईसाई कहने लगे। यूरोप के लिए रवाना होने से पहले उन्होन कहा था कि उनकी मौत पर हरेक धर्म सम्प्रदाय चाहे वह ईसाई हो, हिन्दू हो या मुसलमान उन्हें अपना मानने का दावा करेंगे, किन्तु वास्तव में उनका वास्ता किसी से नहीं था। उनकी धार्मिक भावनाएं एक इस्तिहार में लिखी मिलती है इस कृति में ईश्वर के एक होने अनंत शक्ति सम्पन होने, परम् कल्याणकारक होने और आत्मा कि अमरता के बारे में विश्वास प्रकट किया है।

इसी संदर्भ में डॉक्टर मेक्विनकाल के अनुसार वह एक नवीन युग के अग्रदूत थे उनकी जलाई हुई ज्वाला आज तक जल रही है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. यादव शिवाशा, राजा राम मोहन राय, ऋषभ बुक्स 2011, नई दिल्ली।
2. मेक्समूलर ऍफ, राममोहन राय से परमहंस तक विद्या विहार 2013, नई दिल्ली।
3. ग्रोवर, यशपाल, आधुनिक भारत का इतिहास नवीन मूल्यांकन, एस चंद एण्ड कम्पनी 2000,नई दिल्ली।
4. ताराचंद, भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन का इतिहास, सुचना और प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार 1997
5. चंद्र विपिन, आधुनिक भारत का इतिहास, ओरियंट ब्लैकस्वान 2008, नई दिल्ली।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Effect of Soil Biota on Physicochemical Properties of Soil

Harish Raghunath Khairanar* Dr. Pramod Pandit Dr. Dhananjay Dwivedi*****

*Research Scholar, Devi Ahilya Vishwa Vidyalaya, Indore (M.P.) INDIA
** Principal, Govt. New Model College, Barwani, Indore (M.P.) INDIA
*** Professor (Chemistry) P.M.B. Gujarati Science College, Indore (M.P.)INDIA

Abstract : Soil biota plays an important role in soil formation, soil development, organic matter decomposition and in soil structure formation.On decomposition of organic matter they free up nitrogen, potassium and phosphorus which are primarily nutrients for plants in crops field. Biochemical activities of soil organisms help in cycling of various nutrients in soil, improve physicochemical properties of soil, water regime and hummus availability. They are acting as a driving agent within food webs for releasing, transformation, relocation and storage of elements throughout the ecosystem by several biological activities.

Qualitative research approach has applied in study on the effect of soil biota on physicochemical properties of soil.In this research paper primary and secondary data has collected by different sources vizsubjective opinions, real-time field observations, already existing written materials such research articles, literature review , textual data etc. has been collected, analysed and reviewed.

This paper, briefly highlighted some of the biological functions of soil biota, there interaction, effect and importance to improve soil physicochemical properties under sustainable soil management activities in agricultural production. This study would play an important role to establish natural farming, sustainable agriculture practice, food quality and soil environmental health, at global aspects.

Keywords: Soil biota,Soil physicochemical properties, Soil organic matter , Nitrogen fixation, Soil biodiversity.

Introduction - The majority of life on Earth is dependent upon six critical elements: hydrogen, carbon, oxygen, nitrogen, phosphorus and sulfur. These elements are reduce, reuse and recycle by soil biota. Due to invisibility to the naked eye soils are one of the most poorly researched and diverse habitats on earth .The soil is one of nature's most complex ecosystemsthat contains thousands of different organisms, which interact and contribute to the global cycles that make possibleall life support system. Approximately a teaspoon soil in size, containing all the domains (Bacteria, Archaea,Eukarya) and elements of life. This means that one might see the 'biological universe' in a single gram of fertile soil.The species numbers, composition and diversity of a given soil depend on many factors, including aeration, temperature, acidity, moisture, nutrient content and organic substrate.

Soil biota include the bacteria, actinomycetes, ,cyanobacteria,fungi and algae, the protozoa, nematode ,collembolan, mites, termites, ants and other associated micro-organisms.Activities of soil biota in soil environment and soil ecosystem functions have been considered the most important component of soil quality managements and nutrient recycling (Kramer and Gleixner, 2008).

Therefore, the objectives of this paper are to provide a concise elucidation of the roles of soil biota and their biodiversity in the aspect of global soil development, soilquality and naturalfarming.This study establish the necessities ,importance, effect , and biochemical functional processes of biota to improve soil physicochemical properties for agricultural land at global aspects.

Material and methods: Qualitative research approach has applied in study on the effect of soil biota on physicochemical properties of soil.In this research paper primary and secondary data has collected by different sources viz field work, laboratory work and by real-time field observations. Subjective opinion , farmers options, Scholars guidance, their experience, valuable suggestions has examined during the investigation. Already existing written materials such as annual reports, research articles, record, documents, literature review , textual data etc. has been collected, analysed and reviewed.

Not only scientific approach has taken in, collection of data, sampling analysis**,** interpretation of data, conception ,designing and in drafting the of manuscript but involved in revising it critically for important intellectual content for the research paper also.

Soil biota and types of soil biodiversity: Soil biodiversity can be classified into 4 major groups: micro-organisms,

micro-fauna, meso-fauna, macro-fauna. Plants also be considered through their root system.

Microorganisms are members of the soil biota but are not members of the soil fauna. The soil fauna is the collection of all the microscopic and macroscopic animals in a given soil. Soil animals can be conventionally grouped by size classes: micro fauna (µm; protozoa, nematodes), mesofauna (mm; micro arthropods, mites and collembolan, termites, ants), andmacro fauna (cm;, earthworms, spiders, insects macro arthropods),

Soil biota in a general term refers to all soil organisms living and communicating in soil environment. Ritz et al. (2004)considered soil biota as the 'biological engine of the earth',-driving and transforming physical, chemical, biological and ecological processes in global soils.

Their ranges were identified as the smallest in different sizes, extremely diverse ,abundant and able to decompose almost any existing natural material in soil . (Table 1: common population of some soil microorganisms)

Table-1:Common population of some soil microorganisms:

S.	Organism	Number per gram of soil
1.	Bacteria	10^8-10^9
2.	Actinomycetes	10^7-10^8
3.	Fungi	10^5-10^6
4.	Algae	10^4-10^5
5.	Protozoa	10^4-10^5
6.	Nematoda	10-10^2

Role of soil biota to improve soil physicochemical properties: A small fraction of the soil is made up of 0-10% biological organisms, or parts of organisms. The percent present depends on the parent material , period of time and strongly influenced by environmental conditions. Biological content includes both microscopic organisms such as some fungi, bacteria, archaea and macroscopic organisms such as plant roots, rodents, insects, earthworms. This organisms may be alive or dead when dead they become "organic matter".

Thesustainable function of natural and agricultural soil ecosystems is dependent on these active groups of biota and their biodiversity offer.Coleman (2001) noted that the soil biota contribute with a wide range of essential services to the sustainable function of all ecosystems, by acting as the primary driving agents of regulating the dynamics of soil organic matter, nutrient cycling, soil carbon sequestration and greenhouse gas emission, modifying physical structure of soil, enhancing plant health and maintain soil quality (Castro-Huerta et al., 2015).

Bacteria: Soil bacteria are the active organisms fall into four functional groups-decomposers, mutualists (form partnership with plants-nitrogen-fixing bacteria), pathogens and lithotrophs or chemoautotrophs; played a vital role in soil nutrient cycling (Coleman et al., 1983)**.** Bacteria contribute to the carbon cycle by fixation (photosynthesis) and decomposition of organic materials and hence might improve soil colour and soil quality (FAO, 2005).Their activities might also help to improve the strength of soil particles and soil resilience against soil erosion.

Fungi: Fungi also help in binding soil particles and an increase water infiltration and soil water holding capacity(Ritz et al., 2004).

Protozoa: These organisms move soil particles and help in the decomposition processes of soil organic matter (Song et al.,2004).

Nematodes: Nematodes are considered the major consumers classified as fungal feeders, bacteria feeders, plant feeders, predators and omnivores (Usman, 2013). These groups of nematodes were identified to range between 2 to 100 µm wideand 0.15 to 5 mm long (FAO, 2005).Yeates and Coleman (1982)recognized nematodes in soils environment. These flexible organisms play an important role in soil health, soil function, and soil organic matter decomposition processes (Kramer and Gleixner, 2008).

Termites: Termites are divided into three groups according to the structure of their nests (those that build mounds): (a) above ground, (b) on the soil surface, and (c) below ground. Termites are described as surface litter feeders, grass harvester, wood feeders and soil feeders 'humivores' (FAO, 2005). Termites played an important role in modifying the soil particles into fine and stable aggregate, increase soil water infiltration rate and aerates the soil(Allen, 1990).

Table-2: Ecosystem services provided by soil biota (adapted after modifications made by Brussaard, 2012 from the work of Kibblewhite et al., 2008)

S.	Ecosystem services	Ecosystem functions
1.	Water quality and supply	Soil structure maintena -nce, Nutrient cycling
2.	Erosion control	Soil structure maintenance
3.	Atmospheric composition and climate (greenhouse gas) regulation	SOM dynamics
4.	Pollutant attenuation and degradation	Decomposition
5.	Pest and disease control	Nutrient cycling
6.	Biodiversity conservation	Biological population regulation

Earthworms: Earthworms are considered numerous and grouped into 23 families, 700 genera and many species (Usman,2013).Earthworms play a significant role in regulating soil physical and chemical properties and soil processes (Lubbers et al., 2011).They redistributes nutrients, aerates the soil and increases surface water infiltration, decompose of dead organic matter and transformed soil colour and surface soil layers (Edwards, 2000).It noted that earthworms essentially change soil structure by casting and burrowing and as such improve soil aggregate stability, cohesion and adhesion in soil and pore-size division.

Plants (Through extensive root system): Soil biota such as plants as a major producersuse solar energy to fix carbon from carbon dioxide through photosynthesis, and help to produce roots, tubers and other underground organs within soil body. The root plays an important function in binding soil particles and resilienceagainst soil erosion and unacceptable environmental changes. The leaves and litter materials from the trees also add organic matter to the soils.

Table-3: Soil fauna and their eating habits:

Microphytic feeders:	
Organism	**Microflora consumed**
Springtails	Algae, Bacteria, Fungi
Mites	Fungi, Algae, Lichens
Protozoa	Bacteria, other microflora
Nematodes	Bacteria, Fungi
Termites	Fungi
Carnivores secondary consumers :	
Predator	**Prey**
Mites	Springtails, Nematodes, Enchytraeids
Centipedes	Springtails, Nematodes, Snails, Slugs, Aphids, Flies
Moles	Earthworms, Inspects
Carnivores tertiary consumers :	
Predator	**Prey**
Ants	Spiders, Centipedes, Mites, Scorpions
Centipedes	Spiders, Mites, Centipedes
Beetles	Spiders, Mites, Beetles

Effect of soil biota on physicochemical properties of soil : Soil biota directly or indirectly participate in many biochemical functions that affect the physicochemical properties of soil in various ways that are mentioned below:

Soilorganic matter: Organic matter consists of dead plants, animal, microbes and fungi or their parts, as well as animal and microbial waste products in various stages of decomposition. Eventually, all of these break down into humus, which is relatively stable in the soil. Increasing levels of organic matter aid in soil structure, nutrient mineralization, biological activity, cation exchange capacity, water-holding capacity, and water and air infiltration rates.Soil organic matter which is the vital component of soil quality development in soil environment undergoes some important decomposition processes process that are as:

Mineralization: Mineralization is a biochemical breakdown of organic materials by soil biota.

Humification: Humification is the change of simple organic substances into larger molecules, which finallybecome humus (FAO, 2005).

9. Secinaro, Silvana, et al. "Artificial Intelligence and Sustainable Development during the Pandemic: An Overview of the Scientific Debates." *PLoS ONE*, vol. 18, no. 5, May 2023, pp. e0283597.
10. Siala, Haytham, and Wenjie Wang. "Organisational Tensions in Introducing Socially Sustainable AI." *AI & Society*, vol. 40, no. 1, Jan. 2025, pp. 22-39.
11. "Sustainable Development Goals (SDGs) as a Framework for Corporate Social Responsibility (CSR)." *Sustainability*, vol. 14, no. 3, Jan. 2022, pp. 1222-1242.
12. Vinuesa, Ricardo, et al. "The Role of Artificial Intelligence in Achieving the Sustainable Development Goals." *Nature Communications*, vol. 11, no. 1, Jan. 2020, pp. 233-245.
13. Visvizi, Anna, et al. "Artificial Intelligence (AI) and Sustainable Development Goals (SDGs): Exploring the Impact of AI on Politics and Society." *Sustainability*, vol. 14, no. 3, Jan. 2022, pp. 1730-1745.
14. Yu, Ning, et al. "Green and Sustainable AI Research: An Integrated Thematic and Topic Modeling Analysis." *Journal of Big Data*, vol. 11, no. 1, Feb. 2024, pp. 920-942.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भारत में महिला मानवाधिकार : दशा एवं दिशा

डॉ. जे.के.संत*

* सहायक प्राध्यापक (राजनीतिशास्त्र) शासकीय तुलसी महाविद्यालय, अनूपपुर (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – निश्चित रूप से 21 वीं शताब्दी के प्रथम दशक के अन्तिम चरण में हम संयुक्त राष्ट्र संघ के तत्कालीन महा सचिव श्री कुर्त वॉल्डहाइम द्वारा अभिव्यक्त उन विचारों से अपनी बात प्रारम्भ करना चाहेगें जो उन्होंने 1975 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला वर्ष घोषित करने के समय प्रस्तुत किए थे। इसमें उन्होने कहा था कि 'यह वर्ष मनाने की घोषणा ऐसे समय में की गई है जबकि संसार के व्यक्ति समानता को अच्छी तरह से समझनें लगें है। स्त्री–पुरूष समानता का दर्जा मौलिक मानवाधिकारों की दृष्टि से ही नहीं अपितु सामाजिक आर्थिक विकास व विश्व शांति के लिए भी आवश्यक है आज सम्पूर्ण जगत में नारीवाद का आन्दोलन चल रहा है। इरान, ईराक, इण्डोनेशिया, पाक एवं फिलीपीन्स के साथ–साथ कुवैत अरब,ओमान कतरा तथा यमन में महिलाधिकार की हवाओं ने महिलाओं के लिए राजनीति का दरवाजा खोल दिया है। भारत भी इस बयार से अछूता नहीं है। यद्यपि भारतीय समाज की मूल वैचारिक दृष्टि अभी भी पारम्परागत दायरे से पूरी तरह बाहर नहीं निकल पाई है। तथापि यदि हम पश्चिमी संसार को छोड़ दे तो कह सकते है की एशिया के अनेक देशों की तुलना में भारत में महिलाओं में अधिक राजनीतिक चेतना देखी जा सकती है।

श्री लंका के बाद भारत ही वह देश है जहॉ राजनीति दृष्टि से सर्वोच्च दोनों पदों राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री पद तक महिलाएँ पहुँच चुकी है। श्रीमती नजमा हेपतुल्ला राज्य सभा मे उपसभापति का पद सुशोभित कर चुकी हैं। इन्दिरा गांधी से लेकर इन्डा नूयी (सीइओ पेप्सिको अमेरिका) तक भारतीय महिलाओं की एक लम्बी श्रृंखला है जिसके अन्तर्गत वसुन्ध राजे ,ममता बनर्जी, जयललिता, मायावती, राबड़ी देवी, सुषमा स्वराज, वृन्दा करांत, उमाभारती तथा शीला दीक्षित जैसी विभूतियों को सम्मिलित किया जा सकता है,जिन्होंने सार्वजनिक जीवन में पुरूषों के एकाधिपत्य को प्रभावी चुनौती दी है।

लेकिन इसके साथ तस्वीर का दूसरा पहलू भी है ,यदि भारत मे अमृता पंचोली जैसी लड़कियां आई.आई.एम. की प्रवक्ता बन सकती है। तो अनिल पटेल जैसा विकृत मानसिकता वाला ड्राइवर उसकी हत्या भी कर देता है। चौदह साल की रूचिका को उसके परिवार वाले टेनिस खेलने की स्वतन्त्रता दे सकते है तो डी.जी.पी.राठौर जैसे लोग उसके साथ दुराचार भी कर लेते है। जिससे रूचिक को आत्महत्या करनी पड़ती है और उसके सपनों का अन्त हो जाता है। लेकिन इससक भी चिन्तनी विषय है भारत में स्त्री–पुरूष अनुपात की अवस्था तथा शिक्षा की स्थिति जो अब भी शोचनीय है।

विश्व महिला अधिकार आन्दोलन एवं भारत – भारत में महिलाओं की स्थिति में क्रमिक परिवर्तन को समझने के लिए विश्व स्तर पर इस दिशा में हुए प्रयासों को समझना जरूरी है। ऐतिहासिक दृष्टि से महिला अधिकारों के प्रति आन्दोलनों की पृष्ठभूमि को 1992 ई. से जोडा जा सकता है। जब आधुनिक नारीवादी को आंदोलन की संस्थापक मेरी वुल्स्टन क्रैप्ट की महिला अधिकारों पर चर्चित पुस्तक विण्डीकेशन ऑफ द राइट्स ऑफ वीमन प्रकाशित हुई। इसने पुरूष प्रधान समाज में महिलाओं को उनका उचित स्थान और महत्व प्रदान करने के प्रयत्नों की क्रान्तिकारी शुरूआत दी। इस क्रम में अमेरिका की ही एक अन्य नारीवादी नेत्री सराह हेल का जिक्र करना आवश्यक है। न्यू हेम्पशाय में 24 अक्टूबर 1788 को जन्म लेने वाली सराह नें 'लेडीज मैगजीन' और 'लेडी बुक' नामक पत्रिकाओं के माध्यम से अमेरिका में नारी चेतना को जागृत किया। यह सराह हेल के प्रयत्नों का ही नतीजा था। कि एलिजावेथ नामक एक अमेरिकी युवती को मेडिकल कॉलेज में प्रवेश मिला और वह अमेरिका की पहली महिला डॉक्टर बनने मे सफल रही। 20 वी सदी में बेट्टी फ्राइडन ने यही कार्य 'फेमिनिस्ट मिस्टिक' से किया। उनका मानना था कि 'पुरूष समाज में मनो वैज्ञानिक दबाव डालकर स्त्रियों की मौलिक प्रतिभा कुण्डित की जाती है। इसके पूर्व 8 मार्च 1857 को न्यूयार्क शहर के लोअर ईस्ट क्षेत्र में शोषण एवं बदहाली से त्रस्त महिलाओं ने अपने अधिकारों के लिए बगावत की जिसके स्मृति में आज 8 मार्च कों 'अंतरराष्टीयमहिला दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इस दिशा में 1869 में प्रकाशित ब्रिटिश विचारक जे.एस.मिल की पुस्तक 'द सब्जेक्शन ऑफ वीमन' का विशेष महत्व है जिसमे उन्होने महिलाओं को पुरूषों के समान ही मताधिकार प्रदान करने की माँग की वैसे ही जैसे प्लेटो ने ' द रिपप्लिक में स्त्री–पुरूष समानता की बात की थी। ज्ञातव्य है कि प्लेटो ने एथेन्स की परम्परागत मान्यताओं के विपरीत इस बात पर बल दिया कि शारीरिक भिन्नता होते हुए भी महिलाओं को पुरूषों के समान ही सार्वजनिक अधिकार मिलने चाहिए क्योंकि सदगुण के स्तर पर दोनों एक समान हैं। उनके अनुसार स्त्रियों को ग्रहस्थ तक सीमित रखने से न केवल उनकी प्रतिभा कुण्डित होती है,अपितु उनकी योग्यता से समाज लाभान्वित होने से भी वंचित हो जाता है। यह अलग बात है कि इस विचार के लिए अरस्तू ने अपने गुरू की व्यापक आलोचना की। अरस्तू के अनुसार स्त्रियां पुरूषों से सिर्फ शरीरिक स्तर पर ही भिन्न होती हैं। अपितु गुणात्मक दृष्टि से भी भिन्न होती है। उनकी बौद्धिक क्षमता इतनी नही होती कि वे नागरिक कर्त्तव्यों का पालन कर सके। अत: स्त्रियों को राजनीति के दलदल में नही उतरना चाहिए। मध्ययुगीन धार्मिक वातावरण में समाज के ऊपर राज्य व चर्च का दोहरा

नियन्त्रण इतना व्यापक था कि इसमें महिला अधिकारों की कल्पना ही नहीं की जा सकती थी।

आधुनिक युग में जे.एस.मिल ही वह प्रथम व्यक्ति था जिसने महिलाधिकारों के प्रति सशक्त आवाज उठाई। इसके परिणाम स्वरूप ब्रिटेन में महिला मुक्ति का तीव्र आन्दोलन प्रारम्भ हुआ जिससे भारत भी अछूता नहीं रहा। वास्तव में 1885 ई. में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना के साथ जहॉ एक तरफ स्वतन्त्रता आन्दोलन ठोस आधार प्राप्त करता है वही दूसरी ओर इस आन्दोलन के माध्यम से भारत में महिला अधिकारों प्राप्ति का रास्ता भी खुल गया। यहॉ इस बात का ध्यान रखना जरूरी है कि 19 वीं शताब्दी के पूर्व में ही राजाराम मोहन राय ने स्त्रियों को अधिकार सम्पन्न बनाने का विचार प्रस्तुत किया था जिसे दयानन्द सरस्वती व स्वामी विवेकानन्द ने तार्किक आधार प्रदान किया। किन्तु यह तथ्य भी उतना ही सत्य है कि भारत में 19 वीं शताब्दी में महिलाओं का सामाजिक स्थान सम्मान जनक न होने के बावजूद 20 वीं शताब्दी के पूर्वाद्ध में स्वाधीनता संग्राम में व्यापक व अभूतपूर्व भूमिका का निर्वहन करना वास्तव में अद्भुत सुखानुभूति है। डॉ. रोमिला थापर ने सत्य ही कहा है कि 'महिलाओं की अभिवृति में परिवर्तन लाने की वर्तमान समय में प्रमुख प्रेरणा स्वाधीनता संग्राम द्वारा प्राप्त हुई है। इस आन्दोलन का प्रवर्तन 19 वी शताब्दी में हुआ तथा इसके सामाजिक प्रभाव अब तक हम पर हो रहे है। इस संदर्भ में राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी की भूमिका सर्वाधिक उल्लेखनीय रही है ,उन्होंने विलायत में अपने अध्ययन के दौरान इस खुले समाज को देखा। वे उस नारी आन्दोलन के भी प्रत्यक्ष साथी थे जो महिला मताधिकार के प्रश्न को लेकर ब्रिटेन में चल रहा था जिसके दबाव में 1918 में ब्रिटिश महिलाओं को मत देने का अधिकार मिल गया। यह अलग बात है कि वहॉ वयस्क मताधिकार 1928 में लागू हुआ। महात्मा गॉधी ने दक्षिणी अफ्रीका के अपने सत्याग्रहों में महिलाओं को सम्बद्ध किया था और भारत आने के बाद इस दिशा में और भी सक्रिय ठंग से कार्य किया। इस दृष्टिकोण से 1917 का वर्ष भारत में महिलाधिकारों का एक प्रमुख सोपान मान जा सकता है। भारत में न सिर्फ 'विमान इंण्डिका ऐसोसिएशन' की स्थापना हुई अपितु श्रीमती सरोजनी नायडू भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रथम महिला अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित हुई। 18 दिसम्बर 1911 को श्रीमती सरोजनी नायडू के नेतृत्व में तथा थिपो सोफिकल सोसाइटी की सदस्य एवं भारत में स्त्री मताधिकार की प्रणेता श्रीमती मारग्रेट कजिन्स के साथ महिलाओं का एक प्रतिनिधि मण्डल भारत सचिव माण्टेग्यू व वायसराय चेम्सफोर्ड से मिलकर पुरूषों के समान मताधिकार की मांग की। जिसके परिणामस्वरूप अन्ततः 1921 में मद्रास विधानसभा ने एक प्रस्ताव पारित कर पुरूषों के समान योग्यता पर महिलाओं को भी मताधिकार प्रदान किया। स्वतन्त्र भारत के संविधान में महिलाओं को व्यापक संरक्षण दिया गया।

भारत में महिला अधिकार : सवैधानिक एवं कानूनी स्वरूप– भारत में महिला अधिकारों के दृष्टिकोण से स्वतन्त्र भारत के संविधान को भील के पत्थर के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है। इसने न केवल सार्वजनिक जीवन में स्त्री– पुरूष असमानता को समाप्त किया बल्कि संविधान के माध्यम से महिला अधिकारों को संरक्षण प्रदान कर महिलाओं कों गरिमा भी प्रदान की। भारतीय संविधान निर्माताओं पर मानवीय अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा बहुत अधिक प्रभाव था। संविधान में प्रदान कियें गये मौलिक अधिकारों पर इसकी छाप स्पष्ट परिलक्षित होती है संविधान में महिलाओं के अधिकारों और प्रतिष्ठा को बनायें रखने के लिए कई प्रावधान किये गये है।

इनमें से कुछ प्रावधान इस प्रकार हैं:–

संविधान का अनुच्छेद	**महिलाओं के लिए उपयोगी प्रावधान**
अनुच्छेद 14	राज्य किसी भी व्यक्ति को कानून के समक्ष समानता कानून के समक्ष समानता का कानून के समान संरक्षण से वंचित नहीं करेगा चाहे वह महिला हो या पुरूष
अनुच्छेद 15 (3)	महिलाओं एवं बच्चों को कुछ विशेष सुविधा प्रदान की गई है।
अनुच्छेद 16	लोक सेवाओं में बिना भेदभाव के अवसर की समानता।
अनुच्छेद 19	समान रूप से अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता
अनुच्छेद 23–24	नारी क्रय–विक्रय तथा बेगार प्रथा पर रोक
अनुच्छेद 39 (घ)	स्त्री–पुरूष दोनों को समान कार्य के लिए समान वेतन की व्यवस्था की गई है।

निष्कर्ष– महिलओं को अन्य व्यक्तियों की तरह समान मानवाधिकार और मौलिक स्वतंत्रता का आंनद लेने का अधिकार है अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संधियों के तहत राज्य पक्षों को यह सुनिश्चित करने के लिये सक्रिय कदम उठाने की आवश्यकता होती है। महिलाओं के मानवाधिकारों का कानून द्वारा सम्मान किया जाये और महिलाओं के अधिकारों के नकारात्मक रूप से प्रभावित करने वाले भेदभाव असमानताओं और प्रथाओं को समाप्त किया जाये अंतर्राराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून के तहत महिलाओं को संयुक्त राष्ट्र क्षेत्रीय मानवाधिकार प्रणालियों के भीतर विशेष दर्जा और सुरक्षा प्राप्त है। अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संधियां लिंक के आधार पर भेदभाव को प्रतिबंधित करती है और राज्यों से सभी क्षेत्रो में महिलाओं के अधिकारो की सुरक्षा और प्राप्ति सुनिश्चित करने की भी अपेक्षा करती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. डॉ. महेन्द्र कुमार मिश्रा – भारत में मानव अधिकार
2. सरोज परमार – महिलाएँ और मानवाधिकार
3. श्री ए.आनन्द: ह्यूमन राइट्यूट एट दी थ्रेसोल्ड ऑफ दी न्यू मिलेनियम, जनरल ऑफ द इण्डियन लॉ इन्स्टीट्यूट, 1998
4. प्रज्ञा शर्मा : भारतीय समाज में नारी,पोइन्टर पब्लिशर्स, 2001
5. प्रोविजनल पापुलेशन टोटल्स,इण्डिया सेन्र्स ऑफ इण्डिया, 2001
6. आर.एस.अग्रवाल ,ह्यूमन राईट्स इन द मॉर्डन वर्ल्ड, 1974
7. डी.डी.बसु ,ह्यूमन राईट्स इन द मॉर्डन वर्ल्ड, 1974
8. जे.सी.जौहरी,ह्यूमन राईट्स इन न्यू वर्ल्ड ऑर्डर : टूवार्ड परफेक्शन ऑफ द डेमोक्रेटिक वे ऑफ लाईफ, 1996
9. सुभाष,कश्यप ,ह्यूमन राइट्स : इश्यूज एंड प्रस्पेक्टिवज, 1995

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Fatty Liver is a Lifestyle Disorder

Dr. Rajesh Masatkar*

***Govt. Degree College, Nainpur, Distt. Mandla (M.P.) INDIA**

Abstract : Fatty liver disease, often caused by excessive fat accumulation in the liver, is a growing health concern worldwide. The body stores fat as energy and insulation in many body areas, including the liver. If the fat content is too high in the liver, it can signify fatty liver disease. Diet changes are the first line treatment for these conditions. A healthy diet is important for managing and reversing the condition. This paper will help you understand what to eat, avoid, and adopt lifestyle changes for fatty liver disease.
Keywords- Antioxidants, Detoxification, Antibiotic. Preservatives, LDL, HDL, High Cholesterol, Triglycerides.

Introduction – The liver is one of the most vital organs in the body, responsible for a range of essential functions, including detoxification, protein synthesis, and the regulation of blood clotting. However, due to modern lifestyle factors such as poor diet, sedentary habits, and excessive alcohol consumption, liver health can be compromised, leading to condition like fatty liver disease. Fatty liver disease (FLD) is a condition in which excess fat accumulates in the live cells. If left untreated, it can lead to non-alcoholic fatty liver disease (NAFLD) or its more severe form non-alcoholic steatohepatitis (NASH), both of which can result in liver cirrhosis, liver cancer and other life-threatening complications.

Objectives – The main objectives are as given below.

1. To clean and detoxify an individuals' body naturally.
2. To save the individuals from liver disease.
3. To make the people of the country healthy and wealthy.
4. To make the people of the country useful in the development of our nation.
5. To increases the economic status of the people.
6. To minimizes the intake of medicines.
7. To reduces the cost of treatment of an individual at zero level.
8. To save the time of people from unnecessary treatments.
9. To improve the overall health of an individuals.

Methodology – By observing the lifestyle of an individual.

Symptoms – Signs and symptoms caused by fatty liver will vary depending on individual lifestyle. Some general signs and symptoms associated with liver.

1. Fatigue or weakness.
2. Discomfort or pain in the upper right abdomen.
3. Loss of appetite or weight loss.
4. Nausea.
5. Yellowing of the skin and eyes (jaundice) in severe cases.
6. Swelling in the abdomen or legs.
7. Confusion or trouble concentrating.

Excessive Alcohol Consumption - Heavy drinking can lead to the accumulation of fat in the liver, known as alcoholic fatty liver. Chronic alcohol intake can cause inflammation and damage to liver cells, leading to alcoholic hepatitis. Long-term excessive drinking may result in severe liver scarring, impairing its ability to function.

Obesity - Obesity is a complex health condition involving excessive body fat that increases the risk of numerous diseases, including fatty liver disease. Obesity is a major risk factor for this condition, where fat builds up in the liver without alcohol being a contributing factor. Prolonged obesity can lead to steatohepatitis (inflammation caused by fat accumulation) and, in severe cases, liver fibrosis or cirrhosis. Beyond the liver, obesity can contribute to conditions like heart disease, type 2 diabetes, and joint problems.

Type 2 Diabetes and Insulin Resistance - Type 2 diabetes and insulin resistance are closely linked. Insulin resistance occurs when the body's cells don't respond effectively to insulin, a hormone that helps regulate blood sugar levels. As a result, the pancreas produces more insulin to compensate, but over time, it may struggle to keep up, leading to elevated blood sugar levels and eventually type 2 diabetes. Key factors contributing to insulin resistance include obesity, physical inactivity, a diet high in refined carbohydrates and sugars, and genetic predisposition. Managing these factors through lifestyle changes, such as regular exercise, a balanced diet, and maintaining a healthy weight, can help improve insulin sensitivity and reduce the risk of developing type 2 diabetes.

High Cholesterol or Triglycerides - Poor diet (high in saturated fats), lack of exercise, obesity, smoking, genetic

predisposition, and certain medical conditions like diabetes. Can lead to plaque buildup in arteries, increasing the risk of heart disease, stroke, and other cardiovascular issues. Overeating, consuming sugary or fatty foods, excessive alcohol intake, lack of physical activity, obesity, and medical conditions like diabetes or kidney disease. Associated with heart disease, pancreatitis, and metabolic syndrome. Both conditions can often be managed through lifestyle changes, such as adopting a healthy diet, exercising regularly, and maintaining a healthy weight.

Poor Diet - A poor diet can have wide-ranging effects on health, particularly impacting the liver. Consuming excess calories, refined carbohydrates, or sugars can lead to fat buildup in the liver, causing non-alcoholic fatty liver disease (NAFLD). Diets low in antioxidants (found in fruits, vegetables, and whole grains) can increase oxidative stress, harming liver cells. High intake of saturated fats, trans fats, and processed foods may overload the liver, making it harder to process nutrients and toxins. Adopting a nutrient rich diet with lean proteins, healthy fats, whole grains, and plenty of fruits and vegetables can help improve liver health and overall well-being.

Sedentary Lifestyle - A sedentary lifestyle, characterized by prolonged inactivity or lack of physical movement, can lead to various health issues, including negative effects on liver health. Physical inactivity is a major risk factor for non-alcoholic fatty liver disease (NAFLD), as it contributes to obesity and poor metabolism, leading to fat buildup in the liver. Being sedentary increases the risk of insulin resistance, which can exacerbate fat accumulation and liver dysfunction. A lack of regular movement slows down metabolism, impacting the liver's ability to process fats and toxins effectively. Incorporating regular exercise, even light activities like walking, can greatly benefit liver health and overall well-being.

Certain Medications - Certain medications can have adverse effects on liver health, leading to a condition known as drug-induced liver injury (DILI).

Rapid Weight Loss or Malnutrition - Rapid weight loss and malnutrition can have significant effects on liver health. Losing weight too quickly can overwhelm the liver with fatty acids released from fat stores, potentially worsening non-alcoholic fatty liver disease (NAFLD). Losing weight too quickly can overwhelm the liver with fatty acids released from fat stores, potentially worsening non-alcoholic fatty liver disease (NAFLD). Extreme calorie restriction can cause the liver to produce ketones, which, in excess, may lead to ketoacidosis a dangerous condition. Lack of essential nutrients can hinder the liver's ability to detoxify and process fats, proteins, and carbohydrates. Malnutrition weakens the immune system, making the liver more vulnerable to infections and damage. In cases of liver disease, malnutrition can exacerbate complications like ascites or hepatic encephalopathy. A balanced diet and gradual weight loss are key to maintaining liver health.

Genetic Predisposition - Genetic predisposition can influence the risk of developing liver diseases, including fatty liver disease. Specific genetic factors associated with liver health. This mutation is strongly linked to non-alcoholic fatty liver disease (NAFLD) and liver fibrosis. It may also affect the progression of liver damage. Contributes to fat accumulation in the liver and may increase the risk of cirrhosis. Associated with hereditary hemochromatosis, a condition leading to excessive iron storage in the liver. A rare genetic disorder that can cause liver and lung damage due to the accumulation of abnormal proteins. A rare genetic disorder that can cause liver and lung damage due to the accumulation of abnormal proteins. While genetic predisposition may increase susceptibility, adopting a healthy lifestyle balanced nutrition, regular exercise, and avoiding excessive alcohol—can mitigate risks and support liver health.

Discussion - Fatty liver disease, whether alcoholic or non-alcoholic, is a condition caused by the accumulation of fat in liver cells. If left unaddressed, it can progress to serious complications, such as liver inflammation, fibrosis, or cirrhosis. However, early intervention through lifestyle modifications like maintaining a balanced diet, regular exercise, limiting alcohol intake, and managing conditions such as obesity, diabetes, or high cholesterol can significantly improve outcomes and even reverse the condition in many cases.

Findings :

1. Maintain ideal weight.
2. Eat a healthy diet.
3. Exercise most days of the week.
4. Increase intake of vitamin E and Vitamin C.
5. Make healthy daily routine.

Suggestion :

1. Avoid junk food and packed food.
2. Stop smoking and drinking.
3. Avoid excess sugar and salt.
4. Use fresh fruits and vegetables.
5. Consume healthy and fiber.
6. Limit refined carbohydrates and sugars.
7. Hydrate well.

Conclusion : It is old says that "Health is Wealth". If health is well then, all things is in our hand. But being author of this paper, I want to aware the people of our country to minimize the risk of fatty liver by developing healthy active lifestyle. it is advisable to pay special attention to what you eat. avoid junk food as much as possible and minimize intake of medicines for the little reason. Make a healthy routine for long time with consistently will minimize the risk of fatty liver.

References :–

1. https://redcliffelabs.com/myhealth/food-and-nutrition/fatty-liver-diet-foods-to-include-foods-to-avoid-and-lifestyle-changes/

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

कृषि उत्पादन और कृषि यंत्रिकरण (एक अध्ययन)

डॉ. भावना भटनागर*

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) पी.एम.सी.ओ.ई., शासकीय स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय, दतिया (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – अध्ययन में पाया गया है कि कृषि क्षेत्र में यंत्रीकरण में वृद्धि हुई है, जिससे कृषि कार्यों को समय पर और कुशलता से करने में मदद मिली है। इससे किसानों को उन्नत कृषि यंत्रों को अपनाने के लिए प्रोत्साहन मिला है, जिससे कृषि उत्पादन और किसानों की आय में वृद्धि हुई है। कृषि यंत्रीकरण ने खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भरता लाने और आयात को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, विशेष रूप से गेहूं, चावल और अन्य फसलों के उत्पादन में वृद्धि हुई है। इसके अलावा, यंत्रीकरण ने किसानों को व्यावसायिक फसलों में विविधता लाने और उनकी आय बढ़ाने में मदद की है। कृषि यंत्रीकरण के कारण, खेतों की जुताई और बुवाई समय पर होती है, सिंचाई बेहतर होती है, और उर्वरकों का उपयोग अधिक प्रभावी ढंग से होता है, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि होती है।

सर्वेक्षण में यह भी पाया गया कि कृषि यंत्रीकरण से कृषि भूमि का बेहतर उपयोग हुआ है, प्रति एकड़ उत्पादन बढ़ा है, और भूमि की शीघ्र और गहरी जुताई संभव हुई है। इससे समय की बचत हुई है, भूमि में नमी का स्तर बेहतर बना रहता है, और बीज और रासायनिक खाद का समन्वय बेहतर हुआ है। कृषि यंत्रीकरण ने उन्नत बीजों के उपयोग को बढ़ावा दिया है, सिंचाई की पर्याप्त व्यवस्था की है, और बहुफसली खेती को प्रोत्साहित किया है, जिससे कृषि उत्पादन में पर्याप्त वृद्धि हुई है।

शब्द कुंजी– कृषि यंत्रीकरण, कृषि उत्पादन, खाद्यान्न, सिंचाई, उर्वरक।

कृषि यंत्रीकरण एवं उत्पादन – कृषि यंत्रीकरण का महत्व इस बात में निहित है कि देश में कृषि उत्पादन में वृद्धि हो तथा देश खाद्यान्नों में आत्मनिर्भरता प्राप्त कर सके तथा विदेशों से होने वाले आयात को बंद किया जा सके जिससे कृषि बचतों में वृद्धि की जा सके। इसमें कोई संदेह ही नहीं है, कि यंत्रीकरण के फलस्वरूप कृषि उत्पादन में आशातीत वृद्धि हुयी है। विशेष रूप से गेहूं, चावल, ज्वार बाजरा, मक्का और चना का उत्पादन तीवृता से बढ़ता है। जिससे देश एवं प्रदेश खाद्यान्नों में आत्मनिर्भर हो गया है। साथ ही यंत्रीकरण के फलस्वरूप व्यवसायिक फसलों की ओर किसानों की रूचि बढ़ी है जिससे परिणामस्वरूप उनकी आय में आशातीत वृद्धि हुयी है। अर्थात कह सकते है कि कृषि के परम्परागत स्वरूप में भी परिवर्तन संभव हुआ है क्योंकि जो कृषि जीवन निर्वाह के लिए की जाती थी आज वही कृषि भारत का किसान आय में वृद्धि के लिए करता है। क्योंकि देश में यंत्रीकरण के फलस्वरूप कृषि उत्पादन में पर्याप्त वृद्धि हुयी है। स्पष्ट है कि कृषि यंत्रीकरण ने कृषि उत्पादन को बहुत कुछ सीमातक प्रभावित किया है और इसीलिए किसान कृषि यंत्रीकरण को अपनाने के लिए भरसक प्रयास कर रहे है। लेकिन यहाँ यह स्मरणीय है कि मात्र उपकरणों के प्रयोग से ही कृषि उत्पादन में वृद्धि नही हुयी है। इसके लिए अन्य कृषि आगते भी सहभागी हैं। लेकिन यंत्रीकरण कृषि उत्पादन को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर रहा है इसके पीछे मूल कारण यह है कि अब समय पर खेतों की जुताई बुबाई हो जाती है कृषि भूमि पड़ती भूमि के रूप में शेष नही बचती है। समय–समय पर खेतो की सिंचाई संभव होती है। उपयोगी उपकरणो के माध्यम से समय पर खाद / रासायनिक उर्वरको का छिड़काव हो जाता है, खदपतवार की समस्या नहीं रहती है, बड़ी जोतो के आकार की कटाई के लिए हार्वेस्टर जैसे उपकरणों का उपयोग कर शीघ्रता से कटाई कर दी जाती है और थ्रेसिंग के माध्यम से उत्पादक को सुरक्षित स्थान तक पहुँचा दिया जाता हैं। स्पष्ट है कि यंत्रीकरण ने कृषि उत्पादन में बढ़ाने मे महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया है। दतिया जिले में कृषि यंत्रीकरण एवं कृषि उत्पादन की स्थिति जानने के लिए योजनानुसार सर्वेक्षण किया गया तथा सर्वेक्षण के पश्चात इस बात को जानने का प्रयास किया गया कि वास्तव में कृषि यंत्रीकरण के माध्यम से कृषि उत्पादन में किस प्रकार तथा कितनी मात्रा में कृषि उत्पादन में वृद्धि संभव हुयी है। सर्वेक्षण के द्वारा जो तथ्य उभरकर सामने आये है उन्हें विभिन्न विंदुओं के माध्यम से यहा प्रस्तुत किया गया है :

1. **कृषि उत्पादन की प्रवृत्तियाँ–** भारत मे कृषि यंत्रीकरण के फलस्वरूप कृषि उत्पादन की प्रवृत्तियों का अध्ययन किया जाता है सामान्यत: कृषि उत्पादन के दो रूप होते हैं। है – (1) खाद्यान्न (2) अखाद्यान्न भारत में कुल कृषि उत्पादन में खाद्यान्नों का भाग लगभग दो तिहाई है जबकि अखाद्यान्नों का भाग एक तिहाई है। देश में खाद्यान्नों में गेहूं, चावल, ज्वार, बाजरा, मक्का आदि का उत्पादन अधिकाधिक मात्रा में होता है। जबकि अखाद्यान्नों में तिलहन का प्रमुख स्थान है। पूर्व में भी कृषि उत्पादन की यही प्रवृत्ति रही। लेकिन यंत्रीकरण के फलस्वरूप इनमें थोड़ा परिवर्तन पाया जाता है। क्योंकि अखाद्यानों में तिलहन के साथ–साथ अन्य कृषि फसलों का उत्पादन किया जाने लगा। जो मूलत: व्यवसायिक या नकदी फसले कहलाती है। इन फसलो

में सरसों, सोयाबीन, गन्ना आदि प्रमुख है। इस अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि अभी भी कृषि उत्पादन की प्रवृत्ति में परिवर्तन संभव नही हुआ है। तथा कृषि यंत्रीकरण के फलस्वरूप ही लोग परम्परागत रूप से ही फसलो का उत्पादन कर रहे है। लेकिन यहाँ यह उल्लेखनीय है कि कृषि यंत्रीकरण के फलस्वरूप कृषि उत्पादन में वृद्धि संभव हुयी है जो कृषि क्षेत्र में हुये परिवर्तन की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

2. **प्रति उत्पादन में वृद्धि** – यंत्रीकरण का उपयोग मूलत: उत्पादन में वृद्धि के लिए किया जाता है। ऐसी दशा में यंत्रीकरण से किए जाने वाले कृषि कार्य में हल की अपेक्षा प्रथम तो भूमि की जोत शीघ्रता से हो जाती है एवं जुताई में बहुत कुछ सीमा तक मिट्टी उलट–पलट हो जाती है। जिससे घास या खरपतवार जमने की संभावना नहीं होती तथा मिट्टी में भुरभुरापन हो जाने के कारण बीज को अंकुरित होने में सुविधा होती है तथा पौधे की जड़े फैलने से पौधा स्वस्थ एवं निरोग होता है। परिणाम स्वरूप प्रति एकड़ उत्पादन में वृद्धि होती है साथ ही अतिशेष उत्पादन होने से किसानों की आय में भी वृद्धि होती है।

3. **कृषि भूमि का पूर्ण उपयोग** – हल द्वारा किए जाने वाले कृषि कार्य से भूमि का पूर्ण उपयोग संभव नही हो पाता था क्योंकि कभी–कभी भूमि सूख जाने के कारण खेती की जमीन कृषि हेतु उपयोग में नहीं आ पाती थी जिससे कृषि उत्पादन में कमी हो जाती थी लेकिन यंत्रीकरण के प्रयोग से अब कृषि भूमिका का पूर्ण उपयोग होना संभव हों गया है क्योंकि जैसे–जैसे कृषि भूमि में जोत आती जाती है, किसान शीघ्रता के साथ ट्रेक्टर से उसकी जुताई करता जाता है और कृषि यंत्रीकरण के माध्यम से यथा समय कृ षि क्षेत्र में बीज बो देता है। अर्थात पहले जहाँ किसान की कुल भूमि का जो क्षेत्र पड़ती के रूप पड़ा रहा जाता था वह अब शेष नहीं रहता। स्वाभाविक है कि कृषि यंत्रीकरण के उपयोग से कृषि क्षेत्र का पूर्ण उपयोग संभव हुआ है जिससे उत्पादन में पर्याप्त मात्रा में वृद्धि संभव हुयी है।

4. **कृषि भूमि की शीघ्र एवं गहरी जोत** – अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि कृषि भूमि को हलों के द्वारा न तो शीघ्रता से जोता जा सकता है और न ही कृषि भूमि की जोत गहरी हो पाती है। इस का परिणाम यह होता था कि कृषि भूमि का उत्पादन न्यून मात्रा में ही होता था जिससे किसान की पारिवारिक आवश्यकताओं की पूर्ति ही संभव हो पाती थी, लेकिन यंत्रीकरण के उपयोग के फलस्वरूप कृषि भूमि को फसल के पूर्व ट्रेक्टर द्वारा हैरो या कल्टीवेटर के माध्यम से शीघ्रता के साथ जोत लिया जाता है, साथ ही हल की अपेक्षा ट्रेक्टर द्वारा की जाने वाली जोत गहरी होती है, जिससे फसल को नमी एवं धूप दोनो ही सुगमता से मिल जाते है इसका परिणाम यह हुआ कि समय पर शीघ्रता से कार्य हो जाने के कारण और गहरी जोत के कारण फसल को पोषक तत्वों की पूर्ति शीघ्रता से पर्याप्त मात्रा में हो जाती है जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि संभव हुयी है। यह यंत्रीकरण का ही प्रभाव है कि देश की उत्पादकता में और उत्पादन दोनों में ही वृद्धि संभव हो सकी है।

5. **समय की बचत** – हल बैल द्वारा किए जाने वाले कृषि कार्यो में किसानों को पर्याप्त मानव श्रम का प्रयोग करना पड़ता था उसके पश्चात भी कृषि कार्य या तो अधिक समय लगने के पश्चात या तो पूरा नहीं हो पाता था और यदि पूरा होता भी था तो उससे कृषि उत्पादन में वृद्धि संभव नही होती थी, लेकिन वर्तमान समय में यंत्रीकरण के उपयोग से समय पर कृषि भूमि की जोत हो जाती है और कृषि उत्पादन भी अधिक होता है क्योंकि भूमि के सभी पोषक तत्व कृषि के उत्पादन में वृद्धि करते है। अर्थात कह सकते है कि समय पर जोत के परिणामस्वरूप उत्पादन में पर्याप्त मात्रा में वृद्धि होती है।

6. **भूमि में नमी की पर्याप्त मात्रा** – यह स्वाभाविक है कि हल बैल द्वारा कृषि कार्य किए जाने से भूमि की अंतिम उपयोगिता या तो भूमि पूर्णत: सूख जाती है और उसमें नमी की कमी के कारण सही जोत न हो जाने से कृषि उत्पादन प्रभावित हाता था लेकिन वर्तमान में कृषि यंत्रीकरण क उपयोग से किसान भूमि की नमी को दृष्टिगत रखते हुये समय पर जुताई करता है, साथ ही समय पर बीज की बुबाई भी देता है, खेतों में पर्याप्त मात्रा नमी होने के कारण बीज शीघ्रता से अंकुरित हो जाता है क्योंकि उसे नीचे से पर्याप्त नमी प्राप्त होती रहती है। परिणामस्वरूप बीज को नमी के साथ साथ अन्य पोषक तत्व पुष्ट बना देते है। जिससे कृषि उत्पादन बड़ी हुयी मात्रा में प्राप्त होता है। अर्थात कृषि यंत्रीकरण का मात्र उद्देश्य कम लागत में भूमि का पूर्ण उपयोग कर कृषि उत्पादन को बढ़ाना है और उसीका परिणाम है कि देश में हम खाद्यान्न के क्षेत्र में आत्म निर्भर बने हुए है।

7. **बीज एवं रासायनिक खाद का समन्वय** – यदि पूर्व स्थिति पर नजर डाले तो यह स्पष्ट है कि किसान पहले खेतो की जुताई हल बैलो से करता था और उसके पास पर्याप्त पूँजी न होने के कारण बीज एवं रासायनिक खादों को एक साथ नही बो पाता था। ऐसी दशा में किसान बुबाई करने के पश्चात खेतों में सिंचाई पूर्व रासायनिक खादों का हाथ से छिड़काव करते थै। जिससे फसल को पूर्ण पौष्टिक तत्व न मिलने के कारण फसल कमजोर एवं दाने पतले होते थे और न्यून उत्पादन की स्थिति बनी रहती थी लेकिन यंत्रीकरण में जुताई के पश्चात रासायनिक उर्वरक में बीजों का समंवय कर दिया क्योंकि अब ट्रेक्टर से बुबाई करते समय सीडकम फर्टिलाइजर ड्रिल से बीज एवं रासायनिक उर्वरको को एक साथ बोया जाता है जिससे बीज के अंकुरित होते ही उसे पोषक तत्व प्राप्त होने लगते है जिससे फसल शीघ्रता से बढ़ती है तथा फसल की बालें एवं दाने घने एवं मोटे होते है। जिसका परिणाम यह होता है कि कृषक को बढ़ा हुआ उत्पादन प्राप्त होता है जो उसकी महत्वपूर्ण उपलब्धि होती है। लेकिन इस उपलब्धि का वास्तविक श्रेय यंत्रीकरण को ही जाता है।

8. **उन्नत एवं अधिक उपज देने वाले बीजो का उपयोग** – परम्परागत साधनों के द्वारा किए जाने वाले कृषि कार्यो में किसान परम्परागत तरीके से ही बोए जाने वाले बीजों का उपयोग करता था लेकिन कृषि क्षेत्र में यंत्रीकरण क्रांति के परिणामस्वरूप किसानों में जागरूकता आई। पूर्व में केवल आधुनिक यंत्रों का ही उपयोग किया गया लेकिन समय अन्तराल के पश्चात यंत्रीकरण के साथ साथ किसानो ने कृषि की अन्य आगतों का भी उपयोग करना सीख लिया क्योंकि यंत्रों की ऊँची कीमत के फलस्वरूप वे अधिक उत्पादन चाहते थे जिससे यंत्रो की कीमत को कृषि उत्पादन से वसूल किया जाता है अत: ऐसी दशा में किसानो ने उन्नत एवं अधिक उपज देने वाले बीजों का उपयोग भी प्रारंभ किया। परिणामस्वरूप इन बीजो के उपयोग से उन्हें यंत्रीकरण का उपयोग करने पर उत्पादन वृद्धि करने में पर्याप्त सहायता मिली। इस प्रकार यंत्रीकरण ने कृषि उत्पादन की वृद्धि में एक नवीन क्रांति लाई।

9. **सिंचाई की पर्याप्त व्यवस्था**– कृषि उत्पादन के लिए न केवल जुताई एवं बुबाई के कार्यों में यंत्रों का उपयोग किया जाता है अपितु सिंचाई सुविधाओं के लिए भी बड़ी मात्रा में सिंचाई यंत्रो का उपयोग संभव हुआ है। दतिया जिले में पूर्व में नहरों के अभाव के कारण किसान केवल कुँओं एवं नलकूप से सिंचाई करते थे जिससे कृषि क्षेत्र का बहुत थोडा भाग सिंचित था लेकिन

नहरो के विस्तार के फलस्वरूप लोगो ने नालियाँ बनाकर खेतों तक पानी पहुँचाया और जो खेत बहुत दूर थे वहाँ डीजल पंप के माध्यम से उन खेतो तक पानी पहुँचाया गया जो असिंचित थे। ऐसी स्थिति में असिंचित भूमि को सिंचित भूमि के रूप में परिवर्तित कर उस पर यंत्रो के माध्यम से कृषि कार्य संपन्न किया जाने लगा तथा रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग करके उन असिंचित खेतों में भी बड़ी मात्रा में कृषि उत्पादन किया जाने लगा इसका परिणाम यह हुआ कि जो खेत असिंचित थे और बहुत कम कृषि उत्पादन देते थे उन खेतों पर हरी-हरी लहराती फसले दृष्टिगोचर होती है और इसमें आधुनिक यंत्रों का प्रयोग कर पर्याप्त मात्रा में उत्पादन प्राप्त किया जा रहा है। यह यंत्रीकरण की ही देन है।

10. बहुफसली कृषि को बढ़ावा – दतिया जिले में कृषि यंत्रीकरण के उपयोग में बहुफसली खेती को बहुत कुछ सीमा तक बढ़ावा दिया जिससे इस क्षेत्र में कृषि उत्पादन में पर्याप्त मात्रा में वृद्धि हुई है। यंत्रीकरण के पूर्व पर परम्परागत साधनों से एवं खाद्यान्न फसलो को प्राथमिकता के आधार पर उत्पादित किया जाता था लेकिन यंत्रीकरण ने अब इस क्षेत्र मे बहुफसली खेती को उत्पादित करने के लिए किसानों में जागरूकता पैदा की जिसके कारण यहाँ पर अनेक फसलो की पैदावार होने लगी है। प्रमुखत: पूर्व में गेहूँ, ज्वार, बाजरा, मक्का, उड़द, मूँग एवं अरहर उत्पादित किया जाता था तथा तिलहन के लिए असली एवं मूंगफली उत्पादित की जाती थी लेकिन यंत्रीकरण के उपयोग ने अब इन फसलों के स्थान पर सरसों, मटर धान, गन्ना, सोयाबीन जैसी फसलों के क्षेत्र को बढावा दिया है तथा ये फसले पर्याप्त मात्रा में उत्पादन दे रही है। इसका सीधा लाभ कृषको की आय में वृद्धि पर पड़ा है और बड़े किसानों ने इन सबका लाथ उठाते हुये एक स्थान पर दो-दो ट्रेक्टर खरीदे है। जिससे अधिक से अधिक मात्रा मे कृषि उत्पादन को बढ़ाकर आय में वृद्धि की जा सके। अर्थात वास्तव में यंत्रीकरण ने वहुफसली खेती की बढ़ाने में बहुत कुछ सफलता दिलाई है जिससे कृषि उत्पादन पर्याप्त मात्रा बढ़ा है।

11. द्विफसली कृषि क्षेत्र में वृद्धि – सर्वेक्षण के आधार पर कृषि क्षेत्र अध्ययन के अन्तर्गत यह भी ज्ञात हुआ कि पूर्व में परम्परागत साधनों के कारण द्विफसली कृषि क्षेत्र बहुत कम था लेकिन यंत्रीकरण के उपयोग के फलस्वरूप तथा सिंचाई सुविधाओं में विस्तार के कारण द्विफसली क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में वृद्धि हुई है। क्योंकि पूर्व में किसान कृषि भूमि पर या तो रवी की फसल करता था या फिर खरीफ की फसल होती थी लेकिन यंत्रीकरण के उपयोग के फलस्वरूप अब किसान एक ही भूमि के टुकड़े पर दो फसले उत्पादित कर रहा है। रवी के अन्तर्गत किसान कृषि भूमि पर मक्का, ज्वार, बाजरा, उड़द, मूंग, मूंगफली, सोयाबीन, तिल, रामतिल या धान की फसल उत्पादित करता है और उसके पश्चात इन फसलों को प्राप्त कर लेने के बाद उसी भूमि के टुकडे पर गेहूं, चना, मटर, मसूर, सरसों, जैसी फसलों का उत्पादन करता है और यह सब यंत्रीकरण की ही देन है। इस प्रकार यंत्रीकरण के द्वारा किसान एक ही भूमि के टुकड़े पर दुगुना उत्पादन कर रहा है जो यंत्रीकरण की महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. म.प्र. एक भौगोलिक अध्ययन – डॉ. प्रमिला कुमार
2. कृषि अर्थशास्त्र – डॉ. जय प्रकाश मिश्र
3. भारतीय कृषि का अर्थ तंत्र – डॉ. एन.एल. अग्रवाल
4. कृषि विकास की समस्याएँ – श्री कृष्ण कुमार उमाहिया
5. भारतीय अर्थशास्त्र – डॉ. चतुर्भुज मामोरिया, डॉ. एस.सी. जैन
6. भारतीय अर्थ व्यवस्था – श्री मिश्र पुरी
7. कृषि अभियंत्रण – प्रो. श्री रंधावा चौहान

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

आचार्य विशुद्धसागर के साहित्य में समाजिक चेतना के विविध आयाम

डॉ. रचना तैलंग* दिलीप कुमार जैन**

* प्राध्यापक (हिन्दी) शास. हमीदिया कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय भोपाल (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (हिन्दी) शास. हमीदिया कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – ***'आचार्य विशुद्धसागर वर्तमान समय में चर्या शिरोमणि के रूप में उनकी ख्याति पूरे देश में वयाप्त है। आत्मकल्याण के सूत्र उनके आचरण और सृजन के द्वारा दिये गये हैं। वे मनुष्य के कल्याण के लिए ऐसे सूत्र हैं जिनके द्वारा व्यक्ति इस भव बंधन से मुक्त हो सकता है। सुख चाहते होतो आत्मानुभूति का प्रयास करों। दु:खों का अंबार तो जीवन में बना ही रहेगा। इसलिए हमेशा अपने विवेक को जाग्रत रखो और जीवन के प्रत्येक अनुभव से शिक्षा प्राप्त कर आत्मकल्याण की दिशा में प्रवृत्त होने का प्रयास करो। यही जीवन का श्रेय और प्रेय है।'***

भारतीय संस्कृति में श्रमण – संस्कृति के साधक अपने आत्मकल्याण के लिए सांसारिक विषय-वासनाओं का परित्याग कर केवल आत्मोत्थान में ही संलग्न रहते हैं। वे जैनधर्म के मूलभूत सिद्धान्त अहिंसा को ही सर्वोपरि मानते हुए इस बात का विशेष ध्यान रखते हैं कि उनके द्वारा किसी को पीड़ा न पहुँचे। वे आम-आदमी की अंतश्चेतना को जाग्रत करने के लिए प्रवचनों के माध्यम से उन्हें प्रबोधित करते रहते हैं। उनका एक मात्र उद्देश्य रहता है आत्मा का उत्कर्ष और लोक कल्याण की भावना। इस संदर्भ में कहा भी गया है।

'उपदेशक जन जगत में जितने हुए प्रमाण।
उन सबका उद्देश्य था एक लोक कल्याण।'[1]

आचार्य विशुद्धसागर का साहित्यिक अवदान विपुल है, उसमें मानव कल्याण के विविध आयाम देखने को मिलते हैं जो इस प्रकार हैं।

1. **लोक कल्याण की भावना –** श्रमण-संस्कृति के साधकों के मानव कल्याण को सर्वोपरि माना है। आचार्य विशुद्धसागर के साहित्य में मानव कल्याण के विविध रूप देखने को मिलते हैं। मानव कल्याण के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण सूत्र है कि उसके अंदर के असद् विकारों का परित्याग हो और पवित्र भाव उत्पन्न हो। असद् भावों के अन्तर्गत ईर्ष्या, द्वेष, घृणा ही व्यक्ति में सर्वाधिक देखने में मिलते है। जब तक हम इन विकारों का त्याग नहीं करेंगे तब तक व्यक्ति का कल्याण कदापि संभव नहीं है। आचार्य श्री ने घृणा रूपी विकार के परित्याग के संबंध में कहा है-

'घृणा की
दुर्गंध को
हटाना होगा,
निज के अंदर
समरस का रस
भरना होगा।'[2]

मानव की सबसे बड़ी कमजोरी यह है कि वह प्राय: दूसरों के बारे में ज्यादा सोचता है उसकी निंदा व आलोचना करता है. परन्तु स्वयं के अवगुणों के संबंध में कभी विचार नहीं करता। यदि वह स्वयं के 'आत्मलोचन' की भावना को जागृत कर ले तो फिर उसे निश्चित रूप से जिस आत्मबोध की अनुभूति होगी वह उसके जीवन में असाधारण परिवर्तन को सिद्ध कर देगी। आचार्य विशुद्धसागर इस संबंध में लिखते हैं-

'जिसे लोक जानता है,
तूँ उसे मत जान।
तूँ अपने बारे में,
जानने का प्रयास कर।।'[3]

सृष्टि का प्रत्येक प्राणी सुख शांति की कामना करता है, परन्तु उसे वह प्राप्त इसीलिए नहीं हो पाती क्योंकि उसके ज्ञान और क्रिया में अन्तर्भेद होता है। अर्थात जब तक ज्ञान के अनुसार क्रिया नहीं की जायेगी तब तक लक्ष्य को प्राप्त कर पाना असंभव है। इस संबंध में प्रसिद्ध छायावादी कवि जयशंकर प्रसाद ने भी लिखा है-

'ज्ञान दूर कुछ क्रिया भिन्न है
इच्छाएँ कैसे पूरी हों मन कीं।
एक दूसरे से न मिल सके
रही विडम्बना जीवन की।।'[4]

इस ज्ञान और क्रिया की एकरूपता के लिए आवश्यक है कि व्यक्ति अपनी वासनाओं पर नियंत्रण करे। क्योंकि विषयों के प्रति आसक्त व्यक्ति कभी सुख-शांति को प्राप्त नहीं कर सकता। इस संबंध में आचार्य श्री का कथन है-

'शांति का मार्ग
निज नियंत्रण है।
आत्म-नियंत्रण शून्य
पुरुष के,
शांति का वेदन कहाँ।।'[5]

सांसारिक प्राणी जन्म लेने के उपरांत एक निश्चित अवधि पश्चात् मरण को प्राप्त करता है। व्यक्ति को अपने कर्मानुसार अनेक योनियों में भ्रमण करना पड़ता है। इस जन्म-मरण के बंधन से मुक्त होने के लिए कर्म की सत्ता को सर्वोपरि माना गया है। जब व्यक्ति के कर्म शून्य की अवस्था को प्राप्त कर लेते हैं अर्थात उसके द्वारा भव-भव में इकट्ठे कर्म जब क्षय को प्राप्त हो जाते

हैं तो वह मुक्ति को प्राप्त कर लेता है। उसको आत्मबोध की अनुभूति आवश्यक है। आचार्य श्री का भावना है कि–

'जन्म–मरण सृष्टि का
नियत क्रम है।
इस बोध की अनुभूति से
आत्मद्रव्य की अनुभूति
होती है।'[6]

आत्मकल्याण के लिए जीवन में धर्म के मूल स्वरूप को जानना आवश्यक है। संत, मुनि तथा ज्ञानीजन इसकी परिभाषायें नाना प्रकार से अवश्य करते हैं परन्तु वे भी धर्म के मूल स्वरूप को नहीं समझ पाते हैं। कतिपय लोगों का मानना है कि धर्म वह है जिसे धारण करने पर शांति की अनुभूति होती है। कतिपय विद्वान व्यक्ति की आंतरिक शुचिता तथा उसमें दया और करुणा के भाव को जागृत करने का भाव ही धर्म मानते हैं। जबकि आचार्य श्री की धर्म के संबंध में अपनी अलग ही मान्यता है,
वे कहते हैं –

'धर्म वही है
जो विश्व मैत्री
भाव से पूरित हो।'[7]

आचार्य श्री विशुद्धसागर के साहित्य में लोक कल्याण की इसी भावना को इंगित करते हुए प्रो. (डॉ.) कुसुम पटोरिया लिखती हैं – 'जंगम तीर्थस्वरूप दिगम्बर मुनियों का जैनधर्म को अनवरत व अक्षुण्ण बनाये रखने में अप्रतिम योगदान रहा है। आत्मकल्याण व लोक कल्याण के साधकों ने जनजागरण का महत्वपूर्ण कार्य किया है। मुनिराज ऊर्ध्वगामी संभावनाओं की प्राप्ति के लिए सतत् प्रयत्नशील रहे हैं। इस उपलब्धि के लिए तपोमय साधना व अपमूल्यों से संघर्ष अपरिहार्य होता है। ये ही लोक के लिए प्रकाश स्तम्भ व प्रेरणा पुंज बनते है।'[8]

2. सार्थक जीवन के विविधा सूत्र – आचार्य विशुद्धसागर की मान्यता है कि जीवन को सार्थक बनाने का एक ही वास्तविक लक्ष्य होना चाहिए कि वह आत्मकल्याण की ओर प्रवृत्त हो जिससे कि उसे भव–बंधन से मुक्ति मिल सके। इसके लिए सद्कर्मों की आवश्यकता और असद कर्मो का परित्याग आवश्यक है। क्योंकि कर्म ही हमें संसार में भ्रमण कराते हैं; फिर जन्म और मृत्यु का अन्योन्याश्रित संबंध है। जिसका जन्म हुआ है उसकी मृत्यु भी अवश्य होगी। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को सदैव इस बात का स्मरण रखना चाहिए कि उसके द्वारा जीवन में कुछ ऐसे कार्य किये जायें जिससे कि समापन बेला पर आत्मतोष की अनुभूति हो सके। इसलिए आचार्य श्री ने मानव को सचेत करते हुए कहा है–

'भोले प्राणी
सिंह मुख में
गया मृग,
क्या बचा पाएगा,
अपने प्राण।'[9]

मनुष्य जीवन में रागद्वेष और कषाय की आँधी अत्यंत तीव्र होती है जो उसे आत्मज्योति जाग्रत करने का अवसर ही नहीं देती। फिर जब तक व्यक्ति आस्था के दीप को जलाने का प्रयास नहीं करेगा तब तक उसके जीवन में मिथ्यात्व का अंधाकार समाप्त होने वाला नहीं है। आचार्य श्री लिखते हैं–

'आस्था का दीप
जलाओ .....
मिथ्यात्व का अंधियारा
गहरा है .....
कषाय की बयार
चल रही सब ओर,
आत्मज्योति का दीप
बुझने न पाये .....।'[10]

परिवर्तनशीलता सृष्टि का शाश्वत् नियम है। यही परिवर्तन विकास का द्योतक है, उन्नति का प्रतीक है, सौंदर्य का आधार है, इसलिए व्यक्ति को इस सत्य से अवगत होना चाहिए कि 'जो है वह हमेशा नहीं रहेगा।' इसलिए दु:ख में दु:खी और सुख में सुखी होने का भ्रम ज्यादा देर तक नहीं पालना चाहिए। इस संबंध में आचार्य श्री का प्रबोधन कुछ इस प्रकार का है–

सबके दिन एक से नही रहते,
डाल पर मुस्कराती कली
एक दिन चरणों में चढ़ जाती
गगन में झूमने वाले भी,
एक दिन, अग्नि में
जल जाते..... अरे।''[11]

यहाँ इतना ही कहना पर्याप्त होगा कि प्रत्येक प्राणी को अपने जीवन को सार्थक बनाने के लिए सर्वत्र अपने विवेक का प्रयोग करना चाहिए। यह विवेक ही हमें जीवन के उन उच्चादर्शों को अपनाने के लिए प्रेरित करेगा जो हमारे आत्मोन्नति में सहायक हो सकते हैं। आचार्य श्री ने भी उसी विवेक बुद्धि की ओर इंगित करते हुए कहा है–

'विवेक जीवन को
धन्य बनाता
इसीलिए
विवेक सभी जगह
पूजा जाता
अविवेकी तो सदैव
दु:ख, अशांति और लोक निंदा
का पात्र बनता है।'[12]

इस प्रकार हम देखते हैं कि आचार्य श्री के संपूर्ण साहित्य में जीवन को सार्थकता प्रदान करने वाले सूत्र बिखरे पड़े हैं। इस संबंध में डॉ. कुसुम पटोरिया लिखती हैं–'आचार्य श्री की कविताएँ भी उसी तरह शास्त्रों से नि:सृत अमृत की बूँदें हैं। ये धर्म के मर्म को उद्घाटित करती हैं, जीवन को ऊर्ध्वगामी बनाने की कला सिखाती हैं। ये श्रेष्ठ विचार कण हैं, जो प्रगाढ़ अनुभूतियों के कारण सूक्तियों के रूप में परिणमित हैं। कम शब्दों में सारभूत कथन सूक्ति है।'[13]

3. मानव जीवन का औचित्य / उपादेयता – साहित्य सृजन का मूल उद्देश्य सामाजिक उत्थान, व्यक्ति का कल्याण, उसके सुख–शांति के लिए उन तत्त्वों का निरूपण जिनके माध्यम से उनके जीवन की सार्थकता सिद्ध होती है। व्यक्ति इस संसार में किस प्रयोजन से आया है और वह उस प्रयोजन में सही अर्थों में सफल हुआ है या नहीं उसका आकलन करना भी आवश्यक है। व्यक्ति को यह जानने का अवश्य प्रयास करना चाहिए कि सांसारिक भटकन से किस प्रकार मुक्ति मिल सकती है, तो उसके लिए आवश्यक है कि वह कर्मरूपी कीचड़ में धंसने का प्रयास न करे और अपनी उन्नति के लिए

वैराग्य पथ का अनुसरण करते हुए आत्मकल्याण की भावना को अंगीकार करते हुए जीवन के औचित्य को प्रतिपादित करने का प्रयास करे। इसीलिए आचार्य श्री का कथन है–

'राग को हटाओ
वैराग्य भाव का भाव जगाओ
निज वैभव के प्रगटीकरण
से ही सिद्धि संभव है।'[14]

ऐसा माना जाता है कि चिंतन के माध्यम से हमारा चित्त निर्मल होता है, चरित्र पवित्र होता है और मन, वचन, काय की विशुद्धि बढ़ जाती है। चिंतन के माध्यम से मन मानवता के कल्याण हेतु विचार करते हुए निर्विकल्प भाव से मानवता के कल्याण का चिंतन करता है। आचार्यश्री का भी यही मानना है कि –

'चिंतन वहीं
जिसमें चिंता न हो,
न हो गिरने का भय
और न खोने की आशंका।'[15]

4. आत्मकल्याण के लिए रत्नत्रय की आराधाना – जैनदर्शन में रत्नत्रय को काफी महत्व दिया गया है अर्थात सम्यक् दर्शन, सम्यक् ज्ञान और सम्यक् चारित्र के माध्यम से हम यहाँ पर यह कह सकते हैं कि देव, शास्त्र, गुरु अथवा तत्त्वों पर समीचीन श्रद्धा करना ही सम्यक दर्शन है, आत्मतत्त्व को पहचानना ही सम्यक् ज्ञान है, तत्त्व ज्ञान का फल कर्मो से कैसे दूर करना होता है यही सम्यक चारित्र है। इस सृष्टि में जो पीड़ा और क्लेष का भाव होता है वह हमारी आत्मा की अज्ञानता पर ही अवलंबित है। आत्मा का मुक्त होना ही जीवन को आध्यात्मिक बना देता है, पर सेवा में जीवन का उत्सर्ग करना ही सच्ची चारित्रिक सम्यक्ता प्राप्त करना है। इसीलिए साधु धर्म को विश्व–बंधुत्व का व्रत माना गया है, क्योंकि एक सच्चा साधु ही जन्म, जरा, मृत्यु जैसी आधिकारिक उपाधि आदि सब कृत्यों से रहित होकर परमानंद स्वरूप से मोक्ष को प्राप्त कर सकता है। जैन कवियों और दार्शनिकों का स्पष्ट मत है कि जीवन में कल्याण का मार्ग सबके लिए खुला हुआ है। गुरू में अपार श्रद्धा धर्म प्रभावना के लिए परम् आवश्यक है। भगवान की प्रतिमा के दर्शन से मन का समस्त कालुष्य धुल जाता है। जीवन को गतिशील बनाने के लिए अहिंसा का अनुगमन करना चाहिए। उसके लिए मनुष्य का दयावान और करुणावान होना आवश्यक है। क्योंकि ईश्वर की प्राप्ति के लिए ये भावनाएँ अत्यंत सरल मार्ग प्रशस्त करती हैं। इन्हीं कारणों से जैन–दर्शन आत्मा के उत्कर्ष के लिए अनेक प्रकार से विवेचन करता है जो हमारे जीवन को उत्कर्ष प्रदान करती हैं।

5. जीवन में कर्म सिद्धान्त की प्रासंगिकता – कर्म सिद्धान्त जैन–दर्शन में सर्वमान्य सिद्धान्त है। कहा भी गया है कि जैसा हम बोयेंगे बैसा ही हम काटेंगे। व्यक्ति अपने जीवन में नाना प्रकार के कर्मरूपी बीजों को बोता रहता है और समय आने पर उसे अच्छे बुरे कर्मो का फल अवश्य प्राप्त होता है। इस सृष्टि का निर्माता न तो किसी को सुख देता है और न ही किसी को दुःख देता है। वह केवल एक द्रष्टा मात्र है। इस सृष्टि के रंगमंच पर आप अपना किरदार किस रूप में निभाते हैं ये आपको स्वयं ही तय करना होगा। व्यक्ति को जिंदगी का यथार्थ समझ में तो आता है, किन्तु काफी बिलंब से। जब समझ में आता है तब समय काफी निकल जाता है। इसलिए हमारे पास जो कुछ बचता है, वह है 'पश्चाताप'। कर्मो के कारण ही अमीर व्यक्ति दरिद्र हो सकता है और दरिद्र व्यक्ति अमीर हो सकता है। ईमानदार व्यक्ति बेईमान हो सकता है और बेईमान ईमानदार हो सकता है। इसलिए यह कहना कठिन है कि वास्तव में व्यक्ति अपने आप में क्या है। यह समय के परिवर्तन के हिसाब से तय होता है। 'अहंकार' मानव का सबसे बड़ा शत्रु है। वह मानव को सदैव अशांत बनाये रखता है। जबकि व्यक्ति को इस अहंकार की अकड़ से बचने का प्रयास करना चाहिए, अन्यथा यह अहंकार दुःखदायी ही होगा। आचार्य श्री का मानना है कि कर्मो की गति अपने आप में निराली है। कर्मो की कुदृष्टि पड़ने पर लाखों व्यक्ति हाहाकार मचाने लगते हैं। कर्मो ने सती सीता, राम और तीर्थंकर ऋषभदेव को भी नहीं छोड़ा। इसलिए सांसारिक प्राणियों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि उसे सद्कर्म ही करते जाना चाहिए तभी उसे जीवन में शांति का अनुभव संभव हो सकेगा –

'कर्मो ने सती सीता
राम को
नहीं छोड़ा।
तीर्थंकर ऋषभदेव को
छः माह
तक घुमाया।'[16]

जीवन को सार्थक बनाने के विविधा सूत्र – आचार्य विशुद्धसागर जी, ने मनुष्य के जीवन को सार्थक बनाने के लिए समय–समय पर विविध सूत्रों का सूत्रपात किया है जिन्हें अपनाकर व्यक्ति, जीवन को सार्थकता प्रदान कर सकता है–

1. धैर्य के बिना लक्ष्मी, वीरता के बिना विजय, धन के बिना यश, और ज्ञान के बिना मोक्ष नहीं मिलता है।
2. जैसे आप अपने बारे में सोचते हो सभी के बारे में सोचो।
3. भविष्य के राग में वर्तमान को मत भूलो।
4. परिवार नियोजन नहीं वासना का नियोजन करो।
5. वासना आत्मशांति की शत्रु है।
6. शत्रु को भी शत्रु की दृष्टि से मत देखो, वह भी भगवान आत्मा है।
7. मन को पकड़ा नहीं जाता मोड़ा जाता है।
8. विश्वास बड़े संभलकर करना कई बार जीभ भी दाँत के नीचे आ जाती है।
9. शब्द मूल्य रहित है मूल्य उनके उपयोग पर आधारित है।
10. कमजोर व्यक्ति ही दूसरों की कमजोरी पर वार करता है।
11. जो दूसरों को दुःखी देखना चाहते हैं बे सबसे बड़े दुखियारे हैं।
12. घास नहीं बनो जिसपर सब चलें। आकाश बनो जहाँ सब पहुँचने की इच्छा रखें।
13. वर्तमान में सब अस्तित्व के ज्वर से पीड़ित हैं।
14. मोक्षमार्ग में मोक्ष की कामना नहीं की जाती है वरन् भावना भायी जाती है।

निष्कर्ष– आचार्य विशुद्धसागर समकालीन समय के एक ऐसे आचार्य हैं जिन्होंने सामाजिक शुचिता, मानवीय चेतना तथा जीवन को सार्थक बनाने के लिए अनेक प्रकार से जनसामान्य को प्रबोधित किया है। उनका मानना है कि मनुष्य के जीवन का मुख्य लक्ष्य आत्मकल्याण की भावना का होना चाहिए। कष्टों से भरे हुए इस जीवन से मुक्ति का एक उपाय है कि वह वैराग्यपथ का अनुगमन करते हुए मोक्ष पाथ का अनुगामी बने। आचार्य श्री के साहित्य में इस बात को बार–बार रेखांकित किया गया है कि मनुष्य के दुःखों का मूल

कारण सांसारिक चीजों के प्रति मोह ही है। मोह की आसक्ति इतनी प्रबल होती है कि वह व्यक्ति को परमात्मा के निकट पहुँचने में बार-बार बाधा उत्पन्न करती है। ये बाधायें मुख्य रूप से विकारों की हुआ करती हैं। इन विकारों पर विजय प्राप्त करने पर ही व्यक्ति सच्चे अर्थों में ईश्वर के प्रति श्रद्धावनत होकर, अपना आत्मकल्याण कर सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. स्वानुभव-स्वरचित।
2. 'स्वानुभव', आचार्य विशुद्धसागर, पृष्ठ-31
3. वही, पृष्ठ-36
4. 'कामायनी महाकाव्य' जयशंकर प्रसाद।
5. 'स्वानुभव' आचार्य विशुद्धसागर, पृष्ठ-42
6. वही, पृष्ठ-45
7. वही, पृष्ठ-53
8. 'ध्रुव स्वभाव', आचार्य विशुद्धसागर, (संपादकीय) डॉ. कुसुम पटोरिया।
9. 'शब्द अध्यात्म पंथी का', आचार्य विशुद्धसागर, पृष्ठ-09
10. वही, पृष्ठ-16
11. वही, पृष्ठ-20
12. वही पृष्ठ-21
13. ध्रुव-स्वभाव-आचार्य विशुद्धसागर (संपादकीय) डॉ. (प्रो.) कुसुम पटोरिया।
14. वही, पृष्ठ-37
15. वही, पृष्ठ-40
16. शुद्धात्म काव्य तरंगिणी, (कर्मो की गति), आचार्य विशुद्धसागर, पृष्ठ-60

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Potential Benefits of Artificial Intelligence for the Legal Profession

Dr. Anoop Kailasia*

***Assistant Professor (Law) Govt. Law College, Gwalior (M.P.) INDIA**

Recommendations: Effective execution of mergers and acquisitions (M&A) in the banking sector requires a multi-dimensional approach that begins well before the formal consolidation process. Organizations must undertake rigorous pre-merger assessments to identify potential integration challenges, including cultural alignment, technological compatibility, and operational redundancies. These evaluations are essential for crafting informed integration strategies that minimize disruption and maximize value creation.

Equally vital is transparent and continuous communication with all stakeholders—particularly employees, shareholders, and regulatory authorities. Clear messaging around the strategic rationale, expected outcomes, and transitional timelines fosters trust, mitigates uncertainty, and enhances stakeholder buy-in. This is especially important in the banking sector, where public confidence and institutional credibility are paramount.

Governments and regulatory bodies play a pivotal role in facilitating successful M&A activity by streamlining

approval mechanisms, ensuring timely clearances, and providing policy support that encourages consolidation without compromising financial stability or consumer protection. A responsive regulatory environment can significantly reduce transaction costs and accelerate post-merger integration.

Post-merger management should prioritize the realization of operational synergies, such as cost efficiencies, process optimization, and resource reallocation. Simultaneously, efforts must be directed toward restoring and enhancing shareholder confidence through transparent financial reporting, consistent dividend policies, and strategic growth initiatives. The long-term success of any merger hinges not only on financial metrics but also on the institution's ability to harmonize operations and deliver sustained value to its stakeholders.

Conclusion: The study concludes that mergers and acquisitions (M&A) serve as potent strategic instruments for enhancing financial performance and augmenting shareholder value within the banking sector. When executed with precision, M&A initiatives can lead to improved profitability, operational efficiency, and market competitiveness. However, the success of such consolidation efforts is not guaranteed by the transaction alone—it is contingent upon meticulous pre-merger planning, seamless execution, and robust post-merger integration frameworks.

The findings underscore the necessity of aligning short-term transitional management with long-term strategic objectives. While M&A activities often entail temporary disruptions—such as cultural dissonance, workforce realignment, and system integration challenges—these must be proactively managed to unlock the full spectrum of anticipated synergies. Institutions that effectively navigate this balance are better positioned to deliver sustained value to shareholders, enhance institutional resilience, and contribute meaningfully to sectoral stability.

Ultimately, the study reinforces the notion that M&A in banking is not merely a financial transaction but a complex transformation process requiring strategic foresight, stakeholder engagement, and adaptive leadership.

References:-

1. Ghosh, A. (2017). *Mergers, Acquisitions and Corporate Restructuring*. New Delhi: PHI Learning.
2. Srivastava, R. M., & Nigam, D. (2018). *Management of Financial Institutions*. New Delhi: Himalaya Publishing House.
3. Khan, M. Y., & Jain, P. K. (2020). *Financial Management: Text, Problems and Cases* (8th ed.). New Delhi: McGraw Hill Education.
4. Reddy, P. N. (2019). *Mergers and Acquisitions: Indian Perspectives*. Hyderabad: Himalaya Publishing House.
5. Sasikala, S., & Sudha, B. (2022). *Post-Merger Performance of the State Bank of India: An Analysis*. Karaikudi: Department of Banking Management, Alagappa University.

✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 में योग का कार्यान्वयन एवं महत्त्व

डॉ. नीता मौर्य * डॉ.अवधेश कुमार मौर्य **

*** सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र) श्री शिवा डिग्री महाविद्यालय, तेरही कप्तानगंज, आजमगढ़ (उ.प्र.) भारत**
**** लेक्चरर (मनोविज्ञान) राजकीय इंटर कॉलेज, माताटीला ललितपुर (उ.प्र.) भारत**

शोध सारांश – नई शिक्षा नीति (NEP 2020) भारत की शिक्षा प्रणाली में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने का एक महत्त्वपूर्ण प्रयास है। यह नीति समग्र शिक्षा को बढ़ावा देने पर बल देती है, जिसमें शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास शामिल है। योग, जो भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है, NEP 2020 में समग्र विकास के लिए एक महत्त्वपूर्ण उपकरण के रूप में उभरता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, जिसे सामान्यत: NEP 2020 के रूप में संक्षिप्त किया जाता है, ने पूर्ववर्ती राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 की जगह ली है। इसका अकादमिक समुदाय द्वारा बड़े उत्साह के साथ स्वागत किया गया है और इसे भारत भर में सफलतापूर्वक लागू किया जा रहा है। कई शिक्षाविद, छात्र और यहाँ तक कि नीति विशेषज्ञ भी इस नीति की क्षमता के प्रति अनिश्चित और संदेह में थे कि क्या यह शिक्षा परिणामों के मौजूदा स्थिति के बीच बढ़ते अंतर को भर सकेगी। इस शोध का उद्देश्य है कि इसे समझा जा सके। 2020 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संबंध में सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि यह नीति छात्रों के व्यक्तित्व विकास में कैसे योगदान देगी। इस शोध पत्र के लेखक इस मौलिक प्रश्न का उत्तर देते हैं और छात्र के समग्र व्यक्तित्व के विकास में योग की भूमिका पर भी विचार करते हैं। यह शोध पत्र NEP 2020 के उद्देश्यों, योग के शैक्षिक महत्व, और दोनों के समन्वय से शिक्षा में होने वाले संभावित परिवर्तनों का विश्लेषण करता है।

शब्द कुंजी – शिक्षा पर राष्ट्रीय नीति 1986, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, भारतीय ज्ञान प्रणाली, आत्मनिर्भरता, योग।

प्रस्तावना – भारत सरकार द्वारा जुलाई 2020 में लागू की गई नई शिक्षा नीति (NEP 2020) का उद्देश्य 21वीं सदी की आवश्यकताओं के अनुरूप एक ऐसी शिक्षा प्रणाली विकसित करना है जो न केवल बौद्धिक विकास को बढ़ावा दे, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास को भी सुनिश्चित करे। NEP 2020 में नैतिकता, मूल्य-आधारित शिक्षा, और भारतीय संस्कृति के तत्वों को शामिल करने पर जोर दिया गया है। इस संदर्भ में, योग, जो शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति, और आत्म-अनुशासन को बढ़ावा देता है, शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। यह शोध पत्र NEP 2020 के ढांचे में योग के समावेश की संभावनाओं और इसके प्रभावों की पड़ताल करता है। यह नीति वैश्विक शिक्षा विकास के एजेंडे को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है, जैसा कि 2030 के स्थायी विकास एजेंडे के स्थायी विकास लक्ष्य 4 (SDG4) में प्रस्तावित किया गया है, जिसे भारतीय सरकार ने 2015 में आधिकारिक रूप से अनुमोदित और अपनाया था। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 छात्रों में सृजनात्मकता के विकास पर बहुत जोर देती है। यह नीति भारत के शिक्षा क्षेत्र को पर्याप्त रूप से बदलने और विकसित करने का इरादा रखती है। व्यक्तित्व का समग्र विकास प्रत्येक व्यक्ति की भविष्य की संभावनाओं के समग्र विकास को दर्शाता है। इसका मूलत: अर्थ है कि हर व्यक्ति में तार्किक, संज्ञानात्मक, शारीरिक, प्रदर्शनी, दार्शनिक और आध्यात्मिक क्षमताओं का विस्तार, वृद्धि और विकास किया जाए, ताकि हर व्यक्ति आधुनिक दुनिया में जीवन की मांगों, जरूरतों और चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हो सके, विशेष रूप से महामारी के बाद की स्थिति में। ऊपर उल्लेखित अनुसार, ये कौशल और योग्यता की श्रंखला व्यक्तिगत और पेशेवर प्रयासों के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता और विजय हासिल करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

NEP 2020 भारत की शिक्षा प्रणाली को लचीला, समावेशी, और रोजगारोन्मुख बनाने पर केंद्रित है। यह नीति 5+3+3+4 की नई संरचना, बहुभाषी शिक्षा, और प्रौद्योगिकी के उपयोग को प्रोत्साहित करती है। इसके अतिरिक्त, यह शारीरिक शिक्षा, कला, और भारतीय संस्कृति के तत्वों को पाठ्यक्रम में शामिल करने पर बल देती है। योग, जो प्राचीन भारतीय दर्शन का हिस्सा है, मानसिक स्वास्थ्य, एकाग्रता, और तनाव प्रबंधान में सहायक है। विभिन्न अध्ययनों (Telles et al-, 2013) ने प्रमाणित किया है कि नियमित योग अभ्यास से विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धियां और भावनात्मक स्थिरता में सुधार होता है। UNESCO (2021) ने भी योग को शिक्षा में समग्र विकास के लिए एक प्रभावी उपकरण माना है।

उद्देश्य:

1. NEP 2020 के प्रमुख प्रावधानों और समग्र शिक्षा के दृष्टिकोण को समझना।
2. योग के शैक्षिक और मनोवैज्ञानिक लाभों का विश्लेषण करना।
3. NEP 2020 के अंतर्गत योग के समावेश की संभावनाओं और चुनौतियों का मूल्यांकन करना।

नई शिक्षा नीति 2020: प्रमुख विशेषताएं-

1. **समग्र और बहु-आयामी शिक्षा:** NEP 2020 का लक्ष्य विद्यार्थियों के बौद्धिक, शारीरिक, और भावनात्मक विकास को संतुलित करना है।
2. **भारतीय संस्कृति का समावेश:** नीति में भारतीय ज्ञान परंपराओं, जैसे वेद, उपनिषद, और योग, को पाठ्यक्रम में शामिल करने की

सिफारिश की गई है।

3. **शारीरिक शिक्षा और कल्याण:** शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए खेल और योग को अनिवार्य करने का प्रावधान है।
4. **लचीलापन और रचनात्मकता:** विद्यार्थियों को अपनी रुचि के अनुसार विषय चुनने की स्वतंत्रता दी गई है, जिसमें योग और ध्यान जैसे वैकल्पिक विषय शामिल हो सकते हैं।

योग का शैक्षिक महत्व– योग एक समग्र प्रणाली है जो शारीरिक आसन, प्राणायाम, ध्यान, और नैतिक सिद्धांतों को जोड़ती है। शिक्षा के संदर्भ में योग के निम्नलिखित लाभ हैं:

1. **मानसिक स्वास्थ्य:** योग तनाव और चिंता को कम करता है, जो विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है।
2. **एकाग्रता और स्मृति:** ध्यान और प्राणायाम मस्तिष्क की कार्यक्षमता को बढ़ाते हैं, जिससे शैक्षिक प्रदर्शन में सुधार होता है।
3. **शारीरिक स्वास्थ्य:** आसन और व्यायाम शारीरिक लचीलापन और प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करते हैं।
4. **नैतिक विकास:** यम और नियम जैसे योग के सिद्धांत विद्यार्थियों में नैतिकता और अनुशासन विकसित करते हैं।

NEP 2020 में योग का समावेश – NEP 2020 में योग को शामिल करने के लिए निम्नलिखित उपाय किए जा सकते हैं:

1. **पाठ्यक्रम में योग:** प्राथमिक स्तर से लेकर उच्च शिक्षा तक योग को एक अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में शामिल किया जा सकता है।
2. **शिक्षक प्रशिक्षण:** शिक्षकों को योग और ध्यान के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में शामिल किया जाए ताकि वे इसे प्रभावी ढंग से पढ़ा सकें।
3. **स्कूलों में योग सत्र:** दैनिक समय-सारिणी में योग और ध्यान के लिए समय निर्धारित किया जाए।
4. **जागरूकता अभियान:** विद्यार्थियों और अभिभावकों को योग के लाभों के बारे में जागरूक करने के लिए कार्यशालाएं आयोजित की जाएं।

योग और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 – मानव शरीर की स्वस्थ अस्तित्व के लिए अपनी आवश्यकताएँ होती हैं। इसका अर्थ है कि मानव शरीर के सभी अंगों और अंग प्रणाली का विकास सही तरीके से होना चाहिए ताकि वे स्वस्थ तरीके से कार्य कर सकें। यह बात मानव मन के लिए भी सत्य है। इस प्रकार, योग को भारत के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के सभी छात्रों को प्रभावी ढंग से सिखाना चाहिए ताकि मन, शरीर और आत्मा का समग्र और समग्र विकास हो सके। एक स्वस्थ मन तभी विकसित किया जा सकता है जब वह किसी बीमारी से रहित स्वस्थ शरीर में हो। योगिक प्रथाएँ जैसे यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और बंधा आदि मानसिक, भावनात्मक, संज्ञानात्मक, आध्यात्मिक और शारीरिक स्वास्थ्य में अत्यधिक प्रभावी साबित हुए हैं।मनुष्यों के विकास के लिए। इस प्रकार, भारत में वर्तमान शिक्षा प्रणाली के लिए यह बहुत आवश्यक है कि वह योग के विभिन्न स्कूलों और प्राचीन भारत की योग विद्या पर गहन अनुसंधान करने के लिए व्यापक और विशद शोध ढांचे का विकास करे। एक समग्र चरित्र का विकास और समग्र सामाजिकता कुछ मुख्य आवश्यकताएँ हैं ताकि एक समान, शिक्षित और प्रबुद्ध समाज का उदय हो सके। इसलिए, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को योग के सार्वभौमिक दर्शन को लागू करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए क्योंकि योग के मुख्य सिद्धांत और एक छात्र की व्यक्तित्व का समग्र विकास दोनों आपस में जुड़े और निर्भर हैं। इसके परिणामस्वरूप, यह शोध सुझाव देने के लिए है कि भारतीय सरकार को योग से संबंधित शिक्षा के सुधार और उन्नति के लिए मजबूत शोध और शैक्षिक ढांचे का विकास करना चाहिए, क्योंकि यही एकमात्र समाधान और प्रक्रिया है जिसके द्वारा भारत के प्रत्येक छात्र को लाभ हो सकता है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सफल कार्यान्वयन के लिए एक व्यावहारिक दृष्टिकोण और तर्कसंगत दृष्टिकोण आवश्यक शर्तें हैं। इसके अलावा, भारतीय सरकार को वास्तविक समय, व्यावहारिक मूल्यांकन विधियों और प्रक्रियाओं के विकास और उन्नयन के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए, जो एक छात्र को आवश्यकतानुसार सीखने, पुन: सीखने और अनसीखने की अनुमति दें। प्रत्येक व्यक्ति के सर्वांगीण संज्ञानात्मक और आध्यात्मिक विकास के लिए शैक्षणिक समुदाय द्वारा प्रभावी रणनीतियों का कार्यान्वयन किया जाना चाहिए। इसके लिए आवश्यक होगा कि परामर्श, परामर्शात्मक और अन्य अनुसंधान ढांचों की स्थापना की जाए, जिनका उपयोग बाल मनोविज्ञान, शिक्षण विधि और बच्चों के आध्यात्मिक विकास पर व्यापक और गहन अनुसंधान करने के लिए किया जा सके। भारत की शिक्षा प्रणाली दिन-प्रतिदिन सुधारित हो रही है।

भारतीय ज्ञान प्रणाली 1986 की शिक्षा नीति में, संस्कृति और भाषाओं को शिक्षा में शामिल किया गया था। लेकिन इसे महत्व नहीं दिया गया। इसलिए, इसका कोई अनुसंधान नहीं किया गया। जैसे-जैसे विदेशी भाषाओं का उपयोग और विदेशों में रोजगार के अवसरों का आकर्षण बढ़ा, भारतीय ज्ञान का अधिग्रहण और अनुसंधान उपेक्षित हो गया। विभिन्न भारतीय भाषाओं और संस्कृतियों की स्थिति उस क्षेत्र तक सीमित रह गई। इस ज्ञान का उपयोग दुनिया भर में किया जा सकता है, यदि ज्ञान की इन शाखाओं को शिक्षा क्षेत्र में शामिल किया जाए, तो आज के छात्रों को अनुसंधान और रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। आकर्षण के कारण, विदेशी जाने की प्रवृत्ति कम होगी और छात्रों की कलात्मकता और कौशल को बढ़ावा दिया जाएगा और यह भारतीय ज्ञान की विश्व के सामने महत्वपूर्णता बढ़ाएगा।

विद्यार्थियों में अभिक्षमता कि खोज और योग की आवश्यकता–

1. राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सिद्धांतों के अनुसार, हर छात्र की विशेष क्षमताओं को खोजने और उन्हें विकसित करने का प्रयास किया जाना चाहिए।
2. रचनात्मकता और तार्किक सोच का योगिक विकास ।
3. योग के द्वारा नैतिक, मानव और संवैधानिक मूल्य।
4. जीवन के मूल्य जैसे संचार, सहयोग, टीमवर्क और लचीला होना।
5. अपने भारतीय मूल, भारत और भारत की समृद्ध और विविध प्राचीन और आधुनिक संस्कृति, ज्ञान प्रणालियों और परंपराओं पर गर्व करना चाहिए।

योग का अंतरराष्ट्रीयकरण – जब से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस शुरू हुआ है, योग का प्रचार और प्रसार भारत और दुनिया भर में शुरू हुआ है। योग में अंतरराष्ट्रीय रुचि बढ़ रही है, इसलिए भारत के बाहर के छात्रों को भारतीय शिक्षा प्रणाली में आसानी से समाहित किया जा सकता है। योग अभ्यास सामाजिक प्रतिबद्धता को बढ़ाता है। इसके अलावा, व्यक्तिगत विकास के साथ-साथ सामाजिक विकास के लिए, योग का पूरा प्रशिक्षण मुख्य शिक्षा में शामिल करना आवश्यक और फायदेमंद होगा। योग एक कौशल है और इसके माध्यम से आत्म-नियोजित अवसर प्राप्त किए जा सकते हैं। इसलिए,

इसे कौशल पाठ्यक्रम में शामिल किया जा सकता है। योग, प्राथमिक चिकित्सा के रूप में, सहायक चिकित्सा की एक शाखा होने के नाते AYUSH मंत्रालय के अंतर्गत आता है, साथ ही यह इम्युनिटी को बढ़ाता है। भारतीय भाषाओं, कला और संस्कृति का प्रचार: योग शाखा को भारतीय ज्ञान संस्कृति में महत्वपूर्ण माना गया है। योग प्रशिक्षण को हर जगह शामिल किया जा सकता है।

शिक्षा प्रणाली को देश की आर्थिक स्थिति और शासकों की नीति के अनुसार माना गया। यह विभिन्न शैक्षिक नीतियों से स्पष्ट है। इस विषय में विभिन्न परिवर्तन भी किए गए। समाज के सभी स्तरों तक शिक्षा पहुँचाने के लिए विभिन्न प्रयास किए गए। हालाँकि, भारतीय ज्ञान प्रणाली पर कोई जोर नहीं दिया गया। इन नीतियों की समीक्षा करते हुए, उनके लिए समितियाँ और उनके कार्यान्वयन, 'नई शिक्षा नीति 2020' में भारतीय ज्ञान पर आधारित विभिन्न ज्ञान शाखाओं के समावेश पर यहाँ प्रकाश डाला गया है। योग एक सार्वभौम विषय है। योग और संस्कृत भाषा से संबंधित शोध विषय हो सकते हैं। योग एक चिकित्सा विधि है, इसलिए इसे स्वास्थ्य अनुशासनों में शामिल किया जा सकता है। यदि हम योग पर विचार करें, तो इसे खेलों में शामिल किया जाएगा। ध्यान की विधि में योग केवल आत्मिक प्रगति का एक चरण नहीं है, बल्कि मानसिक विकारों में भी उपयोगी है, योग का विषय मनोविज्ञान से संबंधित है। इसी कारण से योग को भारतीय मनोविज्ञान भी कहा जाता है। योग शास्त्र में यम-नियम लोगों और समाज के लिए उपयोगी हैं। चूंकि इस क्षेत्र का अंतरराष्ट्रीय दायरा है, योग नौकरी के अवसरों और बाजारों के क्षेत्र में भी उपयोगी है। यही कारण है कि नए शिक्षा नीति में उल्लेखित प्राथमिक शिक्षा से लेकर पीएचडी तक योग का विषय शामिल करना संभव और आवश्यक है।

चुनौतियां:

1. **बुनियादी ढांचे की कमी:** ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में योग प्रशिक्षण के लिए स्थान और संसाधनों की कमी हो सकती है।
2. **प्रशिक्षित शिक्षकों की कमी:** योग को प्रभावी ढंग से पढ़ाने के लिए प्रशिक्षित शिक्षकों की आवश्यकता है।
3. **सांस्कृतिक भ्रांतियां:** कुछ समुदायों में योग को धार्मिक प्रथा मानने की गलतफहमी हो सकती है।
4. **समय प्रबंधन:** पहले से ही भारी पाठ्यक्रम में योग को शामिल करना समय प्रबंधन की चुनौती पैदा कर सकता है।

संभावित समाधान:

1. **डिजिटल संसाधन:** ऑनलाइन योग सत्र और ऐप्स के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में योग शिक्षा प्रदान की जा सकती है।
2. **सार्वजनिक-निजी भागीदारी:** योग प्रशिक्षण के लिए गैर-सरकारी संगठनों और निजी संस्थानों के साथ सहयोग किया जा सकता है।
3. **जागरूकता:** योग को वैज्ञानिक और समावेशी दृष्टिकोण से प्रस्तुत कर सांस्कृतिक भ्रांतियों को दूर किया जाए।

निष्कर्ष- नई शिक्षा नीति 2020 और योग का समन्वय भारत की शिक्षा प्रणाली को समग्र, समावेशी, और भविष्योन्मुख बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम हो सकता है। योग न केवल विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि उनमें नैतिकता, अनुशासन, और आत्म-जागरूकता जैसे गुणों का भी विकास करता है। हालांकि, इसके प्रभावी कार्यान्वयन के लिए बुनियादी ढांचे, प्रशिक्षण, और जागरूकता जैसे क्षेत्रों में निवेश की आवश्यकता है। यदि इन चुनौतियों का समाधान किया जाए, तो NEP 2020 के माध्यम से योग शिक्षा में एक नए युग की शुरुआत कर सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय।
2. Telles, S-, et al- (2013)- "Effect of Yoga on Cognitive Functions in School Children" Journal of Alternative and Complementary Medicine.
3. UNESCO (2021)- "Yoga in Education" A Holistic Approach.
4. पतंजलि योग सूत्र, स्वामी विवेकानंद।
5. National Education Policy 2020, Ministry of Human Resource Development, Government of India, https://www.education.gov.in.
6. National Education Policy 2020, WIKIPEDIA, https://en.m.wikipedia.org/wiki/National_Education_Policy_2020.
7. Singh, R. @Ray of thought (2021). New Education Policy: Advantages & Disadvantages, READERS' BLOG, Times of India, India Times, https://timesofindia.indiatimes.com/readersblog/ray-of-thought/new-education-policyadvantages- disadvantages-32468/.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भारतीय शिक्षा में आयुर्वेदिक ज्ञान का महत्व

डॉ. मंजुला निंगवाल*

* सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (इतिहास) भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महू (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – आयुर्वेद हमें स्वस्थ जीवन की दिशा हजारों वर्षों से दिखा रहा है। प्राचीन भारत में आयुर्वेद को स्वस्थ जीवन शैली का सर्वोत्तम मंत्र माना गया है। आधुनिक जीवन शैली में हमें मन और आत्मा का ध्यान रखने के लिए आयुर्वेदिक तौर तरीकों की आवश्यकता है। हम विकसित भारत की कल्पना को साकार तभी कर पाएंगे जब मानसिक रूप से पूर्ण विकसित व स्वस्थ्य होंगे। भारत की आयुर्वेदिक उपचार प्रणालियां वर्षों पुरानी है जो मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करती है। यह मन ,शरीर और आत्मा का सम्बोधन है। यह मनुष्य की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है, दैनिक तनावों से दूर रखता है, तथा स्वस्थ शरीर प्रदान करता है।

शब्द कुंजी – आयुर्वेद,रोग प्रतिरोधक क्षमता, विकसित भारत, दैनिक तनाव, मानसिक स्वास्थ्य।

प्रस्तावना –आयुष चिकित्सा, पद्धतियां भारत की पारंपरिक और वैकल्पिक स्वास्थ्य प्रणालियों हैं। जिनमें आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी शामिल है। ये प्रणालियां भारत की प्राचीन चिकित्सा परंपराओं और ज्ञान पर आधारित है। आयुष का अर्थ अंग्रेजी AYUSH,A-आयुर्वेद, Y-योग और प्राकृतिक चिकित्सा,U-यूनानी,S-सिद्ध,H-होम्योपैथी है। लगभग 1000 ईसा पूर्व आयुर्वेद के ज्ञान का व्यापक दस्तावेज चरक द्वारा चरक संहिता में और सुश्रुत द्वारा सुश्रुत संहिता में किया गया था। आयुर्वेद का सिद्धांत पांच मूल तत्वों (आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथ्वी) और त्रिदोष(वात,पित्त, कफ) की अवधारणा पर आधारित है। आयुर्वेद में उपचार व्यक्तिगत होता है। 'आयुर्वेद' शब्द संस्कृत के 'आयु' (जीवन) और वेद (विज्ञान/ज्ञान) शब्दों से बना है, जिसका अर्थ है जीवन का विज्ञान। इसका मुख्य उद्देश्य स्वस्थस्य स्वास्थ्य रक्षणम आतुरस्य विकार प्रशमन है। जिसका अर्थ है, स्वास्थ्य का प्रसार करना और रोगों का निवारण करना। आयुर्वेदिक चिकित्सक बीमारी का निदान करने के लिए विभिन्न तरीकों का उपयोग करते हैं जिनमें नाड़ी (नब्ज) मूत्र ,मल, जीभ,वाणी, स्पर्श ,दृष्टि और आकृति(रूप) शामिल है।

आधुनिकीकरण और विकास के दौर में मनुष्य एक मशीन बन गया है तकनीकी क्रांति के बाद से मानवीय आदतों में भारी बदलाव आया है पहले की सक्रिय और गतिशील जिंदगी अब लैपटॉप वाले छोटे से केबिन तक सीमित हो गई है। आधुनिकीकरण के लाभों के लिए मानव जाति ने निश्चित रूप से अपने स्वास्थ्य के मामले में भारी कीमत चुकाई है। इस बड़ी समस्या का व्यापक समाधान आयुर्वेद है। यह प्राचीन पारंपरिक विज्ञान अपने अनुठे दृष्टिकोण के कारण विशिष्ट है।

आयुर्वेद को दुनिया के 24 देश में मान्यता प्राप्त है और आयुर्वेदिक उत्पादों का निर्यात 100 से अधिक देशों में होता है। व्यापार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के माध्यम से आयुर्वेद विश्व स्तर पर फैल गया है पुराणों में धन्वंतरि का उल्लेख आयुर्वेद के देवता के रूप में किया गया है। 2016 में भारत सरकार ने धन्वंतरि की जंयती को राष्ट्रीय दिवस के रूप में घोषित किया गया है। साथ ही 23 सितंबर को आयुर्वेद दिवस के रूप में घोषित करके भारत ने आयुर्वेद को एक वैश्विक कैलेंडर पहचान दी है। 2025 में अंतरराष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस की थीम हैश लोगों और ग्रह के लिए आयुर्वेद, जिसमें वैश्विक कल्याण और पर्यावरणीय स्थिरता पर जोर दिया जाएगा।

शोध उद्देश्य:

1. इस शोध पत्र का मुख्य उद्देश्य यह पता लगाना है कि भारतीय शिक्षा प्रणाली में आयुर्वेद को जोड़ने से विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर जो प्रभाव पड़ेगा उससे देश के भावी पीढ़ी के जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा या नहीं।
2. यह जानना कि सरकार द्वारा आयुर्वेद को भारतीय पाठ्यक्रम में लागू करने से विकसित भारत के सपने को साकार किया जा सकेगा या नहीं, व पाठ्यक्रम में आयुर्वेद की नवीन विचारधारा किस प्रकार प्रभावी ढंग से कार्य कर सकेगी।

शोध पद्धति – प्रस्तुत शोध पत्र में शोध अध्ययन हेतु द्वितीयक स्रोतों के माध्यम से तथ्य एकत्र किए गए हैं। इस हेतु विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं , पुस्तकों, समाचार पत्र, जर्नल्स ,चरक संहिता आदि का प्रयोग किया गया है।

हमारी शिक्षा में आयुर्वेद का महत्व अनेक दृष्टिकोण में बहुत बड़ा है यह न केवल प्राचीन भारतीय चिकित्सा प्रणाली है बल्कि एक जीवन शैली और स्वास्थ्य को संतुलित रखने का विज्ञान भी है शिक्षा के क्षेत्र में आयुर्वेद का महत्व इस प्रकार है:

1. **स्वस्थ्य जीवन शैली –** आयुर्वेद सिर्फ रोगों के इलाज की प्रणाली नहीं है, बल्कि यह हमें सही जीवन शैली,आहार विहार और मानसिक संतुलन बनाए रखने का तरीका सिखाता है।इसे शिक्षा में शामिल करके विधार्थियों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा सकता है।
2. **गर्वित परंपरा –** आयुर्वेद भारत की प्राचीन धरोहर है इसे शिक्षा का हिस्सा बनाकर विद्यार्थी अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ सकते हैं और भारतीय ज्ञान परंपरा को गर्व के साथ स्वीकार कर सकते हैं।

3. समग्र विकास – आयुर्वेद शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आध्यात्मिक पहलुओं पर आधारित है, इसे शिक्षा में शामिल करने से विद्यार्थियों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सकता है।

4. स्वास्थ्य शिक्षा – वर्तमान समय में बढ़ती बीमारियों और तनावपूर्ण जीवन शैली को देखते हुए आयुर्वेद का ज्ञान हर छात्र के लिए उपयोगी है। इससे विद्यार्थी कम उम्र में ही स्वास्थ्य के प्रति सजग हो सकते हैं।

5. रोजगार और उद्यमिता के सुअवसर – आयुर्वेदिक चिकित्सा, दवाईयों का निर्माण, वेलनेस सेंटर और योग– प्रशिक्षण जैसे क्षेत्रों में रोजगार के असीम अवसर है। आयुर्वेद को शिक्षा का हिस्सा बनाने से विद्यार्थियों को इन क्षेत्रों में रोजगार के लिए तैयार किया जा सकता है।

जैसे प्रमुख रोजगार क्षेत्र :

1. आयुर्वेदिक चिकित्सक
2. आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट
3. आयुर्वेदिक स्वास्थ्य सलाहकार
4. आयुर्वेदिक शोधकर्ता (हर्बल दवाओं के विकास और उनके प्रभावों पर शोध करना)
5. आयुर्वेदिक शिक्षण कार्य
6. आयुर्वेदिक उद्यमी (स्वयं का आयुर्वेदिक उत्पाद ब्रांड या वैलनेस क्लिनिक शुरू करना)
7. आयुर्वेदिक कल्याण केंद्र चलाना
8. आयुर्वेदिक उत्पाद निर्माण कंपनियों में कार्यरत होना, नवाचार में संलग्न होना।

6. प्राकृतिक चिकित्सा पर बल – आयुर्वेद ,प्रकृति और पर्यावरण के साथ सामंजस्य की शिक्षा देता है। इसे पढ़कर प्राकृतिक चिकित्सा हर्बल मेडिसिन और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझ सकते हैं।

7. विकसित वैज्ञानिक दृष्टिकोण – आयुर्वेद केवल परंपरागत ज्ञान नहीं है, बल्कि इसमें कई वैज्ञानिक अवधारणाएं छिपी है। इसे आधुनिक शिक्षा के साथ जोड़कर वैज्ञानिक शोध और नवाचार को बढ़ावा दिया जा सकता है।

8. योग और ध्यान का समायोजन – योग और आयुर्वेद एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। शिक्षा ने आयुर्वेद के साथ योग और ध्यान को शामिल करने से विद्यार्थियों का मानसिक– शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर हो सकता है ,और उनकी एकाग्रता बढ़ सकती है। आयुर्वेद भारतीय पारंपरिक चिकित्सा पद्धति है जो शारीरिक, मानसिक और आत्मिक संतुलन को बनाए रखने पर जोर देती है। यह न केवल उपचार के लिए बल्कि रोगों की रोकथाम और जीवन शैली सुधार के लिए भी प्रभावी है। आयुर्वेद का प्रभाव आज दुनिया भर में बढ़ रहा है। खासकर जब लोग प्राकृतिक और समग्र स्वास्थ्य उपचार की ओर रूख कर रहे हैं। आयुर्वेद के सिद्धांतों पर आधारित चिकित्सा पद्धतियां और औषधियां आजकल अंतरराष्ट्रीय चिकित्सा संस्थानों में भी महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त कर रही है। इसके जड़ी– बूटियां और प्राकृतिक उपचारों का उपयोग आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों में भी किया जा रहा है, और इसके प्रभाव को वैश्विक स्तर पर पहचाना जा रहा है।

आयुर्वेद के महत्व को कई महापुरुषों और ज्ञानियों ने अपने विचार व्यक्त किए हैं इन विचारों में प्रसिद्ध उदाहरण इस प्रकार है:

चरक संहिता के अनुसार–आयुर्वेद का कार्य केवल रोग का उपचार नहीं है, बल्कि यह जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने, शरीर को स्वस्थ रखने और लंबी उम्र जीने के उपायों को सिखाता है।

विवेकानंद जी के अनुसार– आयुर्वेद वह अमूल्य धरोहर है जो जीवन के प्रत्येक पहलू को समग्र रूप में देखती है। और हमें स्वस्थ रखने के लिए प्राकृतिक उपचारों की और मार्गदर्शन करती है।

इन उदाहरणों से स्पष्ट होता है कि आयुर्वेद न केवल शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखता है, बल्कि यह मानसिक और आत्मिक शक्ति के लिए भी एक प्रभावी उपाय है। आयुर्वेद की यह समग्र दृष्टि जीवन को और अधिक संपन्न और संतुलित बनाने में मदद करती है।

निष्कर्ष– इंडियन नॉलेज सिस्टम और आयुर्वेद का योगदान न केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में महत्वपूर्ण है। भारत को अपनी पारंपरिक ज्ञान प्रणाली को वैश्विक स्तर पर प्रोत्साहित करने और इसे संरक्षण और संवर्धन की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है। आयुर्वेद का प्रभाव आज दुनिया भर में बढ़ रहा है, खासकर जब लोग प्राकृतिक और समग्र स्वास्थ्य उपचार की ओर रुख कर रहे हैं। आयुर्वेद के सिद्धांतों पर आधारित चिकित्सा पद्धतियां और औषधीयां आजकल अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सा संस्थानों में भी महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त कर रही है। इसकी जड़ी बूटियों और प्राकृतिक उपचारों का उपयोग आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों में भी किया जा रहा है ,और इसके प्रभाव को वैश्विक स्तर पर पहचाना जा रहा है। आयुर्वेदिक पद्धति सस्ती और सुलभ है, इसे शिक्षा में शामिल करके हर वर्ग के लोगों को सरल और प्राकृतिक तरीके से स्वास्थ्य सुधारने का ज्ञान दिया जा सकता है।

इस प्रकार आयुर्वेद स्वास्थ्य पर्यटन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, यह प्राकृतिक चिकित्सा प्रदान कर लोगों को समग्र रूप से स्वस्थ होने में मदद करता है। विद्यार्थी स्वास्थ्य पर्यटन में भी अपना करियर बना सकते हैं। इसके अंतर्गत 12वीं के बाद मेडिकल टूरिज्म में स्नातक किया जा सकता है ,हेल्थ केयर मैनेजमेंट में मास्टर डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। इनमें डिप्लोमा कोर्स भी उपलब्ध है।

इस प्रकार आयुर्वेद को हमारी शिक्षा प्रणाली में शामिल करना न केवल छात्रों के स्वास्थ्य और विकास के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि यह भारतीय संस्कृति और परंपरा को सहजने और आगे बढ़ाने का भी एक प्रभावी माध्यम है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :–

1. रोग चिकित्सा की चमत्कारी औषधियां, आचार्य विद्याधर शुक्ल ,पृ16
2. आयुर्वेदिक चिकित्सा, वैद्य सुरेश चतुर्वेदी, पृ 9
3. वृहद आयुर्वेदिक चिकित्सा, डॉ. ओम् प्रकाश सक्सेना,पृ 52
4. आयुर्वेद सार संग्रह, श्री वैद्यनाथ आयुर्वेद भरन,पृ 17–18
5. चरक संहिता

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भारतीय ज्ञान परंपरा और अर्थशास्त्र

डॉ. ममता पंवार*

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शास. माधव महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – यह शोध पत्र भारतीय ज्ञान परंपरा में निहित आर्थिक विचारों और सिद्धांतों की पड़ताल करता है। यह तर्क देता है कि आधुनिक अर्थशास्त्र के विपरीत, भारतीय दृष्टिकोण में आर्थिक गतिविधियों को धर्म (नैतिकता), अर्थ (धन), काम (इच्छा), और मोक्ष (मुक्ति) के चौगुटे (चतुर्वर्ग) के व्यापक ढांचे के भीतर देखा गया है। इस पत्र में प्राचीन भारतीय ग्रंथों जैसे वेदों, उपनिषदों, महाभारत, रामायण, और विशेष रूप से कौटिल्य के अर्थशास्त्र में पाए गए आर्थिक सिद्धांतों का विश्लेषण किया गया है। इसका उद्देश्य यह दिखाना है कि प्राचीन भारतीय विचारकों ने न केवल आर्थिक पहलुओं पर गहन चिंतन किया, बल्कि एक ऐसे समावेशी और संतुलित मॉडल का प्रस्ताव भी रखा, जो व्यक्तिगत समृद्धि के साथ-साथ सामाजिक कल्याण और पारिस्थितिक संतुलन पर भी जोर देता है। यह शोध इस बात पर भी प्रकाश डालेगा कि आधुनिक अर्थशास्त्र के समक्ष मौजूद चुनौतियों, जैसे पर्यावरणीय गिरावट, असमानता और नैतिक शून्यता के समाधान के लिए भारतीय ज्ञान परंपरा से क्या सीखा जा सकता है।

अर्थशास्त्र का अध्ययन मानव समाज के लिए उतना ही पुराना है जितना कि सभ्यता। जबकि आधुनिक अर्थशास्त्र को अक्सर एडम स्मिथ के 'द वेल्थ ऑफ नेशंस' (1776) से उत्पन्न माना जाता है, भारतीय उपमहाद्वीप में आर्थिक विचारों का एक समृद्ध और जीवंत इतिहास रहा है, जो सहस्राब्दियों पुराना है। यह ज्ञान परंपरा न केवल धन और राजस्व के प्रबंधन तक सीमित थी, बल्कि इसमें नैतिकता, सामाजिक व्यवस्था और जीवन के अंतिम लक्ष्यों का भी समावेश था। भारतीय चिंतन में अर्थशास्त्र को अर्थ के रूप में जाना जाता है, जो जीवन के चार पुरुषार्थों में से एक है। पुरुषार्थ शब्द का अर्थ है, मानव जीवन के चार परम लक्ष्य। ये चार लक्ष्य हैंरू धर्म (नैतिक और धार्मिक कर्तव्य), अर्थ (आर्थिक समृद्धि), काम (इच्छाओं की पूर्ति), और मोक्ष (आध्यात्मिक मुक्ति)। इस ढांचे में, अर्थ को धर्म के नियमों के भीतर प्राप्त किया जाना चाहिए, जो इसे एक नैतिक और सामाजिक संदर्भ प्रदान करता है।

प्राचीन भारतीय ग्रंथों में आर्थिक विचार – भारतीय ज्ञान परंपरा में, आर्थिक सिद्धांतों को अलग से एक विषय के रूप में नहीं पढ़ाया गया था, बल्कि यह जीवन के अन्य पहलुओं के साथ गहराई से एकीकृत था।

वेदों और उपनिषदों में आर्थिक विचार – ऋग्वेद में व्यापार, कृषि, और पशुपालन से संबंधित संदर्भ मिलते हैं। यह समृद्धि और धन की कामना करता है, लेकिन इसे नैतिक और धार्मिक अनुष्ठानों से जोड़ता है। यजुर्वेद में कृषि पद्धतियों, पशुधन के महत्व और विनिमय के सिद्धांतों का उल्लेख है। अथर्ववेद में समृद्धि और भौतिक कल्याण के लिए प्रार्थनाएं हैं, साथ ही कृषि की उन्नति और व्यापार की सुरक्षा पर भी जोर दिया गया है। उपनिषद भौतिकता की सीमाओं पर बल देते हैं, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि वे धन का तिरस्कार करते हैं, बल्कि वे यह समझाते हैं कि धन को केवल अंतिम लक्ष्य नहीं माना जाना चाहिए। ईश उपनिषद में कहा गया है, 'तेन त्यक्तेन भुञ्जीथाः' (त्याग के साथ उपभोग करो)। यह सिद्धांत उपभोग में संयम और धन के संचय में परोपकार की भावना को प्रोत्साहित करता है।

महाभारत और रामायण में राजनैतिक-आर्थिक संरचना – महाभारत के शांति पर्व में, भीष्म पितामह युधिष्ठिर को राजधर्म और अर्थनीति के बारे में विस्तृत उपदेश देते हैं। इसमें कराधान, सार्वजनिक वित्त, और न्यायपूर्ण शासन के सिद्धांतों का वर्णन है। राजा का कर्तव्य प्रजा की संपत्ति की रक्षा करना और उन्हें आर्थिक रूप से समृद्ध बनाना था। रामायण में भी राम राज्य की अवधारणा एक आदर्श आर्थिक और सामाजिक व्यवस्था का प्रतीक है, जहाँ प्रत्येक व्यक्ति खुशहाल और समृद्ध था और कोई भी गरीब नहीं था। यह एक ऐसे राज्य की कल्पना है जहाँ धन का वितरण न्यायपूर्ण था और समाज में कोई असमानता नहीं थी।

कौटिल्य का अर्थशास्त्र: एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण – प्राचीन भारतीय आर्थिक विचारों का सबसे व्यवस्थित और वैज्ञानिक प्रतिनिधित्व चाणक्य के रूप में भी जाने जाने वाले कौटिल्य के अर्थशास्त्र में मिलता है। यह ग्रंथ, जो चौथी शताब्दी ईसा पूर्व के आसपास लिखा गया था, राज्य शिल्प , सैन्य रणनीति, और आर्थिक नीति पर एक व्यापक मैनुअल है। कौटिल्य का अर्थशास्त्र राजनीति और अर्थनीति के बीच एक गहरा संबंध स्थापित करता है।

मुख्य सिद्धांत

सप्तांग सिद्धांत – कौटिल्य के अनुसार, एक राज्य सात अंगों से मिलकर बनता है: स्वामी (राजा), अमात्य (मंत्री), जनपद (जनसंख्या और क्षेत्र), दुर्ग (किला), कोष (कोषालय), दण्ड (सेना), और मित्र (सहयोगी)। इनमें से, कोष (कोषालय या खजाना) को सबसे महत्वपूर्ण माना गया है, क्योंकि यह राज्य की स्थिरता और शक्ति का आधार है।

राज्य की भूमिका– कौटिल्य राज्य को केवल कानून और व्यवस्था बनाए रखने वाले के रूप में नहीं देखते थे, बल्कि वे उसे आर्थिक गतिविधियों को नियंत्रित और निर्देशित करने वाले के रूप में भी देखते थे। राज्य को कृषि को बढ़ावा देना चाहिए, सिंचाई की व्यवस्था करनी चाहिए, व्यापार मार्गों को सुरक्षित करना चाहिए, और सार्वजनिक निर्माण कार्यों जैसे सड़कों और

पुलों का निर्माण करना चाहिए।

कराधान– कराधान को एक न्यायसंगत और पारदर्शी प्रणाली के रूप में वर्णित किया गया है। कौटिल्य का मानना था कि कर इस तरह से लगाए जाने चाहिए कि वे उत्पादन को बाधित न करें, ठीक उसी तरह जैसे फ्लूलों से मधु इकट्ठा करने वाली मधुमक्खीष।

व्यापार और वाणिज्य– कौटिल्य ने व्यापार को विनियमित करने और धोखाधड़ी को रोकने के लिए नियमों का सुझाव दिया। उन्होंने माप और तौल के मानकों को मानकीकृत करने, बाजारों का निरीक्षण करने और एकाधिकार को रोकने के महत्व पर बल दिया।

आधुनिक अर्थशास्त्र से तुलना और भारतीय मॉडल की प्रासंगिकता– आधुनिक अर्थशास्त्र अक्सर व्यक्तिवादी दृष्टिकोण पर आधारित होता है, जहाँ उपभोक्ता की अधिकतम उपयोगिता और फर्म की अधिकतम लाभप्रदता प्रमुख लक्ष्य हैं। इसके विपरीत, भारतीय आर्थिक मॉडल सामाजिक कल्याण, नैतिकता, और पर्यावरणीय स्थिरता को केंद्र में रखता है।

भिन्नताएं

उद्देश्य– आधुनिक अर्थशास्त्र का मुख्य उद्देश्य आर्थिक विकास (जीडीपी वृद्धि) और धन सृजन है, जबकि भारतीय परंपरा में उद्देश्य धर्म (नैतिकता) के साथ अर्थ (धन) का सामंजस्य स्थापित करना है।

नैतिकता– आधुनिक अर्थशास्त्र में, नैतिकता अक्सर एक बाहरी कारक होती है, जबकि भारतीय मॉडल में यह अंतर्निहित है। कौटिल्य के अर्थशास्त्र में राजा का कर्तव्य न केवल धन कमाना है, बल्कि प्रजा के कल्याण को भी सुनिश्चित करना है।

पारिस्थितिक दृष्टिकोण– आधुनिक आर्थिक मॉडल अक्सर प्राकृतिक संसाधनों को बाहरी कारक के रूप में मानता है, जिससे पर्यावरणीय क्षति होती है। भारतीय परंपरा में, प्रकृति को पूजनीय माना जाता था और इसका सम्मान करना धार्मिक कर्तव्य का हिस्सा था। अथर्ववेद में, भूमि को माता के रूप में संदर्भित किया गया है।

निष्कर्ष – भारतीय ज्ञान परंपरा में अर्थशास्त्र का अध्ययन केवल धन के संचय तक सीमित नहीं था, बल्कि यह एक समग्र और समावेशी दृष्टिकोण था जो मानव जीवन के सभी पहलुओं को छूता था। कौटिल्य के अर्थशास्त्र जैसे ग्रंथ यह दर्शाते हैं कि प्राचीन भारतीय विचारकों ने एक जटिल और परिष्कृत आर्थिक प्रणाली का विकास किया था। यह प्रणाली न केवल व्यावहारिक और कुशल थी, बल्कि नैतिक और सामाजिक रूप से भी जिम्मेदार थी। आधुनिक अर्थशास्त्र, जो अक्सर असमानता, पर्यावरणीय संकट और नैतिक शून्यता जैसी चुनौतियों का सामना कर रहा है, भारतीय ज्ञान परंपरा से महत्वपूर्ण सबक सीख सकता है।

समृद्धि को केवल भौतिक धन से मापने के बजाय, भारतीय मॉडल हमें सिखाता है कि समृद्धि का वास्तविक अर्थ व्यक्तिगत कल्याण, सामाजिक सद्भाव और प्रकृति के साथ संतुलन में निहित है। इस प्रकार, भारतीय ज्ञान परंपरा से प्राप्त अंतर्दृष्टि एक अधिक टिकाऊ, न्यायपूर्ण और मानवीय आर्थिक प्रणाली का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। यह शोध पत्र यह साबित करता है कि भारत के पास आर्थिक विचारों का एक अनमोल खजाना है, जिसे आज के विश्व के लिए प्रासंगिक बनाने की आवश्यकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. कौटिल्य, अर्थशास्त्र।
2. महाभारत, शांति पर्व।
3. उपनिषद।
4. वेदा।
5. दासगुप्ता, सुरेंद्र: 'कौटिल्य का अर्थशास्त्र: प्राचीन भारत में राजव्यवस्था और अर्थशास्त्र।'
6. मेहता, एल.के. : 'वैदिक काल में आर्थिक विचार।'

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

जनजातीय समुदाय के विकास में संस्थागत बैंकों की भूमिका (अलीराजपुर जिले के जोबट विकासखण्ड के संदर्भ में)

डॉ. एच. डुडवे*

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस क्रांतिकारी शहीद छितुसिंह किराड़ शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अलीराजपुर (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – विकास के प्रारम्भ से ही कृषि लोगों की आजीविका का प्रमुख साधान रही है। आज भी कृषि विश्व की अधिकांश जनसंख्या का प्रमुख व्यवसाय तथा आय का सबसे बड़ा साधन है। विकासशील देशों में प्रधान व्यवसाय होने के कारण कृषि आय का सबसे बड़ा स्त्रोत, रोजगार एवं जीवनयापन का प्रमुख साधान, औद्योगिक विकास एवं विदेशी व्यापार का आधार है। कृषि इन देशों की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। कृषि विकास के सोपान पर चढ़कर ही विश्व के विकसित राष्ट्र आज आर्थिक विकास के शिखर पर पहुंच सके हैं। इग्लैंड, जर्मनी, रूस तथा जापान आदि देशों के विकास में कृषि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा तीव्र औद्योगीकरण के लिए सुदृढ़ आधार प्रदान किया। यही कारण है कि प्राचीन काल से लेकर आज तक के विचारकों ने कृषि विकास पर पर्याप्त बल दिया है। आर्थिक विचारों के इतिहास पर यदि ध्यान दिया जाए तो स्पष्ट होता है कि प्राचीन भारतीय समाज में कृषि की अत्यधिक महत्व प्रदान किया जाता था। भूमि और कृषि प्राचीन आर्य संस्कृति के आधार स्तम्भ है। भारतीय संस्कृति में पृथ्वी को माता के पवित्र सम्बन्ध से सम्बन्धित किया गया है। यहां कृषि फर्म को प्रथम, वाणिज्य को द्वितीय सेवा कार्य को तृतीय स्थान प्रदान किया गया है। प्राचीन यूनानी विचारकों कृषि व्यवसाय को विशेष महत्व प्रदान किया था। प्राकृतिक अवस्था सम्बन्धी खोज के दौरान प्रकृतिवादियों ने ऐसे सिद्धान्तों का प्रतिपादन किया जिनके कारण कृषि की महत्ता पर्याप्त बढ़ गई। उनका विश्वास था कि कृषि ही समाज की सम्पत्ति उत्पन्न करने वाली तथा उत्पादक है और इसके अतिरिक्त समस्त व्यवसाय वाणिज्य, व्यापार तथा यातायात आदि अनुत्पादक है ।

साहित्य समीक्षा

कुसुमाकर, अरूणा (मार्च 2015), 'आधुनिक तकनीकी का ग्रामीण कृषि विकास पर प्रभाव' ग्रामीण कृषि विकास में आधुनिक तकनीकी से उत्पादन पर अनुकूल प्रभाव पड़ता है ग्रामीण कृषकों को कृषि वित्त जैसी अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। संस्थागत बैंकों के माध्यम से क्षेत्र के किसानों को कम दर पर आसानी से ऋण उपलब्ध हो जाता है तो उत्पादन एवं उत्पादकता में अत्यधिक वृद्धि होगी ओर देश एवं राज्य के आर्थिक विकास में सहयोग प्राप्त होगा।[1]

साह, दिपक (2008), 'भारत में सहकारी क्रेडिट संस्थानों के मामले में वित्तक्षेत्र के सुधार' ग्रामीण भारत में सहकारिता के माध्यम से क्रेडिट प्रवाह और उनकी स्थिरता, व्यवहारिकता और परिचालन क्षमता वित्त क्षेत्र सुधारों के युग में विभिन्न नीति निर्माताओं के ध्यान का मुख्य केन्द्र बन गया है।[2]

पटेल, अमृत (2004), 'सहकारी बैंकों की उपलब्धियों एवं चुनौतियाँ' स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद की अवधि में ग्रामीण सहकारी संस्थाओं ने निश्चत रूप से कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने और इसे निर्यात बनाने में काफी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सहकारी संस्थाओं को ग्रामीण क्षेत्रों में अपने सुचारू संचालन में अनेक समस्यओं का सामना करना पड़ा।[3]

शोध का उद्देश्य– कृषकों का आर्थिक स्वरूप किस प्रकार का है तथा उनकी समस्या अलग-अलग स्थान और अलग-अलग परिपेक्ष में किस प्रकार की अलग-अलग है इसकी समीक्षा करना आवश्यक है जिससे शासकीय योजनाओं की प्रभावशीलता को बढ़ाया जा सके। जिससे समस्या के समाधान खोजने के प्रयास किये जा सके। निम्न उद्देश्य निर्धारित किये गये हैं। जो इस प्रकार है –

1. जनजातीय क्षेत्रों में बैकिंग सेवाओं की उपलब्धता और उनकी प्रभावशीलता को समझना।
2. शासन और बैंकों द्वारा जनजातीय समुदाय के लिए चलाई जा रही वित्तीय योजनाओं और नीतियों का अध्ययन करना।
3. जनजातीय समुदाय की आर्थिक सशक्तिकरण में बैंकिंग प्रणाली की भूमिका का मूल्यांकन करना।

अध्ययन की परिकल्पना – सामाजिक घटनाओं के वैज्ञानिक अध्ययन में परिकल्पनाओं का निर्माण, उनका प्रयोग, उनकी उपयोगिता, शोध का एक अत्यन्त महत्वपूर्ण पक्ष होता है। परिकल्पनाओं को अनेक बार प्राक्कल्पना, उपकल्पना, पूर्व-कल्पना इत्यादि नामों से पुकारा जाता है।[4] कृषि विकास में संस्थागत बैंकों की भूमिका के अध्ययन में निम्नलिखित उपकल्पनाओं की रचना कि गई है जो इस प्रकार है :

1. जनजातीय समुदाय के लोग बैंकिग सेवाओं का पूरा लाभ नहीं उठा पा रहे है क्योंकि जागरूकता और पहुंच की कमी है।
2. संस्थागत बैकिंग सेवाओं का जनजातीय समुदाय के आर्थिक विकास में सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

अध्ययन का क्षेत्र– प्रस्तुत अध्ययन में अनुसंधान क्षेत्र के रूप में अलीराजपुर जिले के जोबट विकाखण्ड का चयन किया गया है। जिसमें अलीराजपुर जिले में संस्थागत बैंकों द्वारा कृषकों को लाभान्वित किया गया है। उन हितग्राहियों में से दैव निदर्शन पद्धित द्वारा 50 हितग्राहियों का चयन कर उनका अध्ययन किया गया है।

अध्ययन की आवश्यकता एवं महत्व – भारत का विकास सिर्फ वित्त संस्थानों की मदद से किया जा सकता है लेकिन इसके लिए ग्रामीणों को

बैंकों से जोड़ने के अलावा उन्हें वित्त रूप से साक्षर बनाना भी जरूरी है। कृषि ऋण में प्रभावशाली वृद्धि होने के बावजूद अभी भी कई ऐसी चुनौतियां है जिनसे निपटने की जरूरत है। इसके अलावा कुछ अन्य कारण भी है, जैसे तुरन्त ऋण का न मिलना, किसानों के पास उपयुक्त सुरक्षा का अभाव, आगत और निर्गत की अवधि अधिक होना, कृषि व्यवसाय का मौसमी होना, ऋण का उचित अनुमान न लगा पाना, जिससे सरकार एवं अध्ययन क्षेत्रों में कृषि विकास में सहायक सिद्ध होगा, अध्ययन क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास हेतु कृषि विकास कार्यक्रम बनाने मे मार्गदर्शक होगा।

संमकों का संकलन – अनुसंधान की विश्वसनीय उस शोध में संकलित ऑकड़ों पर निर्भर करती है यदि ऑकड़ों का संकलन सही तरीके से किया गया है तो शोध कार्यो में गुणवत्ता आ जाती है और उसके परिणामों को बेहतर एवं विश्वसनीय तरीके से प्रस्तुत किया जा सकता है। समंको संकलन एक महत्वपूर्ण चरण होता है। शोध कार्य की सम्पुर्ण सफलता शुद्धतम रूप से एकत्र किए गए ऑकड़ों पर ही निर्भर करता है। अध्ययन के दौरान समंक संकलन प्राथमिक और द्वितीयक स्त्रोतों द्वारा किया गया, जो इस प्रकार है–

प्राथमिक समंक – प्राथमिक समंक वे मौलिक सुचनाऐं या तथ्य होते हैं जो कि एक शोधकर्त्ता वास्तविक अध्ययन स्थल में जाकर विषय से सम्बन्धित व्यक्तियों से साक्षात्कार करके अथवा अनुसूची और प्रश्नावली की सहायता से एकत्रित करता है अथवा प्रत्यक्ष निरीक्षण के द्वारा प्राप्त करता है।

आंकडे का विश्लेषण – जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा से सन्दर्भित प्रमुख बाधाओं के रूप में अवांछित पर्यावरण जिनमें शैक्षिक अनियमितताएँ, अनुपयोगी पाठ्यक्रम, साधनों की कमी एवं जनजातीय क्षेत्रों से जुड़ी अनेक सामाजिक एवं आर्थिक प्रतिकूलताएँ जिम्मेदार है।

अध्ययन क्षेत्र में आदिवासियों केशैक्षणिक स्थिति के संबंध में जो तथ्य प्राप्त हुए हैं, उन्हें तालिका में दर्शाया गया है –

तालिका क्र. 01: शैक्षणिक स्थिति सम्बंधी जानकारी

क्र.	शैक्षणिक स्थिति	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	साक्षर	4	8.00
2.	प्राथमिक+ माध्यमिक	25	50.00
3.	हाई स्कूल+ हायर स्कूल	15	30.00
4.	उच्च शिक्षा	6	12.00

योग 50 100.0

स्त्रोंत:–सर्वेक्षण के आधार पर

सर्वेक्षित कृषक परिवारों के शैक्षणिक स्थिति से सम्बन्धी जानकारी में 8.00 प्रतिशत उत्तरदाता साक्षर है, 50.00 प्रतिशत उत्तरदाता प्राथमिक + माध्यमिक है, 30.00 प्रतिशत उत्तरदाता हाईस्कूल + हायर स्कूल पास है, 12.0 प्रतिशत उत्तरदाता उच्च शिक्षा पास है, अध्ययन क्षेत्र में सर्वाधिक प्राथमिक+माध्यमिक उत्तरदाताओं के ऑकड़े अधिक है।

व्यवसाय के संबंध में जो तथ्य प्राप्त हुए हैं, उन्हें तालिका में दर्शाया गया है–

तलिका क्र. 02: कृषक परिवारों का मुख्य व्यवसाय

क्र.	व्यवसाय	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	कृषि और मजदूरी	35	70.00
2.	कृषि और पशुपालन	13	26.00
3.	कृषि और नौकरी	02	4.00
	योग	**50**	**100**

स्त्रोंत:–सर्वेक्षण के आधार पर

उपरोक्त तालिका के विश्लेषण से ज्ञात होता है कि सर्वेक्षित कृषक परिवारों के व्यावसायिक संरचना से सम्बन्धी जानकारी में 70.00 प्रतिशत परिवार कृषि और मजदूरी कार्य करते हैं, 26.00 प्रतिशत परिवार कृषि और पशुपालन दोनों कार्य करते हैं, 4.00 प्रतिशत परिवार कृषि और नौकरी दोनों कार्य करते हैं।

अध्ययन क्षेत्र में कृषक परिवारों की कुल वार्षिक आय के सम्बन्ध में जो ऑकडे प्राप्त हुए हैं उन्हें तालिकामें दर्शाया गया है –

तालिका क्र. 03: कृषकों की कुल वार्षिक आय सम्बन्धी जानकारी

क्र.	कुल वार्षिक आय	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	50,000 से कम	8	16.00
2.	50,001 से 80,000 तक	26	52.00
3.	80,001 से 1,00,000 तक	12	24.00
4.	1,00,001 से अधिक	4	8.00
	योग	**50**	**100.0**

स्त्रोंत:–सर्वेक्षण के आधार पर

उपरोक्त तालिका क्रमांक के विश्लेषण से ज्ञात होता है कि सर्वेक्षित परिवारों में वार्षिक आय सम्बन्धी जानकारी में 50,000 से कम 16.00 प्रतिशत है, 50,001 से 80,000 तक में 52.00 प्रतिशत है, 80,001 से 1,00,000 तक में 24.00 प्रतिशत है, 1,00,001 से अधिक में 8.00 प्रतिशत है।

अध्ययन क्षेत्र में फसलों के उत्पादन सम्बन्धी जानकारी में जो तथ्य प्राप्त हुए हैं, उन्हें तालिका में दर्शाया गया है –

तालिका क्र. 04: फसलों के उत्पादन सम्बन्धी जानकारी

क्र.	फसलों का उत्पादन	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	खाद्यान्न फसलें	11	22.00
2.	व्यापारिक फसलें	5	10.00
3.	उक्त दोनों फसलें	34	68.00
	योग	**50**	**100.0**

स्त्रोंत:–सर्वेक्षण के आधार पर

सर्वेक्षित परिवारों में 22.00 प्रतिशत कृषक खाद्यान्न फसलों का उत्पादन करते हैं, 10.00 प्रतिशत परिवार व्यापारिक फसलों का उत्पादन करते हैं, 68.0 प्रतिशत परिवार खाद्यान्न एवं व्यापारिक दोनों फसलों का उत्पादन करते हैं।

अध्ययन क्षेत्र में कृषि कार्य हेतु संस्थागत वित्त की आवश्यकता सम्बन्धी जानकारी में जो तथ्य प्राप्त हुए हैं, उन्हें तालिका में दर्शाया गया है–

तालिका क्र. 05: कृषि कार्य हेतु संस्थागत वित्त की आवश्यकता सम्बन्धी जानकारी

क्र.	संस्थागत वित्त की आवश्यकता	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	हॉ	42	84.00
2.	नहीं	8	16.00
	योग	**50**	**100.0**

स्त्रोंत:–सर्वेक्षण के आधार पर

कृषि कार्य हेतु संस्थागत वित्त की आवश्यकता सम्बन्धी जानकारी में सर्वेक्षित परिवारों में 84.00 प्रतिशत कृषक परिवारों को कृषि कार्य हेतु वित्त की आवश्यकता होती है, 16.00 प्रतिशत कृषक परिवार कृषि वित्त की आवश्यकता नहीं होती है।

अध्ययन क्षेत्र में कृषकों का संस्थागत ऋण लेने से परिवार की वार्षिक

आय में वृद्धि सम्बन्धी की जानकारी के सम्बन्ध में जो तथ्य प्राप्त हुए हैं, उन्हें तालिका में दर्शाया गया है

तालिका क्र. 06: संस्थागत ऋण से कृषकों की आय में वृद्धि

क्र.	संस्थागत ऋण से कृषकों की आय में वृद्धि	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	हाँ	44	88.00
2.	नहीं	6	12.00
	योग	**50**	**100**

स्त्रोंत:-सर्वेक्षण के आधार पर

उपरोक्त तालिका से विश्लेषण से ज्ञात होता है कृषकों द्वारा संस्थागत ऋण लेने से परिवार की वार्षिक आय में वृद्धि सम्बन्धी जानकारी में सर्वेक्षित परिवारों में 88.00 प्रतिशत कृषक परिवारों आय में वृद्धि होती है, 12.00 प्रतिशत कृषक परिवारों की आय में वृद्धि नहीं होती है।

अध्ययन क्षेत्र में वित्त प्राप्त करने के संस्थागत स्त्रोत सम्बन्धी जानकारी में जो तथ्य प्राप्त हुए हैं, उन्हें तालिका में दर्शाया गया है -

तालिका क्र. 07: वित्त प्राप्त करने के संस्थागत स्त्रोत सम्बन्धी जानकारी

क्र.	संस्थागत स्त्रोत	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	भारतीय स्टेट बैंक	16	32.00
2.	नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक	8	16.00
3.	सहकारी बैंक	22	44.00
4.	बैंक ऑफ इण्डिया	4	8.00
	योग	**50**	**100.0**

स्त्रोंत:-सर्वेक्षण के आधार पर

उपरोक्त तालिका से विश्लेषण से ज्ञात होता है कि वित्त प्राप्त करने के संस्थागत स्त्रोत सम्बन्धी जानकारी में 32.00 प्रतिशत कृषक परिवारों ने भारतीय स्टेट बैंक से वित्त प्राप्त किया, 16.00 प्रतिशत कृषक परिवारों ने नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंकसे वित्त प्राप्त किया, 44.00 प्रतिशत कृषक परिवारों ने सहकारी बैंक से वित्त प्राप्त किया, 8.00 प्रतिशत कृषक परिवारों ने बैंक ऑफ इण्डिया से वित्त प्राप्त किया।

समस्या और सुझाव:

1. जनजातीय समुदाय में कृषक आज भी कीटनाशक का छिड़काव परम्परागत साधनों से करते हैं, जिससे समय एवं धन का अधिक लगता है। अत: नवीन साधनों के उपयोग से समय ओर धन दोनों ही बचेगा ही साथ ही कीटनाषक का अच्छा उपयोग भी हो सकेगा।
2. कृषकों के आर्थिक विकास की एक बड़ी बाधा यह भी है कि वे अपनी उपज को भण्डारण की सुविधाएवं परिवहन के साधनों के अभाव में गाँव के आसपास खुले बाजार में साहूकारों या महाजनों को कम कीमत पर बेच देते हैं। उन्हें अपेक्षित लाभों से वंचित रहना पड़ता है। अत: इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम यह हो सकता है कि जब किसानों को अपनी उपज बेचने का समय आए तो प्रत्येक गाँव में सरकार अपना प्रतिनिधि भेजकर उनकी उपज को वाजिब या न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदें।
3. जनजातीय समुदाय में कृषकों की आय उतनी नहीं होती है, उन्हें अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए साहूकारों एवं महाजनों से अधिक ब्याज दर पर ऋण लेना पड़ता है। इस कारण से उनका लंबे समय तक शोषण होता रहता हैं। उनकी सहुलियत के अनुसार निम्न ब्याज दर पर सरकारी संस्थाओं द्वारा ऋण उपलब्ध कराया जाना चाहिए। इससे उनकों शोषण से बचाया जा सकता है।
4. शासन को भूमि सुधार कार्यक्रम को और अधिक कठोरता से लागु किया जाना चाहिए। ताकिबहुफसलीय एवं फसल चक्रण को अनिवार्य रूप से अपनाया जाना चाहिए। जिससे कृषकों की आमदनी में वृद्धि हो सके।
5. जनजातीय समुदाय कृषकों को कृषि में लगने वाली बीमारीयों को दूर करने के लिए आवश्यक कीटनाशकों के संबंध में व्यापक जानकारी प्रदान की जानी चाहिए।

निष्कर्ष - कृषकों के विकास हेतु नीतियों का निर्माण करे तो निश्चित रूप से कृषि को बढ़ावा मिलगा और संस्थागत बैंक जनजतीय समुदायों के आर्थिक सशक्तिकरण और समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। वित्तसमावेशन की दिशा में और अधिक प्रयासों की आवश्यकता है ताकि यह जनजातीय समुदाय आत्मनिर्भर बन सके और देश की मुख्यधारा में प्रभावी रूप से भाग ले सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. कुसुमाकर, अरूणा (मार्च 2015) 'आधुनिक तकनीकी का ग्रामीण कृषि विकास पर प्रभाव एक अध्ययन' रिसर्च रिवल्युशन इन्टरनेशनल जर्नल ऑफ सोसियल साइन्स एण्ड मेनजमेन्ट वाल्युम 3 पृ. 57-59
2. साह, दिपक (2008) 'भारत में सहकारी क्रेडिट संस्थानों के मामले में वित्तीय क्षेत्र के सुधार'कुरूक्षेत्र, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
3. पटेल, अमृत (2004) 'सहकारी बैंकों की उपलब्धियों एवं चुनौतियाँ' योजना, नई दिल्ली।
4. त्रिवेदी आर.एन. एवं शुक्ला डी.पी. (2009), 'रिसर्च मैथ्डोलॉजी' कॉलेज बुक डिपो, 83 तिरपोलिया बाजार, जयपुर पृ 178.
5. जेगी, अजीत (1988) 'आदिवासी-अनुसूचित जाति कल्याण कार्यक्रम की समीक्षा के लिए गठित समिति का प्रतिवेदन' मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रकाशन विभाग, भोपाल पृ. 51-58.
6. नागर विष्णुदत्त एवं मेहता वल्लभदास, (1988) 'भारतीय आर्थिक समस्याएँ और नीतियाँ' प्रकाशक मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल, पृ. 105-112.
7. Fabos, Julies (1988) "Land use planning :from Gable to Local Challenge ,Chapmen and Hall, 29,West 35 Street, Publication - New York and London PP. 19-23.
8. शर्मा, ब्रह्मदेव (1986) 'आदिवासी विकास एक सैद्धान्तिक विवेचन' प्रकाशक, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल पृ. 74-76.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
बौद्ध धर्म ने ब्राह्मण धर्म द्वारा प्रतिपादित वानप्रस्थ और संन्यास आश्रमों की जीवन-पद्धति के काया-क्लेश की निन्दा की है। परन्तु स्वयं उसने किया ? बौद्ध भिक्षुओं के लिए जिन यम-नियमों अथवा विधि-विधानों का प्रतिपादन बौद्ध धर्म ने किया है वे वानप्रस्थ अथवा संन्यास आश्रमों के नियमों से कम कठोर नहीं है।[10]

बौद्ध धर्म कर्मप्रधान हैं। इनकी दृष्टि में मनुष्य अपने समस्त कर्मों के लिए उत्तरदायी है। कर्म के अनुरूप ही उसे फल मिलेगा। कर्म के कारण ही उसका पुनर्जन्म होता है और कर्म के कारण ही मोक्ष। परन्तु ये सम्पूर्ण सिद्धांत

ब्राह्मण-धर्म में पहले से ही व्याख्यात हो चुके थे। वृहदारण्यक उपनिषद् का कथन है कि यपुण्य-कर्म से पुण्य और पाप-कर्म से पाप की उत्पत्ति होती है।[11] छान्दोग्य उपनिषद् में उल्लिखित है कि 'पुरूष कर्मप्रधान है। जैसा वह इस लोक में करता है उसी के अनुरूप वह मृत्यु के पश्चात् होता है।'[12] अब मोक्ष को लीजिए। छान्दोग्य उपनिषद् के अनुसार विमुक्त आवागमन के चक्कर से छूट जाता है।[13] कठोपनिषद् के अनुसार, 'ब्रह्मप्राप्त मनुष्य अनासक्त और अमर हो जाता है।'[14] ये भावनाएँ बौद्ध एवं जैन धर्मों की मोक्ष-सम्बन्धी भावनाओं से मेल खाती हैं। जहाँ तक आत्मा, परमात्मा, सृष्टि आदि विषयों का सम्बन्ध है ब्राह्मण ग्रन्थों में इनके विषय में बहुत-कुछ कहा जा चुका था।

1. महात्मा बुद्ध ने जिस धर्म का प्रवर्तन किया था वह सरल, सुबोध और स्वाभाविक था। परंतु धीरे-धीरे उसका रूप बदलने लगा। उसमें आगे चलकर कई ऐसी बातों का भी समावेश हो गया, जिनका बुद्ध ने विरोध किया था, यथा अवतारवाद, मूर्तिपूजा, कर्मकांड तथा मंत्र तंत्र आदि। बौद्ध धर्म के वज्रयानी संप्रदाय के अंतर्गत घोर अनैतिक एवं भ्रष्ट कार्यों का प्रतिपादन होने लगा था जिससे बौद्ध धर्म की प्रतिष्ठा को गहरा धक्का लगा था।

2. बौद्धधर्म के द्रुतगति से विस्तार का एक प्रमुख कारण बौद्ध संघ था। किंतु कालांतर में संघ का अध:पतन प्रारंभ हो गया। बौद्ध मठ चरित्रहीनता के गढ़ बन गये थे। उनका संघ धर्मसंघ न होकर भिक्षु भिक्षुणियों के पारस्परिक विवाद और कलह के घर बन गये थे। भिक्षुओं और भिक्षुणियों ने सुख, वैभव बिलासी जीवनयापन करना प्रारंभ कर दिया था। इस चरित्रहीनता के परिणामस्वरूप बौद्ध धर्म पर से लोगों का विश्वास उठने लगा था।

3. बौद्ध धर्म के प्रचार से ब्राह्मणों में चेतना की नई लहर प्रतिक्रिया रूप में दौड़ गईं। इस जागृति ने बौद्ध धर्म को पीछे खंदेड़ दिया। शुंग शासन-काल में ब्राह्मण धर्म के पुनरुद्धार की जो प्रतिक्रिया हुई, वह उत्तरोत्तर सबल होती गई। इसके बाद कण्व और सातवाहन राजा भी ब्राह्मण धर्मावलम्बी थे। गुप्त और वाकाटक राजा भी ब्राह्मणवादी थे। इनके शासनकाल में वैष्णव और शैव संप्रदायों के उन्नति की। ब्राह्मणों ने भक्ति मार्ग, अवतारवाद, मूर्तिपूजा, आराधना, उपासना, व्रत-स्नान, तीर्थपूजा, दान दक्षिणा आदि के द्वारा अपने धर्म को आकर्षक बना दिया। शंकराचार्य और कुमारिल भट्ट ने दार्शनिक दृष्टि से बौद्ध धर्म का खंडन करके ब्राह्मण धर्म की प्रतिष्ठा स्थापित की।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मस्योपकिषन्मोक्ष:-शान्तिपर्व।
2. सुत्तानिपात 5.1-16.
3. वेरंजक-ब्राह्मण सुत्त (अंगुत्तर निकाय)
4. सूत्रकृतांग 1.13.10.15.
5. उत्तराध्ययन 25.33.
6. उत्तराध्ययन, 25, 88.
7. उत्तराध्ययन, 25.33.
8. उत्तराध्ययन, 12.46.
9. कठ. 1.1.15.
10. 'Though the Buddha condemned morbid ascetic practices it is a supprise to find the discipline demanded of the Buddhistic brethren is more severe in some points than any referred to in the Brahmanical texts.— Radhakrishnan, Indian Philosophy, Vol. I. P. 436.
11. वृहदारण्यक 4.4.5.
12. 'अथ खलु ऋतुमय: पुरूष:। यथा ऋतुरस्मिन् लोके पुरूषो भवति तथेत प्रेत्य भवति'-वृहदारण्यक 3.14.1.
13. 'न सपुररावर्तते-छान्दोग्य' 8.15.1
14. ब्रह्मप्राप्तौ विरजोऽभूद्धिमृत्यु:-कठ, 2.3.18.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भारतीय राजनीतिक चिंतन में विरोध और शासक पर नियंत्रण : परंपरा, विमर्श और समकालीन प्रासंगिकता

डॉ. शोभा गौतम*

* सह आचार्य (राजनीति विज्ञान) से. मु .मा .राजकीय कन्या महाविद्यालय, भीलवाड़ा (राज.) भारत

शोध सारांश – प्राचीन भारतीय राजनीतिक चिंतन में राजतंत्र की मान्यता को सहमति दिखाई देती है ।भारतीय राजनीतिक चिंतन राजतंत्र को सर्वश्रेष्ठ शासन मानते हुए भी जनता के कल्याण को प्राथमिकता देने के प्रति उदासीन नहीं रहा है, प्राचीन भारतीय राजनीतिक चिंतन चाहे वह मनुस्मृति हो, कौटिल्य का अर्थशास्त्र या शुक्र का शुक्र नीतिसार सभी में राजतंत्र की प्रधानता होते हुए भी राजतंत्र को धर्म और नीति के अधीन रखा गया है ।प्रस्तुत शोध पत्र में प्राचीन भारतीय राजनीतिक चिंतन में विरोध और शासन पर नियंत्रण की अवधारणा का समसामयिक परिपेक्ष में विश्लेषण किया गया है।
शब्द कुंजी – राजतंत्र,मनुस्मृति, अर्थशास्त्र, विरोध।

प्रस्तावना – मानव सभ्यता का इतिहास इस बात का साक्षी है कि सत्ता और प्रजा का संबंध केवल आदेश और आज्ञापालन तक सीमित नहीं है, बल्कि उसमें नियंत्रण, संतुलन और विरोध की निरंतर धारा विद्यमान रहती है। राजनीति की यह विशेषता है कि जब शासक निरंकुश हो जाता है और राज्यादेश न्याय, धर्म या नैतिकता से विचलित होता है, तब प्रजा का विरोध एक नैतिक व राजनीतिक आवश्यकता बन जाता है। विरोध को दो स्तरों पर समझा जा सकता है– पहला वैचारिक असहमति (Dissent) और दूसरा व्यावहारिक अवज्ञा (Disobedience)। जब तक नागरिक केवल असहमति व्यक्त करता है, वह वैचारिक विरोध है। किंतु जब वह राज्य के आदेश का पालन न करते हुए उसका उल्लंघन करता है, तब यह विरोध व्यावहारिक और राजनीतिक स्वरूप ग्रहण कर लेता है।

शोध पत्र के उद्देश्य – प्राचीन भारतीय राजनीतिक चिंतन में उपस्थित विरोध एवं शासक पर नियंत्रण की अवधारणा का समसामयिक परिप्रेक्ष्य मे विश्लेषण करना।

शोध पत्र की परिकल्पना – प्राचीन भारतीय राजनीतिक चिंतन में राजतंत्र की असीमित शक्तियां होते हुए भी राजतंत्र को निरंकुश नहीं बनाया गया है।

शोध प्रविधि – शोध कार्य हेतु ऐतिहासिक, विवरणात्मक, विश्लेषणात्मक, एवं तुलनात्मक शोध प्रविधि का प्रयोग किया गया है। शोध कार्य हेतु तथ्यों एवं आंकड़ों के संकलन हेतु द्वितीयक स्रोतों का प्रयोग किया गया है। द्वितीयक स्त्रोतों के रूप में पुस्तकों एव पत्र– पत्रिकाओं का उपयोग किया गया है।

भारतीय चिंतन में विरोध की परंपरा – जनता द्वारा किसी भी शासन व्यवस्था के प्रति विरोध को दो स्तरों पर समझा जा सकता हैकृपहला वैचारिक असहमति (Dissent) और दूसरा व्यावहारिक अवज्ञा (Disobedience)। जब तक नागरिक केवल असहमति व्यक्त करता है, वह वैचारिक विरोध है। किंतु जब वह राज्य के आदेश का पालन न करते हुए उसका उल्लंघन करता है, तब यह विरोध व्यावहारिक और राजनीतिक स्वरूप ग्रहण कर लेता है।सोक्रेटीज ने एथेंस नगर के अन्यायपूर्ण आदेशों को चुनौती तो दी, किंतु दंड स्वीकार करके यह दिखाया कि राज्य की व्यवस्था का सम्मान भी आवश्यक है (Plato,trans 2002)। वहीं हेनरी डेविड थोरो ने अपनी पुस्तक Civil Disobedience (1849) में यह प्रतिपादित किया कि अन्यायपूर्ण शासन का उल्लंघन करना नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। थोरो ने कर देने से इंकार कर जेल जाना स्वीकार किया, क्योंकि वह अमेरिका की गुलामी समर्थक नीति के विरोध में खड़े थे (Thoreau, 1849/1993)। इस विचारधारा ने आगे चलकर गांधीजी और मार्टिन लूथर किंग जूनियर को गहरे प्रभावित किया (King, 1963/1991)।

विरोध की अवधारणा को समझने के लिए इसे समानांतर अवधारणाओं से तुलना करना आवश्यक है।

- **सिविल डिसओबीडियंस –** यह विरोध का सबसे समीपवर्ती रूप है, जिसमें नागरिक कानून तोड़ता है परंतु अहिंसा और नैतिकता को साधन बनाता है। गांधीजी का नमक सत्याग्रह इसका सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है (Gandhi, 1909/1998)।
- **असहमति (Dissent) –** यह विचारों और अभिव्यक्ति तक सीमित है, जबकि विरोध आदेश के उल्लंघन तक जाता है।
- **क्रांति (Revolution) –** विरोध का उग्र रूप, जिसमें राज्य की संपूर्ण व्यवस्था को ही पलट देना लक्ष्य होता है। फ्रांसीसी और रूसी क्रांतियाँ इसके उदाहरण हैं। भारतीय संदर्भ में भगत सिंह और चंद्रशेखर आजाद की गतिविधियाँ इसी श्रेणी में रखी जा सकती हैं (Chandra, 1989)।
- **नॉन–वायलेंट रेजिस्टेंस –** मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने गांधीवादी तरीकों को अपनाकर अमेरिकी नागरिक अधिकार आंदोलन में इसका उपयोग किया। यह भी आदेश के उल्लंघन का ही अहिंसक रूप है (King, 1963/1991)।

भारतीय चिंतन में विरोध की परंपरा अत्यंत प्राचीन है। वैदिक युग में जहाँ वेदों को सर्वोच्च प्रमाण माना गया, वहीं चार्वाक दर्शन ने प्रत्यक्षवाद

का प्रतिपादन करके वेद की सत्ता का ही खंडन किया। यह वैचारिक विरोध सामाजिक और धार्मिक सत्ता के आदेश का प्रत्यक्ष उल्लंघन था। बौद्ध और जैन आंदोलनों ने पशुबलि और हिंसा पर आधारित यज्ञ-प्रथा को अस्वीकार किया तथा नए नैतिक आदेश स्थापित किए। यह उस समय की राज्य-स्वीकृत व्यवस्था के विरोध के रूप में देखा जा सकता है (Ambedkar, 1936/2014)।

भारतीय चिंतन में शासक पर नियंत्रण की परंपरा- भारतीय राजनीतिक चिंतन की विशेषता यह है कि यहाँ शासक और प्रजा के संबंध केवल विधिक नियमों तक सीमित नहीं रहे, बल्कि वे धर्म, संस्कृति और लोकजीवन की परंपराओं से भी बँधे रहे। इसीलिए भारतीय चिंतन में शासक पर नियंत्रण और अन्यायपूर्ण आदेशों का उल्लंघन, दोनों ही विमर्श के मुख्य अंग रहे हैं।

प्राचीन भारतीय परंपरा में शासक को धर्मपालक और लोककल्याणकारी संरक्षक माना गया। मनुस्मृति में यह स्पष्ट कहा गया है कि राजा यदि धर्म से विचलित हो, तो उसका राज्य अधिक समय तक स्थिर नहीं रह सकता हैं। कौटिल्य का अर्थशास्त्र भी इसी दिशा में शासक की शक्तियों को कठोर अनुशासन में बाँधता है। कौटिल्य के अनुसार राजा प्रजा के सुख और सुरक्षा का रक्षक है और यदि वह अपने दायित्वों का निर्वाह नहीं करता तो उसका शासन नैतिक और राजनीतिक वैधता खो देता हैं।

महाभारत में विदुर नीति यह उद्घोष करती है कि अधर्म को सहना स्वयं अधर्म है। यह दृष्टिकोण केवल धार्मिक नहीं, बल्कि राजनीतिक भी है। यहाँ प्रजा को यह अधिकार और कर्तव्य दोनों दिए गए कि वह अधर्मपूर्ण आदेशों के सामने मौन न रहे। यही विचार बौद्ध और जैन आंदोलनों में और प्रखर हुआ। बुद्ध और महावीर ने हिंसक यज्ञ-प्रथाओं और असमानता का विरोध किया तथा करुणा और समता पर आधारित नए सामाजिक-राजनीतिक आदेश की स्थापना की। अशोक का धम्म शासन इसी नैतिक परंपरा का राजनीतिक रूपांतरण था, जहाँ शासक ने स्वयं को धर्म का प्रतिनिधि बनाकर लोककल्याणकारी नीतियों को अपनाया।

मध्यकालीन संत परंपरा में विरोध ने नया स्वरूप ग्रहण किया। कबीर, गुरु नानक और दादू जैसे संतों ने धार्मिक पाखंड और जातिगत विभाजन के विरुद्ध आवाज उठाई। उनका यह प्रतिरोध सीधे राजसत्ता को चुनौती नहीं देता था, किंतु वह सामाजिक व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगाकर अप्रत्यक्ष रूप से शासक के अधिकार को सीमित करता थीं। यह विरोध इस बात का प्रमाण था कि भारतीय समाज में असहमति और प्रतिरोध की परंपरा कभी समाप्त नहीं हुई।

आधुनिक भारत में यह विमर्श स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान चरम पर पहुँचा। महात्मा गांधी ने हेनरी डेविड थोरो के 'सिविल डिसओबीडियंस' के विचारों से प्रेरणा लेकर सत्याग्रह और असहयोग आंदोलन को जन्म दिया। थोरो का यह कथन कि अन्यायपूर्ण कानून का पालन करना ही पाप है, गांधीजी को गहराई से प्रभावित करता हैं। नमक सत्याग्रह इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है, जब उन्होंने ब्रिटिश शासन के कानून को तोड़ते हुए यह दिखाया कि प्रजा अन्यायपूर्ण आदेशों को मानने के लिए बाध्य नहीं है।

डॉ. भीमराव अंबेडकर ने सामाजिक आदेशों का उल्लंघन कर जातिगत भेदभाव और अस्पृश्यता के विरुद्ध महाड़ तालाब सत्याग्रह कियु। उन्होंने यह प्रतिपादित किया कि यदि कोई परंपरा शोषणकारी है, तो उसका प्रतिरोध करना ही न्याय है। दूसरी ओर, भगत सिंह और उनके साथियों ने क्रांतिकारी मार्ग अपनाकर औपनिवेशिक सत्ता को सीधी चुनौती दी। उनका यह दृष्टिकोण बताता है कि भारतीय विरोध परंपरा में अहिंसक और हिंसक दोनों ही मार्ग समानांतर मौजूद रहे हैं, जिनका अंतिम लक्ष्य अन्यायपूर्ण सत्ता का प्रतिरोध था।

स्वतंत्र भारत में यह परंपरा संवैधानिक रूप से स्थापित हुई। संविधान का अनुच्छेद 19 नागरिकों को अभिव्यक्ति और शांतिपूर्ण सभा का अधिकार देता है। यह अधिकार न केवल लोकतंत्र की आत्मा है बल्कि शासक पर नियंत्रण का भी औजार है। संसद में विपक्ष इसी विचारधारा का संवैधानिक रूप है, जिसका कार्य है शासन को उत्तरदायी बनाना और प्रजा की आवाज को अभिव्यक्त करना। आपातकाल (1975-77) इसका सबसे बड़ा उदाहरण है जब शासन ने नागरिक स्वतंत्रताओं को सीमित किया और परिणामस्वरूप व्यापक विरोध आंदोलनों ने सत्ता को पुन: संतुलन में लाने का कार्य किया। जयप्रकाश नारायण के सम्पूर्ण क्रांति आंदोलन ने यह सिद्ध किया कि भारतीय लोकतंत्र में विरोध केवल अधिकार नहीं बल्कि सामाजिक-राजनीतिक आवश्यकता भी हैं।

इस प्रकार प्राचीन से आधुनिक काल तक यह स्पष्ट होता है कि भारतीय राजनीतिक चिंतन में विरोध और शासक पर नियंत्रण की अवधारणाएँ सदैव जीवित रही हैं। मनुस्मृति और कौटिल्य से लेकर गांधी और अंबेडकर तक, हर युग में यह बात कही गई कि शासक यदि अन्यायपूर्ण हो जाए तो उसके आदेशों का उल्लंघन ही नैतिकता है। यह विरोध कभी वैचारिक रूप में, कभी धार्मिक आंदोलनों के रूप में और कभी राजनीतिक क्रांतियों के रूप में प्रकट हुआ।

निष्कर्षत: यह कहा जा सकता है कि विरोध और शासक पर नियंत्रण भारतीय राजनीतिक चिंतन की मूल आत्मा है। ये दोनों अवधारणाएँ सत्ता को निरंकुश होने से रोकती हैं और समाज को न्याय और नैतिकता की ओर अग्रसर करती हैं। आधुनिक लोकतंत्र में भी यह परंपरा उतनी ही प्रासंगिक है जितनी प्राचीन काल में थी। जब भी सत्ता न्याय और धर्म से विचलित होगी, तब यह परंपरा उसे संतुलित करने और प्रजा को सशक्त बनाने का कार्य करती रहेगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मनुस्मृति, अध्याय 7।
2. कौटिल्य, अर्थशास्त्र।
3. महाभारत, विदुर नीति।
4. थापर, रोमिला (2015). अशोक और धम्म. ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस।
5. द्विवेदी, हजारीप्रसाद (2002). कबीर. राजकमल प्रकाशन।
6. Thoreau, H. D. (1849). Civil Disobedience. Boston.
7. अंबेडकर, भीमराव (2014). जातिभेद का उन्मूलन. नवयाना।
8. चंद्र, बिपिन (1989). भारत का स्वतंत्रता संग्राम. पेंगुइन।
9. लोहिया, राममनोहर (1963). व्हील ऑफ हिस्ट्री. नव हिन्द।
10. Guha, Ramachandra (2007). India After Gandhi. Picador.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Concept of Social Justice in the Bhartiya Nyaya Sanhita (BNS) and Manu Smriti: An Overview

Dr. Lok Narayan Mishra* Dr. Rakesh Prasad Pandey**

***Assistant Professor (Law) Govt. Law College, Rewa (M.P.) INDIA**
****** Dept. of English, Govt. Degree College, Rampur Baghelan, Satna (M.P.) INDIA**

Abstract: The concept of social justice has undergone a profound transformation from the era of the Manusmriti to the contemporary *Bharatiya Nyaya Sanhita* (BNS). *Manu smriti* an ancient Hindu legal text, is primarily known for its endorsement of social hierarchy and differentiation based on caste, gender, and occupation. Its provisions deeply entrenched discrimination by prescribing different rights, duties, and punishments for various social groups, especially favoring the upper castes and men. For instance, the Manusmriti legitimized unequal treatment of Shudras and women, often subjecting them to harsher penalties and restricted rights. Social justice, as understood in *Manu smriti* was less about fairness or equality and more about maintaining the prescribed social order. In this system, laws functioned not to uplift the marginalized but to reinforce the privileges of the dominant classes. Over centuries, such codification of inequality shaped social relations in Indian society, perpetuating exclusion and injustice. In stark contrast, the Bharatiya Nyaya Sanhita, a product of modern legislative reform, draws from constitutional principles that prioritize equality, justice, and human dignity. The BNS deliberately rejects distinctions based on caste, creed, gender, or religion, advocating the application of law uniformly to all citizens. By ensuring equal protection and punishment, the BNS aims to correct historical injustices that have long plagued Indian society. Its framework is designed to empower the vulnerable, promote inclusivity, and safeguard the rights of every individual. Social justice, in the context of the BNS, means providing fair opportunities, remedies, and protections to all, especially those who have been historically disadvantaged. The BNS aligns itself with the vision of the Indian Constitution, particularly Article 14, which guarantees equality before law. Unlike the *Manu smriti* there is no room in the BNS for legal privilege based on birth or social status. This legislative evolution signifies a broader societal commitment to universal human rights and the dismantling of entrenched hierarchies. The transition from *Manu smriti* to BNS marks a decisive shift from a justice system that preserved inequality to one that aspires for fairness and inclusion. It is a journey from codified exclusion to legislated equality, reflecting the changing moral and ethical priorities of Indian society. By embracing the principles of social justice, the BNS seeks to serve as a tool for empowerment, aiming to build a more equitable and harmonious society. This transformation underscores the power of law as an agent of social change, capable of challenging and reshaping age-old structures of discrimination. Ultimately, the concept of social justice in India has evolved from reinforcing social divisions to striving for collective upliftment and dignity for all.
Keywords: Social justice, Empowerment, harmonious society, discrimination, Shudras, marginalized.

Introduction - In Indian civilization, the notion of social justice has experienced a substantial development, transitioning from ancient times to the present. Texts like the Manu smriti functioned as fundamental moral and legal guidelines in ancient India, establishing a complicated system of obligations, privileges, and penalties based mostly on class, race, and social background. Diverse groups of people had different rights and responsibilities as a result of the Manu smriti's reflection of social justice, which was intricately linked to the patriarchal norms and the dominant varna system. Despite establishing order, this strategy frequently served to strengthen systemic injustices and restricted disadvantaged groups' access to fair opportunity and mobility.

The principles of social justice have been reinterpreted in light of the Constitution and progressive laws since the establishment of modern India. As the recently proposed criminal code, the Bharatiya Nyaya Sanhita (BNS) incorporates these transformational ideals by maintaining non-discrimination, equality, and fairness as fundamental principles of justice. The BNS represents a clear departure from the discriminatory practises of earlier codes like as the Manusmriti, since it draws on constitutional principles to provide equal protection to all people, irrespective of

class, race, gender, or social background.

A unique view into the evolving conceptions and uses of social justice in India may be gained by comparing the Manu smriti and even the Bharatiya Nyaya Sanhita. The BNS aims to create an equal legal framework rooted on inherent liberty and the uniformity of rights, in contrast to the Manu smriti's predefined rules that seem to be dependent on heredity and social hierarchy, frequently limiting the rights of women and marginalised groups. This development shows how India's legal and ethical philosophy has changed and remained consistent over the centuries.

In addition, the change from Manu smriti to BNS reflects broader spiritual and moral changes in Indian culture in addition to being a legal one. The BNS's transition to a more fair, inclusive, and just legal system demonstrates India's dedication to democratic principles and human rights. It represents a deliberate attempt to right past atrocities and break down the barriers in which everyone is uniformly protected and empowered by the legislation.

Philosophical Foundation

Manusmriti:

1. *Manu smriti* is rooted in the ancient Hindu conception of *dharma*, where duties and rights are determined by one's *varna* (caste) and *ashrama* (stage of life).
2. Social justice in *Manu smriti* is not based on equality but on hierarchical order, with different rules and rights for Brahmins, Kshatriyas, Vaishyas, Shudras, and others.
3. The code places collective harmony above individual liberty, and prescribes duties to maintain social order.

***Bharatiya Nyaya Sanhita* (BNS):**

1. BNS is based on constitutional values: equality, justice, liberty, and fraternity as enshrined in the Indian Constitution.
2. The law is secular, egalitarian, and applies uniformly to all citizens, regardless of caste, gender, religion, or background.
3. Social justice here means equal protection and equal punishment before the law.

Protection Against Discrimination: As Indian culture and therefore its statutory bodies having developed, bigotry and the quest for equality always remained recurring issues. Normative religious scriptures like the Manu smriti and also the Bharatiya Nyaya Sanhita clearly show the methods used to overcome prejudice in both classical and contemporary India (BNS). Although they both function as moral standards and righteousness for their respective periods, their theoretical foundations and real-world implementations of discrimination are very different. To appreciate the advancements Indian society has achieved in the areas of social sustainability, it is imperative to comprehend these distinctions.

Perhaps one India's first doctrines of society and legal system is the Manu Smriti, which was written in antiquity. But it is also infamous for creating and upholding a strict caste and gender-based hierarchy. There was systematic discrimination against women and lower castes as a result of the rights, obligations, and punishments being specified with careful consideration for one's place in the social hierarchy. Consequently, the Manu smriti codified stigmatisation itself and made protection against discrimination almost nonexistent in practise, institutionalising inequity.

On the other hand, the Indian Constitution's tenets of equality, fairness, and nondiscrimination form the foundation of the Bharatiya Nyaya Sanhita (BNS), which is a component of the country's new criminal law system. Regardless of ethnicity, religion, gender, or financial status, the BNS aims to provide equal legal protection for all people. Its fundamental tenets are the aggressive defence of personal liberty against discriminatory practises and the elimination of artificial differences. It really is a significant break from historical discriminatory customs.

The transition from Manu smriti to BNS reflects India's changing social consciousness in addition to being a change in the legal code. The goal of contemporary Indian law is to establish a society in which all people are treated equally before the law, acknowledging the perils of systemic discrimination. By including anti-discrimination measures into all of its provisions and guaranteeing that justice is served impartially, the BNS exemplifies this dedication.

The tremendous transformation of Indian society from a heritage of inequality to one that strives for universal fairness may thus be shown through an analysis of the protection against discrimination found in both the Manu smriti and the Bharatiya Nyaya Sanhita. In addition to highlighting the moral and legal advancements made, comparing these two codes serves as a reminder of the ongoing attention to detail needed to preserve and advance equality in a multicultural and ever-changing society.

Rights of Women: Throughout Indian history, the dominant moral and ethical paradigms of the period have influenced women's position and rights. The recently passed Bharatiya Nyaya Sanhita and the ancient Indian Manu smriti are two important legal writings that demonstrate this development (BNS). In addition to the evolving relevant laws of women's rights, an analysis of such documents reveals larger shifts in society perceptions of gender equality and justice.

A submissive role for women is generally prescribed by the Manu smriti, which was written at a period when society was strongly patriarchal. It places a strong emphasis on male family members as women's guardians and limits their independence in areas like marriage, property, and personal freedom. Because women's duties were mostly restricted to the home and their privileges remained constrained by social hierarchy and custom, the rules described in the Manu smriti mirror the conventions of the time.

On the other hand, the Bharatiya Nyaya Sanhita (BNS) is the result of a contemporary constitutional vision that

places a higher priority on social justice, individual rights, and gender equality. Equal legal protection for women is guaranteed by the BNS, which maintains the values found in the Indian Constitution. In order to combat violence against women, safeguard their dignity, and advance their rights to property, individual freedom, and public engagement, it offers strong legal safeguards. In order to address past injustices and realise the promise of a fair society, the BNS places a strong focus on women's rights. The shift from Manu smriti to the BNS is evidence of India's continuous fight for gender equity as well as a legal change. This voyage is a reflection of the goals of women and reformers throughout history who have fought against oppressive traditions and called for women to be recognised as equal citizens. The BNS, which aims to empower women and guarantee their proper position in society, is proof of this advancement with its gender-sensitive measures.

For this reason, studying women's rights in either the Manu smriti and the BNS offers valuable insights into how gender relations are changing in India. From a system that limited women's autonomy with one that works to protect and advance it, it emphasises the progress society has made and the continued need for change and vigilant in the quest for complete equality.

Justice for Marginalized Groups: India's changing ethical and practical orientation is achieved through the development of impartiality for oppressed people. Conventional doctrines such as the Bharatiya Nyaya Sanhita (BNS) and scriptural texts such as Manu smriti illustrate two vastly distinct perspectives on the position and privileges from those who are socially disadvantaged. Comparing and contrasting these writings offers important insight into how Indian society's ideas of righteousness, inclusiveness, and equality have evolved over the ages.

During a period when Indian society seemed highly stratified, the Manu Smriti established a rigorous natural cohesion based on ashrama and varna (caste) (stage of life). Justice was not dispensed equitably under this system; rather, it was based on a person's caste and social standing. The so-called "outcastes" and lower castes sometimes faced harsher penalties and severe limitations, and their enforcement of the law and legal remedy was severely limited. The framework gives excluded populations no security or chance for recourse, codifying stigmatisation and sustaining disparity.

In contrast, the principles of liberty and equality outlined in the Indian Constitution act as a foundation for the Bharatiya Nyaya Sanhita (BNS). Whilst also ensuring that every society, irrespective of social background, has equal treatment under the law, the BNS seeks to overthrow previous hierarchies. In addition to attempting to guarantee them access to justice and equitable treatment under the law, it contains particular measures for the protection and advancement of disadvantaged populations, including Scheduled Castes, Scheduled Tribes, and other marginalised communities.

The transition from the Manu smriti to the BNS represents a significant movement in the theory of justice itself, not simply a modification of legal laws. The latter aims for inclusivity, dignity, and equal rights, while the former promoted social isolation and division. This shift serves as an example of how Indian society is always moving toward a more fair and just system where the rights and voices of the underprivileged are valued and upheld.

Countries have achieved strides, although there are still issues to be resolved when looking at rights for underprivileged people through into the prisms of the BNS and the Manu smriti. That emphasises how essential to keep working toward access to justice for everyone, particularly to someone who has traditionally been marginalised in society, and how important it is for laws to serve mostly as a manifestation of public ideals as well as an instrument for progressive transformation.

Nature of Punishment: The evolving concepts of justice, social order, and individual rights are reflected in the development of India's legal systems. One of the first legal documents in Indian history, the Manu Smriti, was composed at a period when rigid social structures and religious obligations governed society. These standards had a significant impact on its attitude to punishment, which used a system of incentives and sanctions to maintain the status quo. The Bharatiya Nyaya Sanhita (BNS), on the other hand, is the contemporary criminal code and symbolises a legal theory based on equality, constitutional protections, and human rights, which is a substantial divergence from earlier customs.

Based on the dharma principle, Manu Smriti established penalties, with the kind and severity of the penalty greatly influenced by the victim's and offender's caste, gender, and social standing. While lower castes, especially the Shudras and so-called outcasts, suffered harsher and more degrading types of punishment for the same act, higher castes were often treated more leniently. This was a reflection of the strict social structure of the times, in which the rule of law served to uphold hierarchy rather than guarantee justice for all.

Conversely, the BNS upholds the idea of equality before the law. Regardless of caste, gender, or social standing, it respects every citizen equally. Rather than the identity of the victim or the accused, the circumstances, purpose, and seriousness of the offence decide the kind and extent of punishment. A major departure from the Manusmriti's tiered logic, this egalitarian approach is a pillar of India's constitutional vision.

In Manu smriti, punishments might be as harsh as physical punishment, mutilation, banishment, or even death, or they could be as light as fines and public censure. Many of these physical and public penalties were meant to scare and embarrass others. The idea that suffering would atone for sin and restore cosmic order served as justification for

the use of corporal punishment. In addition, the Manu smriti advocated ceremonial penance, or prayaschitta, in which criminals might make up for their transgressions by participating in religious rites, fasting, or charitable giving.

In contrast, the BNS mostly uses fines, incarceration, and, in some situations, the death sentence as measures of punishment. In compliance with international human rights standards and constitutional safeguards of human dignity, corporal punishment, torture, and public humiliation have all been outlawed. In order to reintegrate convicts into society as law-abiding citizens, BNS places equal emphasis on reformation and rehabilitation as well as deterrence.

According to Manu smriti, the monarch or ruler had the last say over how justice was administered. The monarch was counselled by Brahmin priests or elders who interpreted the law in accordance with tradition and precedent, and the procedure was often opaque. There was a lot of room for arbitrary or prejudiced rulings, particularly in situations involving women or lower castes. This system put group order ahead of individual justice, reflecting the larger societal realities of the time.

Today, the BNS entrusts an impartial, independent court with the duty of administering justice. Every accused person has the right to an appeal, legal counsel, and a fair trial. Because the court is constrained with statutory provisions and set regulations, it is more transparent, consistent, and immune to capricious behaviour. Right to a fair trial, a crucial component was mostly lacking in the old regime, is embodied in the BNS.

In Manusmriti, victims care was not the main priority. Preserving communal peace has been prioritised above personal justice. Victims often had no recourse to justice or restitution, particularly those from disadvantaged communities or lower castes. Inequality was institutionalised and the social hierarchy was strengthened by the harsher punishments meted out for crimes against higher castes than those against lower castes.

The penal structure of the Manusmriti did not prioritise rehabilitation or reintegration. Offenders, particularly those from lower castes, may experience long-term social shame or marginalisation after being punished. Punishment sometimes resulted in the permanent loss of rank or community, and the system seldom permitted a second opportunity.

However, the BNS highlights the possibility of rehabilitation, particularly for young or first-time offenders. In order to reduce recidivism and encourage constructive citizenship, alternatives to jail include community service, probation, and parole. Since criminals are capable of changing, the law aims to facilitate their reintegration into society.

Court procedures are held in courtrooms rather than public squares, and modern justice as it is expressed in the BNS is private and dignified. The goal is to promote respect for the rule of law rather than a fear of authority, and to preserve the dignity of all parties concerned, including the accused. Cruel, inhuman, or humiliating punishment is not acceptable to the BNS.

Religious atonement and ritual played a significant role in the Manu Smriti sentencing procedure. Donations, self-sacrifice, or prescribed penance might all be used to absolve or lessen crimes. Because of this blending of religion and law, the line separating vice and crime was obscured and spiritual factors frequently affected judicial decisions.

The BNS is a secular law that bases punishment on legal, not religious, justifications. Instead of enforcing religious morality, the goal is to safeguard individual rights and social order. A defining feature of India's contemporary legal system, the separation of church and state is crucial to preserving individual liberty and plurality.

In Manu smriti, community members were often in charge of enforcement, with elders or local councils having a big say in what was punished and how it was carried out. In many cases, this approach led to collective or mob justice, when societal norms or the will of the majority might supersede individual rights.

The BNS ensures checks and balances by giving the state and its legal institutions enforcement authority. People who feel that the system has harmed them have recourse, and law enforcement is subject to court scrutiny. This guarantees responsibility and aids in the prevention of abuse.

Due to the dominating impact of caste, gender, and social standing, the principle of proportionality in punishment was implemented inconsistently in Manu Smriti. Social order was often given precedence over individual justice, and punishments for the same violation might vary significantly according on the people involved.

With a distinct gradient of violations and associated sanctions, proportionality serves as a guiding element in the BNS. By striking a balance between retribution, deterrence, and the potential for change, the law seeks to guarantee that punishment is appropriate for the offence. This method avoids both excessive and insufficient fines while promoting justice.

In the end, the transition from Manu smriti to the BNS represents India's transformation from a traditional, hierarchical society to a contemporary, rights-based democracy. From retaliation and social control, penalty has changed to promote equality, justice, and rehabilitation. Even if there are still issues, the BNS is a monument to the continuous development of justice in India and reflects a dedication to protecting the rights and dignity of every person, regardless of ethnicity.

Equality Before Law: In India, the idea of equality before the law has changed dramatically throughout the ages, reflecting changes in social norms, government, and philosophy. One of the first writings on law and social order, the Manu Smriti, offers a worldview based on distinction and hierarchy. Its provisions, which divided individuals into

many social divisions with unique rights, obligations, and responsibilities, were heavily inspired by the varna system. Modern legislative thought, on the other hand, produced the Bharatiya Nyaya Sanhita, which emphasises democratic ideals and constitutional demands that support equality and secularism.

The notion of dharma, which is understood uniquely one per issues of gender, is inextricably linked to the idea of law in the Manu smriti. Brahmins are often given the most compassionate treatment under the Manu smriti, which lays out distinct laws and penalties for Kshatriyas, Vaishyas, Shudras, and Brahmins. A system where social standing determined legal decisions and individual liberties was institutionalised by this segmentation, which also permeated the penal system, heredity, and racial justice.

Thus, a strict social order was mirrored in and upheld by the Manu Smriti's legal system. The victim's and the offender's castes affected the penalties for comparable crimes. For instance, a Shudra who steals could face a much greater punishment than a Brahmin who commits the same offence. Since the law was a tool for upholding hierarchy rather than guaranteeing fairness, this unequal treatment was in direct opposition to the equal justice ideal.

The legal architecture of the Manu smriti was also heavily influenced by gender. Throughout their lives, women were mostly seen as dependents, first by their dads, then by their spouses, and eventually by their sons. Their legal independence was restricted, and women were often seen as having less credibility than males while testifying in court. These clauses denied women equal legal protection and rights and further solidified gender inequality.

The idea of equality before the law gained traction with the adoption of the Indian Constitution and the steady development of the country's judicial system. Moving away from the discriminatory practises rooted in ancient texts, the Bharatiya Nyaya Sanhita represents a deliberate attempt to reflect these constitutional values. Irrespective of race, race, gender, or religious practice, the BNS is specifically intended to be non-discriminatory, implementing its rules consistently to every person.

Article 14 of the Indian Constitution, which ensures that all individuals inside the country's borders have equal protection under the law, provides the BNS with its fundamental strength. This idea is ingrained in the BNS, guaranteeing that the law does not distinguish between people according to their inherited or assigned status. Justice is supposed to be unbiased and unaffected by the victim's or accused's socioeconomic status.

The manner in which the BNS imposes punishment is among the most notable deviations from the Manu smriti. The legal ramifications are determined by the kind and seriousness of the violation, not by the identity of the perpetrator. This strategy aims to increase public trust in the judicial system's impartiality and integrity by reaffirming that everyone is subject to the same legal standards.

Additionally, the BNS takes a more inclusive stance on minority rights and gender concerns. In an effort to address centuries of societal disadvantage, provisions are established to safeguard historically oppressed groups, such as women and Scheduled Castes and Scheduled Tribes. The BNS seeks to be an instrument for social justice rather than sustaining current injustices, and legal remedies are available.

Thus, the transition from Manu smriti to the BNS may be seen as a microcosm of India's larger shift from a rigidly stratified society to one that aspires to social justice, equality, and democratic government. This change emphasises how laws may be adjusted to changing social realities and how crucial it is for a contemporary state to enact laws that uphold equality, dignity, and individual rights.

Overall, the Bharatiya Nyaya Sanhita represents the modern ideal of equal justice for everyone, while the Manu smriti codified inequity before the law as a reflection of the social and religious culture of its period. India's dedication to creating a more fair and equal society for all of its citizens is shown by the journey from ancient writings to current regulations, which represents not just a legal shift but also a significant social and ethical growth.

Conclusion: The Manu smriti and the Bharatiya Nyaya Sanhita represent two vastly different visions of social justice. While Manu smriti reflects the values and norms of an ancient hierarchical society, the BNS embraces the modern ideals of equality, fairness, and individual rights. In today's India, laws are designed to protect the dignity and rights of every citizen, aiming for a just and inclusive society.

In divergence, the Bharatiya Nyaya Sanhita represents a progressive shift toward a more inclusive and egalitarian notion of justice. Drawing from constitutional values, the BNS seeks to create a legal framework where protections and penalties apply equally to all, regardless of their background. By prioritizing equality before law and aiming to safeguard the rights of marginalized groups, the BNS aspires to correct historical wrongs rather than reinforce them.

References: –

1. Bharteey Nyay sanhita 2023
2. Manusmriti
3. Manu-Smrti With Nine Commentaries by Medhatithi, Sarvajnanarayana, Kulluka, Raghavananda, Nandana, Ramacandra, Manirama, Govindaraja and Bharuci (Vol-3, Chapter 5-7)
4. Rmayan By Goswami Tulsidas

✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भारत में किशोर न्याय के संवैधानिक और मानवाधिकार आयाम

श्रीमती प्रीती बुंदेला* डॉ. राम सिंह पटेल**

* शोधार्थी, महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर (म.प्र.) भारत
** सह-प्राध्यापक, पं. मोतीलाल नेहरू विधि महाविद्यालय, छतरपुर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – किशोर न्याय, एक प्रगतिशील और मानवीय कानूनी व्यवस्था की आधारशिला के रूप में, बच्चों के कल्याण और संरक्षण के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भारत में, संवैधानिक दृष्टिकोण और मानवाधिकार दायित्व मिलकर कानून का उल्लंघन करने वाले किशोरों और देखभाल एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के समाधान हेतु रूपरेखा तैयार करते हैं। यह शोधपत्र भारत में किशोर न्याय के संवैधानिक और मानवाधिकार आयामों का अन्वेषण करता है, और उन कानूनी प्रावधानों, न्यायिक व्याख्याओं और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं का विश्लेषण करता है जिन्होंने किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 के विकास को प्रभावित किया है। यह किशोर अपराधों से निपटने में सुधार और निवारण के बीच संतुलन की भी जाँच करता है, विशेष रूप से 2012 के दिल्ली सामूहिक बलात्कार मामले के बाद, जिसने प्रमुख विधायी सुधारों को जन्म दिया। अध्न का निष्कर्ष है कि जहाँ भारत के संवैधानिक और अंतर्राष्ट्रीय दायित्व पुनर्वास और पुनर्एकीकरण पर आधारित बाल-केंद्रित दृष्टिकोण को अनिवार्य बनाते हैं, वहीं कार्यान्वयन में लगातार आने वाली कमियाँ, सामाजिक-आर्थिक कमजोरियाँ और प्रणालीगत सीमाएँ वास्तविक किशोर न्याय की प्राप्ति को चुनौती देती रहती हैं।

शब्द कुंजी – किशोर न्याय, मानवाधिकार, भारतीय संविधान, पुनर्वास, बाल अधिकार, किशोर न्याय अधिनियम 2015।

प्रस्तावना – कानून, बाल कल्याण और मानवाधिकारों के संगम पर किशोर न्याय एक अद्वितीय स्थान रखता है। यह इस दर्शन को मूर्त रूप देता है कि अपराध करने वाले बच्चों के साथ अपराधी जैसा व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि उन्हें ऐसे व्यक्ति के रूप में देखा जाना चाहिए जो सुधार और समाज में पुन: एकीकरण के योग्य हों। दुनिया की सबसे बड़ी बाल आबादी वाले देशों में से एक होने के नाते, भारत ने बाल संरक्षण और किशोर न्याय के लिए एक विस्तृत संवैधानिक और वैधानिक ढाँचा विकसित किया है।

भारत का संविधान अनुच्छेद 14, 15(3), 21 और 39 के तहत बच्चों सहित सभी व्यक्तियों को मौलिक अधिकारों की गारंटी देता है। यह राज्य को बच्चों के विकास के लिए सुरक्षा और अवसर सुनिश्चित करने का अधिकार देता है। ये प्रावधान, संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकार सम्मेलन (यूएनसीआरसी) जैसे अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दस्तावेजों के भारत द्वारा अनुसमर्थन के साथ, एक मानवीय और पुनर्वासात्मक किशोर न्याय प्रणाली के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं। हालाँकि, भारत की किशोर न्याय व्यवस्था का विकास पुनर्वास और प्रतिशोध के बीच तनाव से चिह्नित रहा है। किशोर न्याय (बालकों की देखभाल एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015, जिसने 2000 के अधिनियम का स्थान लिया, ने जघन्य अपराधों के लिए 16-18 वर्ष की आयु के किशोरों पर वयस्कों की तरह मुकदमा चलाने का विवादास्पद प्रावधान पेश किया। यह बदलाव, हालाँकि राजनीतिक रूप से जन आक्रोश के प्रति उत्तरदायी था, लेकिन इसने भारत के संवैधानिक सिद्धांतों और अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार मानकों के पालन पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए।

यह लेख इन आयामों का गहराई से अध्ययन करने का प्रयास करता है, यह मूल्यांकन करते हुए कि भारत का संवैधानिक और मानवाधिकार ढाँचा उसकी किशोर न्याय प्रणाली को कैसे प्रभावित करता है, और क्या वर्तमान व्यवस्था वास्तव में बाल अधिकारों और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप है।

किशोर न्याय के संवैधानिक आयाम – भारत का संविधान बच्चों, जिनमें विधि-विरुद्ध बालक भी शामिल हैं, के संरक्षण, विकास और कल्याण के लिए मानक आधार प्रदान करता है। किशोर न्याय की अवधारणा को संवैधानिक गारंटियों से वैधता और शक्ति प्राप्त होती है जो प्रत्येक बालक की गरिमा और क्षमता की रक्षा करती हैं। भारतीय संवैधानिक ढाँचा मौलिक अधिकारों, राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों (DPSP) और मौलिक कर्तव्यों को मिलाकर बाल कल्याण के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है, जो भारत की किशोर न्याय प्रणाली के लिए नैतिक और कानूनी आधार का काम करता है।

किशोर, एक संवेदनशील सामाजिक समूह के सदस्य होने के नाते, विशेष देखभाल और सुरक्षा के हकदार हैं। संविधान निर्माताओं ने यह परिकल्पना की थी कि बच्चों के साथ, उनकी अपरिपक्वता और संवेदनशीलता के कारण, वयस्कों से अलग व्यवहार किया जाना चाहिए और उन्हें दंड के बजाय सुधार के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान किया जाना चाहिए। इस प्रकार, किशोर न्याय के संवैधानिक आयाम समानता के सिद्धांत और सम्मानपूर्वक जीवन के अधिकार, दोनों में निहित हैं, जिन्हें बचपन की रक्षा के लिए राज्य के निर्देश द्वारा बल मिलता है।

1. समानता और विशेष संरक्षण का अधिकार (अनुच्छेद 14 और 15)

अनुच्छेद 14 – विधि के समक्ष समता और विधियों का समान संरक्षण

अनुच्छेद 14 यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक व्यक्ति विधि के समक्ष

समता और विधियों के समान संरक्षण का हकदार है। हालाँकि, सर्वोच्च न्यायालय ने लगातार यह माना है कि समानता का अर्थ सभी परिस्थितियों में समान व्यवहार नहीं है। राज्य को वास्तविक न्याय प्राप्त करने के लिए व्यक्तियों को उचित श्रेणियों में वर्गीकृत करने का अधिकार है। किशोर न्याय के संदर्भ में, किशोरों और वयस्कों के बीच वर्गीकरण संवैधानिक रूप से मान्य है क्योंकि यह एक सुबोध अंतर – बच्चों की मानसिक और मनोवैज्ञानिक अपरिपक्वता – पर आधारित है और इस वर्गीकरण का विधि के उद्देश्य, अर्थात् उनके सुधार और पुनर्वास, के साथ एक तर्कसंगत संबंध है। इस प्रकार, किशोर न्याय (बालकों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015, अनुच्छेद 14 से संवैधानिक औचित्य प्राप्त करता है क्योंकि यह मानता है कि बच्चों के साथ वयस्क अपराधियों से भिन्न व्यवहार किया जाना चाहिए। अधिनियम के अंतर्गत पृथक प्रक्रिया, संस्थागत ढाँचा और दण्ड–प्रणाली, उचित वर्गीकरण के इस सिद्धांत का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं।

अनुच्छेद 15(3) – बच्चों के लिए विशेष प्रावधान – अनुच्छेद 15(3) राज्य को महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष प्रावधान करने का अधिकार देता है। यह प्रावधान केवल समानता से आगे बढ़कर उनकी सुरक्षा और उन्नति के लिए सकारात्मक कार्रवाई की अनुमति देता है। किशोर न्याय कानून ऐसा ही एक विशेष उपाय है, जिसे यह सुनिश्चित करने के लिए तैयार किया गया है कि बच्चों को उनकी आयु, भेद्यता और विकासात्मक आवश्यकताओं के अनुरूप कानूनी सुरक्षा प्राप्त हो। गौरव जैन बनाम भारत संघ (1997) में सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि संविधान न केवल राज्य को बच्चों के सामाजिक और नैतिक विकास को सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रावधान करने की अनुमति देता है, बल्कि उसे ऐसा करने का आदेश भी देता है। इसलिए, विधि का उल्लंघन करने वाले किशोरों के साथ विशेष व्यवहार भेदभावपूर्ण नहीं है, बल्कि अनुच्छेद 15(3) से उत्पन्न एक संवैधानिक दायित्व है।

2. जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 21) – अनुच्छेद 21, जो यह गारंटी देता है कि 'किसी भी व्यक्ति को विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अनुसार ही उसके जीवन या व्यक्तिगत स्वतंत्रता से वंचित किया जाएगा,'की व्यापक व्याख्या की गई है और इसमें मानवीय गरिमा, शिक्षा, सुरक्षा और विकास के साथ जीने का अधिकार भी शामिल है। यह प्रावधान किशोर न्याय का संवैधानिक आधार है। शीला बरसे बनाम भारत संघ (1986) में, सर्वोच्च न्यायालय ने घोषित किया कि बच्चों को जेलों में बंद रखना अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है और अलग रिमांड और संप्रेक्षण गृह स्थापित करने का निर्देश दिया। इसी प्रकार, फ्रांसिस कोरली मुलिन बनाम केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली (1981) में, न्यायालय ने जीवन के अधिकार की व्याख्या गरिमा और मानवीय परिस्थितियों के साथ जीने के अधिकार के रूप में की – ये सिद्धांत राज्य की हिरासत में बच्चों पर भी समान रूप से लागू होते हैं। इसलिए, किशोर न्याय प्रणाली अपना पुनर्वासात्मक और सुधारात्मक स्वरूप अनुच्छेद 21 से प्राप्त करती है। कोई भी कानून या प्रक्रिया जो बच्चों के साथ कठोर, अमानवीय या वयस्कों जैसा दंडात्मक व्यवहार करती है, असंवैधानिक होगी, क्योंकि यह उनके सम्मानपूर्वक जीवन जीने के अधिकार का उल्लंघन करेगी।

3. राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत (अनुच्छेद 39(ई), 39(एफ), 45 और 47)– यद्यपि ये निर्देशक सिद्धांत न्यायालयों द्वारा प्रवर्तनीय नहीं हैं, फिर भी ये नीतियाँ और कानून बनाने में राज्य का मार्गदर्शन करते हैं। ये किशोर न्याय की व्याख्या और कार्यान्वयन के लिए नैतिक दिशानिर्देश प्रदान करते हैं।

अनुच्छेद 39(ई) और (एफ): बाल्यावस्था और युवावस्था का संरक्षण अनुच्छेद 39(ई) राज्य को यह सुनिश्चित करने का निर्देश देता है कि 'श्रमिकों, पुरुषों और महिलाओं, तथा बच्चों की कोमल अवस्था के स्वास्थ्य और शक्ति का दुरुपयोग न हो,' जबकि अनुच्छेद 39(एफ) यह अनिवार्य करता है कि 'बच्चों को स्वस्थ तरीके से और स्वतंत्रता एवं गरिमा की परिस्थितियों में विकसित होने के अवसर और सुविधाएँ प्रदान की जाएँ।' यह इस बात पर भी जोर देता है कि बचपन और युवावस्था को शोषण, नैतिक और भौतिक परित्याग से बचाया जाए। ये सिद्धांत स्पष्ट रूप से दुर्व्यवहार, उपेक्षा और अपराध को रोकने के राज्य के कर्तव्य को मान्यता देते हैं, जो किशोर न्याय अधिनियम का दार्शनिक आधार है। स्वस्थ विकास और गरिमा पर जोर कानून का उल्लंघन करने वाले किशोरों के पुनर्वास, परामर्श और पुर्न:कीकरण के प्रावधानों में प्रति/वनित होता है। लक्ष्मी कांत पांडे बनाम भारत संघ (1984) में, सर्वोच्च न्यायालय ने अनुच्छेद 39(f) का सहारा लेकर गोद लेने और बाल संरक्षण के मामलों में बच्चे के कल्याण की सर्वोपरिता पर जोर दिया, जिससे प्रत्येक बच्चे के विकास और गरिमा को सुरक्षित रखने के राज्य के कर्तव्य पर बल मिला।

अनुच्छेद 45 – प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा का प्रावधान 86वें संविधान संशोधन द्वारा संशोधित अनुच्छेद 45, राज्य को सभी बच्चों के लिए छह वर्ष की आयु पूरी करने तक प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा प्रदान करने का निर्देश देता है। यह अपराध के विरुद्ध एक महत्वपूर्ण निवारक उपाय है, क्योंकि प्रारंभिक बचपन की शिक्षा और देखभाल बाद के जीवन में भावनात्मक स्थिरता, सामाजिक उत्तरदायित्व और वैध व्यवहार के निर्माण में सहायक होती है।

अनुच्छेद 47 पोषण और सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार के लिए राज्य के दायित्व पर बल देता है।

बाल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, यह स्वीकार करते हुए कि गरीबी, कुपोषण और उपेक्षा किशोर अपराध के मूल कारण हैं। सामाजिक–आर्थिक अभाव और किशोर अपराध के बीच संबंध इस बात पर जोर देता है कि किशोर न्याय केवल एक आपराधिक कानून का मुद्दा नहीं है, बल्कि संविधान के तहत एक विकासात्मक और कल्याणकारी चिंता का विषय है।

4. अनुच्छेद 23 और 24: शोषण से सुरक्षा – अनुच्छेद 23 तस्करी, बेगार (जबरन श्रम) और इसी तरह के शोषण का निषेध करता है। कानून का उल्लंघन करने वाले कई किशोर अपराध करने से पहले तस्करी, बाल श्रम या यौन शोषण के शिकार होते हैं। इसे स्वीकार करते हुए, संविधान ऐसे बच्चों को कड़ी सुरक्षा प्रदान करता है, यह सुनिश्चित करते हुए कि उनके साथ देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता वाले पीड़ितों के रूप में व्यवहार किया जाए, न कि दंडित किए जाने वाले अपराधियों के रूप में।

अनुच्छेद 24 – खतरनाक व्यवसायों में बच्चों के रोजगार का निषेध अनुच्छेद 24 खतरनाक उद्योगों में 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के रोजगार पर प्रतिबंध लगाता है। यह उन सामाजिक–आर्थिक कमजोरियों का समाधान करके किशोर न्याय को पूरक बनाता है जो बच्चों को कानून के साथ टकराव में धकेलती हैं। बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 और बच्चों को नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009

जैसे कानून इस संवैधानिक अधिदेश को क्रियान्वित करते हैं और किशोर न्याय के व्यापक निवारक ढाँचे में योगदान करते हैं।

5. मौलिक कर्तव्य (अनुच्छेद 51A)–अनुच्छेद 51A(k) माता–पिता या अभिभावकों पर छह से चौदह वर्ष की आयु के अपने बच्चों को शिक्षा के अवसर प्रदान करने का मौलिक कर्तव्य आरोपित करता है। यह प्रावधान बच्चों के पालन–पोषण और शिक्षा को सुनिश्चित करने में राज्य और समाज की साझा जिम्मेदारी को मान्यता देता है, और उन परिस्थितियों को रोकता है जो उन्हें अपराध की ओर ले जा सकती हैं। एक सुशिक्षित और सामाजिक रूप से एकीकृत बच्चे के कानून के साथ टकराव में आने की संभावना कम होती है।

6. न्यायिक व्याख्या और संवैधानिक विकास– भारत के सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों ने किशोर न्याय के संवैधानिक अर्थ को विस्तारित करने में निर्णायक भूमिका निभाई है। न्यायिक सक्रियता ने यह सुनिश्चित किया है कि बच्चों के अधिकारों को मौलिक अधिकारों और मानवीय गरिमा के व्यापक ढाँचे में शामिल किया जाए।

कुछ ऐतिहासिक निर्णयों में शामिल हैं:

1. **शीला बरसे बनाम भारत संघ (1986) –** न्यायालय ने कहा कि किशोरों को जेलों में बंद नहीं किया जाना चाहिए और उन्हें अलग सुविधाएँ प्रदान की जानी चाहिए।
2. **एम.सी. मेहता बनाम तमिलनाडु राज्य (1996) –** न्यायालय ने बाल श्रम और किशोर न्याय को जोड़ा और शिक्षा को एक संवैधानिक अधिकार के रूप में महत्व दिया।
3. **सलिल बाली बनाम भारत संघ (2013) –** न्यायालय ने किशोर न्याय अधिनियम, 2000 को संवैधानिक मूल्यों और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के अनुरूप माना और कहा कि 'प्रतिशोधात्मक न्याय की तुलना में सुधारात्मक न्याय को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।'
4. **डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी बनाम राजू (2014) –** न्यायालय ने किशोरों के लिए अलग व्यवहार निर्धारित करने की विधायी क्षमता को मान्यता दी, लेकिन आगाह किया कि ऐसे उपाय संवैधानिक सुरक्षा उपायों के अनुरूप होने चाहिए।

इन निर्णयों के माध्यम से, न्यायपालिका ने इस बात की पुष्टि की है कि किशोर न्याय प्रणाली संवैधानिक नैतिकता का एक विस्तार है, जिसका उद्देश्य बच्चों को दंडित करना नहीं, बल्कि उनकी रक्षा करना है।

7. मौलिक अधिकारों और नीति निर्देशक सिद्धांतों के बीच अंतर्संबंध– मौलिक अधिकारों और नीति निर्देशक सिद्धांतों के बीच तालमेल बच्चों के लिए संवैधानिक दृष्टिकोण की आत्मा है। जहाँ मौलिक अधिकार समानता और सम्मान जैसे प्रवर्तनीय अधिकारों की गारंटी देते हैं, वहीं नीति निर्देशक सिद्धांत इन अधिकारों को साकार करने के लिए सामाजिक–आर्थिक संदर्भ प्रदान करते हैं। इसलिए, किशोर न्याय अधिनियम को इस संवैधानिक संश्लेषण के विधायी अवतार के रूप में देखा जा सकता है, जो संरक्षण, शिक्षा और पुनर्वास के मूल्यों को प्रवर्तनीय प्रक्रियाओं और संस्थाओं में रूपांतरित करता है।

भारत में किशोर न्याय के मानवाधिकार आयाम– किशोर न्याय केवल एक घरेलू कानूनी चिंता नहीं हैय यह बच्चों के संरक्षण और कल्याण के व्यापक वैश्विक ढाँचे में अंतर्निहित एक मानवाधिकार अनिवार्यता है। कानून का उल्लंघन करने वाले बच्चों के साथ व्यवहार, मानवाधिकारों और सामाजिक न्याय के प्रति किसी राष्ट्र की प्रतिबद्धता की कसौटी है।

भारत में, किशोर न्याय के मानवाधिकार आयाम दो परस्पर जुड़े आधारों पर आधारित हैं:

1. विभिन्न सम्मेलनों, घोषणाओं और दिशानिर्देशों के तहत भारत के अंतर्राष्ट्रीय दायित्वय और
2. संवैधानिक व्याख्या और न्यायिक सक्रियता के माध्यम से विकसित मानवाधिकार न्यायशास्त्र।

ये सिद्धांत मिलकर इस बात पर जोर देते हैं कि प्रत्येक बच्चा, चाहे उसकी पृष्ठभूमि या अपराध कुछ भी हो, सम्मान, निष्पक्ष व्यवहार और सुधार एवं पुन: एकीकरण के अवसर का हकदार है। इस प्रकार, किशोर न्याय, आपराधिक कानून से आगे बढ़कर विकास के अधिकार, सम्मानपूर्वक जीवन के अधिकार, मनमाने ढंग से हिरासत में लिए जाने के विरुद्ध अधिकार और निष्पक्ष एवं मानवीय प्रक्रिया के अधिकार को भी समाहित करता है।

1. भारत में किशोर न्याय को प्रभावित करने वाले अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार उपकरण – किशोर न्याय (बालकों की देखभाल एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 सहित भारत का किशोर न्याय ढाँचा, अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार मानकों से गहराई से प्रभावित है। इन वैश्विक मानदंडों ने भारत की नीति और विधान को बाल–केंद्रित, पुनर्वासात्मक मॉडल की ओर अग्रसर किया है।

(क) संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकार सम्मेलन (यूएनसीआरसी), 1989

भारत द्वारा 1992 में अनुसमर्थित यूएनसीआरसी, अंतर्राष्ट्रीय बाल अधिकार कानून की आधारशिला है। यह 18 वर्ष से कम आयु के प्रत्येक व्यक्ति को बालक के रूप में परिभाषित करता है और यह अनिवार्य करता है कि कानून तोड़ने के आरोपी प्रत्येक बच्चे के साथ उसकी गरिमा और मूल्य के सम्मान के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए।

किशोर न्याय से संबंधित प्रमुख प्रावधानों में शामिल हैं:

1. **अनुच्छेद 37(ख)–** किसी बच्चे को हिरासत में रखना या कारावास देना अंतिम उपाय होगा और कम से कम उचित अवधि के लिए होगा।
2. **अनुच्छेद 40–** यह सुनिश्चित करता है कि किसी अपराध के आरोपी बच्चों के साथ उनके सम्मान, मूल्य और समाज में पुन: एकीकरण की भावना के अनुरूप व्यवहार किया जाए।
3. **अनुच्छेद 3–** बच्चों से संबंधित सभी कार्यों में उनके सर्वोत्ताम हितों को प्राथमिकता दी जाएगी।
4. **अनुच्छेद 12–** बच्चों को न्यायिक और प्रशासनिक कार्यवाहियों में सुनवाई का अधिकार है।

किशोर न्याय अधिनियम, 2000 और बाद में 2015 का अधिनियम, भारतीय कानून को इन दायित्वों के अनुरूप बनाने के लिए लागू किया गया था, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किशोर अपराधियों के साथ करुणा और विकासात्मक संवेदनशीलता के साथ व्यवहार किया जाए।

(ख) किशोर न्याय प्रशासन के लिए संयुक्त राष्ट्र मानक न्यूनतम नियम (बीजिंग नियम), 1985

बीजिंग नियम दुनिया भर में किशोर न्याय प्रणालियों के लिए व्यापक मानक निर्धारित करते हैं। वे इस पर जोर देते हैं:

1. विपथन और समुदाय–आधारित कार्यक्रमों के माध्यम से न्यायिक कार्यवाही से बचना।
2. स्थिति अपराधों (ऐसे कृत्य जो वयस्कों के लिए अपराध नहीं हैं, जैसे

स्कूल से अनुपस्थित रहना या भाग जाना) का गैर-अपराधीकण।
3. सजा में आनुपातिकता और हिरासत के दौरान मानवाधिकारों का सम्मान।

इन सिद्धांतों ने अलग किशोर न्याय बोर्ड बनाने और कारावास की बजाय पुनर्वास को बढ़ावा देने के भारतीय दृष्टिकोण का मार्गदर्शन किया है।

(ग) किशोर अपराध निवारण हेतु संयुक्त राष्ट्र दिशानिर्देश (रियाद दिशानिर्देश), 1990

रियाद दिशानिर्देश किशोर अपराध को जन्म देने वाली सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों का समाधान करके किशोर अपराध को रोकने पर केंद्रित हैं। वे निम्नलिखित की वकालत करते हैं:

1. परिवार और समुदाय-आधारित हस्तक्षेपय
2. शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षणय
3. संस्थागतीकरण को न्यूनतम करना।

ये विचार भारतीय संविधान के अंतर्गत राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों और किशोर न्याय अधिनियम के पुनर्वास संबंधी फोकस के अनुरूप हैं।

(घ) स्वतंत्रता से वंचित किशोरों के संरक्षण हेतु संयुक्त राष्ट्र नियम (हवाना नियम), 1990

ये नियम हिरासत में रखे गए किशोरों के लिए मानवीय परिस्थितियों का निर्धारण करते हैं, जिनमें शामिल हैं:

1. वयस्कों से अलगाव।
2. शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और पारिवारिक संपर्क तक पहुँच।
3. क्रूर, अमानवीय या अपमानजनक व्यवहार का निषेध।

भारतीय न्यायालयों ने, विशेष रूप से शीला बरसे बनाम भारत संघ (1986) मामले में, किशोरों को वयस्कों के साथ बंदी बनाए रखने और अलग संप्रेक्षण गृहों में रहने का आदेश देने के लिए इसी तरह के सिद्धांतों का हवाला दिया है।

3. किशोर न्याय के आधारभूत मानवाधिकार सिद्धांत – किशोर न्याय का दर्शन उन प्रमुख मानवाधिकार सिद्धांतों पर आधारित है जो प्रत्येक बच्चे के लिए निष्पक्षता, सम्मान और पुनर्वास सुनिश्चित करते हैं।

(क) गरिमा और मूल्य का सिद्धांत – प्रत्येक बच्चे में, चाहे उसके कर्म कुछ भी हों, अंतर्निहित गरिमा होती है। किशोर न्याय का केंद्र दंड नहीं, बल्कि सुधार और सामाजिक पुनर्मिलन है। बीजिंग नियम और यूएनसीआरसी इस बात पर जोर देते हैं कि बच्चों के साथ कभी भी अपराधी जैसा व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि उन्हें मार्गदर्शन और सहायता की आवश्यकता वाले व्यक्तियों के रूप में माना जाना चाहिए।

(ख) भेदभाव न करने का सिद्धांत – मानवाधिकार कानून सभी बच्चों के लिए समान सुरक्षा का आदेश देता है। भारतीय कानूनी ढांचा संविधान के अनुच्छेद 14 और किशोर न्याय अधिनियम की धारा 3 के माध्यम से इस सिद्धांत को कायम रखता है, जिसके अनुसार धर्म, जाति, लिंग या सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि जैसे आधारों पर कोई भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए।

(ग) बाल हित का सिद्धांत – यूएनसीआरसी (अनुच्छेद 3) का मूल सिद्धांत यह है कि बच्चों से संबंधित सभी कार्यों - न्यायिक, प्रशासनिक या विधायी - में उनके सर्वोत्तम हित सर्वोपरि होने चाहिए। भारतीय न्यायालयों ने, एल.के. पांडे बनाम भारत संघ (1984) जैसे मामलों में, बाल-संबंधी निर्णयों के लिए इस सिद्धांत को निरंतर मार्गदर्शक के रूप में स्वीकार किया है।

घ) निष्पक्ष सुनवाई और कानूनी सहायता का अधिकार – यूएनसीआरसी के अनुच्छेद 40 और भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत, कानून का उल्लंघन करने वाले प्रत्येक बच्चे को कानूनी सहायता, भागीदारी और निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार है। अधिनियम के तहत स्थापित किशोर न्याय बोर्ड यह सुनिश्चित करते हैं कि कार्यवाही बाल-अनुकूल, अनौपचारिक हो और आपराधिक प्रक्रिया की कठोरता के बजाय सामाजिक और मनोवैज्ञानिक समझ से निर्देशित हो।

(ङ) पुनर्वास और पुर्न:कीकरण का सिद्धांत – मानवाधिकार न्यायशास्त्र किशोरों के लिए प्रतिशोध को अस्वीकार करता है, और इसके बजाय समाज में उनके पुर्न:कीकरण पर ध्यान केंद्रित करता है। किशोर न्याय अधिनियम, 2015 की धारा 3(xii) इस बात को स्पष्ट करती है कि पुनर्वास और सामाजिक पुन: एकीकरण, किसी भी बच्चे के संबंध में किसी भी निर्णय का प्राथमिक उद्देश्य होना चाहिए।

बहस: किशोर न्याय अधिनियम, 2015 और मानवाधिकार संबंधी चिंताएँ

किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 ने 16-18 वर्ष की आयु के किशोरों पर उनकी मानसिक और शारीरिक क्षमता के प्रारंभिक आकलन के आधार पर जघन्य अपराधों के लिए वयस्कों की तरह मुकदमा चलाने की अनुमति देकर, पहले के मॉडलों से एक महत्वपूर्ण बदलाव किया।

यद्यपि इस प्रावधान का उद्देश्य 2012 के दिल्ली सामूहिक बलात्कार मामले के बाद जनाक्रोश को दूर करना था, लेकिन इसने गंभीर मानवाधिकार और संवैधानिक चिंताओं को जन्म दिया।

(क) अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं का उल्लंघन – संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग (यूएनसीआरसी) स्पष्ट रूप से 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों पर वयस्कों की तरह मुकदमा चलाने पर रोक लगाता है। इस भेद को लागू करके, भारत ने 'बच्चों के सर्वोत्ताम हित' सिद्धांत और अंतर्राष्ट्रीय किशोर न्याय मानदंडों के मूल में स्थित पुनर्वास आदर्श के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को कमजोर किया है।

(ख) व्यक्तिपरकता और मनमाने निर्णय लेने का जोखिम – किशोर न्याय बोर्ड द्वारा यह निर्धारित करने के लिए किया जाने वाला 'प्रारंभिक मूल्यांकन' कि क्या किसी बच्चे में वयस्क के रूप में मुकदमा चलाने की परिपक्वता है, अत्यधिक व्यक्तिपरकता का परिचय देता है। उचित मनोवैज्ञानिक विशेषज्ञता और प्रशिक्षण के बिना, ऐसे मूल्यांकन मनमाने या भेदभावपूर्ण परिणामों को जन्म दे सकते हैं, जो अनुच्छेद 21 के तहत निष्पक्ष प्रक्रिया के अधिकार का उल्लंघन करते हैं।

(ग) पुनर्वास दर्शन का क्षरण – मानवाधिकार कानून इस बात की वकालत करता है कि कोई भी बच्चा सुधार से परे नहीं है। हालाँकि, 2015 का संशोधन प्रतिशोध और निवारण पर ध्यान केंद्रित करता है, जिससे बाल संरक्षण और पुनर्स्थापनात्मक न्याय में दशकों की प्रगति कमजोर होती है।

(घ) हाशिए पर पड़े बच्चों पर असमानुपातिक प्रभाव – अध्ययनों से पता चलता है कि कानून का उल्लंघन करने वाले किशोरों का एक बड़ा हिस्सा गरीब या सामाजिक रूप से हाशिए पर रहने वाली पृष्ठभूमि से आता है। वयस्क मुकदमे का प्रावधान इन बच्चों को असमानुपातिक रूप से प्रभावित

करता है, जो समानता और सामाजिक न्याय के मानवाधिकार सिद्धांत का उल्लंघन करता है।

किशोर न्याय में मानवाधिकार मुद्दों पर न्यायिक प्रतिक्रियाएँ – भारतीय न्यायालयों ने न्याय प्रणाली के अंतर्गत बच्चों के मानवाधिकारों की रक्षा के लिए अक्सर हस्तक्षेप किया है।

1. **शीला बरसे बनाम भारत संघ (1986)–** सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि बच्चों को जेलों में नहीं रखा जाना चाहिए और उनके साथ मानवीय व्यवहार, शिक्षा और पुनर्वास पर जोर दिया।
2. **सलिल बाली बनाम भारत संघ (2013)–** न्यायालय ने 2000 के अधिनियम की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा और इस बात पर जोर दिया कि ध्यान पुनर्वास पर होना चाहिए, न कि प्रतिशोध पर।
3. **डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी बनाम राजू (2014)–** आयु सीमा पर कानून बनाने के संसद के अधिकार को बरकरार रखते हुए, न्यायालय ने आग्रह किया कि सभी प्रक्रियाएँ संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग (यूएनसीआरसी) के तहत भारत के दायित्वों के अनुरूप होनी चाहिए।
4. **विषय– अनाथालयों में बच्चों का शोषण (2017)–** सर्वोच्च न्यायालय ने राज्यों को बाल देखभाल संस्थानों की स्थितियों में सुधार करने का निर्देश दिया, और स्वतंत्रता से वंचित बच्चों के मानवाधिकारों को मान्यता दी।

इस प्रकार, न्यायिक व्याख्या ने इस विचार को लगातार पुष्ट किया है कि किशोर न्याय एक मानवाधिकार मुद्दा है, जो गरिमा, करुणा और निष्पक्षता पर आधारित है।

राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार निकायों की भूमिका

क) राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) – एनएचआरसी किशोर गृहों की निगरानी, मानवीय व्यवहार के लिए दिशानिर्देश जारी करने और बाल न्याय प्रणाली में सुधारों की सिफारिश करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। इसकी आवधिक रिपोर्टों ने संप्रेक्षण गृहों में भीड़भाड़, परामर्श का अभाव और मानवाधिकारों के उल्लंघन जैसी प्रणालीगत समस्याओं का खुलासा किया है।

ख) राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) – बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम, 2005 के तहत स्थापित, एनसीपीसीआर यह सुनिश्चित करता है कि सभी कानून, नीतियाँ और कार्यक्रम यूएनसीआरसी के सिद्धांतों के अनुरूप हों। यह नियमित रूप से बाल देखभाल संस्थानों का निरीक्षण करता है और किशोर न्याय सुधारों पर सलाह देता है।

ग) यूनिसेफ और अंतर्राष्ट्रीय वकालत – यूनिसेफ इंडिया किशोर न्याय तंत्र को मजबूत करने के लिए सरकारी एजेंसियों और गैर-सरकारी संगठनों के साथ सहयोग करता है, जिसमें प्रशिक्षण, बाल-अनुकूल न्यायालयों और डायवर्जन कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

मानवाधिकार चुनौतीव्यवहार में परिवर्तन – एक विस्तृत कानूनी ढाँचे के बावजूद, किशोर न्याय में मानवाधिकारों की प्राप्ति कई व्यावहारिक चुनौतियों का सामना करती है:

1. अतिव्यस्त और संसाधनों से वंचित संप्रेक्षण गृह।
2. किशोरों के लिए अपर्याप्त कानूनी सहायता और मनोवैज्ञानिक समर्थन।
3. सामाजिक-आर्थिक पूर्वाग्रहकृअधिकांश किशोर हाशिए की पृष्ठभूमि से आते हैं।
4. मीडिया सनसनीखेजता, जो किशोर अपराधियों को शैतानी रूप में प्रस्तुत करती है और उनकी निजता और सम्मान के अधिकार को कमजोर करती है।
5. रिहाई के बाद पुनर्वास निगरानी का अभाव, जिसके कारण पुन: अपराध और सामाजिक बहिष्कार होता है।

ये चुनौतियाँ भारत के मानवाधिकार दायित्वों और किशोर न्याय प्रशासन की जमीनी हकीकत के बीच के अंतर को उजागर करती हैं।

मानवाधिकार-आधारित सुझाव

1. **पुनर्वास और विपथन कार्यक्रमों को मजबूत बनाएँ–** कारावास के समुदाय-आधारित विकल्पों का विस्तार करें और शिक्षा एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित करें।
2. **किशोर न्याय बोर्डों की क्षमता बढ़ाएँ–** बच्चों के प्रति संवेदनशील और सूचित मूल्यांकन सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षित मनोवैज्ञानिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को शामिल करें।
3. **गोपनीयता और सम्मान की रक्षा करें–** किशोरों की पहचान उजागर होने से रोकने के लिए सख्त मीडिया नियम लागू करें।
4. **पुनर्स्थापनात्मक न्याय मॉडल को बढ़ावा दें–** मानवाधिकार मूल्यों के अनुरूप पीड़ित-अपराधी मध्यस्थता और सुलह कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करें।
5. **आवधिक मानवाधिकार ऑडिट–** एनएचआरसीध्एनसीपीसीआर द्वारा बाल देखभाल गृहों और किशोर सुविधाओं के ऑडिट को संस्थागत रूप दें।
6. **जागरूकता और संवेदनशीलता–** मानवीय व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए पुलिस, न्यायपालिका और परिवीक्षा अधिकारियों के लिए निरंतर मानवाधिकार प्रशिक्षण।

कार्यान्वयन में चुनौतियाँ

1. प्रगतिशील कानूनों के बावजूद, भारत में किशोर न्याय प्रणाली गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है:
2. संरक्षण गृहों और बाल कल्याण संस्थानों में अपर्याप्त बुनियादी ढाँचा।
3. मनोवैज्ञानिकों, परिवीक्षा अधिकारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं सहित प्रशिक्षित कर्मियों की कमी।?
4. बच्चों की सामाजिक-आर्थिक कमजोरी के कारण कानून के साथ टकराव के बार-बार चक्र चलते हैं।
5. विभिन्न हितधारकों - पुलिस, न्यायपालिका और बाल संरक्षण इकाइयों - के बीच खराब समन्वय।
6. जनता की धारणा और मीडिया की सनसनीखेजता, जो अक्सर पुनर्वास के बजाय दंडात्मक न्याय की माँग करती है।

ये चुनौतियाँ संवैधानिक दृष्टिकोण और जमीनी हकीकत के बीच के अंतर को दर्शाती हैं।

आगे की राह:

1. **पुनर्वास को मूल सिद्धांत के रूप में पुन: स्थापित करें –** किशोर न्याय प्रणाली को अनुच्छेद 14, 21 और 39(f) के अनुरूप सुधारात्मक और पुनर्स्थापनात्मक दृष्टिकोणों को प्राथमिकता देनी चाहिए।
2. **संस्थागत क्षमता को मजबूत करें –** संप्रेक्षण गृहों और बाल कल्याण बोर्डों को बेहतर वित्त पोषण, बुनियादी ढाँचे और प्रशिक्षण की

आवश्यकता है।

3. **मनोवैज्ञानिक और सामाजिक पुर्न:कीकरण कार्यक्रम –** पुनरावृत्ति को कम करने के लिए परामर्श, व्यावसायिक प्रशिक्षण और रिहाई के बाद निगरानी आवश्यक है।
4. **कानून प्रवर्तन एजेंसियों का संवेदीकरण –** पुलिस और न्यायिक अधिकारियों को बाल अधिकारों और आघात-सूचित प्रक्रियाओं में प्रशिक्षित किया जाना चाहिए।
5. **जन जागरूकता और मीडिया उत्तरदायित्व –** जनधारणा मानवाधिकार सिद्धांतों के अनुरूप होनी चाहिए, जिससे दंडात्मक लोकलुभावनवाद को हतोत्साहित किया जा सके।

निष्कर्ष – भारत में किशोर न्याय के संवैधानिक और मानवाधिकार आयाम करुणा, समानता और मानवीय गरिमा के आदर्शों को मूर्त रूप देते हैं। हालाँकि संवैधानिक ढाँचा बच्चों के लिए विशेष सुरक्षा और पुनर्वास का आदेश देता है, और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन इन दायित्वों को सुदृढ़ करते हैं, फिर भी इन आदर्शों का व्यावहारिक कार्यान्वयन चुनौतियों से भरा हुआ है। किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015, प्रगति और विरोधाभास दोनों का प्रतिनिधित्व करता है – बाल कल्याण तंत्रों को शामिल करने में प्रगतिशील, फिर भी किशोरों के लिए वयस्क मुकदमों की अनुमति देने में प्रतिगामी। एक सच्चे संवैधानिक और अधिकार-आधारित किशोर न्याय प्रणाली को प्रतिशोध से आगे बढ़कर सुधार, सामाजिक एकीकरण और प्रत्येक बच्चे की अंतर्निहित गरिमा पर ध्यान केंद्रित करना होगा। इन सिद्धांतों का पालन करना न केवल एक कानूनी आदेश है, बल्कि एक मानवीय और न्यायपूर्ण समाज के निर्माण की दिशा में एक नैतिक दायित्व भी है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Constitution of India, 1950.
2. Sheela Barse v. Union of India, AIR 1986 SC 1773.
3. M.C. Mehta v. State of Tamil Nadu, AIR 1996 SC 699.
4. Salil Bali v. Union of India, (2013) 7 SCC 705.
5. Dr. Subramanian Swamy v. Raju, (2014) 8 SCC 390.
6. Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2015.
7. United Nations Convention on the Rights of the Child, 1989.
8. National Human Rights Commission, Annual Report on Child Rights, 2022.
9. UNICEF India, Children in Conflict with the Law: Policy and Practice Review, 2021.
10. Baxi, Upendra. The Future of Human Rights. Oxford University Press, 2012.
11. Bajpai, Asha. Child Rights in India: Law, Policy, and Practice. Oxford University Press, 2018.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटन की समभावनाएं जवाई-लूनी बेसिन के विशेष संदर्भ में एक अध्ययन

डॉ. उम्मेद कुमार चौधरी*

* सह आचार्य (भूगोल) राजकीय महाविद्यालय, बाली (राज.) भारत

प्रस्तावना – पर्यटन कई देशों में अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। पर्यटन के आर्थिक प्रभाव से होने वाली आय और रोजगार के प्रभाव महत्वपूर्ण हैं और पर्यटन विकास को बढ़ावा देने और बनाए रखने वाली नीतियां इन आर्थिक लाभों को प्रदान करने में एक आवश्यक भूमिका निभाती हैं। इस क्षेत्र पर नीति निर्माताओं और जनता का बहुत ध्यान जाता है, अधिकांश देशों में पर्यटन के आर्थिक महत्व को लगातार कम आंका गया हैं। लेकिन भारत में पर्यटन अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण क्षेत्रो में से एक है। भारत अपनी भौगोलिक विविधता, समृद्ध इतिहास एवं संस्कृति इसकी सुंदरता हर साल दूनिया के कोने कोने से पर्यटकों को आकर्षित करती है। ऐतिहासिक व आध्यात्मिक पर्यटन के विश्व प्रसिद्ध स्थानों जैसे महलों, मंदिर, दुर्ग, किलों से लेकर गुफाओं और शिल्पकला तक, भारतीयों की विविध संस्कृति परम्पराएं, रिति-रिवाज, मेले त्यौहार आदि दूनियां के लोगों के लिए भारत में पर्यटन की यात्रा का कारण प्रदान करता है। भारत के आर्थिक विकास और समग्र विकास के साथ पर्यटन का मजबूत संबंध है। यह न केवल देश के सकल घरेलू उत्पादन और विदेशी मृद्रा में महत्वपूर्ण योगदान देता है, बल्की देश की आर्थिक सवृद्धि और रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

राजस्थान को पर्यटन के क्षेत्र में न केवल देश में अपितु विश्व पर्यटन मानचित्र पर प्रमुखता से जाना जाता है। राजस्थान को सदियों से अपनी गौरवगाथा, ऐतिहासिक स्थलों, किलों, महलों एवं हवेलियों, ऐतिहासिक एवं कलात्मक बाड़ियों, झीलों, कला एवं संस्कृति, मेलों एवं उत्सवों, शास्त्रीय एवं लोक संगीतों व नृत्यों, हस्तकलाओं, तीर्थस्थलों, प्राकृतिक सौन्दर्य, पशु-पक्षी अभ्यारण्य, पर्वतों एवं मरुस्थलीय घोरों के कारण देश-विदेश में सराहा जाता है। यही कारण है कि राजस्थान आये बिना पर्यटकों की भारत पर्यटन यात्रा अधूरी रहती है।

ग्रामीण पर्यटन एक ऐसा क्षेत्र है या ग्रामीण जीवन से संबंधित क्षेत्र परिलक्षित होते हैं जैसे ग्रामीण जीवन शैली, कला और ग्रामीण संस्कृति आदि, भारत गांवो का देश है जहां लगभग 68.4% जनसंख्या गांवो में निवास करती है। प्रत्येक गांव की अपनी अलग-अलग संस्कृति, भाषा, खान-पान पहनावा आदि होता है, चुकि भारत जैसे देश में जिसमें विविधता और अनेकता का समायोजन दिखाई देता है वहीं गांवो में भी भौगोलिक, सामाजिक एवं संस्कृति विविधता देखने को मिलती है। गांवो में प्रकृति का सौंदर्य बिखरा हुआ पड़ा है, यहां की लोककला हस्तशिल्प व संस्कृति पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पर्याप्त है।

अध्ययन क्षेत्र– गोडवाड़ क्षेत्र 'गीरीवाड़' (पहाडों का प्रदेश) का अपभ्रंश है, जो अरावली पर्वतमाला से घिरा है। भौगोलिक रूप से इसे मूलत: लूनी बेसिन या लूनी-जवाई बेसिन क्षेत्र के नाम से पहचाना जाता है जो कि अरावली पर्वतमाला से निकले वाली लूनी और उसकी सहायक नदियों जवाई, सुकडी आदि का अपवाह क्षेत्र है।प्रशासनिक दृष्टि से गोड़वाड क्षेत्र में राजस्थान के पाली, जालोर, सिरोही व बालोतरा (आंशिक रूपों) जिला को शामिल किया गया है। प्रस्तुत शोध अध्ययन में पाली जिले के देसूरी, बाली, रानी तथा सुमेरपुर उपखण्ड क्षेत्र के प्रमुख पर्यटक स्थलों को शामिल किया गया है। यह अरावली पर्वत का पहाडी भाग है। जो अपार प्राकृतिक सुन्दरता से घिरा ऐतिहासिक व धार्मिक क्षेत्र है, पर्यटक प्रकृति को निहारने और मन की शांति के लिए प्रतिवर्ष लाखों पर्यटक यहां पहुचते है। यहां प्रमुख स्थलों में रणकपुर, जवाईबांध, परशुराम महादेव, स्वर्ण जैन मन्दिर फालना, सोनाणा खेतलाजी, जूना खेडा व आशापुरा मन्दिर नाडोल, जैकल पर्वत नारलाई, निम्बो का नाथ (साण्डेराव) इसके अलावा राणकपुर व जवाई जंगल सफारी व राणकपुर - जवांई महोत्सव आदि है।

शोध उद्देश्य– प्रस्तुत शोध का मुख्य उद्देश्य अध्ययन क्षेत्र के सबसे संभावित स्थलों की पहचान कर, ग्रामीण क्षेत्र में आर्थिक एवं सामाजिक लाभ प्राप्त कर, रोजगार के अवसरों में वृद्धि करना एवं राजस्व प्राप्ति के नये अवसरों की तलाश करना है।

1. ग्रामीण पर्यटन स्थलों का परिचयात्मक विवरण प्रस्तुत करना।
2. ग्रामीण पर्यटन की चुनौतिया और समाधान के उपाय।

शोधअन्तराल – साहित्य की समीक्षा करने के बाद शोधकर्ता ने पाया है कि अध्ययन क्षेत्र के ग्रामीण पर्यटन की संम्भावनाओं वाले क्षेत्र में पर्याप्त शोध नही किया गया और अध्ययन क्षेत्र के के विभिन्न पर्यटन विशेष रूप से नाडोल, नारलाई, घाणेराव, जवाई पेन्थर क्षेत्र, राणकपुर एवं उसके समीपवर्ती क्षेत्र में पर्यटन के विकास की पर्याप्त गुंजाइश है। जो शोधकर्ता के अध्ययन क्षेत्र में पर्यटन विकास के विभिन्न पहलुओं का विश्लेषण करने और सुझाव देने का अवसर प्रदान करता है।

शोध प्रविधि– प्रस्तुत शोध अध्ययन में शोध उद्देश्यों के विश्लेषण करने के लिए विभिन्न स्रोतों से प्राप्त द्वितीयक आंकड़ों का इस्तेमाल किया गया है। जिसमें भारत सरकार व राज्य सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा प्रकाशित सरकारी रिपोर्ट, अकादमिक लेख, राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा

प्रकाशित आंकड़ों तथा जिला गजेटियर, अकादमिक साहित्य पत्र–पत्रिका, पुस्तक, ग्रन्थ आदि शामिल है।इसके साथ ही ग्रामीण जीवन शैली, गतिविधियों और पर्यटक स्थलों की गहन जानकारी हेतु प्रत्यक्ष अवलोकन तथा स्थानीय निवासियों से प्राप्त जानकारी शामिल है।

शोध साहित्य का पुनरावलोकन– अंशुमाली पाण्डे (2015) ने अपने शोध पत्र दादर व नगर हवेली के ग्रामीण पर्यटन का विकाश में ग्रामीण पर्यटन का उल्लेख करते हुए बताया है कि यह क्षेत्र अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान प्रदर्शित कर रहा है। उन्होने प्राथमिक व द्वितीयक स्त्रोतों के आधार पर तथ्यों को एकत्र किया। अध्ययन के फलस्वरूप यह ज्ञात हुआ कि उस क्षेत्र के पर्यटन विकास ने वहाँ की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अध्ययन में वह ग्रामीण पर्यटन के विकास में स्थायी उपायों की कमी का भी उल्लेख करते हैं।

अजिता कुमारी (2019) ने ग्रामीण पर्यटन के सम्बन्ध में अपने शोध पत्र में भारत में ग्रामीण पर्यटन के सम्बन्ध में बताया है कि ग्रामीण पर्यटन वास्तव में ग्रामीण विकास का मुख्य स्त्रोत साबित हो रहा है। उनके अनुसार आज के सूचना क्रान्ति के युग में संचार तंत्र के बिना पर्यटन सुविधाएँ प्रभावित नहीं कर पाती है। मोबाइल, इन्टरनेट, टेलीविजन जैसी संचार सुविधाओं ने पर्यटकों को गाँवों की ओर आकर्षित किया है।

चौधरी उम्मेद (2020) ने अपने शोध पत्र रणकपुर पर्यटन स्थल के भौगोलिक अध्ययन मे पर्यटन क्षेत्र में पर्यटन की नई संभावनाओं का अध्ययन किया तथा घरेलू में विदेशी पर्यटकों का समाज, संस्कृति अर्थव्यवस्था तथा पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव की चर्चा करते हुए पर्यटन क्षेत्र की समस्या से संबंधित सुझाव प्रस्तुत किये।

उमाकांत इदौलिया(2021)ने अपने शोध पत्रभारत में ग्रामीण पर्यटन की संभावनाओ और प्रभाव विषय पर एक अध्ययन किया गया। जिसमें उन्होने सामोद (जयपुर) के विशेष सन्दर्भ में ग्रामीण पर्यटन का उल्लेख किया। इस अध्ययन के लिए शोधकर्ता ने सांस्कृतिक और ऐतहासिक धरोहर से समृद्ध राजस्थान के सामोद (जयपुर) गांव का चयन किया। जिसमें उन्होनें स्थानीय निवासियों व पर्यटकों से प्रश्नावलियों के आधार पर सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक व पर्यावरणीय प्रभाव से सम्बन्धित प्रश्नों के आधार पर तथ्य एकत्र करते हुए ग्रामीण पर्यटन के सस्कृतिक, समाज अर्थव्यवस्था व पर्यावरण पर पहनें वाले प्रभावो का समीक्षात्मक विवरण प्रस्तुत करते हुए सकारात्मक व नकारात्मक प्रभावों का उल्लेख करते हुए समाधान प्रस्तुत किये। अपने अध्ययन के निष्कर्ष में उन्होनें बताया कि ग्रामीण पर्यटन ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार तो लाता ही है साथ–साथ राष्ट्र की आर्थिक स्थिति जीवन शैली पर सकारात्मक प्रभाव पडता है।

कुमार और कुमावत (2021) बताते हैं कि राजस्थान बहुत लोकप्रिय डेस्टिनेशन है और दुनिया भर में इसकी एक महत्वपूर्ण पहचान है। पर्यटन उद्योग राज्य की अर्थव्यवस्था में योगदान देता है, रोजगार पैदा करता है, हस्तशिल्प उद्योगों का विकास करता है, विदेशी मुद्रा कमाता है, बुनियादी ढांचे का विकास करता है, क्षेत्रीय और सामाजिक विकास पर ध्यान केंद्रित करता है।

शर्मा (2021) बताते हैं कि राजस्थान की राजधानी जयपुर में हर साल घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटक आते हैं। पर्यटन उद्योग बुनियादी आर्थिक ढांचे के विकास में मदद करता है। पर्यटक उस जगह पर आते हैं और स्थानीय उत्पादों और हस्तशिल्प में रुचि दिखाते हैं। शहर में टूरिज्म इंडस्ट्री के लिए बहुत बड़ा मौका है, क्योंकि यहाँ होटलों, रेस्टोरेंट, टूर ऑपरेटरों, सर्विस प्रोवाइडर्स, गाइड वगैरह की बड़ी चेन हैं। पॉलिसी बनाने वालों और स्टेकहोल्डर्स को इकॉनमी और इंडस्ट्री की बेहतरी के लिए पॉलिसी बनानी चाहिए। यह स्टडी सस्टेनेबल डेवलपमेंट और जयपुर शहर के लोकल इकोनॉमिक डेवलपमेंट पर आधारित है।

ग्रामीण पर्यटन स्थलों का परिचयात्मक विवरण

ऐतिहासिकपर्यटन स्थल

देसुरी – देसुरी का अर्थ है स्थानीय राजस्थानी बोली में देवताओं का स्थान जो संस्कृत शब्दों देव (ईश्वर) और सूरी (स्थान) से मिलकर बना है। यह नाम क्षेत्र की समृद्ध धार्मिक विरासत और यहाँ फैले असंख्य प्राचीन मंदिरों और तीर्थस्थलों की उपस्थिति को दर्शाता है। प्राचीन दुर्ग, बावडिया और कलापूर्ण छतरिया भी इसके इतिहास की साक्षी के रूप में विद्यमान है। इसकी व्युत्पत्ति से पता चलता है कि इस क्षेत्र में आध्यात्मिक भक्ति और दैवीय उपस्थिति में विश्वास से जुड़ा एक ऐतिहासिक महत्व है।देसुरीअपने ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है, विशेष रूप कस्बे का इतिहास सदियों पुराना है, जिसमें प्राचीन बस्तियों के प्रमाण और इसकी रणनीतिक स्थिति शामिल है, जिसने संभवत: इसके विकास में योगदान दिया। देसुरी अपने पारंपरिक गांवों और सांस्कृतिक रीति–रिवाजों के साथ राजस्थान के ग्रामीण जीवन की झलक भी प्रस्तुत करता है।

देसूरी दुर्ग – पाली जिले में सादड़ी नगर से 16 कि.मी दूर मांगलिया राजपूतों द्वारा समुद्रतल से 1587 फीट की उँचाई पर देसूरी दुर्ग का निर्माण करवाया गया। यह दुर्ग मूलत: मांगलिया चौहानों और सोलंकियों के अधिकार में रहा इस दुर्ग का निर्माण 11 वीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में माना जाता है। सौलंकियों के पश्चात् उदयपुर के महाराणाओं और 1826 में विजयसिंह जी ने इस दुर्ग पर अधिकार किया दुर्ग में धनेश्वर शिवालय महत्वपूर्ण दर्शनीय स्थल है हालांकि दुर्ग काफी जर्जर अवस्था मेंहै।

नाडोल – यह प्राचीन ऐतिहासिक शहर भारमल नदी के किनारे बसा हुआ है। नाडोल का नाम संस्कृत के शब्दों नाद (नीचे) और डोल (पहाड़ी) से मिलकर बना है, जिसका अर्थ है पहाड़ी के नीचे बसा। प्राचीन ग्रंथो में इसे नार्दुलपुर, नंदपुर, नंडूला आदि नाम से संबोधित किया जाता था। जो 10वीं–12वीं शताब्दी के बीच नाडोल के चौहानों (चाहमान) की राजधानी था। शाकंभरी चौहान शाखा के शासक राव लक्ष्मण चौहान (करीब 950 ईसवी) ने इसकी स्थापना की थी। यह एक मजबूत दुर्ग से घिरा नगर था, जो मेद लुटेरों और बाहरी आक्रमणों से सुरक्षित था। 10वीं शताब्दी में निर्मित आशापुरा माता (चौहानों की कुलदेवी), मंदिर नाडोल के इतिहास का सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है। यहाँ के शासक शैव थे लेकिन उन्होंने जैन मंदिरों को भी संरक्षण दिया। यह नगर प्राचीन कला और संस्कृति का केंद्र रहा।सन् 1197 ईस्वी में कुतुबुद्दीन ऐबक के आक्रमण के बाद नाडोल के चौहान कीर्तिपाल के नेतृत्व में जालौर चले गए । नाडोल सन् 1291 ईस्वी तक चौहानों के अधीन रहा ,1311 में अलाउद्दीन खिलजी द्वारा उदयसिंह के वंशज कान्हादेव को हराने के बाद इस क्षेत्र पर दिल्ली सल्तनत का कब्जा हो गया। राव राजा लक्ष्मण , आल्हणदेव, केल्हण, और जयतसिंह यहाँ के प्रमुख चौहान शासक थे।

नाडोल दुर्ग – नाडोल कस्बे में नीलकण्ड महादेव मंदिर के पृष्ठ भाग में नाडोल दुर्ग के अवशेष मौजूद है। जिसे महमूद गजनवी और कुतुबुद्दीन ऐबक द्वारा नष्ट किया गया था।

जूना खेड़ा – यह प्राचीन ऐतिहासिक स्थल भरमल नदी के किनारे स्थित है जूनाखेड़ा को चौहान वंश के क्षत्रियों की प्राचीन राजधानी होने का गौरव प्राप्त है। यह एक ऐतिहासिक स्थल है, जिसका संबंध महान हिंदू राजा पृथ्वीराज चौहान से है। पृथ्वीराज चौहान के पिता की मृत्यु सोलंकी वंश से युद्ध के दौरान इसी स्थान पर हुई थी ।जूनाखेडा पुरातात्विक महत्व का एक संरक्षित स्थान है। जिसका इतिहास 8वीं व 9वीं शताब्दी से सम्बन्ध रखता है। इसके उत्खनन से पुरातत्व महत्व की अनेक दुर्लभ वस्तुएँ प्राप्त हुई है पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के अनुसार जूना खेड़ा में खुदाई के दौरान सिक्के, विभिन्न प्रकार की लोहे की वस्तुएं, तांबे की अंगूठियां अधूरे मनकों के अलावा, अन्य वस्तुएं भी बरामद की गईं। प्रारंभिक देवनागरी अक्षरों में उत्कीर्ण मुहरें भी मिलीं।खुदाई से पता चला है कि जूना खेड़ा में प्रारंभिक मध्युगीन मनुष्य ईंट और ग्रेनाइट के घरों में रहते थे। जिनमें उस समय बैठक कक्ष, रसोई और भट्टे होते थे, और विभिन्न आकारों के पत्थरों को जोड़ने के लिए लोहे के क्लैंप का उपयोग किया जाता था। जूनाखेडा में प्रवेश के पांच मुख्य द्वार थे। जो क्रमश: कांटा बाव गेट, धुवां बाव गेट, तालाब, दरवाजा, सूरजपोल तथा लोको का दरवाजा कहते हैं। यह जोधपुर और उदयपुर के बीच एक समृद्ध व्यापार केंद्र था।

बाली दुर्ग – बाली दुर्ग का निर्माण जालौर के चौहान राजा वीरमदेव द्वारा अपनी बहन बालादे और उसके पति मेवाड़ के राणा हम्मीर सिंह के निवारा हेतु बनवाया था। क्षेत्र में मान्यता है कि चौहान राजा बलदेव ने वि.सं. 1240 में इस दुर्ग का निर्माण करवाया और बाली नाम का एक नगर बसाया। बाली दुर्ग तीन परकोटों से गिरा है। इन परकोटों का निर्माण क्रमश: वीरमदेव, महाराणा उदयसिंह द्वारा करवाया गया। दुर्ग का खेमली दरवाजा आज भी विद्यमान है जबकि धरु, सेला, सेवाड़ी के द्वार अब समाप्त हो चुके है। किले की दीवारे बुझे दरवाजे बोल माजीसा मंदिरशीतला माता मन्दिर आज भी मौजूद है। यहां दुर्ग में बारुद के भण्डार दबे पड़े है।

घाणेराव – राजस्थान के इतिहास में घाणेराव कस्बा या घाणेराव का ठिकाना सुप्रसिद्ध रहा है। इस ठिकाने की स्थापना सन् 1606 ईस्वी मे मेवाड के महाराणा अमरसिंह प्रथम के काल मेंमेड़तिया राठौड़ ठाकुर गोपालसिंह (गोपालदास) द्वारा की गई थी।रियासती काल में कुम्भलगढ़ की सुरक्षा का महत्त्वपूर्ण भार इसी ठिकाने पर था ।प्राचीन दुर्ग बावड़ियाँ कलात्मक छतरियां इसके इतिहास के साक्षी गवाह है घाणेराव धार्मिक और सांस्कृतिक मामले में बड़ा समृद्ध है, इस नगर में सनातन और जैन धर्म के कई बड़े व खुबसुरत मंदिर बने है। यहाँ के शासकों ने मेवाड़ और मारवाड़ राज्य की रक्षार्थ जहाँ बलिदान दिए वहीं जनहित में विभिन्न राणियों, शासकों और महाजनों ने वर्षा जल को संग्रहित कर पेयजल व कृषि को बढ़ावा देने के लिए लगभग 21 बावड़ियाँ बनवाई थी।

घाणेराव चित्र शैली राजस्थान के पाली जिले के गोडवाड़ क्षेत्र में विकसित मारवाड़ स्कूल की एक प्रमुख उप-शैली (ठिकाना कला) है। नारायण, छज्जू और कृपा राम जैसे चित्रकारों द्वारा विकसित यह शैली रामायण, महाभारत, श्री कृष्ण के जीवन से जुड़ी कथाओं के साथ ही सामंती जीवन के दरबारी और व्यक्तिगत चित्रण में ठाकुरों, रानियों, योद्धाओं और शिकार के दृश्यों का अंकन, जिसमें मुगल प्रभाव के साथ राजस्थानी कला की झलक मिलती है।

नारलाई– राजस्थान की पाली जिले में स्थित ऐतिहासिक गांव है जो जैकाल पहाड़ी (हाथी जैसी पहाड़ी) जैन व वैष्णव मंदिर और प्राचीन बावडियो के लिए जाना जाता है। यह गोड़वाड़ की पंच तीर्थी में से एक तीर्थ है। इस स्थान का प्राचीन नाम नन्दकुलवन्ति, नारदपुरी और नाडुलाई (नाडुलाड़गिका) था। ऐसी किवदंती है कि देवर्षि नारद ने इस स्थान पर घनघोर तपस्या की और अपने नाम से एक नगरी बसाई जिसे आज नारलाई के नाम से जाना जाता हैं। एक प्राचीन नगर के अवशेष आज भी जमीन में से निकलते हैं।

पारिस्थितिकी पर्यटन स्थल

जवाई बांध – जवाई बांधपश्चिमी राजस्थान का सबसे बड़ा बांध है। इस बांध को मारवाड़ का अमृत सरोवर, मान सरोवर एवं मारवाड़ की जीवन रेखा भी कहा जाता है। यह बांध अरावली की तलहरी में लूनी नदी की सहायक नदी जवाई नदी का पानी रोककर एरिनपुरा ग्राम के निकट इस बांध का निर्माण किया गयाबेडा नदी जवाई नदी की प्रमुख सहायक नदी है। इस बांध की नींव 12 मई 1946 को जोधपुर के महाराजा उम्मेदसिंह द्वारा रखी गई इस बांध की भराव क्षमता 61.25 फीट है। जवाई बांध किसी पहचान का मोहताज नहीं है अनुकुल वातावरण के चलते अलग-अलग प्रजापियों के पशु पक्षियों का घर है, बड़ी बड़ी पहाड़ियां, प्राकृतिक गुफा, घास व वन क्षेत्र, यहां की आबो-हवा पर्याप्त भोजन व पानी की व्यवस्था वन्य जीवों के फलने-फुलने के लिए उपयुक्त है। यह क्षेत्र पैथर व मगरमच्छ के लिए खयात रहा है। इनके अलावा, भालू घारीदार हाइना, लोमड़ी, नील गाय, भेडिया, चिंकारा, ब्लूबुल व कई स्थानीय व प्रवासी पक्षियों के लिए (आश्रय स्थल) शरण गाह है।

जवाई लेपर्ड्स हिल – पाली जिले में सुमेरपुर के पास स्थित जवाई लेपर्ड क्षेत्र प्राचीन ग्रेनाइट पहाड़ियों और विशाल जवाई बांध के लिए प्रसिद्ध है, इसे 'लेपर्ड्स हिल' के रूप में भी जाना जाता है। यह क्षेत्र अपनी अनूठी पैंथर सफारी ,प्रवासी पक्षियों, मगरमच्छों और अन्य वन्यजीवों के निवास स्थान के लिए पहचाना जाता है। यहाँ पैंथर और स्थानीय समुदाय के बीच अद्भुत सह-अस्तित्व देखने को मिलता है। जहाँ इंसान और तेंदुए बिना किसी संघर्ष के साथ रहते हैंँ बेरा, पैरवा, सैणा, जीवदा, बिसलपुर, दूदनी, कोठार, लालपुरा, सिवेरा और लुंदाड़ा समेत करीब 20 गांव ऐसे हैं, जहां पैंथर की 50से 60 फैमिली हैं ,जो यहाँ की चट्टानी गुफाओं में स्वतंत्र रूप से विचरण करती हैं। अक्टूबर से मार्च के बीच यहाँ की सैर करना सबसे अच्छा माना जाता है, प्रति वर्ष हजारों देसी व विदेशी पर्यटक भ्रमण हेतु आते है।

रणकपुर बांध – मघाई नदी पर बना रणकपुर बांध (सादडी बांध) पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र है। इस बांध का निर्माण जोधपुर रियासत के महाराजा सर प्रतापसिंह ने वर्ष 1942-48 में अरावली पर्वतमाला की तलहटी में करीब छ: महाड़ियों को मिलाकर बनाया था। यह बांध सागरतल से 221 मीटर कि उच्चाई पर बना है, इसकी भराव क्षमता 62.70 फीट (205 MCFT) है। इस बांध पर शाम के समय सूर्यास्त का दृश्य प्राकृतिक सुंदरता के साथ पर्यटकों को आकर्षित करता है।

ठंडी बेरी – घाणेराव – घाणेराव के समीप मारवाड़-मेवाड़ के रियासतकालीन रास्ते मे 600 फीट की ऊंचाई पर तीन नदियों, दो नालों को पार करने पर ठंडी बेरी दिखाई देती है,प्रारंभ में इस मीठा पानी के कुँए को स्थानीय लोग ठंडी बेरी कहते थे।ठंडी बेरी स्थल कोवन विभाग द्वारा 1978 में ठंडी बेरी बांध का रूप दिया। इस बांध की खासियत यह है, कि यह कभी सूखता नहीं। यहां तक कि इस सदी के सबसे भीषण अकाल छप्पनिया काळ में भी बांध से अविरल धाराएं झरनों के रूप में बहती रहीं, पूरे कुंभलगढ़ अभयारण्य में विचरण करने वाले वन्यजीवों की प्यास बुझाने का एकमात्र

स्त्रोत है। मानसून सीजन में अगर आप लेह–लद्दाख और कश्मीर की वादियों जैसा दीदार अगर पाली जिले में ही करना चाहते हैं तो आपको ठंडी बेरी जरूर जाना चाहिए। अरावली की पहाड़ियां के शांत वातावरण में जहाँ आपको हिरण, जंगली सूअर और विदेशी पक्षी देखने को मिल सकते हैं। रास्ते में मगरमच्छ धूप सेंकते देखे जा सकते हैं, और एडवेंचर का अहसास कराने वाली सड़कें और शीतल हवा के झोंके आपको रोमांचित कर देंगे।

हर–हर गंगें बीजापुर – पाली जिले के बीजापुर (बाली तहसील) के निकट स्थित हर–हर गंगे एक प्राचीन और प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है, जिसे 'राजस्थान का मिनी हरिद्वार' भी कहा जाता है। यह स्थल लगभग 500 साल पुराना है और इसमें यहां हर–हर गंगे मां, हिंगलाज माता और नागरेश्वर महादेव के मंदिर स्थित हैं। जहां गौमुख से 24 घंटे निरंतर पानी बहता रहता है। यहाँ 5 चमत्कारी कुंड हैं। यह स्थान पहाड़ियों और जंगलों से घिरा है,यहां विभिन्न जातियों लोग अपने पूर्वजों की अस्थियां विर्सजन के लिए भी आते हैं, इसके साथ ही अठखेलियां करते बंदरों, कल–कल बहते झरने और हरी–भरी वादियां आपका मनमोह लेगी। यह स्थान अरावली की वादियों में स्थित होने के कारण मानसून के दौरान पर्यटकों की भीड़ लगी हुई है। आप प्राचीन मंदिर के दर्शन करने साथ झरने के पानी में नहाने व पहाड़ों में ट्रेकिंग का आनंद भी ले सकते है।

धार्मिक पर्यटन

रणकपुर जैन मंदिर – राजस्थान में अरावली पर्वत की घाटियों के मध्यचारो और जंगलों से घिरे रणकपुर में भगवान ऋषभदेव का चतुर्मुखी जैन मंदिर है। भारत के जैन मंदिरो में शिल्प एवं विशालता की दृष्टि से सम्भवत: इसकी इमारत सबसे भव्य एंव विशाल है। यह गोडवाड़ के जैन पंचतीर्थो में प्रमुख माना जाता है। इसका निर्माण आज से करीब 600 वर्ष पूर्व महाराणा कुम्भा के काल में सेठ धरणशाह ने संवत 1446 ई. में प्रसिद्ध शिल्प विशेषज्ञ श्देपाश की देखरेख में करवाया था। सेठ धरणशाह ने कुम्भलगढ़ से मालगढ़ जाने वाले रास्ते में माद्रीपर्वत की छाया में बसे मादड़ी गांव को मंदिर निर्माण स्थल हेतु चुना, बाद में धरणशाह ने मादड़ी गांव का नाम बदलकर रणकपुर कर दिया। रणकपुर के इस चौमुखा मंदिर की इमारत का निर्माण लगभग 48000 वर्गफीट जमीन पर किया गया, जिसमें कुल 24 मण्डप, 84 शिखर और 1444 स्तम्भ है। इस मंदिर में चार कलात्मक प्रवेश द्वार है, मंदिर के मुख्य गृह में तीर्थकर आदिनाथ की संगमरमर से बनी चार विशाल मूर्तियां है, करीब 72 इंच ऊंची ये मूर्तियां चार अलग अलग दिशाओं की ओर उन्मुख है। इसी कारण इसे चतुर्मुख मंदिर कहा जाता है। मुख्य मंदिर के चारों तरफ उत्कीर्ण मूर्तियों में जनजीवन की झांकिया दिखाई देती है, ऊंचे तोरणद्वार, सभामंडप गर्भ गृह, देवकुलिकाय, विभिन्न मुद्राओं में उत्कीर्ण नृत्यागनाएं संगीत के विभिन्न वाद्य प्राकृतिक दृश्यावलिया, पौराणिक दृश्य समकालीन वेशभूषा आभूषण आदि अत्यंत सुंदरता के साथ प्रस्तुत किए गए है।

सूर्य मंदिर – यह जैन मंदिर के पास ही स्थित है, जिसे सूर्य नारायण मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। इसमें नागर शैली में सफेद चूने पत्थर से सूक्ष्म आभूषणों का काम किया गया है। 13वीं सदी में बने इस मंदिर के ध्वस्त होने के बाद 15वीं शताब्दी में इसका पुर्ननिर्माण किया गया। सूर्य मंदिर का मुख पूर्व दिशा की ओर है, जिसमें भगवान सूर्य की रथ पर सवार मूर्ति दिखाई गई है, मंदिर की दीवारों पर योद्धाओं, घोड़ो और स्वर्गीय पिंडों की अदभुत नक्काशी हुई है, जो विगत युग के लोगों की कलात्मक उत्कृष्टता का प्रतिनिधित्व करती है। मंदिर के गर्भ गृह से पहले एक अष्टकोणीय मण्डप है, जिसमें छ: बरामदे है, सूर्य मंदिर का प्रबंधन उदयपुर के शाही परिवार ट्रस्ट द्वारा किया जाता है।

परशुराम महादेव – पाली और राजसमंद जिले की सीमा पर अरावली पर्वत श्रृंखला की एक कन्दरा में स्थित परशुराम मन्दिर मूलत: भगवान शिव को समर्पित है। इसे 'राजस्थान का अमरनाथ तथा मरुस्थल का कैलाश' भी कहते हैं। परशुराम को भगवान विष्णु का छठा अवतार माना जाता है, अपनी तपोस्थली के लिए परशुराम ने अपने फरसे से अरावली पर्वत श्रृंखला में एक कन्दरा (गुफा) का निर्माण किया जो समुद्रतल से लगभग 3500 से 4000 मीटर की उंचाई परस्थितहैं। परशुराम गुफा से कुछ धार्मिक मान्यता भी जुड़ी है वही व्यक्ति बद्रीनाथ के कपाट खोलने का अधिकारी है जिसने परशुराम महादेव के दर्शन किए हों। परशुराम महादेव में सबसे पहले कुण्डधाम बना हुआ है। जिसे शिव कुण्ड कहा जाता है। शिव कुण्ड के निकट हनुमान जी का मन्दिर, शिव मन्दिर, गोविन्द स्वागी मन्दिर स्थित है। उक्त मन्दिरों के दर्शनी के पश्चात् 200 सीडियों के साथ परशुराम महादेव की पैदल चढाई प्रारम्भ होती है। यहां से लगभग 3 से 4 कि.मी. पहाड़ी मार्ग से चढ़ना पड़ता है। उक्त दूरी में पर्यटकों को विभिन्न प्रकार के आनंद प्राकृतिक वातावरण के साथ प्राप्त होते हैं।गुफा में प्राकृतिक स्वयंभू शिवलिंग हैं , जिस पर लगातार जल अभिषेक होता रहता है तथा छत पर अनेक गौ–मुख और कमलाकार आकृतियों निर्मित है। स्थानीय लोग प्रतिवर्ष श्रवण सदी छठ और सप्तगी को यहा विशाल मेला भरता है। परशुराम महादेव स्थल का भौगोलिक रूप से विशेष महत्व है महादेव गुफा में चूना निर्मित स्टैलेग्माइट व स्टैलेक्टाइट स्थलाकृतिया देखने को मिलती हैसाथहीपहाड़ों में ट्रेकिंग का आनंद भी ले सकते है।

निम्बो का नाथ (निम्बेश्वर महादेव) – राजस्थान के पाली जिलें में फालना सांडेराव मार्ग के मध्य में अवस्थित निम्बों का नाथ महादेव मन्दिर जिसे निम्बेश्वर महादेव के नाम से भी जाना जाता है। पौराणिक हिन्दू मान्यताओं के अनुसार अपने निर्वासन काल में पांडवों की माता कुन्ती द्वारा यहां भगवान शिव की पूजा की जाती थी। मन्दिर की दीवारें कलात्मक शिल्प और नक्काशी से युक्त थी यह मन्दिर कालान्तर में नष्ट हो गया था जो वि.सं. 1632 में पुन: प्रकाश में आया। यहां पर पाण्डवों द्वारा स्थापित नव दुर्गा मन्दिर और एक बावड़ी के प्रमाण भी प्राप्त हुए। मन्दिर में स्थापित भगवान शिव की प्रतिमा अत्यन्त सुन्दर एवं आकर्षक प्रतीत होती है। प्रतिवर्ष शिवरात्री और वैशाखी पूर्णिमा के दिन यहां मेले और उत्सव का आयोजन किया जाता है।

सोनाणा खेतलाजी – देसूरी तहसील के सारंगवास व सोनाणा गाँव में सूकड़ी नदी के तट पर स्थितश्री सोनाणा खेतलाजी मंदिर लगभग 800 वर्ष पूर्व निर्मित हुआ था। यह मंदिर प्राचीन राजपूत स्थापत्य कला की सुंदर कला को दर्शाता है।मारवाड़ क्षेत्र के विभिन्न जाति और धर्म के लोगों के लिए खेतलाजी स्थानीय लोक देवता हैं। श्री खेतलाजी को भगवान भैरव के रूप में पूजा जाता है जिन्हें भगवान शिव का पांचवा अवतार माना जाता है। श्री खेतलाजी को श्री भैरव या श्री क्षेत्रपाल जी के नाम से भी जाना जाता है। मंदिर में स्वयंभू साँप की मूर्ति भी है जिसे श्री खेतलाजी का रूप माना जाता है। श्री खेतलाजी काशी से मंडोर आए थे बाद में, उन्होंने सोनाणा का दौरा किया। ऐसा माना जाता है कि भगवान भैरव ने सोनाणा खेतलाजी में स्थित गुफाओं में अपना निवास बनाया औरअरावली पर्वत श्रृंखला में ध्यान कर रहे ऋषियों की रक्षा करते थे।

मुछाला महावीर मन्दिर – घाणेराव कस्बे में स्थित भगवान महावीर स्वामी

को समर्पित एक जैन मन्दिर है।अरावली की पहाडियों में बने इस मन्दिर का निर्माण काल 10वीं से 12वीं शताब्दी के बीच माना जाता है।मन्दिर के प्रवेश द्वार पर दो हाथियों की प्रतिमा दो पहरेदारों के रूप में बनी है। यहा प्रतिवर्ष चौत्र शुक्ल त्रयोदशी को मेला भरता है।इस मन्दिर से जुड़ी एक कहानी भी क्षेत्र में प्रचलित है, कि मेवाड़ महाराणा ने अपने सरदारों सहित दर्शनार्थ पधारे मन्दिर के पुजारी को महाराणा को प्रसाद दिया जिसमे एक बाल देखकर एक सामन्त ने व्यंग्य किया कि आपके भगवान के मुछे है। पुजारी ने भगवान में श्रद्धा रखने के कारण हाँ कह दिया, तभी महाराणा ने भगवान की मुछे देखने की बात कही इस पर पुजारी ने तीन दिन का समय मागा महाराणा के क्रोध के डरे पुजारी ने बिना अन्न जल ग्रहण किए तीन दिन तक भगवान की गौर तपस्या की तीन दिन पश्चात् महाराणा वापस आये तो मूर्ति पर मुछे देखकर उन्हें विश्वास नहीं हुआ ओर उन्होने मुछ का एक बाल खिचलिया जहा से दूध की धारा फूट पड़ी महाराणा भगवान के सामने नतमस्तक हो गये। राजस्थान के गोड़वाड़ सर्किट में स्थित यह मन्दिर जैन सम्प्रदाय के पँच तीर्थों में सम्मिलित है।

राता महावीर बीजापुर – राता महावीर के नाम से प्रसिद्ध जैन तीर्थ प्राचीन हत्थुन्डी (वर्तमान बीजापुर) नामक गांव मे स्थित है। जैन मुनि जिनविजय जी ने राता महावीर को राजस्थान के 556 जैन जीनालयों में सर्वाधिक प्राचीन स्वीकार किया है। इस मन्दिर का उल्लेख मुनि जानसुन्दर द्वारा रचित पुस्तक ष्श्री पार्श्वनाथ भगवान की परम्परा का इतिहासष में भी मिलता है। पुस्तक के अनुसार जैन धर्म के 24वे तीर्थकर महावीर स्वामी के इस मन्दिर का निर्माण वि.स. 360 में वीर देव श्रेष्ठी द्वारा भगवान पार्श्वनाथ के 30वे पटधर आचार्य सिद्धसुरी के आशीर्वाद से होना बताया गया है। मन्दिर में बनी भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा ईट और चुने से निर्मित है और इसका रंग लाल होने के कारण इसे राता महावीर के नाम से सम्बोधित किया जाता है। प्रतिमा की मुख्य विशेषता पीछे का आकार सिंह का और मुख हस्ती का (हाथी) होना है। हाथी का मुख होने के कारण ही इस नगरी को हस्तीकुण्ड के नाम से सम्बोधित किया जाता था। जो वर्तमानहत्थुन्डी (वर्तमान बीजापुर)के रूप में पहचाना जाता है। आज जहा मन्दिर बना है। वहां प्राचीन काल में एक वैभवशाली नगर हुआ करता था। 14वीं शताब्दी के एक लेख के अनुसार यहा 8 कुरो, बावड़ियों स्थित भी 160 पणिहारिया पानी भरती थी। वि.स. 2001 में मन्दिर का जीर्णोद्धार कार्य सम्पन्न हुआ और यहा 24 देव कुलिकाएं गुख्य मन्दिर में स्थापित करवाई गई जो मन्दिर द्वार के दोनों और 6-6 एवं अंदर की और दाहिने और बांये भाग में 6-6 के रूप में स्थित है। मन्दिर के गर्भ गृह में मूल नायक श्री महावीर स्वामी प्रभु की पद्मानस्थ रक्तप्रवाल वर्णी एक 135 से.मी. की अत्यन्त प्रभाव शाली प्रतिमा स्थापित है। जिसके गले में मोतियो की माला हाथों में बाहुबन्ध, पांव और हाथ में सुन्दर कड़े पहनाऐ गए है।

ब्राह्मणवाद को मालूम है की जाति-व्यवस्थागत भेदभाव अगर किसी व्यवस्था की आड़ में बचाए जा सकते हैं तो वह है हिंदू धर्म और उसका कठोरता से अमल करने वाले नव-हिंदुत्ववादी क्योंकि वैदिक वर्ण-व्यवस्था के बाद और उसी की तरह खाद-पोस लेकर हिंदू-धर्म बहुसंख्यक जातियों से बना हुआ है। खासकर पिछड़ी जातियों से।इसलिए हिंदू बनाकर ही ब्राह्मणवादी व्यवस्था के अधीन यहाँ की पिछड़ी जातियों को रखा जा सकता है। हिंदू-धर्म, जाति-व्यवस्था की नींव पर खड़ा है।ठीक वैसे ही जैसे कभी अतीत काल में ब्राह्मणवाद वैदिक व्यवस्था, वर्ण-व्यवस्था की नीवपर खड़ी हुई थी।इन दिनों तमाम पिछड़ी जातियों का हिंदुकरण करते हुए ब्राह्मणवाद को बचाया जा रहा है। इस प्रकार की राजनीति का प्रयोग सफल होता दिखाई दे रहा है।1956 के डॉ. बाबासाहब के बौद्ध धम्म स्वीकार के बाद बाद जिन पिछड़ी अस्पृश्य और दलित जातियों ने हिंदुवाद को नकारा उसके बाद अन्य जातियों को उसके साथ जोड़ने की रणनीति बनाई गई।

दलित स्त्री विमर्श दलित कवित्री सरूपारानी लिखती हैं- घर में पुरुष अहंकार एक गाल पर थप्पड़ मारता है तो गली में वर्ण आधिपत्य दूसरी गाल पर।' वही, पृ. 12.) कृष्णा अग्निहोत्री की आत्मकथा को अगर गौर से पढ़ेंगे 'लगता नहीं दिल मेरा' तो आपको हिंदूवादी मानसिकता के पुरुष को, जो उसके पति के रूप में बैठा है और कई प्रतिष्ठित साहित्यकारों, संपादकों में उसे भोगने की लालसा किस कदर की प्रवृत्ति से उत्प्रेरित है, यह समझा जा सकता है।

पंडिता रमाबाई के बरअक्स आप तमिल लेखिका बामा को देख सकतेहैं। यह एक दलित स्त्री है।जो ईसाई 'नन' बन चुकी थी। 'दलित और अति निर्धन होते हुए भी पढ़ाई करने के लिए संघर्ष करना लगातार अपमान झेलते हुए अध्यापक बनना, नन बनने के लिए कॉन्वेंट जाना, फिर वहाँ पर भी सवर्ण और निचली जाति, अमीर और गरीब के बीच की खाई, सादगी के दावों और असल जीवन के बीच का फर्क देखे हुए कॉन्वेंट व्यवस्था का परित्याग कर वापस समाज में आना।' (पितृसत्ता के नए रूप पृ. 12.) जैसे घटनाक्रम में यह दिखाई देता है कि धर्म चाहे जो भी हो स्त्री को उसकी यातनाओं को भोगना ही पड़ता है, फिर वह स्त्री सवर्ण हो या दलित। कोई विदुषी पंडिता रमाबाई हो या साधारण दलित समाज की बामा हो।

पता नहीं भारत में ऐसे कैसे हो गया कि कोई भी दलित व्यक्ति भारतीय किसी भी धर्म में तथा विदेशी किसी भी धर्म में दलितत्व का अभिशाप झेलने के लिए विवश हो जाता है। जैसे सिख में 'महजबी' सिख अलग से बना दिया गया। जिसका चित्रण जगदीश चंद्र ने अपने उपन्यासों में किया है।लिंगायत में भी दलित अछूत ही है।विदेशी धर्मों में ईसाइयों का उदाहरण बामा के रूप में हमारे सामने है।वैसे इस्लाम और ईसाई धर्म है इनमें भी दलित, दलित ही है। भारतीय इस्लाम में तो साफ-साफ रूप से जातिगत भेदभाव अब भारत में पाया जाने लगा है। यह हिंदू धर्म का प्रभाव नहीं तो और क्या है? बामा ने जातिवाद कैसे बनता है और संस्कारितहोता है इसका जिक्र अपनी आत्मकथा में किया है। बचपन के खेलों को याद करते हुए बामा बताती हैं कि-उनके खेलों में भी जातिगत भेद प्रतिबिंबित होते थे हालांकि लड़के-लड़कियाँ साथ-साथ खेलते लेकिन अक्सर उनमें से कुछ लड़के 'नायकर' (सवर्ण जाति)बन जाते और अन्य बच्चों पर खूब रौब दिखाते, उनका अपमान करते, उन्हें अपशब्द कहते हैं, मानो उसके पास बहुत ताकत आ गई हो। कभी-कभी विवाहित होने का खेल खेलते जिसमें पति शराब पीकर घर आता और अपनी पत्नी को मारता।फिर पुलिस आती और उस पति को खूब पिटती।' (वही, पृ. 124)इससे यह स्पष्ट होता है कि अबोध बच्चों के मन में दलितत्व और स्त्रीत्व के संस्कार तथा उन्हें भोगने का मानस सामाजिक, शैक्षिक दायरे में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप में विकसित किया जाता है।भेदभाव पूर्ण पुरुषसत्तात्मक और जातिगत मानस को विकसित किया जाता है।

पंडिता रमाबाई जैसी सवर्ण विदुषी धर्मांतरण करती है तो वह जाति बहिष्कृत कर दी जाती है। एक तरह से यह अछूत ही बन जाती है।बामा जैसी दलित स्त्री भी किसी भी धर्म की शरण में जाएं अछूत ही है।अपमानित है, उत्पीड़ित है,शोषित है।सवर्ण स्त्री का शोषण दैववादी पितृसत्ता के द्वारा होता है तो दलित स्त्री का शोषण दैववादी पितृसत्ता भी करती है (देवदासी व्यवस्था के तहत) तथा जाति-व्यवस्थागत शोषण का शिकार हो जाती हैं।

अब यह कैसे हुआ इसे देखना, समझना जरुरी है। भारतीय संदर्भ में दर्शन का प्रयोग धर्म के हित में कैसे किया जाता है इसका उदाहरण आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती के माध्यम से समझा जा सकता है तथा पुनर्जागरण के साथ एनी बेसेंटके मुताबिक 'दासी' रोम की कैथोलिक नन के समक्ष ठहरती थी। ध्यान भक्ति और धार्मिक सेवा उनके जिम्मे था।' (देवदासी या धार्मिक वेश्या? एक पुनर्विचार, प्रियदर्शनी विजयश्री, वाणी प्रकाशन प्र. सं 2.1., पृ 72)के। दामोदरन के द्वारा शैव दर्शन के तत्ववाद का सूक्ष्म अवलोकन करने के पश्चात विवाह-संस्था का आधार और उसमें पति को परमेश्वर मानने की मनो-सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भों को समझा जा सकता है। शैव दर्शन के अनुसार तीन यथार्थ हैं - पशु (जीवात्मा)(यह पत्नी रूप)पाशम (बंधन)(विवाह-संस्था) और पति (विवाह संबंधों में स्वीकृत पति यानी ईश्वर यही पति परमेश्वर के स्थान पर विराजमान होकर पशु रूपी पत्नी को दंडित करता है।) पशु,पाशम के बंधन में जकड़ा रहता है और उसकी मुक्ति पति अर्थात ईश्वर के साक्षात्कार से ही हो सकती है।ष(के दामोदरन, भारतीय चिंतन परंपरा, तीसरा संस्करण जून 1982,पीपुल्स पब्लिशिंग हाउस प्राइवेट लिमिटेड, रानी झांसी रोड नई दिल्ली-55, पृ. 285)

यह आता कहाँ से है? मनुस्मृति से-'मनु के कानून यह मानते हैं कि महिलाएं अपनी प्रकृति में विश्वासघाती होती हैं, उन्हें पुरुषों पर निर्भर होना चाहिए। पति की हर समय भगवान की तरह पूजा होनी चाहिए। यह धारणा सूचित करती है कि पुरुष भगवान है, स्वामी है, मालिक है या अन्नदाता है और शूद्र और महिलाएं उनकीदास हैं।' (भारत में महिला आंदोलन विमर्श और चुनौतियां, सं। साधना आर्य व लता सिंह, राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली, पृ. 4.) उमा चक्रवर्ती ने एम महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया कि - पुराने समय में महिलाओं का स्तर ऊंचा था या नीचा, बल्कि अब समाज में उनके आधिनिकरण का विशिष्ट प्रकार और आधार उनके लिए मुद्दा है।' (वही पृ. 4.)यह आधिनिकरण की प्रक्रिया स्मृतियाँ सुझाती है, महाकाव्य सुझाते हैं, पिता, पति और पुत्र के अधीन ही स्त्रियों को रहना है, वही स्त्री संस्कारी है।'संस्कृता स्त्री पराशक्ति'शीलवान स्त्री परम शक्ति है, ऋषियों ने कहा है। स्त्री शीलता का संबंध उसके शारीरिक अंगों से जोड़कर देखा गया एक पतिव्रता सीता का आदर्श उसके लिए रूढ़ि-दर-रूढ़ि निर्धारित किया गया है। उमा चक्रवर्ती के अनुसार यह आधुनिकीकरण की प्रक्रिया तीन स्तरों पर

कार्य करती है।

पहला जरिया था स्त्री धर्म का पतिव्रत धर्म, जो महिलाओं को स्त्रीत्व की आदर्श कल्पना पर खरा उतरने को प्रेरित करता था, के माध्यम से महिलाओं द्वारा पितृसत्ता का आंतरिकरण, दूसरा जरिया था ब्रह्मणीय सामाजिक नियमावली द्वारा नियत कानून रीति-रिवाज और परंपराएं यह नियम शुद्धता और वफादारी को महिलाओं के परम आदर्श कर्तव्य के रूप में दर्शाकर उन पर सैद्धांतिक नियंत्रण को पुख्ता करते थे। महिलाओं की शुद्धता और जाति की शुद्धता के बीच का संबंध ब्राह्मणीय-पितृसत्ता के केंद्र में था और इसके लिए महत्वपूर्ण भी था। महिलाओं की बहुत ध्यान से रखवाली की जाती थी और निम्न जाति के पुरुषों को उच्च जाति की महिलाओं के साथ लैंगिक संबंध बनाने से रोका जाता था।

चक्रवर्ती का मानना है कि पितृसत्ता परोपकारी पितृसत्तात्मकता की ऐसी पद्धति रही है कि जिसमें आज्ञाकारी महिलाओं को कुछ विशेष अधिकार और सुरक्षा दी जाती थी। यह उनकी अधीनता को अदृश्य कर देती थी और पितृसत्ता में उनकी सहभागिता भी सुनिश्चित करती थी। तीसरा जरिया राज्य का था जो महिलाओं पर पितृसत्तात्मक नियंत्रण को न केवल विचारधारात्मक स्तर पर बल्कि एक वास्तविकता के रूप में बढ़ावा देता था।' (वही, पृ. 4.) ध्यान रहे 'संस्कृता स्त्री पराशक्ति' यह घोषवाक्य देश के एकमात्र महिला विश्वविद्यालय का है जिसकी स्थापना सुधारक महर्षि धोंडो केशव कर्वे जी ने की थी जिन्होंने स्वयं मुंबई में 'विधवा विवाह संघ' की स्थापना की थी। इतना ही नहीं विधवा विवाह के वे पुरस्कर्ता थे। जिन्होंने स्वयं पंडिता रमाबाई के 'शारदा सदन' के आश्रम में पली-बढ़ी गोदाबाई नामक विधवा स्त्री के साथ विवाह किया था।जिसके संबंध में पंडिता रमाबाई लिखती हैं की शारदा सदन के मॉडल पर मुंबई में उन्होंने एक आश्रम खोला था जिसमें बेसहारा स्त्रियाँ अपने पाँव पर खड़ा होने का प्रशिक्षण पाती थी। जिसमें आधुनिक शिक्षा का भी प्रावधान था। सिर्फ एक अंतर था वह यह था कि उसमें सिर्फ ब्राह्मण विधवाओं का ही प्रवेश संभव था। शारदा सदन की तरह हर धर्म जाति की बेसहारा औरतों की खातिर उसके द्वारा खुले नहीं थे और कर्वे इस बात पर शर्मसार हो कहते थे कि- अभी उनमें पंडिता रमाबाई वाला नैतिक साहस और संकल्प जगना बाकी है। अभी उनमे ब्राह्मण समाज से उसे हद तक लोहा लेने की हिम्मत नहीं आई है।' (दस द्वारे का पींजरा, पृ. 113) जाहिर है कि पुरुष ब्राह्मण सुधारक ब्राह्मणवाद से लोहा लेने के लिए असमर्थ थे।कुछ में तो साहस ही नहीं होता था। कुछ तो उस काल में इसे पुख्ता करने के लिए लिख-बोल रहे थे, जी तोड़ कोशिश कर रहे थे, जैसे तिलक आदि।रमाबाई के संगठन ने विवेकानंद जैसे विद्वान से स्त्री स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता के लिए लोहा लिया था।' (दस द्वारे का पिंजरा, पृ. 1.9,11.) भारतीय संदर्भ में ब्रह्मणवाद ने सवर्ण स्त्री की आधीनता और दलित स्त्री की आधीनता को अलग-अलग रूपों में देखा है।सामाजिक दृष्टि से जाति के कारण दलित स्त्री उनके तथा उनके शास्त्रों के लिए हेय है किन्तु काम दृष्टि से वह हे नहीं है। गोपाल गुरु के अनुसार 'जातिव्यवस्था के कारण दलित और जनजातीय औरतें यौनिक हिंसा का ज्यादा शिकार बनती है।' (भारत में महिला आंदोलन, चुनौतियाँ और संभावनाएँ, सं. साधना आर्य, लता सिंह, पृ. 38) और यह तथ्यात्मक विचार है।

जिस वर्ष पंडिता रमाबाई अमेरिका में थी उस वर्ष विवेकानंद भी अमेरिका में थे। रमाबाई ने इसी दौरान 'उच्च वर्ण की हिंदू औरतें' शीर्षक से एक किताब लिखी थी। 'दो वर्ष बाद पूना लौटकर 'शारदा सदन' की स्थापना और विधवाओं के अधिकार- विनियोजन के प्रश्न पर बड़े-बड़े पुरोधाओं से लोहा लेने में जुट गई, अमेरिका का यही 'रमाबाई संगठन' विश्व में विवेकानंद के अनुयायियों से उलझ गया जब 'स्त्रीत्व के आदर्श-हिन्दू, मुस्लिम और ईसाई' नामक अपनेभारत में बेसहारा स्त्रियों के एक सामूहिक घर के लिए आर्थिक सहयोग का अनुरोध वह करती थी। कुछ वर्ष बाद विवेकानंद भी इसी रास्ते पर चले। पर उस वक्त उन्होंने मेरी इस खातिर भरपूर आलोचना की यही वह समय था जब 'उच्च वर्ण की हिंदू औरतों' शीर्षक से एक किताब मैंने लिखी थी 'अमेरिका रमाबाई संगठन' बनाया था अमेरिका का यही 'रमाबाई संगठन' विश्व में विवेकानंद के अनुयायियों से उलझ गया था।' 'भारत में हिंदू मुस्लिम और ईसाई' नामकअपने व्याख्यान में भारतीय स्त्रियों की महिमा में स्थिति का ब्यौरा देकर विवेकानंद भारत गए और उनके व्याख्यान की रपट 'डेली-स्टैंडर्ड यूनियन' में छपी। विवेकानंद के अनुसार आर्य महिलाओं की स्थिति भारत में हमेशा से अच्छी रही थी! हर क्षेत्र में वे पुरुषों कीसधर्मिणी थीं। सेमेटिक जातियों के आक्रमण के बाद यह स्थिति बदली और धीरे-धीरे स्त्री की छवि भारत में 'माता' के रूप में और पश्चिम में 'पत्नी' के रूप में ही रूढ़ होती चली गई! उसके बाद कही गई थी वह बात जिस पर विवाद उठा था। कहा गया था कि 'भारतीय महिलाओं को तो सैकड़ो वर्षो से संपत्ति का अधिकार भी है! पति की मृत्यु के बाद पूरा का पूरा राजपाठतक स्त्रियों के नाम हो जाता है।'

जिस देश में पति की मृत्यु के बाद स्त्री से शांतिपूर्वक जीने का हक भी छीन लिया जाता हो- पति के साथ चिता में ही भस्म नहीं हो गई तो सब छीन-छानकर दर-दर भटकने के लिए मजबूर कर दिया जाता हो, उससे अस्पृश्यता बरती जाती हो- संपत्ति का विशेषाधिकार उसे जोड़ना हास्यापद था! ऐसा भ्रामक प्रचार धर्माधता में विवेकानंद कर सकते हैं- इस बात पर मैक्समूलर भी चकित थे! वह मेरी और से मुखर भी हुए! विवेकानंद की तरफ से राइट डेविड कह रहे थे कि भारत की छवि धूमिल करती फिर रही हैं रमाबाई यह उनका देशद्रोह है, अमेरिकियों के मन में औरतों की खातिर सहानुभूति जताकर संस्था के खातिर पैसा लेना कोई अच्छी बात नहीं है, विधवाएं दुबारा विवाह नहीं कर पाती तो इसलिए भारत में पुरुषों की जनसंख्या कम है, तभी तो बूढ़ों को भी नन्ही लड़कियों से ब्याह करना पड़ता है और अगर बूढ़े धनी हुए तो लड़कियों के लिए यह अच्छा ही है कि बूढ़ा पति जल्दी मरे। भारत-भर घूम कर देख चुका हूँ- भारत की औरतें सबसे ज्यादा सुखी हैं। अगर कहीं अन्य है तो अपवादस्वरूप, वैसा अन्याय और प्राकृतिक दुःख तो बहुत पुरुष भी झेलते हैं, ऐसा थोड़ी ही है कि स्त्रियाँचंट नहीं होतीं!(दस द्वारे का पिंजरा, पृ. 11.) लगे हाथों इसी संदर्भ में अमेरिकन इतिहासकार मिस कैथरीन मेयो की 'मदर इंडिया' और लाला लाजपतराय का प्रतिवाद अर्थात उत्तर देने हेतु लिखी गयी पुस्तक 'दुखी भारत'(इंडियन प्रेस लिमिटेड प्रयाग, 1928) को देख सकते हैं।

यहाँ राई डेविड की ओर से विवेकानंद का बचाव और प्रतिवाद बहुत ही विपर्यस्त और पुरुषी खल प्रवृत्ति का निर्देशक है।रमाबाई सोचती हैं 'इतना स्पष्ट था कि स्वामी विवेकानंद के भाषण में स्त्रियाँ एक रेटारिक का हिस्सा थीं, उन्हें 'देश' की उज्जवल छवि पेश करनी थी, फिर वह पढ़े-लिखे 'भद्रलोक' पृष्ठभूमि के पृष्ठभूमि के युवा संन्यासी थे- अपनी 'माँ' के सिवा उन्होंने जाना ही किसको होगा-'भद्रलोक' की सधवा माँएँ तो 'देवी' वगैरह दिखाई देती ही थीं। 'वैष्णव जन तै ने कहिए- पीर पराई जानी रेय एक आदर्श है, तो 'जाकेपैर न फटी बिवाई-सो का जाने पीर पराई' एक यथार्थ

है।

सबसे मजेदार बात तो यह हुई कि युवा संन्यासी ने भारतीय विधवाओं को 'नन' की आध्यात्मिक पदवी दी और कहा की उनका जीवन सधवाओं से ज्यादा पवित्र और सार्थक होता है– ईश्वर की सेवा में सर्वथा समर्पित!चूँकि उन्होंने वकालत पढ़ी थी,'संपत्ति' वाला सवाल जब सीधा उछाला गया तो बात घूमाकर वे (विवेकानंद) बोले– 'भारतीय समाज में माँ की स्थिति इतनी ऊंची होती है और माँ इतनी त्यागमयी होती है कि अलग से उसे संपत्ति दिलाने की बात हिंदू विधेयकों के मन में उठी ही नहीं।' मैं यह बड़े–बड़े बोल सुनती और हँस कर रह जाती! मेरी आंखों के आगे तैर जातीबनारस, वृंदावन, मथुरा की लाखों विधवाएंभगवान की आंखों के आगे– जो लगातार सेठों और पंडों का यौन शोषणद गाली–गलौज और रोटी के लाले झेलती,आधी जिबह मुर्गियों का जीवन जीने को अभिशप्त थी! मैं खुद मिलकर आई थी उन सबसे, तभी तो देव देशवासियों से निवेदन किया थारू– 'विद्धान भाइयों, सुविधासंपन्न मेरी बहनों –

अच्छी तरह देखो–
औरत के जीवन की कविता के पार–
उसके जीवन क रुक्ष गद्य–
खासकर उन औरतों के जीवन का रुक्ष गद्य
जो सड़कों पर पड़ी हैं–
आँखे खोलकर देखो–
अपने उच्चाशय धर्मो ने उनकी
तरफ से कुछ सोचने की
जहमत ही नहीं उठायी!' (वही, पृ. 11.–111)

स्त्रियों को संपत्ति और समानता के अधिकार के मामले में विवेकानंद और उनके अनुयायी गोल मटोल जवाब देते हैं। उस पारंपरिक ढर्रे पर कि 'माँत्यागमयी' को ग्लोरिफाई कर ब्राह्मणवादी उसे ऊंचे आदर्शों पर बिठा देता है। स्त्री देवी है,माँ ऊंचा स्थान रखती है, धर्मशास्त्रों में यह सवाल ही नहीं उठा– इसी जबरदस्त और ऊंची जगह पर स्थापित उच्च वर्ग की भारतीय स्त्री की सच्चा की झूठ का पर्दाफाश रमाबाई कर रही है। कविता में उनकी दुर्दशा के संकेत अनामिका कर रही है।प्रकारांतर से अमेरिकी–सी जैसी संपत्ति कानून में उसके अधिकार माँगों की कोई दिलचस्पी ही नहीं है।क्योंकि स्त्री संबंधी विवेकानंद के आदर्श उनकी 'भद्रलोक' महिलाएं वर्ग से स्थापित होते हैं।भारतीय आम जन की स्त्रियों से नहीं। खासकर के उन सवर्ण विधवा स्त्रियों के यथार्थ से जुड़ा है। हम सोच सकते हैं की पुरुषसत्तात्मक व्यवस्था अपने ही उच्च वर्ण की स्त्रियों को कोई अधिकार देना नहीं चाहता है तो दलित, आदिवासी, पिछड़ी अवर्ण स्त्रियों के साथ उसका व्यवहार कैसा रहा होगा और आनेवाले समय में कैसा रहेगा। कहीं इतिहास अपने आपको दोहरा न जाएँ?रमाबाई और विवेकानंद के बीच का यह वैचारिक संघर्ष हमें साफ–साफ जतला देता है, बतला देता है कि भारत में स्त्रियों की, स्त्री विमर्श की स्थिति प्राचीन काल से लेकर वर्तमान काल तक किस प्रकार की रही है, वर्तमान में इसमें बहुत सारे परिवर्तन आए हुए हैं लेकिन स्त्री की हैसियत मात्रा सामाजिक, धार्मिक स्तर पर उसी प्रकार की रही है जैसे प्राचीन काल में रही है।

हालांकि वर्तमान में इस प्राचीन अतीत को सुदृढ़ करने की लगातार जी तोड़ कोशिश चलती हुई हमें दिखाई दे रही है।रमाबाई की बेटी मनोरमा कभी–कभी रमाबाई की चुटकी लेकर कहती थी– चार पुरुषार्थों में 'अर्थ' पहले है, उसके बाद आता है धर्म, काम और मोक्ष का,'काश', पुरुषार्थ स्त्रियार्थ भी होते: '(दस द्वारे का पींजरा, पृ. 111)

भारत में स्त्रियों को स्थान ऊंचा दिया गया लेकिन समानता का कोई हक उन्हें कभी भी दिया नहीं गया। आज भी दिया नहीं जाता सामाजिकों ने उनके मानस ही बना दिया गया इसमें भी संपूर्ण स्त्री का की जैसा भी पति परमेश्वर होता है वह नशेड़ी, गंजेड़ी, नालायक, नपुंसक, उत्पीड़नकारी उसका आदर करना चाहिए यह रूढ़िवादी पाखंडी पुरोहितों, धर्माचर्यों, राजाज्ञाओं ने ईश्वरादेशानुसार समस्त स्त्री जाति पर समान रूप से लागू किया।हम सोच भी नहीं सकते कि दर्शन का प्रयोग इस तरह भी किया जा सकता है। के दामोदरन की दृष्टि से इसका उत्तर 'हां' में देना युक्ति युक्त है।उत्तर सामंत काल में (उत्तर ब्राह्मणवाद काल माना जाए) वैदिक अतीत को पुनर्जीवित करके पतनोंमुख धर्म (हिंदू)(ब्राह्मणवादी) को नया जीवन प्रदान करने की व्यग्रतापूर्ण प्रयास (भक्तिकाल)(13वीं 14वीं 15वीं शताब्दी में) किए गए विवाह संस्कार तथा अन्य शुभ अवसरों पर वैदिक मंत्रों का पाठ फिर से जारी किया गया। यज्ञों की प्रथा जीवित की गई। इसके साथ ही, कितने ही लोगों ने तंत्र की शरण ली। तांत्रिक पंथों को पुनर्जीवित करने के नाम पर समाज के रूढ़िवादी तत्वों ने कितने ही भ्रष्ट आचारों को अपनाया' (के. दामोदरन, पृ.326) 'उत्तर सामंत काल के लोगों पर पुराने नियमों को लागू करने के जी–तोड़ प्रयत्न किए गए।' (वही,पृ. 326)इसका नतीजा यह हुआ कि स्त्री एवं दलितों पर कई पाबंदियां लागू कर दी गई। स्त्री पुन: इश्वरादेशों, धर्माचार्यो के आदेशों के कारण स्त्री कठपुतली–सी हो गई तो शूद्रों के गले में पेशवाई का दंड विधान गले में मटका और कमर में झाड़ू लटका दिया गया।एक ओर विवाह संस्था की जकड़न तो दूसरे ओर जाति संस्था की पुन: लागू हुई। इसी मानसिकता का प्रभाव इस कदर होता है कि वह धार्मिक, सामाजिक मान्यताओं की आसानी से शिकार हो जाती हैं। जैसे बामा ने कोरुक्कू में लिखा है – वह लगातार आज्ञाकारिता की प्रतिज्ञा के बारे में बात करते रहते हैं और समर्पण करने के लिए विवश कर देते हैं ताकि हम अपना सिर न उठा सके।हमें अपने बारे में अपनी उम्र के अनुसार सोचने की इजाजत नहीं। वह हमारे लिए और हमारे नाम पर सोचना चाहते हैं।' (पितृसत्ता के नये आयाम, पृ. 127)और किसी भी मनोधार्मिक, पाखंडी संस्थाओं, धर्म–व्यवस्थाओं, व्यक्तियों के चंगुलसे निकलने वाली कोई भी स्त्री बामा हो या पंडिता रमाबाई जैसी असंख्य स्त्रियाँ विद्रोह करती है– वह यह पाती हैं कि 'कान्वेंट के सुरक्षित जीवन ने उनके दृढ़ व्यक्तित्व को भी कमजोर बना दिया था। सात–आठ साल वास्तविक जीवन से अलग–अलग रहने के बाद जीवन के संघर्ष में लौटना सरल नहीं है लेकिन इससे कठिन था एक खोखला आडंबरपूर्ण में जीवन–जिसमें सुविधा तो थी, स्वतंत्रता नहीं, आराम था लेकिन उद्देश्य पूर्ति का कोई अवसर नहींय फिर सारे दर्द के साथ, मेरे मन में कहीं गहरे एक निश्चित खुशी अभी है। मुझमें साहस है, मुझ में स्वाभिमान है।' (वही,पृ. 128–129)

दैववादी– वर्णवादी– ब्राह्मणवादी–पितृसत्तात्मक व्यवस्था को स्वतंत्र और स्वाभिमानी व्यक्तित्व की दरकार सदैव और निसंदेह रहती है, रही है, आगे भी रहेगी। इसलिए उसे कई प्रकार की श्रृंखलाओं। नियमों। कानून, रीति–रिवाज, मान्यताओं, परंपराओं,अंधविश्वासों, व्रत–उपवासों, कर्मकांडों में बांधकर, जकड़कर रखते हैं।यही उनके लिए सभ्य व्यक्ति, व्यक्तित्व, संस्कृति, समाज एवं राष्ट्र आदर्श होता है। इसे जो टकराते हैं वह चरित्रहीन, अशुद्ध, जंगली, पशु, अछूत,दोयम–दर्जे के नागरिक होते हैं।वर्तमान में पुनरू

संकीर्ण धर्म, समाज के क्षेत्र में नागरिकता की यही संकल्पना दृढ़ होती जा रही है, यह बहुत ही दुरूखद है। उसके स्वतंत्र अस्तित्व, दिशा एवं चेतना का अभाव होता है।बामा के शब्दों में कहे तो चर्च हो या मंदिर। गुरुद्धारा हो या मस्जिद किसी भी पूजा-घरों के व्यक्तित्व पुजारी, पंडित, पुरोहित, पादरी, मौलवी यह सवर्ण ही होते हैं। ब्राह्मणवादी मानसिकता के शिकार होते हैं। जैसे बामा कहती है-'यह सभी सवर्ण जातियों के लोग हैं। वे लोग शक्तिशाली पदों पर हैं। कुछ सवर्ण सत्ता हासिल कर लेता है और सर्वहारा तथा गरीबों पर अंधविश्वास एवं अंधभक्ति के माध्यम से काबू पा लेते हैं।दलितों को अब सच का एहसास होने लगा हैकि, उन्हें सीढ़ी बनाकर दूसरों ने स्वयं को ऊपर उठाया है। उन्हें मालूम है कि ईश्वर, ईसाई और चर्च के नाम पर उन्हें गुलाम बनाया गया है। दलितों को समझ आया है कि इन दूसरों ने इंसानों की तरह उन्हें कभी सम्मान नहीं दिया बल्कि अपने मुनाफे के लिए धर्म को इस्तेमाल किया है।' (वही, पृ. 128) लगभग विमर्शों को इसे समझना होगा यही उसकी उपलब्धि रहेगी, उसे नए आयाम मिलेंगे।

जैसे स्त्री होने के नाते स्वयं अपने आपको कटघरे में खड़ा करते हुए रोहिणी अग्रवाल जैसी कथा आलोचक स्वयं से ही यह सटीक सवाल पूछतीहैं कि- 'हम अपनी शुद्धतावादी- ब्राह्मणवादी संस्कारों का क्या करें जो स्त्री को स्वतंत्र विषय और प्रस्तोता मानने को राजी ही नहीं।' (पितृसत्ता के नये आयाम, वही,पृ. 131)सवर्ण स्त्री आज भी पशोपेश में है कि अपने ही घर, परिवार, समाज में संस्कारों और अपने ही लिङ्गीय भावबोध को लेकर कैसे जिए? उसकी छटपटाहट पिंजरेमें बंद पंछी की तरह है, पंखों में हौसला तो है किंतु उड़ान वह भर नहीं सकती, या कहे उड़ान अभी बाकी है।

कुछ लोग सोचेंगे कि आज दुनिया बहुत बदल गई है। अब वह जमाना नहीं रहा है स्त्री शक्तिशाली एवं स्वतंत्र हो गई है आदि-आदि किंतु अब वह आज का जमाना अभय कुमार दुबे के अनुसार आज का जमाना किस प्रकार का है इसको हम देख समझ सकते हैं। वर्तमान पर यह बहुत ही सटीक बात है। वह कहते हैं- 'भूमंडलीकरण ने पितृसत्ता के कुछ नए रूप रचे। उसने परंपरा और धर्म के अलावा आर्थिक आधुनिकीकरण और वह वैकासिक आग्रहों को भी नई पितृसत्ता का जनक बना दिया जबकि कभी इन दोनों को औरत की आजादी का संभावित जरिया माना जाता था। भूमंडलीकरण के तहत पितृसत्ता और मजबूत हो गई।' (वही, पृ. 63) वह स्वतंत्र अपने देह की नुमाइश करने के लिए होती नजर आ रही है और दैववादी (कामायनी के पुरुषी ही प्रसाद कालीन भोगवादी, वर्तमान में उपभोक्तावादी, उसे खूबसूरत किंतु बिंबो बनाकर भोगने के लिए आतुर है।कई पुरुष एवं महिला कहानीकारों की कहानियों में इसे देखा जा सकता है।मतलब 'कंडम','पिंक स्लिप डैडी', गीताश्री 'कैद बाहर', सविता पांडे, अल्पना मिश्र, प्रत्यक्षा,चित्रा मुद्गल आदि में इनके विविध रूप देखे जा सकतेहैं।

नए उपभोक्तावाद ने उसके सौंदर्य के जरिए बाजार में माल बेचने एवं बाजार का प्रबंध करने अर्थात उपभोक्तावाद को नए सिरे से और अधिक मजबूत बनाने में उसी का सहयोग और विज्ञापनी भाषा में 'पहले इस्तेमाल करो।' के तहत पितृसत्ता, सामंतवाद, पूंजीपतियों ने बहूखूबी भी किया है। ना उनकी चालाकी उभर कर आयी न ही उनका चारित्र।उनका सहयोग स्त्री मुक्ति में रहा उनका विश्व केवल और केवल मुक्ति में रहा है। विकास के नाम पर उनकी निजी अर्थव्यवस्थाओं में उनकी जगह अब तय कर दी गई है।हमाम के इस बाजार में सभी नंगे हैं।

बाजार और बहुराष्ट्रीय कंपनियों, प्रबंधनों का चरित्र अब सामने आ चुका है। पितृसत्ता को समझने का प्रयास सुरंजिता रे किया है- पितृसता का लिंग से नहीं बल्कि जेंडर, जो की एक सामाजिक कल्पना है, से उपन्न होती है।' (भारत में महिला आंदोलन विमर्श और चुनौतियां संपादक साधना आर्य लता सिंह राधा कृष्ण प्रकाशन जगतपुरी दिल्ली 51 प्रथम संस्करण 2023 पृष्ठ 27) एक सामाजिक कल्पना के तौर पर, पितृसत्ताका मतलब केवल पुरुष का प्रभुत्व नहीं है। न ही यह केवल पारंपरिक सोच-मानस है बल्कि यह निरंतरता में पनपती और नए रूपों में ढलती चेतना का प्रवाही रूप है। जिसके अंतर्गत 'लैंगिकता के प्रश्न उनके श्रम, उत्पादकता, प्रजनन क्षमता पर नियंत्रण' (वही, 28)रखते हुए इसको संस्थानिकरण किया जाता है।''इसे इनका संस्थानिकरण और वैधता कई विचारधाराओं, सामाजिक प्रथाओं, ढांचों और संस्थानों जैसे की विवाह, धर्म, वर्ग, जाती, प्रजाती,नस्ल, शिक्षा, मीडिया, कानून, राज्य और समाज से प्राप्त हुई है।' (वही, पृ. 28) इससे उसके आर्दश रूप पत्नी, माता, गृहिणी, देवी, अर्धांगिनी आदि रूप कहदे किये जाते है। 'पितृसत्ता की सूक्ष्म अभिव्यक्तियाँ पौराणिक कथाओं में मिलती हैं। इसमें त्यागमयी। स्वार्थरहित, पवित्र छवि को विशिष्ट रूप से दर्शाया जाता हैं। साथ ही धार्मिक रीतियाँ भी महिलओं की विश्वसनीय पत्नी और निष्ठावान माँ की भूमिकाओं की प्रमुखता पर जोर देती हैं।'(वही, पृ.28)

गौरवमायी अनुभूतियाँ मानवीय संवेदनशीलता को धार्मिक-सांस्कृतिक बायस बनाकर उसका बोध होने नहीं देती।इसी संस्थाओं द्धारा किया जाने वाला उत्पीड़न, अत्याचार, आनाचार, बलात्कार, हत्या,अभाव, दमन, शोषण, हिंसा को सुव्यवस्थित रूप से बंद किया जाता है, ठीक वैसे ही जैसे जिन को बोतल में बंद किया जाता है।सुरंजित रे के अनुसार पितृसत्ता को समझने के लिए कई विचारधाराएं कार्यरत रही हैं- 'उदार नारीवाद' मार्क्सवादी नारीवाद, समाजवादी नारीवाद, रेडिकल नारीवाद आदि किंतु यह सारी स्त्री सत्ता को पितृसत्ता से आजाद करने में या मुक्त करने में इनमे से किसी की कोई भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हुई हमें दिखाई देती है। हाँ, उसकी स्थिति मे परिवर्तन जरूर हुआ क्योंकि यह सभी बीमारी कोई और तथा दवाइयाँ किसी और तरीके से काम करती हैं।

जो स्थिति दलित और स्त्री विमर्श की रही है वही स्थिति लगभग आदिवासी विमर्श के रही है वैसे आदिवासी विमर्श समाज में संस्थात्मक जकड़न न के बराबर है।आदिवासी स्त्री के लिए- विवाह का अर्थ समुदाय के भीतर पुरुष और महिला के बीच एक शिथिल बंधन होता है। शादी के बन्धनों को आसानी से तोड़ा जा सकता है। ऐसा इसलिए कि बच्चों के लालन-पालन की जिम्मेवारी पूरी तरह परिवार की नहीं बल्कि समाज की होती है। बच्चों का लालन-पालन उनकी वैधता साबित करना या संपत्ति के अधिकार की रक्षा किसी के लिए भी परिवार का एक इकाई के रूप में चलते रहना जरूरी नहीं होता और इस कारण वैवाहिक जिंदगी के संबंध में फैसला लेने के लिए महिलाएं अधिक स्वतंत्र होती हैं।कई आदिवासी समूह में जीवनसाथी का चुनाव साप्ताहिक बैठकों में किया जाता है। भागकर शादी करना आम बात है। लड़की के पिता लड़कों को दहेज या बोली के रूप में नकद पैसा, कपड़े, अनाज व दारू इत्यादि देते हैं। दोनों ही जातियाँ(साबरा और जतापू) में एक से अधिक पत्नियाँ रखने का प्रचलन है।जो बेहतर आर्थिक स्थिति का परिचाय होता है।' (पितृसत्ता के नये रूप, पृ. 175) जल, जमीन और जंगल की सुरक्षा आदिवासी समाज इसलिए नहीं करता कि वह उनका संरक्षक है बल्कि इसलिए करता है कि उनकी सभ्यता, संस्कृति जीवित रहे। उनका समृद्ध समतामूलक दृष्टिकोण जीवित रहे। उनकी समतामूलक वैचारिकी

जीवित रहे।स्त्री स्वतंत्रता अबाधित रहे, इसलिए भी वह करता हुआ हमें दिखाई देता है।

लेकिन भूमंडलीकरण और मशीनीकरण ने उनके जनजीवन को ही नहीं बल्कि उनके गाँव-गाँव को भी उजाडा हुआ हमें दिखाई देता है।'ग्लोबल गाँव के देवता होय या 'गायब होता देश' हो या हरिराम मीणा का उपन्यास 'धुनी तपे तीर होय ऐसे कई उपन्यास या कई कविताएं हैं।चाहे अनुज लुगान की कविताएं हो या जसिंता केरकट्टा की कविताएं हो, या 'नगाड़े की तरह बजातेय हैं शब्द' की निर्मला पुतुल हो, इन लगभग आदिवासी रचनाकारों में अपनी सांस्कृतिक अस्मिता और अस्तित्व की चेतना हमें बहुत ही साफ और स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। हम लगभग आदिवासियों को,उसके समाज से नकारा मानते हैं। लेकिन वास्तविक मूल्यात्मक रूप की दृष्टि से अगर सोचें तो यही वह समाज रहा है जो मूल मानवीय चेतना और चिंतन के साथ आज भी अपने आप में जीता हुआ हमें दिखाई देता है। उनकी बदहाली, आर्थिक अवस्था के कारण दिखाई देती है अन्यथा उनकी वैचारिकी मातृसत्ता और स्वतंत्रता मूल्य बहुत ही समृद्ध और सशक्त रही है। अंधविश्वास, कर्मकांड जैसी चीज लगभग सभी धर्मों और समाजों में समान रूप से हमें देखने के लिए मिलती है। इसे अगर छोड़ दिया जाए तो आदिवासी समाज या समूह या विमर्श मेरे ख्याल से समतामूलक दृष्टि से और सामाजिक न्याय की दृष्टि से बेजोड़ रहा है।

पितृसत्ता और वर्ण व्यवस्था के जंजाल से स्त्री और दलितों को मुक्त करने में डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण रही है।आप अगर ध्यान से देखें तो 19वीं शताब्दी में महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती को छोड़कर के लगभग सुधारक हिंदू धर्म को नए आयाम देने की चेष्टा कर रहे थे। अकेले स्वामी दयानंद सरस्वती थे जिन्होंने 'वेदों की ओर चलोय का नारा दिया और वैदिक व्यवस्था को पुन: आधुनिक पुनर्जागरण के समय में 19वीं शताब्दी की पुनर्जागरण के समय में लागू करने की मंशा रखते हुए आर्य समाज आंदोलन खड़ा किया। मजेदार बात यह है कि स्वयं स्वामी दयानंद सरस्वती वैदिक दीक्षा-शिक्षा प्राप्त कर चुके थे और ईसाई मिशनरियों के स्कूलों के विद्यार्थी थे।डॉ. बाबासाहब ने इसे ही प्रतिक्रान्ति के रूप में देखा है कहा है और 'हिंदू कोड बिल' के जरिए स्त्री मुक्ति की क्रांति कर दी जोसमता मूल्य के कारण दलित समाज को भी सवर्ण के साथ लाकर के खड़ा किया हुआ हमें दिखाई देता है। मेरे ख्याल से सवर्ण समाज के साथ खड़ा किया है ऐसा कहने की वजह समता के मूल्य सवर्ण और दलित और स्त्रियों पर एक साथ लागू किया हुआ हमें दिखाई देता है। इसलिए हमारा संविधान यह कहता है कि हम धर्म, वर्ण,नस्ल, लिंग, रंग, भाषा किसी के भी आधार पर भेदभाव नहीं करेंगे। सभी को समता के तत्वों में उन्होंने पिरोया है।

दुष्यंत के शब्दों में कहें-

वह आदमी नहीं है मुकम्मल बयान है,
माथे पर उसके चोट का गहरा निशान है।
सामान कुछ नहीं हैफटेहाल है मगर,
झोले में उसके पास कोई संविधान है।
उस सरफिरे को एवं नहीं बहला सकोगे आप,
वह आदमी नया है मगर सावधान है।'

आज के वर्तमान के संदर्भ में यूरोपीय जागरण आंदोलन के प्रति जो दृष्टि एंगल्स की है वह यथार्थ है जिसे आज के भारतीय सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक जीवन में लागू होते हुए हम देख सकते हैं। एंगेल्स ने कहा था कि- मध्य युग ने धर्म दर्शन के साथ विचारधारा के अन्य सभी रूपों दर्शन राजनीतिक विधि शास्त्र को जोड़ दिया और इन्हें धर्म-दर्शन की उपशाखाएं बना दिया। इस तरह उसने हर सामाजिक और राजनीतिक आंदोलन को धार्मिक जामा पहनाने के लिए विवश किया।आम जनता की भावनाओं को धर्म का चारा देकर और सब चीजों से अलग रखा गया।इसलिए, कोई भी प्रभावशाली आंदोलन आरंभ करने के लिए अपने हितों को धार्मिक जामे में पेश करना आवश्यक था।' (के.दामोदरन, भारतीय चिंतन परंपरा,पृ. 327)यह कथन भारत की 14 वीं और 17वीं शताब्दियों के काल के भारत पर सामान रूप से लागू होती है।' (वही, पृ. 327) और वर्तमान काल की 21वीं शताब्दी के उत्तर आधुनिक, उत्तर औपनिवेशिक भारत पर भी लागू होती हुई दिखाई देती है। दुनिया भर में औपनिवेशिक दासता से मुक्त राष्ट्र अपने स्वतंत्र इतिहास लेखन की ओर प्रेरित हुए हैं। अपने स्वतंत्रता राष्ट्रीय चेतना से परावर्तित होती हुई दिखाई दे रहे है। लेकिन हमें यहां यह ध्यान में रखना चाहिए कि राष्ट्रीय चेतना के साथ धर्म का गठजोड़ बांधना यह राष्ट्रीयता तथा राष्ट्र की अखंडता के लिए बहुत ही घातक होगा।

स्त्री एवं दलित विमर्शों की भूमिका : विचारणीय बिंदु

1. दोनों अपनी इतिहास की खोज में लगे हैं अपने अस्तित्व एवं अस्मिता को तलाश रहे हैं।
2. दोनों मानवीय परिस्थिति का विवरण और वृतांत प्रस्तुत करना चाहते हैं किंतु 'जाति की पारंपरिक प्रवृत्ति' तथा स्त्री पर 'पुरुष आधिपत्य' एवं दलित 'वर्ण व्यवस्था का आधिपत्य' के त्रासद सरातत्वद से उबार नहीं पाते। पिंजरे में कैद पंछी की छटपटाहट दोनों में है।
3. दोनों का विश्लेषण व्यक्तिगत ना होकर सामूहिक है।
4. दोनों दैववादी-पुरुषसत्तात्मक-वर्ण-जाति-व्यवस्था से स्थापित विषमतामूलक, शोषणमूलक उत्पीड़नकारी अमानवीय दकियानूसी, ब्राह्मणवादी-हिंदुत्ववादी, हिंदूवादी परंपरा के खिलाफ संघर्ष करते हैं।
5. दोनों को मुख्य धारा में आने का सत्ता संचालित आरक्षण, संरक्षणवादी कार्य निरंतर अंतर विरोधों से ग्रस्त और सीमांतीय बना रहा है।
6. इस लड़ाई में स्त्री ने 'समर्पण और मुक्ति' को अपनाया है तो दलितों ने 'मुक्ति एवं संघर्ष' को।
7. दोनों साहित्य, सौंदर्यीकरण और भाषा की राजनीति पर अपना ध्यान केंद्रित करते हैं।
8. स्त्री का दैववादी-पुरुषसत्तात्मकदमन और दलित का वर्ण वर्चस्वादी दमन के प्रति साफ एवं स्पष्ट दृष्टिकोण है।
9. दोनों की वैचारिक धारणाएं मुक्ति, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता और सामाजिक न्याय की होने के बावजूद स्त्री अधीनस्थता और दलित विलगता के तत्वों का अनुसरण कर रहा है।
10. 'वर्चस्ववादी सत्ता ने दोनों की उपेक्षा, अपमान, अवहेलना, उत्पीड़न, तथा दलित स्त्री मामले में हिंसा, यौनिक शोषण, बलात्कार, हत्या की है। दलित नारीवाद 'अंतर्जातीय विवाह को जाति-मुक्ति' के आंदोलन के रूप में देखता है जबकि सवर्ण स्त्री इसे ही अपनी 'स्वतंत्रता और पुरुषसत्तात्मक गुलामी से मुक्ति' के रूप में पेश करती है। मुक्ति दोनों का उद्देश्य है किंतु उनके अपने-अपने अलग-अलग दृष्टिकोण मौजूद है। इसका परिणाम यह होता है कि सवर्ण स्त्री और दलित स्त्री एक दूसरे से कभी जुड़ नहीं पाती न ही मुक्ति के लिए कोई सहयोग देने की कोई भूमिका बना पाती है। पुरुषसत्तात्मक

व्यवस्था ने सवर्ण स्त्री की अधिनस्थता में कुछ विशेषाधिकार दे रखे हैं। उसका कहना है कि तू देवी है, वह (दलित स्त्री) कुलटा है। तू सौन्दर्य और कलाकार की उपासक है वह (दलित स्त्री) उच्छृंखल है, उसके भोग (देवदासी या सामान्य रूप में) का सामाजिक सर्वाधिकारी है, तू सिर्फ पति-परमेश्वर की भोग्या है। तू कलाकार है (नाट्यकला और सिनेमा की) वह नाचनेवाली है (छोरा कोल्हाटी का-किशोर शांताबाई काले) आदि।

11. दोनों में ज्ञान का संवेगात्मक बोध कई स्तरों पर समान है।

12. दोनों शोषण की पराकाष्ठा एवं प्रतिक्रिया से उपजे किंतु शोषण का विरोध करने वाले मानवीय विमर्श है।

13. स्त्री विमर्श कर्ता मात्रा अपने आप को अछूत मानने से कतरा जाती है, उसे नकारती है, जबकि वर्ण-जाति-व्यवस्था में उसकी भी वही हैसियत है जैसे दलितों की है। अंतर केवल इतना है सवर्ण-स्त्री को अस्पृश्य समझा नहीं गया, दलित स्त्री को भोगते समय भी अस्पृश्य समझा नहीं गया। वर्ण व्यवस्था काल में भी उससे संतानोत्पत्ति हुई किंतु केवल संपत्ति अधिकार अधिकार से बेदखल करने हेतु उन्हें नीच एवं उनकी संतान को चांडाल की श्रेणी में या अस्पृश्यता की स्थिति में सोच समझकर रखा गया।

14. यहाँ मामला भोग्य-उपभोग का नहीं उसकी सामाजिक स्थिति के निर्धारण का है। दलित पुरुष और स्वर्ण स्त्री से उपजे बच्चे संभवत: सवर्णों के वारिस और संपत्ति के हकदार बिना किसी बवाल के चुपचाप बने होंगे। उस वर्ण या, वर्ग या, जातिगत श्रेणियां बनाई नहीं गई किंतु स्वर्ण पुरुष और दलित स्त्रियों के संदर्भ में या संबंधों में उत्पन्न बच्चों को मात्र संपत्ति के अधिकार से सवर्ण पुरुषसत्ता की व्यवस्था दूर रखती हुई हमें देखने के लिए मिलती है। दलित आत्मकथाओं में सवर्ण स्त्रियों के दलित पुरुषों के साथ के जिस प्रकार की अंतरंगता व्यक्त हुई है उससे इस संभावना का इन्कार नहीं हो पाता है। वैसे पुराणों में एक निषाद कन्या मस्यगंधा सत्यवती से हम परिचित हैं। सत्यवती, राजा शांतनु की पत्नी थीं और वेद व्यास की माँ थीं। 'एक युवा महिला के रूप में, सत्यवती की मुलाकात भटकते ऋषि (ऋषि) पराशर से हुई, जिन्होंने बिना विवाह के उसके बेटे व्यास को जन्म दिया। ऋषि ने उसे एक कस्तूरी जैसी सुगंध भी दी, जिसके कारण उसका नाम योजनगंधा ('वह जिसकी सुगंध एक योजन तक फैलती है') और गंधवती ('सुगंधित') पड़ा।

बाद में, राजा शांतनु, उसकी सुगंध और सौंदर्य से मोहित होकर, सत्यवती से प्रेम करने लगे। उसने अपने पिता की इस शर्त पर शांतनु से विवाह किया कि उनके बच्चों को सिंहासन विरासत में मिलेगा, शांतनु के ज्येष्ठ पुत्र और युवराज भीष्म के जन्मसिद्ध अधिकार को नकार दिया। सत्यवती ने शांतनु के दो बच्चों, चित्रांगद और विचित्रवीर्य को जन्म दिया। शांतनु की मृत्यु के बाद, उसने और उसके पुत्रों ने भीष्म की मदद से राज्य पर शासन किया। यद्यपि उसके दोनों पुत्र नि:संतान मर गए, फिर भी उसने अपने सबसे बड़े पुत्र व्यास को नियोग के माध्यम से विचित्रवीर्य की दो विधवाओं की संतानों का पिता बनाने की व्यवस्था की। बच्चे, धृतराष्ट्र और पांडु, क्रमश: कौरवों और पांडवों के पिता बने। पांडु की मृत्यु के बाद, सत्यवती तपस्या में.....'

'देवी भागवत पुराण में बताया गया है कि जब सत्यवती ऋषि पराशर को यमुना नदी पार करा रही थी, तो ऋषि सत्यवती से अपनी वासना को संतुष्ट करना चाहते थे और उन्होंने उसका दाहिना हाथ पकड़ लिया। उसने पराशर को रोकने की कोशिश की, लेकिन ऋषि की हताशा और हठ को समझते हुए आखिरकार हार मान ली। सत्यवती सहमत हो गई और उसने पराशर से कहा कि जब तक नाव किनारे पर न पहुँच जाए, तब तक धैर्य रखें। दूसरी तरफ पहुँचने पर ऋषि ने उसे फिर से पकड़ लिया, लेकिन उसने कहा कि उसके शरीर से बदबू आ रही है और संभोग उन दोनों के लिए सुखद होना चाहिए। इन शब्दों पर, मत्स्यगंधा को (ऋषि की शक्तियों द्वारा योजनगंधा ('वह जिसकी सुगंध एक योजन पार से सूँघ सकती है') में बदल दिया गया।', अब उसमें कस्तूरी की गंध थी, और इसलिए उसे कस्तूरी-गंध ('कस्तूरी-सुगंधित') कहा जाता था और पराशर ने मछुआरे में रूपांतरित होकर सत्यवती के साथ संभोग किया ताकि उसकी शुद्धता वापस आ सके।', उसने पराशर से वादा करने के लिए कहा कि संभोग एक रहस्य होगा और उसका कौमार्य बरकरार रहेगाय उनके मिलन से पैदा हुआ पुत्र महान ऋषि जितना ही प्रसिद्ध होगा, और उसकी सुगंध और यौवन शाश्वत होगी। पराशर ने उसे ये इच्छाएँ प्रदान कीं और सुंदर सत्यवती से तृप्त हुए। कृत्य के बाद, ऋषि ने नदी में स्नान किया और चले गए, फिर कभी उससे नहीं मिले। (महाभारत)

उनके आशीर्वाद से प्रसन्न होकर सत्यवती ने उसी दिन यमुना के एक द्वीप पर अपने बच्चे को जन्म दिया। बेटा तुरंत एक युवा के रूप में बड़ा हो गया और उसने अपनी माँ से वादा किया कि जब भी वह उसे बुलाएगी, वह उसकी सहायता के लिए आएगाय फिर वह जंगल में तपस्या करने चला गया। बेटे को उसके रंग के कारण कृष्ण ('काला') या द्वैपायन ('एक द्वीप पर पैदा हुआ') कहा जाता था और बाद में व्यास के रूप में जाना जाता था- वेदों का संकलनकर्ता और पुराणों और महाभारत का लेखक, जिसने पराशर की भविष्यवाणी को पूरा किया।' कुंती और सत्यवती के लेखक प्रदीप भट्टाचार्य रू महाभारत की यौन मुखर महिलाएं, ऋषि पराशर के साथ सत्यवती के मुठभेड़ को संभालने की प्रशंसा करते हैं। वह कहते हैं कि यद्यपि वह युवा है, फिर भी वह जिद्दी ऋषि से बहुत परिपक्वता और सूझबूझ के साथ निपटती है।

प्रदीप भट्टाचार्य टिप्पणी करते हैं, 'इक्कीसवीं सदी में भी हमें आश्चर्यचकित करने वाली परिपक्वता और स्पष्टता के साथ, वह बताती है कि संभोग पारस्परिक रूप से आनंददायक होना चाहिए।' वह इस विश्वास से भ्रमित नहीं है कि ऋषि उससे विवाह करेंगे और समाज में अपनी भविष्य की स्थिति सुनिश्चित करने के लिए कौमार्य माँगती है। भट्टाचार्य उसके अनुरोधों के अनुक्रम पर आगे टिप्पणी करते हैं: दोनों के लिए यौन क्रिया को सुखद बनाने के लिए शारीरिक सुगंध, क्रिया को गुप्त रखने के लिए धुंध का पर्दा, अपने भविष्य के लिए कुंवारी स्थिति और अपने बच्चे के लिए प्रसिद्धि - उसकी प्रसिद्धि को सुरक्षित करना और व्यावहारिक पहलुओं को सुलझाने के बाद, आजीवन युवापन और सुगंध का 'शाश्वत स्त्री' वरदान। भट्टाचार्य कहते हैं: 'आधुनिक समय की महिलाएं चाहती हैं कि वे सत्यवती की तरह आधी भी आत्मविश्वासी, स्पष्ट सोच वाली और अपनी इच्छाओं और लक्ष्यों के प्रति दृढ़ निश्चयी हों।' वे आगे उनकी ष्विशिष्ट दूरदर्शिताष की प्रशंसा करते हैं, जब वह युवराज भीष्म को खत्म करके शांतनु के साथ अपने बच्चों का भविष्य सुनिश्चित करती हैं। वह अपने नाजायज बेटे व्यास को अपने मृत बेटे की विधवाओं के साथ बेटों को जन्म देने के लिए दृश्य पर लाती हैं- प्रसिद्ध 'चंद्र वंश को दास युवती के वंश में बदल देती है'।, (संदर्भ: विकिपीडिया)

15. नारीवाद तब तक चलेगा जब तक पितृसत्ता चलेगी और दलित विमर्श या आंबेडकरिज्म भी तब तक चलेगा जब तक वर्ण-जाति व्यवस्था चलेगी

दोनों एक दूसरे के विलोम नहीं है अनुपूरक हैं। इसे समझना होगा विमर्श वास्तव में लोकतांत्रिकरण की प्रक्रिया एवं भागीदारी का हिस्सा और नाम है। 'मत भिन्नताओं के बावजूद इन्हें संवाद की ओर' (फोरम अगेन्स्ट ऑपरेशन ऑफ वूमेन) बढ़ना होगा। 'अब यह बात स्पष्ट हो चुकी है कि हाशिये पर पड़ी आवाजों से- इतिहास की शोध जीवनियाँ और साक्षात्कारों के माध्यम से- उजागर हुए ज्ञान ने भेदभाव के खिलाफ भारतीय नारी संघर्षों को इकट्ठा करने में मदद पहुँचाई है। इस प्रकार के शोधों ने नारीवादी राजनीति को दिशा दी है।' (भारत में महिला आंदोलनरू विमर्श और चुनौतियाँ, सं. साधना आर्य, लता सिंह, राधाकृष्ण प्रकाशन, प्र. सं. 2.23, पृ.12.)

16. दलित स्त्री दैववाद- ब्रह्मणवाद एवं पुरुषसत्ता दोनों का प्रतिरोध करती है जबकि अन्य स्त्री रचनाकार, आंदोलन केवल पुरुषसत्ता को नकारती है। किंतु महत्वपूर्ण सवाल पुरुषसत्ता व्यवस्था के निर्माणकर्ता दैववाद- ब्रह्मणवादी व्यवस्था को नकारने का है। केवल पुरुषसत्ता व्यवस्था को न करने से वह नष्ट होने वाली नहीं है। पुरुषसत्तात्मक व्यवस्था निर्मित के कारकों को नष्ट करने के उपरांत ही स्त्री-पुरुष समानता केवल वैचारिक एवं कागजी धरातल से निकलकर यथार्थ में संभव होगी।

17. इस मायने में दलित स्त्री आत्मकथाओं तथा स्त्री आत्मकथाओं को देखना जरूरी है। उदाहरण के तौर पर देखना हो तो पंडिता रमाबाई को यहाँ पुन: रेखांकित करना आवश्यक है। यह एक प्रचंड वैचारिक विकल विद्रोहिणी है जो महात्मा फुले तथा सावित्रीबाई फुले के जिन ब्राह्मणवादी व्यवस्था को नकारा उनके सानिध्य एवं संपर्क में रहने के बावजूद भी उसे वह नकार नहीं पाई, वह ब्राह्मणवादी-हिंदूवादी मानसिकता की बनी रही। हिंदुत्व के प्रति उनमें एक सॉफ्ट कॉर्नर आजीवन बना रहा। जिसे वह समय-समय पर महसूस कर रही थी। हिंदुत्व को एक जीवन पद्धति मानकर यह कहती है कि- हिंदुत्व अपने मूल अवधारणा में चाहे जितना प्रशस्त मार्ग खोलता हो लेकिन फिलहाल उसके रास्ते में स्त्रियों और शूद्रों के लिए गड्ढे खोदे पड़े हैं। मौका मिला नहीं की बटमार मार-पीटकर गड्ढे में धकेल देते हैं।' (दस द्वारे का पिंजरा, अनामिका, पृ. 94) 'अपने वर्तमान स्वरूप में हिंदुत्व स्त्री विरोधी था' (वही पृ.94) '.....धर्मशास्त्रों को पढ़ाते हुए मैंने जाना कि हिंदुत्व की अगाधता कुछ ज्यादा ही है! (दर्शनशास्त्र के संदर्भ में, अत्याचार के संदर्भ में परखिए इसको) हर बात के दो-दो पहलू मौजूद है वहाँ! अन्तर्विरोध बहुत हैं। एक किताब किसी चीज को वरेण्य मानती है तो उसी पाए की दूसरी किताब उसके विपक्ष में खड़ी होती है। साधारण पाठक व्यर्थ के विवादों में उलझ कर जीवन बिता देता है- लगातार चिंतन या कर्मकांड ही करता रहता है, समाज सेवा का ठोस काम नहीं कर पता।' (वही पृ.94) तत्कालीन समय में रमाबाई को ब्रह्मसमाज भी यंत्रवत लग रहा था। 'उन्होंने (केशवचंद्र सेन के) ब्रह्मसमाज की भी खबर ली है 'आदमी की बनाई मशीन-सा लगता थारू मुक्ति की मशीन! सब धर्मों का यांत्रिक सार...! इतने अंतर्विरोधों के बीच एक बात पर सारे धर्मशास्त्र सहमत है कि स्त्रियां और नीची जाति के लोग हर तरह से अधम हैं और उनकी मुक्ति का मार्ग बस एक है। लाख जूता-लात सहते हुए भी स्वामी-सेवा करते जाना! उसके जीते जीना, उसके साथ मर जाना! जो औरतें पति के साथ सती नहीं होतीं, हिकारत की एक मीठी आँच पर जीवन भर सुलगती रहें- इसका पूरा इंतजाम समाज रखता है। देखिए ना, कितना सीधा तर्क है-

'वेद में मुक्ति के सूत्र हैं-
स्त्रियाँ और शूद्र वेद नहीं पढ़ सकते
इसका सीधा निष्कर्ष क्या है?
कि स्त्रियों और शूद्रों की मुक्ति असंभव है' (वही प्र.94-95)

पुरुष स्त्रियों को भोग की सामग्री-भर समझते हैं और मनुजी लिखते हैं कि बलात्कार और भोग की सतायी हुई 'पतित' औरतों की बोटी-बोटी काटकर कुत्तों के आगे डाल देनी चाहियेरू वह भी शहर की सरहद के बाहर! कौन-सी औरत चाहेगी कि बिना प्रेम के उसकी देह का गींजन करे कोई, जो करता है-वह जबरदस्ती ही करता है या प्रेशर-तकनीक के तहत और इसकी 'सजा' भी औरतों को ही मिलती है!' (वाही पृ. 95) इसी तरह का और इतना स्पष्ट विचार रखनेवाली पंडिता रमाबाई 'ईसाईयत के भारतीयकरण' की बात कहती रही हैं। वह कहती हैं कि - प्रतीक ही अपनाने है तो क्रॉस अपनाया जा सकता है लेकिन उसके नीचे खुदा हो- लैटिन में नहीं संस्कृत में हो तो बेहतर- संस्कृत दुनिया की सबसे पुरानी और सबसे लचीली भाषा है- स्मृतियों-अनुगूंजों से भरी हुई है' (वही पृ.112) तात्पर्य यह है कि प्रखर बुद्धिजीविता के बावजूद का संस्कृत धर्म-संस्कृति के प्रति मोहाविष्ट है। यह उनके जीवन का सबसे कमजोर पक्ष लगता है। जिसके विरुद्ध जीवनभर संघर्ष किया है, अंत में क्या उसी का स्वीकार नहीं किया है उन्होंने? तो उत्तर है, 'हां' किंतु जीवन के अंत में बच्ची मनोरमा और होने वाले दामाद गिरधर को मात्र महात्मा फुले और सावित्रीबाई को सौंप दिया। धर्मांतरण स्वैच्छिक होना चाहिए, बुद्ध की तरह, धर्मांतरण में जबरदस्ती उन्हें 'आत्मिक बलात्कार' (वही, पृ.112) लगता है। कोई भी धर्म पंडिता रमाबाई और तमिल लेखिका बामा को दस द्वारे का पिंजरा लगता है। किसी भी रास्ते से लौटकर पिंजरे में ही आना यह उसकी विवशता है। जिसे धर्म-संस्कृति ने नियति करार दिया है।

उनका साफ कहना था कि- धर्म एक रास्ता ही तो है- मंजिल तो मुक्ति है-'मानव मुक्ति- दोनों अर्थो की मुक्ति- सामाजिक मुक्ति और आध्यात्मिक मुक्ति।' (वही पृ.112) यह उन्ही के धर्मांतरण को परखने का विवेक संमत मार्ग था। इसलिए आगे वह यह सवाल उठाती है कि- राह बदलने पर इतना हंगामा क्यों?' (वही पृ.112) हिंदुत्व से उबकर, उसके भीतरी परिवर्तन की संभावनाओं के दिखाई न देने पर, वह ईसाई बन गई थी। यह हम सभी जानते हैं। किंतु उनकी मानसिकता ने इस ईसाईयत्व का पूर्ण रूप से कभी भी स्वीकार नहीं किया था। यह विचार उनके अगले ही कथन में उजागर होता है- 3 बरस बीत गए सितंबर,1883 में मेरी 'बप्तिस्मा' हुआ! मैं 'मेरी राम' बनी और मेरी बेटी मनोरमा बनी 'मनोरमा मेरी'! काया वही, मन वही, आत्मा वही, प्रश्न वही, संधान वही, बेचैनियां वे ही.... मैं यहाँ नया धर्म पहना पर पुराना फेंका नहीं। तह कर सिरहाने रख छोड़ा! एक नए, अपने-से ईश्वर की तलाश मुझे भारत से लिवरपूल ले आई!ष (वही पृ.100) रमाबाई की चेतना से ईश्वर एवं हिंदू धर्म पूरी तरह कभी भी लुप्त नहीं हुआ। आधुनिकता की चेतना ने भी रमाबाई का मन और मत नहीं बदला। हिंदू धर्म में लाख बुराइयां हैं किंतु उसके प्रति उनमें लगाव ही है। हिंदूवाद के हिंदुत्व के प्रत्येक अधार्मिक अमानवीय कृति का संज्ञानात्मक बोध होने के बावजूद रमाबाई मन से उसे कभी छोड़ नहीं पाई यही सत्य है।

मेरे ख्याल से वर्तमान में मृणाल पांडे सरीखी स्त्री-विमर्शकर्ताओं का भी यही दृष्टिकोण रहा है। ईश्वर के संकल्पनात्मक विचार पद्धति एवं अनुभूति ने रमाबाई को आखिर में हिंदू ही रखा। वह मन से कभी ईसाई या क्रिश्चियन नहीं बन पाई और न हीं निर्धर्मी रही। अनाम कुलत्रोत्पन्न पति सदाव्रत से पूर्ण संवेदना, लगन होने के बावजूद उसके मूल्यों में सच्चाई और मानवता

होने के सत्य को जानने के बावजूद भी, उसके रास्ते को वह अपना नहीं पाई। 'कठपुतलियां पुतले में प्राण पडते ही हमारे रिश्ते का एक नया समीकरण उठ खड़ा होता है..... आदि आदि।(वही पृ. 101) प्रार्थना समाज के संस्थापक न्यायमूर्ति महादेव गोविंद रानडे की विधवा बहन दुर्गाबाई की वजह से रानाडे और उनकी पत्नी रमाबाई का घर छोड़कर वह महात्मा ज्योतिबा फुले के सेवा केंद्र में अपने जीवन में अंत में आ जाती है। स्वयं रमाबाई का मानना था कि दुनिया के सारे कानून पुरुष ने बनाए हैं! स्त्री-शिक्षा तब तक सिर्फ सजावट का सामान रहेगी जब तक उसमें निर्णय खुद लेने का विवेक और स्वाभिमान नहीं जगेगा और पुरुष... दोस्त बनकर सामने आएंगे, डिक्टेटर बनकर नहीं!' (वही पृ.118) अपने प्रखर एवं निर्भीक प्रवृत्ति के कारण व विवेकानंद जैसे बुद्धिजीवी को खरी-खरी सुनाती है। उनके मानस को पहचानती है। (अनामिका का पूरा प्रस्तुत पूरा गद्य पढ़ कर देखिए प्रश्न 109, 110 और 111 परिशिष्ट में जोड़ें.)

आत्मा की मुक्ति के लिए भक्ति का मार्ग सुखकर, सुकर हो सकता है किन्तु स्त्री एवं दलित मुक्ति के लिए सामाजिक, धर्मगत संस्थानिकरण, सांस्कृतिक रूढ़िवाद के परंपराकरण के, बन्धनों के पाश को तोड़ना ही समतामूलक सामाजिक जीवन पद्धति के लिए जरुरी है। इसमें ही समाज देश की युगानुरूप विकास की गतिशीलता की संभावनाएँ निहित है। अन्यथा भारत की बहुसंख्यक आबादी जड़वाद के शिकंजें से 'कैद बाहर' होना असंभव है।

नोट: सभी संदर्भ शोधलेख के अंतर्गत ही पृष्ठ क्रम, नामानुक्रम, प्रकाशक, प्रकाशन वर्ष के रूप में समाहित किए गए है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. प्रभा खेतान। पितृसत्ता के नए रूप और भूमंडलीकरण, संपादक राजेंद्र यादव, प्रभात खेतान और अभय कुमार दुबे, राजकमल प्रकाशन, प्रथम संस्करण-2003,
2. हंस, जुलाई 2024, अक्षर प्रकाशन प्रा. लि. अंसारी रोड, दरियागंज, नई दिल्ली.
3. अपनी माटी,वर्ष-3,अंक-24,मार्च,2017, आधी दुनिया : आत्मकथा और स्त्री - (डॉ. रमाशंकर कुशवाहा)
4. दस द्वारे का पिंजरा, अनामिका, राजकमल प्रकाशन , नई दिल्ली, पहली आवृत्ति-2009.
5. के दामोदरन, भारतीय चिंतन परंपरा, तीसरा संस्करण जून 1982, पीपुल्स पब्लिशिंग हाउस प्राइवेट लिमिटेड, रानी झांसी रोड नई दिल्ली-55,
6. दुखी भारत- लाला लाजपत राय, इंडियन प्रेस लिमिटेड प्रयाग, 1928.
7. भारत में महिला आंदोलन: विमर्श और चुनौतियाँ, सं. साधना आर्य, लता सिंह, राधाकृष्ण प्रकाशन, प्र. सं. 2.23, पृ.12.
8. महाभारत कालीन समाज, प्रदीप भट्टाचार्य, लोकभारती प्र. पहली मंजिल, दरबारी बिल्डिंग, महात्मा गाँधी मार्ग, प्रयागराज., प्र. सं. 2.23.

****